29. A के सत्य बोलने की स्थिति 3:2 तथा B के सत्य बोलने की स्थिति 5:3 है। कितने प्रतिशत मामलों में तथ्यों को बताने पर विरोधाभास की स्थिति होगी?
30. एक जहाज के पोर्ट पर सुरक्षित पहुँचने की संभावना 9/10 है। 5 में से 4 जहाज के पोर्ट पर सुरक्षित पहुँचने की प्रायिकता बताओ।
31. एक सिक्के को 5 बार फेंकने पर 3 चित आने की प्रायिकता बताओ।
32. यदि तीन सिक्कों को एक साथ फेंका जाए तो उनके एक जैसे गिरने की प्रायिकता बताओ।
33. 8 सिक्कों को एक साथ उछालने पर 6 चित तथा 2 पट आने की प्रायिकता बताओ।

34. एक सिक्के को 5 बार फेंकने पर कम से कम एक बार चित आने की प्रायिकता बताओ।
35. एक फैक्ट्री में दो मशीन हैं। मशीन 1 कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत तथा मशीन 2 70 प्रतिशत माल निर्मित करती है। मशीन 1 तथा मशीन 2 द्वारा क्रमशः 5 प्रतिशत तथा 1 प्रतिशत माल खराब होता है। यदि एक खराब माल चुना जाए तो उसके मशीन 1 द्वारा निर्मित होने की प्राथमिकता बताइए।
36. रूम नं0 1 में 4 लड़के तथा 2 लड़कियाँ तथा रूम नं0 2 में 4 लड़के तथा 3 लड़कियाँ हैं। दोनों में से किसी रूम की एक लड़की बहुत जोर से हसती है। उस हँसने वाली लड़की के रूम नं0 2 के होने की प्राथमिकता बताओ।
37. एक पर्स में 3 एक रूपये के सिक्के हैं तथा चार 50 पैसे के सिक्के हैं। पर्सों में से किसी पर्स से एक रूपये के एक सिक्के को निकाला जाता है। उसके पहले पर्स से निकाले जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।
38. एक समान दो बक्सों में क्रमशः 4 सफेद तथा 3 लाल गेंद और 3 सफेद तथा 7 लाल गेंद हैं। एक बक्सा दैव निदर्शन द्वारा चुना जाता है और एक गेंद भी निकाली जाती है। यदि चुनी गई गेंद सफेद हो तो उसके पहले बक्से से निकाले जाने की प्रायिकता ज्ञात करो।
39. एक स्टील पाइप का निर्माण करने वाली कंपनी 3 प्लांटों से प्रतिदिन क्रमशः 250, 350 तथा 400 यूनिट उत्पादन होता है। पूर्व अनुभव के अनुसार इन प्लांटों द्वारा खराब माल का उत्पादन करने का अंश क्रमशः 0.05, 0.04 तथा 0.02 है। यदि दिन भर के कुल उत्पादन से एक पाइप चुनने पर उसके खराब होने पर उसके पहली प्लांट से निर्मित होने की प्रायिकता बताओ।

स्वपरख प्रश्नों के उत्तर

1.	14/52	2.	8/25
3.	13/20	4.	1/54
5.	1/54	6.	4/13
7.	8/25	8.	14/15
9.	0.8	10.	0.39
11.	1/8	12.	2/5
3.	3/5, 1/20, 3/20	14.	9/40
15.	3/128	16.	4/5
17.	7/16	18.	0.98
19.	91/216		
20.	1/3	21.	1/24
23.	4/663	23.	5/14
24.	5/63	25.	19/40
26	10/91	27.	19/33
28.	19/21	29.	47.5%
30.	59049/100000	31.	5/16
32.	1/4	33.	28/256

34.	31/32	35.	15/22
36.	9/17	37.	27/55
38.	40/61	39.	25/69

4.12 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Roy Ramendu, *'Principles of Statistics'* Prayag Pustak Bhawan, Allahabad.
2. Gupta S. P. & Gupta M. P., *'Business Statistics'* Sultan Chand & Sons, New Delhi.
3. Shukla S. M. & Sahai S. P., '*Advanced Statistics*' Sahitya Bhawan Publications, Agra.
4. Goon, Gupta and Dasgupta, 'Basic Statistics' World Press Limited – Calcutta.
5. Fundamentals of Business Statistics – Sanchethi and Kappor.
6. Srivastava, Shenoy and Guptha, 'Quantitative Methods in Management'.

इकाई 5 द्विपद तथा प्वॉयसन वितरण

इकाई की रूपरेखा

5.1 प्रस्तावना
5.2 वास्तविक आवृत्ति वितरण
5.3 सैद्धान्तिक या प्रायिकता वितरण
5.4 सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण का उपयोग
5.5 सैद्धान्तिक तथा प्रायिकता वितरण के प्रकार
5.6 द्विपद वितरण
5.6.1 द्विपद वितरण की परिभाषा
5.6.2 द्विपद वितरण लागू करने की दशाएं या मान्याताएं
5.6.3 द्विपद वितरण की विशेषताएं
5.7 द्विपद वितरण का उपयोग
5.8 प्वायॅसन वितरण
5.8.1 प्वॉयसन वितरण द्विपद वितरण के लिमिटिंग रूप में
5.8.2 प्वॉयसन वितरण की परिभाषा
5.9 प्वॉयसन वितरण की विशेषताएं
5.10 प्वॉयसन वितरण का महत्व
5.11 प्वॉयसन वितरण का उपयोग
5.12 प्वॉयसन वितरण को फिट करना
5.13 सारांश
5.14 शब्दावली
5.15 बोध प्रश्न
5.16 बोध प्रश्नों के उत्तर
5.17 स्वपरख प्रश्न
5.18 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- वास्तविक आवृति वितरण की व्याख्या कर सकें।
- सैद्धान्तिक या प्रायिकता वितरण की व्याख्या कर सकें।
- द्विपद प्रायिकता वितरण की व्याख्या कर सकें।
- प्वॉयसन वितरण एवं उनके उपयोग का वर्णन कर सकें।

5.1 प्रस्तावना

सांख्यिकी में विभिन्न तरह के वितरणों का अध्ययन किया जाता है। वे प्रमुखतया दो श्रणी में वर्गीकृत किये गये हैं। पहला वास्तविक आवृत्ति वितरण तथा दूसरा सैद्धान्तिक या प्रायिकता वितरण। पहला वितरण वास्तविक Observations समंकों था घटना/प्रयोग पर आधारित है तथा जबकि दूसरा न तो वास्तविक समंकों या प्रयोग पर आधारित है और न ही उससे जनित है।

5.2 वास्तविक आवृत्ति वितरण

वास्तविक आवृत्ति वितरण उन आवृत्ति वितरणों को कहते हैं जो वास्तविक समंक या प्रयोग से प्राप्त किये जाते हैं। उदाहरण के लिए, किसी कक्षा के 70 विद्यार्थियों को प्राप्त हुए अंकों का वास्तविक वितरण निम्न प्रकार है :

अंक	0—10	10—20	20—30	30—40	40—50
विद्यार्थियों की संख्या	5	15	20	25	5

वास्तविक आवृत्ति वितरणों का विश्लेषण सामान्यतया विभिन्न सांख्यिकीय उपकरणों जैसे औसत, अपकिरण तथा विषमता इत्यादि की सहायता से करते हैं।

5.3 सैद्धान्तिक या प्रायिकता वितरण

सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण उन वितरणों को कहते हैं जो वास्तविक समंकों या प्रयोगों से प्राप्त नहीं होते परन्तु निश्चित मान्यताओं के आधार पर गणितीय विधि से प्राप्त किए जा सकते हैं। सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण को प्रायिकता वितरण या प्रत्याशित आवृत्ति वितरण कहते हैं। उदाहरण के लिए यदि 4 सिक्कों को 160 बार टास किया जाए तथा चित आने की घटना को सफलता मानी जाए तो प्रायिकता सिद्धान्त के आधार पर प्रत्याशित आवृत्ति वितरण निम्न प्रकार से है :

सफलता की संख्या	प्रायिकता	प्रत्याशित आवृत्ति
(X)	**(p)**	**Expected frequency**
0	1/16	160×1/16 = 10
1	4/16	160×4/16 = 10
2	6/16	160×6/16 = 10
3	4/16	160×4/16 = 10
4	1/16	160×1/16 = 10
योग	$\Sigma p = 1$	160

अतः सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण वास्तविक अवलोकन पर आधारित नहीं है जबकि निश्चित मान्यताओं के आधार पर गणितीय निकाला जाता है।

5.4 सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण के उपयोग

सैद्धान्तिक वितरण के उपयोग निम्न है :

1. दिये गये वितरण की प्रकृति के विश्लेषण में सैद्धान्तिक वितरण उपयोगी है।
2. सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण से प्राप्त प्रत्याशित आवृत्तियाँ तार्किक निर्णय लेने में सहायक है।
3. वास्तविक और प्रत्याशित आवृत्तियों की तुलना करने में सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण सहायक है तथा दोनों के बीच का अंतर सार्थक है या अथवा यह अंतर सभी अन्य कारण से है।
4. भविष्यवाणी, प्रक्षेपण तथा पूर्वानुमान में सैद्धान्तिक वितरण सहायक है।
5. सैद्धान्तिक वितरण कई व्यावसायिक तथा अन्य समस्याओं को हल करने में सहायक है। प्वॉयसन वितरण गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक है।

6. ऐसी परिस्थितियों में जब वास्तविक प्रयोग कर पाना संभव न हो अथवा वास्तविक अवलोकन प्राप्त करने में बहुत पैसा लगता हो तो अवलोकित आवृत्ति वितरण के स्थान पर सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण का उपयोग किया जाता है।

5.5 सैद्धान्तिक तथा प्रायिकता वितरण के प्रकार

सैद्धान्तिक वितरण के प्रमुख प्रकार :

अ. प्रायिकता वितरण

1. द्विपद वितरण
2. प्वॉयसन वितरण

ब. सतत प्रायिकता वितरण

1. सामान्य वितरण

इस अध्याय में आप सिर्फ द्विपद तथा प्वॉयसन वितरण का अध्ययन करेंगे। सामान्य वितरण पर अगले अध्याय में चर्चा करेंगे।

5.6 द्विपद वितरण

द्विपद वितरण एक असतत प्रायिकता वितरण है। इस वितरण की खोज स्विस गणितज्ञ जेम्स बर्नाली ने की। इसका प्रयोग ऐसी परिस्थितियों में करते हैं जब प्रयोग का परिणाम सफलता अथवा असफलता आए। द्विपद वितरण एक असतत प्रायिकता वितरण है जो कि दो संभावितों सफलता तथा असफलता की प्रायिकता बताता है।

5.6.1 द्विपद वितरण की परिभाषा :

द्विपद वितरण को निम्न प्रायिकता फंक्शन से परिभाषित करते हैं

$P(X = x) = {}^{n}C_{x}\ Q^{n-x}\ p^{x}$

जहाँ P =सफलता की प्रायिकता

q = असफलता की प्रायिकता= 1-p

n= परखों की संख्या

P(X = x) = n परखों में x सफलता की प्रायिकता

द्विपद वितरण के प्रायिकता फंक्शन में X के भिन्न मान –2 रखने पर 0,1,2, ...n सफलता प्राप्त करने की प्रायिकता निम्न है

सफलता की संख्या (X)	सफलता की प्रायिकता P (X = x)
0	$^{n}C_{0}\, q^{n-0} p^{0} = q^{n}$
1	$^{n}C_{1}\, q^{n-1} p = nq^{n+1} p$
2	$^{n}C_{2}\, q^{n-2} p^{2} = \frac{n(n-1)}{2\times 1} q^{n-2} p^{2}$
....	$^{n}C_{2}\, q^{n-2} p^{2} = \frac{n(n-1)}{2\times 1} q^{n-1} p$

X	$^{n}C_{2}\, q^{n-x} p^{x}$
N	$^{n}C_{n}\, q^{n-n} p^{n} = p^{n}$

5.6.2 द्विपद वितरण लागू करने की मान्यताएँ/परिस्थितियाँ

द्विपद वितरण का प्रयोग केवल निम्न परिस्थितियों में ही कर सकते हैं :

1. **परखों की निश्चित संख्या–**

यादृच्छिक प्रयोगों की पुनरावृत्ति एक निश्चित संख्या में होती है। अन्य शब्दों में परख की संख्या 'n' निश्चित एवं स्थिर होती है।

2. **पारस्परिक अपवर्जी परिणाम–**

प्रत्येक परख के दो पारस्परिक अपवर्जी परिणाम–सफलता या असफलता होते हैं। उदाहरण के लिए यदि एक सिक्के को उछाला जाए तो या चित आएगा या पट।

3. **प्रत्येक परख में सफलता की प्रायिकता स्थिर है–**

सफलता की प्रायिकता जिसे p से प्रदर्शित करते हैं, प्रत्येक परख में स्थिर होती है। दूसरे शब्दों में, सफलता की प्रायिकता प्रत्येक परख में स्थिर रहती है। उदाहरण के तौर पर, एक सिक्के को उछालने पर चित आने की प्रायिकता बराबर रहती है। अतः $p = p(H) = 1/2$ ।

4. **परख स्वतंत्र है–**

द्विपद वितरण में परख स्वतंत्र होते हैं अर्थात् एक परख के परिणाम का अन्य परख के परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं डालता।

5.6.3 द्विपद वितरण की विशेषताएँ

द्विपद वितरण की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित है :

1. द्विपद वितरण एक सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण है जो कि बीजगणित के द्विपद प्रमेय पर आधारित है।
2. **असतत प्रायिकता वितरण–**द्विपद वितरण एक असतत प्रायिकता वितरण है जिसमें सफलता की संख्या 0, 1, 2, ... n पूर्ण संख्या में दी जाती है।
3. **पंक्ति आरेखः** द्विपद वितरण एक पंक्ति आरेख की सहायता से भी प्रदर्शित कर सकते हैं। सफलता की संख्या (X) को X-अक्ष पर तथा सफलता की प्रायिकता (p) को y-अक्ष पर दर्शाते हैं। निम्नलिखित पंक्ति आरेख एक सिक्के को दो बार उछालने पर प्राप्त होता है।

चित की संख्या (X)	प्रायिकता P (X = x)
0	$^{2}C_{0}\left(\frac{1}{2}\right)^{2} = \frac{1}{4}$
1	$^{2}C_{1}\left(\frac{1}{2}\right)^{2}\left(\frac{1}{2}\right)^{1} = \frac{1}{2}$

2	$^{2}C_{2}\left(\frac{1}{2}\right)^{2}=\frac{1}{4}$



4. **द्विपद वितरण का आकार** –द्विपद वितरण का आकार p तथा q के मान पर निर्भर करता है।

   1. यदि p = q = 1/2 तो द्विपद वितरण सममित है। (symmetrical) (चित्र A देखें)
   2. जब p ≠ 1/2, तब द्विपद वितरण असममित है (asymmetrical)। यदि p <q अर्थात् (p < 1/2) तो वितरण धनात्मक में विषमता पायी जाती है और p> q अर्थात् (p < 1/2) तो वितरण में ऋणात्मक विषमता पाई जाती है। चित्र (B) तथा (C) देखें



5. **प्रमुख पाचाल (Main Parameters):**

   द्विपद वितरण के दो प्राचाल है n तथा p। इन दो प्राचालों की मदद से पूरा वितरण ज्ञात कर सकते हैं।

6. **द्विपद वितरण के स्थिर (Constants) :**

   द्विपद वितरण के स्थिर निम्न सूत्र के आधार पर प्राप्त किया जा सकता है।

   माध्यम $(X) = np$

   प्रसरण = $\sigma^2 = npq$

   प्रमाप विचलन = S.D. = $\sqrt{npq}$

संवेग विषमता गुणांक = $\sqrt{\beta_1} = \frac{q-p}{\sqrt{npq}}$

संवेग पृथुशीर्षत्व गुणांक = $\sqrt{\beta_2} = 3 + \frac{1-6pq}{npq}$

7. **उपयोग** :यह उन क्षेत्रों में उपयोगी है जहाँ निष्कर्ष सफलता और असफलता में वर्गीकृत किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, सिक्कों के प्रयोग पांसा फेंकने, मदों/किसी कंपनी द्वारा चीजों का निर्माण इत्यादि में उपयोगी है।

5.7 द्विपद वितरण के उपयोग

अब आप द्विपद वितरण के उपयोग का इस प्रकार अध्ययन करेंगे :

अ. द्विपद वितरण सूत्र का उपयोग :

जब किसी समस्या से संबंधित घटना के घटित होने की प्रायिकता आपको ज्ञात हो अर्थात् p तथा q का मान ज्ञान हो तो n परख में से x सफलता घटित होने की प्रायिकता निम्न सूत्र से ज्ञात करते हैं :

$p[X = x] = {}^nC_x\ p^x\ q^{n-x}$

उदाहरण 5.1 : एक सिक्के को तीन बार उछालें जाने पर प्रायिकता ज्ञात करें।

1. पूर्णतया 2 चित
2. कम से कम 2 चित
3. अधिकतम 2 चित

हल : माना कि चित आने की प्रायिकता = p = 1/2

q = पट आने की प्रायिकता = 1/2

और $n = 3, p[X = x] = {}^nC_x\ q^{n-x}\ p^x$

(i) $p(2H) = {}^3C_2\left(\frac{1}{2}\right)^1\left(\frac{1}{2}\right)^2 = 3\times\frac{1}{2}\times\frac{1}{4} = \frac{3}{8}$

(ii) P(कम से कम 2 चित) = P(2H) + P(3H)

$$= {}^3C_2\left(\frac{1}{2}\right)^1\left(\frac{1}{2}\right)^2 + {}^3C_3\left(\frac{1}{2}\right)^0\left(\frac{1}{2}\right)^3$$

$$= 3\times\frac{1}{8} + 1\times\frac{1}{8} = \frac{4}{8} = \frac{1}{2}$$

(iii) P (अधिकतम 2 चित) = P(0H) + P(1H) + P(2H)

= 1-P(3H)

$$=1-{}^3C_3\left(\frac{1}{2}\right)^0\left(\frac{1}{2}\right)^3+{}^3C_3\left(\frac{1}{2}\right)^0\left(\frac{1}{2}\right)^3$$

$$=1-1\times\frac{1}{8}=1-\frac{1}{8}=\frac{7}{8}$$

उदाहरण 5.2 : चार सिक्कों को एक साथ उछाला जाता है। प्रायिकता ज्ञात करें जब

1. एक भी चित न आए
2. एक भी पट न आए
3. केवल दो चित आए

हल : माना कि चित आने की प्रायिकता = p = 1/2

पट आने की प्रायिकता = q= 1-p = 1-1/2 = 1/2

n = 4, $P(X=x) = {}^nC_x\, p^x\, q^{n-x}$

$$(i)P(0H)={}^4C_0\left(\frac{1}{2}\right)^0\left(\frac{1}{2}\right)^4=1\times\frac{1}{16}=\frac{1}{16}$$

$$(ii)P(0T)=P(4H)^4C_4\left(\frac{1}{2}\right)^4\left(\frac{1}{2}\right)^0=1\times\frac{1}{16}=\frac{1}{16}$$

$$(iii)P(2H)={}^4C_2\left(\frac{1}{2}\right)^2\left(\frac{1}{2}\right)^2=6\times\frac{1}{16}=\frac{6}{16}=\frac{3}{8}$$

उदाहरण 5.3 : एक बम के लक्ष्य भेदने की प्रायिकता 1/5 है। एक पुल को ध्वस्त/उड़ाने के लिए 2 बम काफी है। यदि 6 बम फेंके जाए तो पुल के ध्वस्त होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : माना कि p = बम के लक्ष्य भेदने की प्रायिकता

q = लक्ष्य न भेदने की प्रायिकता

यहाँ पर

p = 1/5, q= 4/5 q= 1-p

n=6, $P(X=x) = {}^nC_x\, q^{n-x}\, p^x$

यदि दो या उससे अधिक बम पुल से टकराने पर पुल ध्वस्त हो जाएगा।

चूंकि वांछित प्रायिकता = P(2) + P(3) + P(4) + P(5) + P(6)

= 1- [P(0) + P(1)]

$$=\left[{}^{6}C_{0}\left(\frac{4}{5}\right)^{6}\left(\frac{1}{5}\right)^{0}+{}^{6}C_{1}\left(\frac{4}{5}\right)^{5}\left(\frac{1}{5}\right)^{1}\right]$$

$$=1-\left[1\times\left(\frac{4}{5}\right)^{6}+6\frac{(4)^{5}}{(5)^{6}}\right]=1-\frac{4^{6}+6\times4^{5}}{5^{6}}$$

$$=1-\frac{10240}{15625}=\frac{15625-10240}{15625}=\frac{5385}{15625}$$

$$=0.345$$

उदाहरण 5.4: एक कंपनी में कर्मचारियों के व्यावसायिक बीमारी से ग्रस्त होने का आपतन (incidence) 20% है। दैव दर्शन से चुने गये कर्मचारियों में से 4 या अधिक कर्मचारियों के बीमारी से ग्रस्त होने की प्रायिकता बताओ।

हल : माना कि p = कर्मचारी के बीमारी ग्रस्त होने की प्रायिकता

चूंकि p = 20/100 = 4/5

q = 1-1/5 = 4/5

n= 6

$P(X=x) = {}^{n}C_{x}\, q^{n-x}\, p^{x}$

वांछित प्रायिकता= P(4) + P(5) + P(6)

$$={}^{6}C_{4}\left(\frac{4}{5}\right)^{2}\left(\frac{1}{5}\right)^{4}+{}^{6}C_{5}\left(\frac{4}{5}\right)^{1}\left(\frac{1}{5}\right)^{5}+{}^{6}C_{6}\left(\frac{4}{5}\right)^{0}\left(\frac{1}{5}\right)^{6}$$

$$=15\times\frac{16}{15625}+6\times\frac{4}{15625}+\frac{1}{15625}$$

$$=\frac{240+24+1}{15625}=\frac{265}{15625}=\frac{53}{3125}$$

$$=0.01696$$

उदाहरण 5.5 : 1000 परिवारों में जिसमें प्रत्येक के 4 बच्चे हों तो

1. कम से कम एक लड़का
2. अधिकतम 2 लड़की
3. होने का प्रतिशत ज्ञात करो। मनो लड़का तथा लड़की की बराबर प्रायिकता हो।

हल : माना कि p = लड़का की प्रायिकता= 1/2

q = लड़की की प्रायिकता = 1/2

n = 4, N= 1000

1. कम से कम एक लड़का

p (कम से कम एक लड़का) = P(1B) + P(2B)+P(3B)+P(4B)

= 1-P(0B)

$$=1-{}^4C_0\left(\frac{1}{2}\right)^4\left(\frac{1}{2}\right)^0$$

कम से कम एक लड़के वाले परिवारों का प्रतिशत = 15/16 ×100 = 93.75%

2. अधिकतम 2 लड़की = P(0G) + P(1G) + P(2G)

= P(4B) + P(3B) + P(2B)

$$={}^4C_4\left(\frac{1}{2}\right)^0\left(\frac{1}{2}\right)^4+{}^4C_3\left(\frac{1}{2}\right)^1\left(\frac{1}{2}\right)^3+{}^4C_2\left(\frac{1}{2}\right)^2\left(\frac{1}{2}\right)^2$$

$$=\frac{1}{16}+\frac{4}{16}+\frac{6}{16}=\frac{11}{16}$$

ऐसे परिवारों का प्रतिशत= 11/16 ×100= 68.75%

उदाहरण 5.6 : एक जोड़े पांसे को 7 बार फेंका जाए यदि लोग 7 आने को सफलता माना जाए तो प्रायिकता ज्ञात करें जब

1. एक भी सफलता न हो
2. 6 सफलता हो
3. कम से कम 6 सफलता हो।

36 परिणामों में से योग 7 निम्न प्रकार से ज्ञात कर सकते हैं।

(1,6) (2,5) (3,4) (4,3) (5,2) (6,1)

हलः माना कि p = योग प्राप्त करने की प्रायिकता = 6/36 = 1/6

$$\therefore q=1-p=1-\frac{1}{6}=\frac{5}{6}$$

$$=7$$

$$P(X=x)={}^nC_x \quad q^{n-x} \quad p^x$$

1. P(0 सफलता) = $ {}^7C_0\left(\frac{5}{6}\right)^7\left(\frac{1}{6}\right)^0=\left(\frac{5}{6}\right)^7$

2. सफलता $={}^7C_6\left(\frac{5}{6}\right)^1\left(\frac{1}{6}\right)^6=35\left(\frac{5}{6}\right)^7$

3. कम से कम 6 सफलता = P(6) + P(7)

$$={}^7C_6\left(\frac{5}{6}\right)^1\left(\frac{1}{6}\right)^6+{}^7C_7\left(\frac{5}{6}\right)^0\left(\frac{1}{6}\right)^7$$

$$=35\left(\frac{1}{6}\right)^7+\left(\frac{1}{6}\right)^7$$

$$=36.\left(\frac{1}{6}\right)^7$$

ब. X तथा σ से n, p और q प्राप्त करना

यदि आपके पास द्विपद वितरण का माध्य (X) तथा प्रसरण (σ2) या प्रमाप विचलन (σ) का मान ज्ञात हो आप n, p तथा q का मान ज्ञात कर सकते हैं। निम्नलिखित उदाहरण इस प्रकिया को समझाएगा।

उदाहरण 5.7 : एक द्विपद वितरण का माध्य 20 तथा प्रमाप विचलन 4 है। n, p तथा q का मान ज्ञात करो।

हल : द्विपद वितरण में, माध्य = np

प्रमाप विचलन, SD = √npq

$$X = np = 20 \qquad (1)$$

$$= \sigma = \sqrt{npq} = 4 \qquad (2)$$

दोनों तरह वर्ग करने पर,

$\Rightarrow$ σ= npq = 16 (3)

3. को 2 से विभाजित करने पर

$$\frac{npq}{np} = \frac{16}{20}$$

$\Rightarrow$ q = 16/20 = 4/5

$$\therefore p = 1 - q = 1 - \frac{4}{5} = \frac{1}{5}$$

p का मान 1. में रखने पर

$$n \times \frac{1}{5} = 20$$

$$= n = 100$$

अतः n = 100 , p = 1/5 तथा q= 4/5

उदाहरण 5.8: एक द्विपद वितरण का माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो जब

P(X=3) = 16, P(X = 7) तथा n = 10

हल :

$$P(X=3) = {}^{10}C_3 q^{10-3} p^3 = {}^{10}C_3 q^7 p^3$$

$$P(X=7) = {}^{10}C_7 q^{10-7} p^7 = {}^{10}C_7 q^3 p^7$$

प्रश्नानुसार

$${}^{10}C_3 q^7 p^3 = {}^{10}C_7 q^3 p^7$$

$\Rightarrow q^7 p^3 = 16p^3 q^7$ $\qquad ({}^{10}C_3 = {}^{10}C_7)$

$\Rightarrow q^4 = 16p^4$

$\Rightarrow q^4 = (2p)^4$

$\Rightarrow q = 2p$

द्विपद वितरण में

$p+q = 1 \Rightarrow p+2p = 1 \Rightarrow p = 1/3$

$\therefore q = 1-p = 1- 1/3 = 2/3$

$\therefore$ माध्य = NP = 10/3

प्रमाप विचलन, $SD = \sqrt{npq} = \sqrt{\frac{10}{3} \times \frac{2}{3}} = \frac{\sqrt{20}}{3}$

उदाहरण 5.9 : एक द्विपद वितरण जिसका माध्य 6 तथा प्रसरण 2 हो तो 5 सफलता आने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : द्विपद वितरण में

माध्य = np = 6 (1)

प्रसरण = npq = 2 (2)

2. को 1. सये विभाजित करने पर

$$\frac{npq}{np} = \frac{2}{6}$$

$$\therefore q = \frac{1}{3}$$

$$p = 1 - q = 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3}$$

p का मान 1. में रखने पर

$$n \times \frac{2}{3} = 6$$

$$\Rightarrow n = 9$$

यहाँ पर, n = 9, p= 2/3, q 1/3

अतः $P(X = 5) = {}^9C^5 \left(\frac{1}{3}\right)^4 \left(\frac{2}{3}\right)^5$

$$= 126 \times \frac{32}{19683} = 0.2048$$

स. X तथा σ का मान ज्ञात करना जब n, p तथा q का मान ज्ञात हो।

उदाहरण 5.10: यदि दोषयुक्त बोल्ट की प्रायिकता 0.1 हो तो 1. माध्य तथा 2. प्रमाप विचलन 500 में से दोषयुक्त बोल्ट के वितरण का 1. माध्य तथा 2. प्रमाप विचलन ज्ञात करें। विषमता तथा पृथुशीर्षत्व गुणांक प्राप्त करें।

हल : दिया गया है,

p = 0.1; q = 1- 0.1 = 0.9 n= 500

1. माध्य $= np = 500 \times 0.1 = 500 \times \frac{1}{10} = 50$

2. प्रमाप विचलन $=\sigma=\sqrt{npq}=\sqrt{500\times0.1\times0.9}$

3. विषमता गुणांक $=\left(\sqrt{\beta_1}\right)=\dfrac{q-p}{\sqrt{npq}}=\dfrac{0.9-0.1}{500\times0.1\times0.9}$

$$=\frac{0.8}{6.70}=0.119$$

4. पृथुशीर्षत्व गुणांक $=\left(\sqrt{\beta_2}\right)=3+\dfrac{1-6pq}{npq}$

$$=3+\frac{1-6(0.1)(0.9)}{500\times0.1\times0.9}$$

$$=3.010$$

उदाहरण 5.11: एक सिक्के को 100 बार टॉस करने पर चित आने की संख्या के वितरण का माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो।

हल: n= 100, P(H) = p= 1/2, q = 1/2

$\therefore$ माध्य = np = 100 × 1/2 = 50

प्रमाप विचलन = $=\sqrt{npq}=\sqrt{100\times\frac{1}{2}\times\frac{1}{2}}=\sqrt{25}=5$

द. द्विपद वितरण को फिट करना–

वास्तविक डाटा/अवलोकन पर द्विपद वितरण निम्नलिखित प्रक्रिया से फिट करते हैं।

1. दी गई जानकारी के आधार पर p तथा q का मान ज्ञात करो।
2. n तथा N का मान नोट करो, जहां n एक प्रयोग के परखों की संख्या है तथा N सभी प्रयोगों के सभी परखों की कुल संख्या है।
3. दिये गये प्रयोग से आने वाले सभी संभावित सफलताओं की संख्या की प्रायिकता ज्ञात करो।
4. इन प्रायिकताओं को N से गुणा करने पर आप वांछित प्रत्याशित आवृत्ति प्राप्त करते हैं।

उदाहरण 5.12 : 4 सिक्कों को 160 बार उछालने पर निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होता है:

चित की संख्या	0	1	2	3	4
आवृत्ति	17	52	54	31	6

सिक्कों को निष्पक्ष मानते हुए द्विपद वितरण फिट कीजिए।

हल : माना कि सिक्के निष्पक्ष है तो चित आने की प्रायिकता (p) तथा पट आने की प्रायिकता (q) 1/2 तथा 1/2 है।

यदि n = 4, N = 160

अतः 0,1,2,3,4 चित आने की प्रायिकता निम्नलिखित सूत्र से ज्ञात करते हैं

$P(X=x) = {}^nC_x\, p^x\, q^{n-x}$

प्रत्याशित प्रायिकता ज्ञात करने के लिए प्रायिकता को N से गुणा करो।

प्रत्याशित प्रायिकता इस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं।

चित की संख्यां (n)	प्रत्याशित आवृत्ति $N\ {}^nC_x\ q^{n-x}\ p^x$
0	$160 \times {}^4C_0 \left(\frac{1}{2}\right)^4 \left(\frac{1}{2}\right)^0 = 10$
1	$160 \times {}^4C_1 \left(\frac{1}{2}\right)^3 \left(\frac{1}{2}\right)^1 = 40$
2	$160 \times {}^4C_2 \left(\frac{1}{2}\right)^2 \left(\frac{1}{2}\right)^2 = 60$
3	$160 \times {}^4C_3 \left(\frac{1}{2}\right)^1 \left(\frac{1}{2}\right)^3 = 40$
4	$160 \times {}^4C_4 \left(\frac{1}{2}\right)^0 \left(\frac{1}{2}\right)^4 = 10$

उदाहरण 5.13 : 4 बच्चों वाले 800 परिवारों के एक सर्वे में निम्नलिखित वितरण प्राप्त हुआ?

लड़कों की संख्या	0	1	2	3	4
परिवारों की संख्या	42	178	290	226	64

एक लड़का तथा लड़की के जन्म की प्रायिकता बराबर होने की परिकल्पना के आधार पर द्विपद वितरण फिट करो।

हल : माना कि लड़का तथा लड़की के जन्म की प्रायिकता बराबर है तो लड़के के जन्म की प्रायिकता, p = 1/2

q = 1- 1/2 = 1/2

यहाँ पर n = , N= 800

0,1,2,3, तथा 4 लड़के होने की प्रायिकता निम्न सूत्र से ज्ञात कर सकते हैं।

$P(X\text{-}x) = {}^nC_x\, q^{n-x}\, p^x$

P(x) को N से गुणा करने पर प्रत्याशित आवृत्ति प्राप्त होती है। अर्थात् N. P(x) ये इस प्रकार दी जाती है:

लड़कों की संख्या (n)	प्रत्याशित आवृत्ति $N\ {}^nC_x\ q^{n-x}\ p^x$
0	$800 \times {}^4C_0 \left(\frac{1}{2}\right)^4 \left(\frac{1}{2}\right)^0 = 800 \times \frac{1}{16} = 50$

1	$800 \times {}^4C_0 \left(\frac{1}{2}\right)^4 \left(\frac{1}{2}\right)^0 = 800 \times \frac{4}{16} = 200$
2	$800 \times {}^4C_2 \left(\frac{1}{2}\right)^2 \left(\frac{1}{2}\right)^2 = 800 \times \frac{6}{16} = 300$
3	$800 \times {}^4C_3 \left(\frac{1}{2}\right)^1 \left(\frac{1}{2}\right)^3 = 800 \times \frac{4}{16} = 200$
4	$800 \times {}^4C_4 \left(\frac{1}{2}\right)^0 \left(\frac{1}{2}\right)^4 = 800 \times \frac{1}{16} = 50$

5.8 प्वॉयसन वितरण

प्वॉयसन वितरण एक असतत् प्रायिकता वितरण है और सांख्यिकीय कार्यों में इसका बहुत प्रयोग होता है। 1837 में फ्रेंच गणितज्ञ डा0 सिमन डेनिस प्वॉयसन ने इस वितरण का विकास किया तथा उनके नाम पर इस वितरण का नाम रखा गया। प्वॉयसन वितरण का प्रयोग उन स्थितियों में करते हैं जब किसी घटना के घटित होने की प्रायिकता बहुत छोटी हो अर्थात् घटना बहुत दुर्लभ हो। उदाहरण के लिए, एक निर्माण करने वाली कंपनी में दोषयुक्त मद की प्रायिकता बहुत कम है, एक वर्ष में भूकंप आने की प्रायिकता बहुत कम है, रोड/रास्ता/सड़क पर होने वाले दुर्घटना की प्रायिकता बहुत कम है। ये सभी ऐसी घटनाओं के उदाहरण है जब घटना के होने की प्रायिकता बहुत कम है।

5.8.1 द्विपद वितरण का सीमित रूप में प्वॉयसन वितरण

निम्नलिखित परिस्थितियों में द्विपद वितरण के सीमित रूप में प्वॉयसन वितरण को प्राप्त किया जाता है :

1. n परखों की संख्या अंतत रूप से बड़ी हो, अर्थात् $n \to \infty$
2. p, सफलता की प्रायिकता बहुत कम हो तथा q असफलता की प्रायिकता बहुत अधिक हो अर्थात् $p \to 0,\ q \to 1$
3. सफलता की औसत संख्या (np) एक धनात्मक निश्चित संख्या (m) के बराबर है अर्थात् np = m जहाँ m वितरण का प्राचाल (parameter) है।

5.8.2 प्वॉयसन वितरण की परिभाषा :

द्विपद समीकरण से

$$ {}^nC_x = \frac{n(n-1)(n-2).....(n-x+1)}{x!} p^x q^{n-x} $$

चूंकि np = m $\Rightarrow$ p= m/n अतः q = 1-m/n

$$= \frac{n(n-1)(n-2).....(n-x+1)}{n^x\ x!} n^x p^x q^{n-x}$$

$$= \left(1-\frac{1}{n}\right)\left(1-\frac{2}{n}\right).....\left(1-\frac{x-1}{n}\right) q^{n-x} \frac{(np)^x}{x!}$$

$$= \left(1-\frac{1}{n}\right)\left(1-\frac{2}{n}\right).....\left(1-\frac{x-1}{n}\right)\left(1-\frac{m}{n}\right)^{n-x} \frac{m^x}{x!}$$

जब $n \to \infty = e^{-m} \frac{m^x}{x!} = e^{-m} \frac{m^x}{x!}$

प्वॉयसन वितरण निम्नलिखित प्रायिकता फंक्शन से परिभाषित और प्रदर्शित किया जाता है

$$P(X = x) = e^{-m} \frac{m^x}{x!}$$

जहाँ P(X= x) = x सफलता प्राप्त करने की प्रायिकता

m = np = वितरण का प्राचाल

e = 2.7183

उपरोक्त प्रायिकता वितरण में के विभिन्न मान रखने पर सफलता प्राप्त करने की प्रायिकता इस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं :

सफलता की संख्या (X)	प्रत्याशित P (x)
0	$e^{-m} \frac{m^0}{0!} = e^{-m}$
1	$e^{-m} \frac{m^1}{0!} = me^{-m}$
2	$e^{-m} \frac{m^2}{2!} = \frac{m^2}{2} e^{-m}$
3	$e^{-m} \frac{m^3}{3!} = \frac{m^3}{3} e^{-m}$
...	
x	$e^{-m} \frac{m^x}{x!}$

5.9 प्वॉयसन वितरण की विशेषताएँ

प्वॉयसन वितरण की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

1. **असतत प्रायिकता वितरण :**

प्वॉयसन वितरण एक असतत प्रायिकता वितरण है जहाँ पर सफलताओं की संख्या पूर्ण संख्या जैसे 0,1,2..... इत्यादि के रूप में हैं।

2. **p तथा q का मान :**

प्वॉयसन वितरण उन स्थितियों में प्रयोग करते हैं जहाँ घटना के घटित होने की प्रायिकता करते हैं जहाँ है अर्थात् ($p \to 0$) तथा घटना के घटित न होने की प्रायिकता बहुत अधिक हो अर्थात् ($q \to 0$) तथा n का मान अनन्त रूप से बड़ा हो।

3. **प्रमुख प्राचाल :**

इसका बस एक ही प्राचाल है और उसका मान np के बराबर है अर्थात् m = np। इस प्राचाल की सहायता से पूरा वितरण जाना जा सकता है।

4. **प्वॉयसन वितरण का आकार :**

प्वॉयसन वितरण हमेशा धनात्मक विषम है लेकिन m का मान बढ़ने से विषमता घटती है। m का मान बढ़ाने पर वितरण दायीं और खिसकता है और विषमता स्तर गिरता है। जो कि निम्नलिखित चित्र द्वारा दर्शाया जाता है :



5. **प्वॉयसन वितरण के स्थिर :**

प्वॉयसन वितरण के निम्नलिखित सूत्र से ज्ञात कर सकते हैं:

माध्य = $X = np$

विषमता गुणांक संवेग = $\sqrt{\beta} = 1/\sqrt{m}$

प्रसरण = $\sigma^2 = m$

प्रमाप विचलन = $SD = \sigma = \sqrt{m}$

पृथुशीर्षत्व गुणांक संवेग = $\beta_2 = 3 + 1/m$

6. **माध्य तथा प्रसरण की बराबरी :**

प्वॉयसन वितरण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसका माध्य और प्रसरण बराबर है अर्थात् $X = \sigma^2$ अथवा माध्य प्रसरण।

5.10 प्वॉसन वितरण की महत्ता

प्वॉयसन वितरण निम्नलिखित क्षेत्रों में बहुतायत उपयोग होता है :

1. इसका प्रयोग सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण में दोषयुक्त मदों की गणना करना।
2. बायोलाजी में, बैक्टीरिया की संख्या की गणना करना।
3. इन्श्योरेन्स में, कारणों की गणना में समस्या।
4. एक टाइप किए गए पेज पर टाइपिंग के दौरान होने की गलतियों की संख्या की गणना।
5. एक टाउन में आने वाली फोन काल की संख्या।
6. एक ब्लेड बनाने वाली कंपनी के एक लॉट में दोषयुक्त ब्लेड की संख्या की गणना करना।
7. एक टाउन में एक क्रासिंग पर रोड दुर्घटना में होने वाली मौतों की संख्या।
8. एक वर्ष में लर्क्स प्वाइंट पर होने वाली आत्महत्या की संख्या।

साधारणतया प्वॉयसन वितरण का उपयोग दुर्लभ घटनाओं में होता है जहाँ सफलता की प्रायिकता (p) बहुत कम है और n का मान बहुत अधिक है।

5.11 प्वॉयसन वितरण के उपयोग

प्वॉयसन वितरण के उपयोग का अध्ययन इस प्रकार है :

अ. प्वॉयसन वितरण सूत्र का प्रयोग :

आप प्वॉयसन वितरण सूत्र के उपयोग का अध्ययन निम्न दो अलग तरह की परिस्थितियों में कर सकते हैं : 1. जब p का मान ज्ञात हो तथा 2. जब m का मान ज्ञात हो।

1. जब p का मान ज्ञात हो :

उदाहरण 5.14 : यह ज्ञात है कि एक पेंच का निर्माण करने वाली कंपनी में 2% पेंच दोषयुक्त निर्मित होते हैं। प्वॉयसन वितरण का प्रयोग करते हुए 100 पेंच वाले एक पैकेट में 1. एक भी दोषयुक्त पेंच न हो 2. एक दोषयुक्त पेंच हो तथा 3. दो या उससे अधिक दोषयुक्त पेंच होने की प्रायिकता ज्ञात करो। (दिया है = 0.135)

हल : माना कि p = पेंच के दोषयुक्त होने की प्रायिकता = 2% = 2/100

p = 2/100 ; n = 100

चूंकि m = np = 100 × 2/100 = 2

प्वॉयसन वितरण इस प्रकार

$$P(X=x) = P(X=0) = \frac{e^{-2}2^0}{0!}$$

$$= e^{-2} = 0.135 \qquad (e^{-2} = 0.135)$$

2. P (एक दोषयुक्त) = $P(X=1) = \frac{e^{-2}2^1}{1!}$

$$= e^{-2} \times 2 = (0.135) \times 2 = 0.270$$

3. P(दो या उससे अधिक दोषयुक्त) = 1-[P(0) + P(1)]

= 1-[0.135 + 0.270] = 1-0.405 = 0.595

उदाहरण 5.15 : एक पिन का निर्माण करने वाला जानता है कि औसतन उसके 5% उत्पाद दोषयुक्त है। वह 100 पिन का पैकेट बनाकर उन्हें बेचता है और विश्वास दिलाता है कि पैकेट में 4 से अधिक दोषयुक्त पिन नहीं है। पैकेट के विश्वसनीय गुणवत्ता पर खरा उतरने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : माना कि p = दोषयुक्त पिन की प्रायिकता = 5% = 5/100

दिया है n = 100, p= 5/100

चूंकि m = np = 100 × 5/100 = 5

प्वॉयसन वितरण

$$P(X=x)=\frac{e^{-m}m^{x}}{x!}$$

वांछित प्रायिकता = P[पैकेट गुणवत्ता पर खरा उतरे]

= P[पैकेट में अधिकतम 4 दोषयुक्त]

= P(0)+P(1)+P(2)+P(3)+P(4)

$$=e^{-5}\frac{5^0}{0!}+e^{-5}\frac{5^1}{1!}+e^{-5}\frac{5^2}{2!}+e^{-5}\frac{5^3}{3!}+e^{-5}\frac{5^4}{4!}$$

$$=e^{-5}\left(\frac{5}{1}+\frac{25}{2}+\frac{125}{6}+\frac{625}{24}\right)$$

$$=0.0067\times 65.374=0.438$$

2. जब m का मान ज्ञात हो

उदाहरण 5.16 : दोपहर 2 से 4 के बीच किसी कंपनी के स्विच बोर्ड पर औसतन 2.5 फोन काल प्रति मिनट आता है। प्रायिकता ज्ञात करो जब एक मिनट में 1. एक भी फोन कॉल न आए 2. पूर्णतया 3 काल 3. कम से कम 2 काल।

(दिया है $e^{-2} = 0.1353$, $e^{-5} = 0.6065$)

हल : यह प्वॉयसन वितरण की समस्या है।

$P(X=x)\ e^{-m}\ m^{x} / x!$ where X = 1,2,3.....

औसतन फोन काल की संख्या = X = m = 2.5

प्वॉयसन वितरण $P(X=x) = e^{-m}\ m^{x} / x!$

1. P(एक भी फोन काल न आए) = P(x=0)

$= e^{-2.5}\ (2.5)^0 / 0! \quad = e^{-2.5}$

$= e^{-2} \quad .e^{-0.5} \quad (e^{-2} = 0.1353,\ e^{-0.5} = 0.6065)$

= 0.1353 × 0.6065 = 0.0821

अतः एक मिनट में एक भी फोन काल न आने की प्रायिकता = 0.0821

2. पूर्णतया 3 काल = $P(X=3) = e^{-2.5}\ (2.5)^3 / 3!$

$= (0.0821)\ (2.5)^3 / 3\times2\times1 = 0.2138$

3. P(कम से कम 2 काल आए)= $1-[P(X=0) + P(X=1)]$

$= 1- [e^{-2.5} +(2.5)\ e^{-2.5}]$

$= 1- [e^{-2.5}\ [1+2.5] = 1- [(0.0821)\ (3.5)]$

$= 1- 0.28735 = 0.71265$

उदाहरण 5.17 : पूर्व अनुभव के आधार पर ज्ञात है कि एक कंपनी में औसतन औद्योगिक दुर्घटना की संख्या प्रति मासिक 4 है। एक महीने में 4 से कम दुर्घटना होने की प्रायिकता ज्ञात करो। प्वॉयसन वितरण का प्रयोग करके उत्तर की व्याख्या करो। (दिया गया है $e^{-4} = 0.0183$)

हल : औसत दुर्घटना की संख्या = $X = m= 4$

$P(X) = e^{-m}\ m^x/x!$

$P(0) = e^{-m}\ m^0 / 0! = e^{-m} = e^{-4}$

$P(1) = e^{-m}\ m^1 / 1! = e^{-m}.m = 4e^{-4}$

$P(2) = e^{-m}\ m^2 / 2! = m^2/ 2!\ e^{-m} = (4)^2/2!.\ e^{-4}$

$P(3) = e^{-m}\ m^3 / 3! = m^3/ 3!\ e^{-m} = (4)^3/3!.\ e^{-4}$

4 से कम दुर्घटना होने की प्रायिकता

$= P(0) + P(1) + P(2) + P(3)$

$= e^{-4}\ [1 + 4 + 4^2/2!\ + 4^3 /3!]$

$= 0.0183\ [1 + 4 + 8 + 10.67]$ $(e^{-4}= 0.0183)$

$= 0.0183 \times 23.67 = 0.4332$

अतः 4 से कम दुर्घटना की प्रायिकता 0.4332 या 43.32% ।

उदाहरण 5.18 : एक प्वॉयसन प्रायिकता वितरण जिसमें घटना के घटित होने का औसत प्रति समयकाल 2 है।

1. उचित प्वॉयसन प्रायिकता फंक्शन लिखें।
2. 3 समयकाल में औसतन घटित होने की प्रायिकता बताओ।
3. 3 समयकाल में 6 घटना के घटित होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

हल : 1 समयकाल में औसतन घटित होने की संख्या = $m = 2$

1. प्वॉयसन प्रायिकता फंक्शन = $P(X=x) = (e^{-2}\ 2^x)/ x!$
2. 3 समयकाल में औसत घटनाओं की संख्या = $2\times3= 6$
3. $P[X=6] = e^{-6}\ (6)^6 / 6! = 0.1575$

5.12 प्वॉयसन वितरण को फिट करना

अवलोकित डाटा पर प्वॉयसन वितरण फिट करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाते हैं:

1. सर्वप्रथम वास्तविक आवृत्ति से माध्य (X) की गणना निम्न सूत्र से करें।

   $X = \Sigma fx / n$

   आप माध्य के इस मान को प्वॉयसन वितरण का प्राचाल की तरह उपयोग करेंगे अर्थात् $x = m$

2. e^{-m} का मान प्राप्त करें। यदि e^{-m} का मान प्रश्न में न दिया गया हो तो निम्न सूत्र से ज्ञात करें :

   e^{-m} = reciprocal [antilog (m ×0.4343)]

3. 0,1,2,3, या x सफलता की प्रायिकता निम्न प्वॉयसन प्रायिकता वितरण सूत्र से गणना करते हैं।

   $P(X=x) = e^{-m} m^{X} /x!$

4. प्रत्याशित या सैद्धान्तिक आवृत्ति प्राप्त करने के लिए उपर निकाली गई प्रायिकता को N (कुल आवृत्ति) आप मध्य से गुणा करें। अतः

सफलता की संख्या X	प्रायिकता P(X)	प्रत्याशित प्रायिकता fe (X)
0	$P(0) = e^{-m}\frac{m0}{0!} = e^{-m}$	$N.P(0) = Ne^{-m}$
1	$P(1) = e^{-m}\frac{m1}{1!} = me^{-m}$	$N.P(1) = Ne^{-m}.m$
2	$P(2) = e^{-m}\frac{m^2}{2!} = e^{-m}\frac{m^2}{2!}$	$N.P(2) = Ne^{-m}\frac{m^2}{2!}$
...		
x	$P(x) = e^{-m}\frac{m^x}{x!}$	$N.P(x) = Ne^{-m}\frac{m^x}{x!}$

वैकल्पिक प्रक्रिया :

प्रत्याशित आवृत्तियों को निम्न प्रकार से आसानी से ज्ञात कर सकते हैं :

1. सर्वप्रथम गणना करें $Fe(0) = N.\ P(0) = N.\ e^{-m}$
2. अन्य प्रत्याशित आवृत्तियों को निम्न प्रकार से गणना कर सकते हैं :

   $fe(0) = N.\ P(0) = N\ e^{-m}$

   $fe(1) = m/1\ .\ fe(0)$

   $fe(2) = m/2\ fe(1)$

   $fe(3) = m/3\ fe(2)$

   $fe(4) = m/4\ fe(3)$ और इसी तरह

उदाहरण 5.19 : निम्न डाटा पर प्वॉयसन वितरण फिट करें तथा सैद्धान्तिक आवृत्ति की गणना करें।

मृत्यु	0	1	2	3	4
आवृत्ति	109	65	22	3	1

उपरी वितरण का माध्य तथा प्रसरण का मान ज्ञात करें (दिया है $e^{-0.61} = 0.5432$)

हल : प्वॉयसन वितरण को फिट करना।

मृत्यु (x)	आवृत्ति (f)	fx
0	109	0
1	65	65
2	22	44
3	3	9
4	1	4
	Σf= 200	Σfx = 122

X = Σfx / Σf = 122/200 = 0.61

m= 0.61

अब आप $e^{-0.61}$ का मान या तो तालिका से या निम्न सूत्र से ज्ञात कर सकते हैं :

e^{-m} = Rec. [Antilog (m × 0.4343]

m = 0.61 का मान रखने पर,

$e^{-0.61}$ = Rec [Antilog (0.61 × 0.4343]

= Rec [Antilog (026492]

= Rec [1.841] = 0.5432

अब P(0) = $e^{-0.61}$. $(0.61)^0$ /0!

= $e^{-0.61}$ = 0.5432

प्रत्याशित आवृत्तियों की गणना :

fe(0) = N P(0) = 200 × (0.5432) = 108.64 ≈ 109

fe(1) = fe(0) × m/1 = 108.64 × 0.61/1 = 66.22 ≈ 66

fe(2) = fe(1) × m/2 = 66.27 × 0.61/2 = 20.21 ≈ 20

fe(3) = fe(2) × m/3 = 20.21× 0.61/3 = 4.11 ≈ 4

fe(4) = fe(3) × m/4 = 4× 0.61/4 = 0.61 ≈ 1

अतः

X	0	1	2	3	4
fe	109	66	20	4	1

माध्यम = X = प्रसरण σ^2 = 0.61

उदाहरण 5.19 : एक पुस्तक के प्रथम 50 पन्नों की प्रूफरीडिंग के समय औसतन प्रति 5 पन्ना 3 गलती/त्रुटि पाई जाती है। प्वॉयसन वितरण की सहायता से 1000 पन्नों वाली पुस्तक में 0,1,2,3,..... त्रुटियों वाले पन्नों की संख्या ज्ञात करें।

हल : त्रुटियों की औसत संख्या = m = 3/5 = 0.6

जहाँ $P(0) = e - m\frac{m^0}{0!} = e^{-0.6}.\frac{(0.6)^0}{0!} = e^{-0.6} = 0.5488$

$$P(1) = e^{-0.6}\frac{(0.6)^1}{1!} = \frac{0.5488 \times 0.6}{1} = 0.32928$$

$$P(2) = e^{-0.6}\frac{(0.6)^2}{2!} = \frac{0.5488 \times 0.36}{2 \times 1} = 0.098784$$

$$P(3) = e^{-0.6}\frac{(0.6)^3}{3!} = \frac{0.5488 \times 0.216}{3 \times 2 \times 1} = 0.0197568$$

$$P(x > 3) = 1 - [P(0) + P(1) + P(2) + P(3)]$$

$$= 1 - [0.5488 + 0.32928 + 0.098784 + 0.197568]$$

$$= 1 - [0.9966208]$$

$$= 0.0033792$$

प्वॉयसन वितरण को फिट करना

X	P(X)	fe(x) = n. P(x)
0	0.5488	1000 × 0.5488 = 548.8 ≈ 549
1	0.32928	1000 × 0.32928 = 329.28 ≈ 329
2	0.098784	1000 × 0.098784 = 98.74 ≈ 98
3	0.0197568	1000 × 0.0197568 = 19.7568 ≈ 20
3 से अधिक	0.0033792	1000 × 0.0033792 = 3.37 ≈ 3
		n = 1000

5.13 सारांश

सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण उन वितरणों को कहते हैं जो वास्तविक अवलोकनों या प्रयोगों से प्राप्त नहीं किया जाता बल्कि निश्चित मान्यताओं के आधार पर गणितीय विधि से प्राप्त करते हैं। सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण को प्रायिकता वितरण या प्रत्याशित आवृत्ति वितरण कहते हैं। सैद्धान्तिक वितरण के प्रमुख प्रकार हैं 1. द्विपद वितरण 2. प्वॉयसन वितरण तथा 3. सामान्य वितरण। द्विपद वितरण एक असतत प्रायिकता वितरण है बर्नाली ने की। इसका प्रयोग ऐसी स्थितियों में करते हैं जब प्रयोग दो संभावितों सफलता और असफलता में निष्कर्षित हो। प्वॉयसन वितरण एक असतत प्रायिकता वितरण है और फ्रेंच गणितज्ञ डॉ0 सिमन डेनिस प्वॉयसन ने इसका विकास किया। प्वॉयसन वितरण को उन परिस्थितियों में प्रयोग करते हैं जब घटना के घटित होने की प्रायिकता बहुत म हो अर्थात् घटना बहुत दुर्लभ है।

5.14 शब्दावली

सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण: उन वितरणों को कहते हैं जो वास्तविक समंकों या प्रयोगों से प्राप्त नहीं होते परन्तु निश्चित मान्यताओं के आधार पर गणितीय विधि से प्राप्त किए जा सकते हैं।

5.15 बोध प्रश्न

1. ..... उन आवृत्ति वितरणों को कहते हैं जो वास्तविक समंक या प्रयोग से प्राप्त किये जाते हैं।

2. सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण को प्रायिकता वितरण या ....कहते हैं।
3. द्विपद वितरण की खोज स्विस गणितज्ञ .....ने की।
4. ..... का प्रयोग उन स्थितियों में करते हैं जब किसी घटना के घटित होने की प्रायिकता बहुत छोटी हो अर्थात् घटना बहुत दुर्लभ हो।

5.16 बोध प्रश्नों के उत्तर

1.	वास्तविक आवृत्ति वितरण	2.	प्रत्याशित आवृत्ति वितरण
3.	जेम्स बर्नाली	4.	प्वॉयसन वितरण

5.17 स्वपरख प्रश्न

1. एक सिक्के को 6 बार उछाला जाता है। चार या उससे अधिक चित आने की प्रायिकता ज्ञात करें।
2. एक पांसा को 4 बार फेंका जाता है। 2 से अधिक आने पर उसे सफलता माना जाता है। प्रायिकता ज्ञात करो।
   अ. पूर्णतया 1 सफलता
   ब. 3 से कम सफलता
   स. 3 से अधिक सफलता
3. 5 स्वतंत्र परख वाले द्विपद वितरण में 1 तथा 2 सफलता की प्रायिकता 0. 4096 तथा 0.2048 हैं वितरण के प्राचाल p का मान ज्ञात करो।
4. एक बर्फवाली फैक्टरी में जाड़े में कर्मचारियें के सर्दी होने का संवेग 20 प्रतिशत है। 5 में से 4 या अधिक मजदूरों के सर्दी होने की प्रायिकता बताओ।
5. एक प्रयोग जितनी बार फेल होता है उसके दुगुनी बार सफल होता है। 6 परखों में कम से कम 5 सफलता की प्रायिकता बताओ।
6. द्विपद वितरण का माध्य और प्रमाप विचलन क्रमशः 2 तथा 1 हैं n, p तथा q का मान ज्ञात करो।
7. द्विपद वितरण जिसका माध्य 2 तथा प्रसरण 3/2 हो उसके 3 सफलता की प्रायिकता ज्ञात करो।
8. एक असतत दैव चर (random variable) का माध्य 6 तथा प्रसरण 2 है। यदि यह द्विपद वितरण है तो $5 \leq x \leq 7$ की प्रायिकता ज्ञात करो।
9. यदि दोषयुक्त बोल्ट की प्रायिकता 10 प्रतिशत है। ज्ञात करो 1. माध्य 2. प्रमाप विचलन 3. संवेग विषमता गुणांक 4. संवेग पृथुशीर्षत्व गुणांक कुल 400 बोल्ट में दोषयुक्त बोल्ट का वितरण ज्ञात करो।
10. एक निष्पक्ष सिक्क को दस बार उछाला जाता है। इसका माध्य तथा प्रमाप विचलन ज्ञात करो।
11. 5 पांसों को एक 96 बार फेंका जाता है। 4,5 या 6 आने वाले पांसों की संख्या ही प्रयोग है।

4,5,6 आने वाले पांसों की संख्या	0	1	2	3	4	5

आवृत्ति	2	8	22	35	24	5

द्विपद वितरण फिट करो तथा प्रत्याशित प्रायिकता ज्ञात करो।

12. चार सिक्कों को 200 बार उछाला जाता है। उछालने पर 0,1,2,3 तथा 4 चित इस प्रकार पाए गए :

चित की संख्या	0	1	2	3	4
आवृत्ति	15	35	90	40	20

13. एक मशीन द्वारा निर्मित बोल्ट का परीक्षण 7 बोल्ट के निदर्शन लेकर किया गया। कुल 128 निदर्श परीक्षण के लिए गए। 128 निदर्शों में पाए गए दोषयुक्त बोल्ट की संख्या इस प्रकार है।

दोषयुक्त बोल्ट की संख्या 128 निदर्श में	0	1	2	3	4	5	6	7
निदर्श की संख्या	7	6	19	35	30	23	7	1

द्विपद वितरण फिट करो और प्रत्याशित आवृत्ति ज्ञात करो (यदि मशीन के दोषयुक्त होने की प्रायिकता 1/2 है)। फिट किए गए वितरण का माध्य और प्रसरण ज्ञात करो।

14. 5 सिक्कों को 128 बार उछाला जाता है। 3 या अधिक चित आने की प्रायिकता बताओ और 3 या अधिक चित की प्रत्याशित प्रायिकता ज्ञात करो।

15. दिया गया है एक बल्ब बनाने वाली कंपनी तैयार बल्क में 3 प्रतिशत दोषयुक्त बल्क बनाती है। प्वॉयसन वितरण की सहायता हसे 100 बल्ब वाले निदर्श में प्रायिकता ज्ञात करो जब

अ. एक भी दोषयुक्त न हो

ब. पूर्णतया एक दोषयुक्त हो $(e^{-3} = 0.04979)$

16. 200 बल्ब वाले बक्से में 5 बल्क के दोषयुक्त होने की प्रायिकता बताओ जब यह दिया गया हो कि 2 प्रतिशत बल्क दोषयुक्त हैं। (आप प्वॉयसन वितरण का उपयोग कर सकते हैं) $(e^{-4} = 0.0183)$

17. माना कि 80 जन्मों में एक जन्म जुड़वा होता है। एक दिन में 30 जन्मों पर 2 या अधिक जुड़वा जन्म की प्रायिकता ज्ञात करो।

18. पिन का निर्माण करने जानता है औसतन 2 प्रतिशत पिन दोषयुक्त हैं वह 200 पिन एक बक्से में बेचता है और 3 से अधिक पिन दोषयुक्त न होने की गारंटी देता है। बक्से के गारंटी पर खरा न उतरने की प्रायिकता ज्ञात करो। $(e^{-4} = 0.0183)$

19. ब्लेड का निर्माण करने वाली एक कंपनी के 1/5 भाग दोषयुक्त ब्लेड का निर्माण करती है।

10 ब्लेड के सेट के रूप में पैकेट बेचा जाता है। प्वॉयसन वितरण की सहायता से 100000 पैकेट में एक भी दोषयुक्त न हो, सिर्फ एक दोषयुक्त और दो दोषयुक्त ब्लेड होने की सन्निकट संख्या ज्ञात करो। $(e^{-0.02} = 0.9802)$

20. माना कि एक निर्मित उत्पाद के परीक्षण में प्रति यूनिट उत्पाद में 4 दोषयुक्त उत्पाद पाए जाते हैं। प्वॉयसन वितरण की सहायता से 2 दोषयुक्त उत्पाद पाए जाने की प्रायिकता ज्ञात करो। ($e^4 = 0.0183$)

21. एक वर्ष में टैक्सी ड्राइवरों द्वारा होने वाले दुर्घटना प्वॉयसन वितरण जिसका माध्य 3 है। का अनुसरण करता है। 1000 टैक्सी ड्राइवरों में ड्राइवरों की संख्या ज्ञात करो जिनसे एक वर्ष में
अ. एक भी दुर्घटना न हुई हो और
ब. तीन से अधिक दुर्घटना हुई है।
($e^{-1} = 0.3679$, $e^{-2} = 0.1353$, $e^{-3} = 0.0498$)

22. एक टीवी कंपनी ने अनुमान लगाया कि प्रतिदिन टीवी की मरम्मत करने के लिए औसतन 1.5 इंजीनियर की मांग है। प्वॉयसन वितरण को मानते हुए वह दो इंजीनियर नियुक्त करता है। एक वर्ष में कितने दिन दोनों इंजीनियर के पास काम न होने का समानुपात ज्ञात करो। ($e^{-1} = 0.3678$, $e^{-0.5} = 0.6065$)

23. एक टेलीविजन इक्सचेंज में औसतन 4 कॉल प्रति मिनट आती है। प्वॉयसन वितरण के आधार पर प्रायिकता ज्ञात करो 1. 2 या कम कॉल प्रति मिनट 2. प्रति मिनट 4 कॉल 3. 4 काल से अधिक प्रति मिनट ($e^{-4} = 0.08$, $e^{-4} = 0.0183$)

24. एक पुस्तक में प्रति पन्ना निम्न त्रुटि पायी गईं।

त्रुटि प्रति पन्ना	0	1	2	3	4
पन्नों की संख्या	211	90	19	5	0

25. 100 कार रेडियो का परीक्षण किया गया और प्रति रेडियो सेट दोषों की संख्या इस प्रकार सूचीबद्ध किया गया।

दोषों की संख्या	0	1	2	3
रेडियो सेट की संख्या	79	18	2	1

प्रति रेडियो सेट औसत दोषों की संख्या का अनुमान लगाओ और 0,1,2,3 की प्रत्याशित आवृत्ति ज्ञात करो।

26. निम्न डाटा पर प्वॉयसन वितरण फिट करो और सैद्धान्तिक आवृत्ति ज्ञात करो।

मृत्यु	0	1	2	3	4
आवृत्ति	122	60	15	2	1

($e^{-0.5} = 0.60657$)

27. 96 वर्षों में एक उच्च न्यायालय में न्यायाधीश की रिक्तियों की संख्या नीचे दी गई है।

28. सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण से आप क्या समझते हैं?

29. द्विपद तथा सामान्य वितरण की विशेषताएं बताओ।

30. द्विपद वितरण क्या है? किन परिस्थितियों में द्विपद वितरण का प्रयोग होता है चर्चा करें।

31. प्वॉयसन वितरण क्या है? प्वॉयसन वितरण की विशेषताएं बताओ।

32. द्विपद तथा प्वॉयसन वितरण की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा करें।
33. प्वॉयसन वितरण क्या है? यह कहाँ पर प्रयुक्त किया जा सकता है उदाहरण दो।

स्वपरख प्रश्नों के उत्तर

1. 11/32
2. अ. 0.0988 ब. 0.4074 स. 0.1975
3. $p = 0.2$
4. 0.0067
5. 256/719
6. $n = 4,\ p = 1/2,\ q = 1/2$
7. 0.2076
8. 0.712
9. $X = 40,\ \sigma^2 = 36,\ \sqrt{\beta_1} = 0.133,\ \sqrt{\beta_2} = 3.013$
10. $X = 5,\ = \sigma = \sqrt{2.5}$
11. 3, 15, 30, 15, 3
12. 12.5, 50, 75, 50, 12.5
13. 1, 7, 21, 35, 21, 7, 1 ; $x = 3.5,\ \sigma^2 = 1.75$
14. अ. 16/32, ब. 64
15. अ. 0.05 ब. 0.15
16. 0.784
17. 0.055
18. 0.567
19. 98020, 1960.4, 19.604
20. 0.146624
21. अ. 50 ब. 353
22. अ. 0.2231 ब. 0.1913
23. अ. 0.2379 ब. 0.6283 स. 0.3717
24. 209.40, 92.14, 20.27, 2.97, 0.33
25. m = 0.25, 77.88, 19.47, 2.43, 0.21
26. 121.3, 60.65, 15.16, 2.53, 0.32
27. 58.22, 29.11, 7.278, 1.21, $x = \sigma^2 = 0.5$

5.18 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Roy Ramendu, *'Principles of Statistics'* Prayag Pustak Bhawan, Allahabad.
2. Gupta S. P. & Gupta M. P., *'Business Statistics'* Sultan Chand & Sons, New Delhi.
3. Shukla S. M. & Sahai S. P., '*Advanced Statistics*' Sahitya Bhawan Publications, Agra.
4. Goon, Gupta and Dasgupta, 'Basic Statistics' World Press Limited – Calcutta.
5. Fundamentals of Business Statistics – Sanchethi and Kappor.
6. Srivastava, Shenoy and Guptha, 'Quantitative Methods in Management'.

इकाई 6 घातांकी, बीटा, और सामान्य वितरण

इकाई की रूपरेखा

6.1 प्रस्तावना
6.2 घातांकी वितरण
6.3 बीटा वितरण
6.4 सामान्य प्रायिकता वितरण
6.5 सामान्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल मापना
6.6 सामान्य वितरण के प्रयोग
6.7 सामान्य वक्र को फिट करना
6.8 सारांश
6.9 शब्दावली
6.10 बोध प्रश्न
6.11 बोध प्रश्नों के उत्तर
6.12 स्वपरख प्रश्न
6.13 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- घातांकी वितरण की व्याख्या कर सकें।
- बीटा वितरण की व्याख्या कर सकें।
- सामान्य प्रायिकता वितरण एवं उनके प्रयोग का वर्णन कर सकें।

6.1 प्रस्तावना

प्रायिकता सिद्धांत और सांख्यिकी में, घातांकी, बीटा, और सामान्य वितरण सतत वितरण परिवार का हिस्सा है। सामान्य वितरण बहुत ही महत्वपूर्ण तथा बहुतायत उपयोगी सतत प्रायिकता वितरण है। इसका प्रयोग प्रमुखतया सतत दैव चरों जैसे लंबाई, भार/ वजन और छात्रों के एक समूह के बुद्धिमत्ता के बयवहार का अध्ययन करने में होता है।

6.2 घातांकी वितरण

घातांकी वितरण दो घटनाओं के मध्य के समय को प्वायन प्रक्रिया के रूप में प्रदर्शित करता है अर्थात् एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें घटनाएं स्वतंत्र तथा सतत रूप से एक निश्चित औसत दर से घटित होती है। यह गुणोत्तर वितरण (Geometric Distribution) का सतत रूप है।

6.2.1 घातांकी वितरण की विशेषताएं

घातांकी वितरण की विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

(अ) प्रायिकता घनत्व फलन (probability density function (pdf))

घातांकी वितरण का प्रायिकता घनत्व फलन निम्न है:

$$f(x;\lambda) = \begin{cases} \lambda e^{-\lambda x}, & x \geq 0, \\ 0, & x < 0. \end{cases}$$

वैकल्पिक रूप में इसे Heaviside step function, H(x) की सहयता से इस प्रकार पारिभाषित करते हैं

$$f(x; \lambda) = \lambda e^{-\lambda} H(x)$$

यहां पर $\lambda>0$ वितरण का प्राचाल है और प्रायः इसे प्राचाल दर कहते हैं। यह वितरण $[0,\infty)$ अंतराल पर आधारित होता है। यदि एक दैव चर X इस वितरण को लागू करता है तो हम कहते हैं $X \sim Exp(\lambda)$

(ब) संचयी वितरण फलन

संचयी वितरण फलन को इस प्रकार लिख सकते हैं

$$F(x;\lambda) = \begin{cases} 1 - e^{-\lambda x}, & x \geq 0, \\ 0, & x < 0. \end{cases}$$

वैकल्पिक रूप में इसे Heaviside step function] H(x) की सहयता से इस प्रकार पारिभाषित करते हैं

$$F(x; \lambda) = (1-e^{-\lambda})H(x)$$

(स) वैकल्पिक प्रचालीकरण

वैकल्पिक प्राचालीकरण का अर्थ है घातांकी वितरण के प्रायिकता घनत्व फलन को इस प्रकार पारिभाषित करना

$$f(x;\beta) = \begin{cases} \frac{1}{\beta} e^{-x/\beta}, & x \geq 0, \\ 0, & x < 0. \end{cases}$$

जहां स्केल $\beta>0$ प्राचाल है और यह प्राचाल दर λ का reciprocal है। इस विशिष्टीकरण में, β उत्तर जीविता (Survival) प्राचाल कहलाता है जब दैव चर X किसी बायोलाजिकल या मेकैनिकल प्रक्रिया में जीवित रहने कि समयावधि को प्रदर्शित करे और $X \sim Exp(\beta)$ तो $E(X) = \beta$। अतरू प्रक्रिया के जीवित रहने की प्रत्याशित अवधि β इकाई समय है। जब दो घटनाओं के मध्य समय की चर्चा करते हैं तो प्राचाल दर, λ, प्राचालीकरण का उपयोग करते हैं और इसका माध्य $\beta = \lambda^{-1}$ होता है।

6.2.2 घातांकी वितरण के गुण

घातांकी वितरण **के गुण** निम्न हैं:

(अ) माध्य, प्रसरण, संवेग तथा माध्यिका



इसका माध्य प्रायिकता भार केन्द्र (probability mass centre) है जो कि संवेग है (first moment preimage) (पूर्वचित्र)



$F^{-1}(1/2)$ माध्यिका है।

माध्य अथवा घातांकी वितरित दैव चर का प्रत्याशित मान जिसका प्रचाल दर λ है, इस प्रकार है

$$E(X) = 1/\lambda$$

ऊपर वर्णित उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि यदि आप औसतन 2 फोन काल प्रति घंटा करते हैं तो आपको प्रत्येक काल के लिए औसतन आधा घंटा इंतजार करना पड़ता है।

X का प्रसरण, $Var(X) = 1/\lambda^2$

X का संवेग जब $n = 1,2,3,\ldots\ldots$

$m[X] = \ln 2/(\lambda) < E(X)$

जहां पर ln प्राकृतिक लागरिथम (natural logarithm) है। अतः माध्य तथा माध्यिका का वास्तविक अंतर, माध्य – माध्यिका inequality के अंतर्गत

$E[X] - m[X] = (1-\ln 2)/\lambda < 1/\lambda = SD$

(ब) स्मृति विभ्रम Memory lessness

घातांकी वितरण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि स्मृति विभ्रम। इसका अर्थ यह है कि यदि एक दैव चर (Random variable) T घातांकी वितरित है तो सशर्त प्रायिकता

$$P[T > s+t \mid T > s] = P(T > t)\ s, t \geq 0$$

इसका अर्थ है कि इंतजार करने की सशर्त प्रायिकता उदाहरणार्थ प्रथम आगमन से पहले 10 सेकेंड से अधिक की प्रतीक्षा करने की सशर्त प्रायिकता जब दिया गया है कि पहला आगमन 30 सेकेंड तक नहीं हुआ है, शुरुआती प्रायिकता कि प्रथम आगमन के लिए 10 सेकेंड से अधिक की प्रतीक्षा करने के बराबर है। अतः यदि आप 30 सेकेंड प्रतीक्षा करने के बाद भी प्रथम आगमन नहीं होता (T>30) तो पहले आगमन के लिए 10 सेकेंड और इंतजार करने की प्रायिकता (T>30+10) शुरुआती प्रायिकता जो कि प्रथम आगमन के लिए 10 सेकेंड से अधिक (T>10) का इंतजार करना के बराबर होगी।

वास्तव में, $P(T>40|T>30) = P(T>10)$ का अर्थ यह नहीं है कि घटनाएं T>40 तथा T>30 स्वतंत्र हैं। सारांशः स्मृति विभ्रम प्रथम आगमन होने तक इंतजार करने का समय का प्रायिकता वितरणका स्मृति विभ्रम का अर्थ है

(सही) $P(T>40|T>30) = P(T>10)$

इसका अर्थ यह नहीं है कि

(गलत) $P(T>40|T>30) = P(T>40)$

वे स्वतत्र हो सकते हैं। ये घटनाएं स्वतत्र नहीं हैं। घातांकी वितरण तथा गुणोत्तर वितरण में ही स्मृति विभ्रम विशेषता होती है।

घातांकी वितरण ही सिर्फ एक ऐसा सतत प्रायिकता वितरण है जिसका असफलता दर (failure rate) स्थिर (constant) है।

(स) चतुर्थांश

घातांकी वितरण का चतुर्थांश फलन (quartile function) विपरीत संचयी वितरण फलन (inverse cumulative distribution function)

$$F^{-1}(p;\lambda) = -\ln(1-p)/\lambda \quad 0 \leq p < 1$$

अतः चतुर्थांश निम्न हैं:

प्रथम चतुर्थांश = $\ln(4/3)/\lambda$

माध्यिका= $\ln(2)/\lambda$

तृतीय चतुर्थांश= $\ln(4)/\lambda$

6.3 बीटा वितरण (Beta distribution)

बीटा वितरण एक सतत प्रायिकता वितरण है जो कि अंतराल (0,1) पर पारिभाषित है और जिसके दो धनात्मक आकार प्राचाल (shape parameter) α तथा β हैं। इसका प्रयोग समानुपातों के सांख्यिकीय माडलिंग (statistical modelling) में होता है जहां समानुपातों का मान या यॉंग के बराबर नहीं होता। एक दैव चर जो गासियन (Gaussian) वितरित हो तो उसके तथा एक और स्वतंत्र गासियन चर, जिसका स्केल प्राचाल पहले चर के बराबर तथा संभवतः अलग आकार प्राचाल हो, के योग से भाग देने पर प्राप्त अनुपात का वितरण का एक सैद्दांतिक उदाहरण है।

6.3.1 विशेषताएं charateristics:

बीटा वितरण की विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

(अ) प्रायिकता घनत्व फलन

बीटा वितरण का प्रायिकता घनत्व फलन निम्न है:

$$f(x;\alpha,\beta) = \frac{x^{\alpha-1}(1-x)^{\beta-1}}{\int_0^1 u^{\alpha-1}(1-u)^{\beta-1}\,du}$$

$$= \frac{\Gamma(\alpha+\beta)}{\Gamma(\alpha)\Gamma(\beta)}\,x^{\alpha-1}(1-x)^{\beta-1}$$

$$= \frac{1}{\mathrm{B}(\alpha,\beta)}\,x^{\alpha-1}(1-x)^{\beta-1}$$

जहां पर $\Gamma(z)$ गामा फलन है। बीटा फलन B पूरी प्रायिकता जुड़कर करं होने के लिए सामान्यीकरणधारित है। एक दैव चर जो कि बीटा वितरित है और जिसका प्रचाल α और β है को

$X \sim Be(\alpha,\beta)$

द्वारा प्रदर्शित करते हैं।

(ब) संचयी वितरण फलन

संचयी वितरण फलन को निम्न प्रकार से दर्शाते हैं

$F(x;\alpha,\beta) = B_x(\alpha,\beta)/B(\alpha,\beta) = I_x(\alpha,\beta)$

जहां पर B_X (α,β) अधूरा बीटा फलन(incomplete Beta function) है और I_X (α,β) निरंतर बीटा फलन(regularized incomplete Beta function) है।

6.3.2 गुण

बीटा वितरण के गुण ˙ निम्नलिखित हैं:

बीटा वितरित दैव चर X जिसका प्राचाल $\alpha>1$ तथा $\beta>1$ का बहुलक

बहुलक $=(\alpha-1)/(\alpha+\beta-2)$

प्रत्याशित मान, माध्य तथा प्रसरण(द्वितीय केन्द्रीय संवेग)

$$\mu = \mathrm{E}(X) \qquad = \frac{\alpha}{\alpha+\beta},$$

$$\mathrm{var}(X) = \mathrm{E}(X-\mu)^2 \quad = \frac{\alpha\beta}{(\alpha+\beta)^2(\alpha+\beta+1)}.$$

सभी परिस्थितियों में, $Var(X)<1/4$

विषमता:

$$\frac{\mathrm{E}(X-\mu)^3}{[\mathrm{E}(X-\mu)^2]^{3/2}} = \frac{2(\beta-\alpha)\sqrt{\alpha+\beta+1}}{(\alpha+\beta+2)\sqrt{\alpha\beta}}.$$

$$\frac{\mathrm{E}(X-\mu)^4}{[\mathrm{E}(X-\mu)^2]^2} - 3 = \frac{6[\alpha^3-\alpha^2(2\beta-1)+\beta^2(\beta+1)-2\alpha\beta(\beta+2}{\alpha\beta(\alpha+\beta+2)(\alpha+\beta+3)}$$

या

$$\frac{6[(\alpha-\beta)^2(\alpha+\beta+1)-\alpha\beta(\alpha+\beta+2)]}{\alpha\beta(\alpha+\beta+2)(\alpha+\beta+3)}.$$

समान्यतया, k^{th} कच्चा संवेग (raw moment)

$$\mathrm{E}(X^k)=\frac{\mathrm{B}(\alpha+k,\beta)}{\mathrm{B}(\alpha,\beta)}=\frac{(\alpha)_k}{(\alpha+\beta)_k}$$

जहां पर $(x)_k$ पोसोम्बर चिन्ह(Pochhammer symbol) है जो कि rising factorial को प्रदर्शित करता है। इसे recursive form में इस प्रकार लिख सकते हैं

$E(X^k)= (\alpha+k-1)/(\alpha+\beta+k-1)\ E(X^{k-1})$

हम यह भी दिखा सकते हैं

$E(\log X)=\psi(\alpha)-\psi(\alpha+\beta)$

और

$E(X^{-1})= (\alpha+\beta-1)/(\alpha-1)$

(स) सूचना की मात्रा Quantities of Information

दो बीटा वितरित दैव चर $X\sim Be(\alpha,\beta)$ और $Y\sim Be(\alpha',\beta')$ हैं तो X का differential entropy है

$h(X)=$

डिगामा फलन (Digamma function) कहां है?

क्रास इन्ट्रापी (cross entropy) है

$$H(X,Y)=\ln \mathrm{B}(\alpha',\beta')-(\alpha'-1)\psi(\alpha)-(\beta'-1)\psi(\beta)+(\alpha'+\beta'-2)\psi(\alpha+\beta).$$

6.4 सामान्य प्रायिकता वितरण

सामान्य प्रायिकता वितरण की खोज अंग्रेजी गणितज्ञ अब्राहम डिमोरे ने 1733 में की थी। परन्तु बाद में लाप्लास और कार्ल गास ने इसे पुनः खोजा और उपयोग किया। कार्ल गास के नाम पर सामान्य वितरण को गासियन वितरण भी कहते हैं। निम्न निश्चित परिस्थितियों में सामान्य वितरण को द्विपद वितरण का सन्निकट समझा जा सकता है:

(i) परखों(trial) की संख्या, (n), बहुत अधिक हो अर्थात् $n\to\infty$

(ii) p तथा q में से कोई भी बहुत छोटा न हो।

सामान्य वितरण का प्रायिकता घनत्व फलन इस प्रकार पारिभाषित करते हैं

$$P\ (X = x) = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}\cdot e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{X-\overline{X}}{\sigma}\right)^2}\quad -\infty < X < +\infty$$

जहां पर $\overline{X}$ = माध्य, σ= प्रमाप विचलन, e= नेचुरल लागिरथम का बेस=2.7183, π= 3.1415

सामान्य वितरण का`जंदकंतक दवतउंस अंतपंजम (SNV) फार्म निम्न हैः

$$P(Z) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} \cdot e^{-\frac{1}{2}Z^2} \qquad -\infty < Z < \infty \text{ where } Z = \frac{X - \overline{X}}{\sigma}$$

जहां पर Z= (X- $\overline{X}$)/σ

Z का माध्य 0 तथा प्रमाप विचलन σ=1 है। अर्थात्वो सामान्य वितरण है जिसका माध्य 0 तथा प्रमाप विचलन σ इकाई है।

6.4.1 सामान्य वितरण वक्र

सामान्य वितरण के वक्र को सामान्य वितरण वक्र कहते है। सामान्य वक्र सामान्य वितरण का चित्रीय प्रदर्शन है। निम्न चित्र सामान्य वक्र दर्शाता हैः



हल : यहॉ, $\mu_0 = 836, n = 225, \bar{x} = 840.5, \sigma = 45$ और $\propto = 0.01$

शून्य परिकलपना $\mu_0 : \mu = 836$ (नमूना माध्य समग्र माध्य से उल्लेखनीय ढंग से भिन्न नहीं है।)

वैकल्पिक परिकल्पना $\mu_0 : \mu \neq 836$ (नमूना माध्य समग्र माध्य से उल्लेखनीय ढंग से भिन्न है)

μ_0 के अन्तर्गत, आंकडा परीक्षण $Z = \frac{x-\mu_0}{\frac{\sigma}{\sqrt{n}}}$ N(0,1) है

यहॉ, परीक्षण दो पुच्छीय हैं

10% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k\propto/_2 = -2.58$ और $k\propto/_2 = 2.58$

$Zobs = \frac{x-\mu_0}{\frac{\sigma}{\sqrt{n}}} = \frac{840.5-836}{\frac{45}{\sqrt{50}}} = \frac{4.5}{6.33} = 0.1579$ चूकि Z_{obs} = 1.5, मान अंतराल (–2.58,2.58) से बाहर है, μ_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– नमूना माध्य समग्र माध्य से उल्लेखनीय ढंग से भिन्न नहीं है।

उदाहरण 5 : यह ज्ञात हे कि लडकों के IQ का मानक विचलन 10 और लडकियों के IQ का मानक विचलन 12 है। 200 यादृच्छिक चयनित लडकों का माध्य 99 और 300 यादृच्दिक चयनित लडकियों का माध्य 97 है।

I. क्या हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि औसतन लडकों एवं लडकियों का IQ एक समान हो सकता है?

II. क्या हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि औसतन लडकों का IQ लडकियों के IQ से ज्यादा हो सकता है ?

हल :– यहॉ, $\sigma_1 = 10, \sigma_2 = 12$, $n_1 = 200$, $n_2 = 300$, $\overline{x_1} = 99$, $\overline{x_2} = 97$,

चूँकि $\propto$ अंकित नहीं किया गया है, हम $\propto = 5\% = 0.05$ ले सकते हैं

i. शून्य परिकल्पना $\mu_0 : \mu = \mu_2$ (लडकों एवं लडकियों का IQ एक समान है) वैकल्पिक परिकल्पना $\mu_1 : \mu_1 = \mu_2$ (लडकों एवं लडकियों का IQ एक समान नहीं है।)

μ_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण $Z = \dfrac{\overline{x_1} - x_2}{\sqrt{\dfrac{\sigma_1^2}{n_1} + \dfrac{\sigma_2^2}{n_2}}}$ $isN(0,1)$

$$Z_{obs} = \frac{\overline{x_1} - x_2}{\dfrac{\sigma_1^2}{n_1} + \dfrac{\sigma_2^2}{n_2}} = \frac{99 - 97}{\sqrt{\dfrac{10^2}{200} + \dfrac{12^2}{300}}} = 2.02$$

चूँकि Zobs=2.02 का मान अन्तराल (–1.96, 1.96)से बाहर है, μ_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : लडकें एवं लडकियों का IQ एक समान है।

ii यहॉ वैकल्पिक परिकल्पना

$\mu_1 : \mu_1 > \mu_2$ (लडकों का IQ लडकियों से ज्यादा है।) यहॉ, परीक्षण ऊपरी पुच्छ है।

5% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $k_\propto = 1.645$ है। चूँकि Z_{obs}=2.02, 1.645 से ज्यादा है, μ_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– लडकों का IQ लडकियों के IQ से ज्यादा है।

उदाहरण –6 : एक बाग से 1000 सेवों को यादृच्छिक नमूना जिसका माध्य वजन 187 ग्राम एवं मानक विचलन 8 ग्राम है। दूसरे बाग से 800 सेवों का यादृच्छिक नमूना जिसका माध्य वजन 188.4 ग्राम एवं मानक विचलन 10 ग्राम है । परिकल्पना का परीक्षण करें कि दोनों बागों के सेवों का औसत वजन एक समान है।

यहॉ $n_1 = 1000$, $\overline{x_1} = 187$ग्राम $\sigma_1 = 8$ ग्राम

$n_2 = 800$, $\overline{x_2} = 188.4$ग्राम $\sigma_1 = 10$ ग्राम

शून्य परिकल्पना $\mu_0 = \mu_1 = \mu_2$ (माध्य एक समान है)

वैकल्पिक परिकल्पना $\mu_1 \neq \mu_1 \neq \mu_2$ (माध्य एक समान नहीं है)

μ_0 के अन्तर्गत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}}$ N(0,1) है।

परीक्षण दो पुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k_{\propto/2} = 1.96$ और $k_{\propto/2} = 1.96$ है।

$$Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}} = \frac{187-188.4}{\sqrt{\frac{8^2}{1000} + \frac{10^2}{800}}} = -3.22$$

चूँकि Z_{obs} = -3.22 मान अंतराल (-1.96,1.96) के बाहर है, μ_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : दो बागों के सेवों का औसत माध्य वजन एक समान नहीं है ।

उदाहरण 7 : किसी बीमारी से ग्रसित यादृच्छिक चयनित मरीजों के समूह का प्रकुंचक रक्तचाप अध्ययन मे ंएवं दूसरे समूह मे ं36 व्यक्तियों जो कि किसी बीमारी से ग्रसित नहीं है, निम्नलिखित परिणाम निकाले

	ग्रसित	गैर ग्रसित
नमूना आकार	36	36
माध्य प्रकुंचक चाप	178	141
मानक विचलन	24	12

परीक्षण करें कि क्या बीमारी से ग्रसित मरीजों का औसत प्रकुंचक, गैर ग्रसित व्यक्तियों से ज्यादा है। परीक्षण 1% महत्व के स्तर पर करें।

हल : यहॉ $n_1 = 36$ $\overline{x_1} = 178$ $\sigma_1 = 24$

$n_2 = 36$ $\overline{x_2} = 141$ $\sigma_2 = 12$ और $\propto = 0.01$

शून्य परिकल्पना $H_0 = \mu_1 = \mu_2$(औसत प्रकुंचक रक्तचाप दोनों समूहों का एक समान है)

वैकल्पिक परिकल्पना $H_1 = \mu_1 > \mu_2$ (औसत प्रकुंचक रक्तचाप बीमारी से ग्रसित मरीजों का गैर ग्रसित व्यक्तियों से ज्यादा है)

H_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण $Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}}$ N(0,1) है।

यहॉ परीक्षण ऊपरी पुच्छ है।

1: महत्व के स्तर पर , महत्वपूर्ण मान $k_\propto = 2.33$ है।

$$Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}} = \frac{178-141}{\sqrt{\frac{24^2}{36} + \frac{12^2}{36}}} = -8.27$$

चूँकि $Z_{obs} = 8.27$, 2.33 से ज्यादा है, H_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : औसत प्रंकुचक रक्तचाप बीमारी से ग्रसित मरीजों का, गैर ग्रसित व्यक्तियों से ज्यादा है।

उदाहरण 8 : लडके एवं लडकियों के दो समूहों के बुद्धि परीक्षण मे ंनिम्नलिखित परिणाम निकले :

	माध्य अंक	मानक विचलन	नमूना आकार
लडकें	70	20	250
लडकियॉ	75	15	150

क्या हम 1% महत्व के स्तर पर यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि लडकियों के औसत अंक लडकों से ज्यादा है ।

हल : यहॉ $n_1 = 250$ $\overline{x_1} = 70$ $\sigma_1 = 20$

$n_2 = 150$ $\overline{x_2} = 75$ $\sigma_2 = 15$ और $\propto = 1\% = 0.01$

शून्य परिकल्पना $H_0 = \mu_1 = \mu_2$ (माध्य एक समान है)है।

वैकल्पिक परिकल्पना $H_0 = \mu_1 < \mu_2$ (लडको के औसत अंक, लडकियों के औसत अंक से है)है।

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}}$ N(0,1) है।

परीक्षण एक पुच्छीय है – लडकों के औसत अंक लडकियों से कम है।

1% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k\propto/_2 = -2.33$ है।

$$Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}} = \frac{70-75}{\sqrt{\frac{20^2}{250} + \frac{15^2}{150}}} = -2.84$$

चूँकि $Z_{obs} = 2.84$, -2.33 से कम है, H_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : लडकों के औसत अंक लडकियों से कम है या लडकियों के औसत अंक, लडकों से ज्यादा है।

उदाहरण 9 : एनाजेसिक (दर्द निवारक) की कुछ खुराक जब 32 महिलाा रोगियों को दी जाती है तो दर्द निवारण की औसत अवधि 3.5 घन्टे थी। वहीं खुराक जब 36 पुरूष रोगियों को दी जाती है तो दर्द निवारण की औसत अवधि 4 घंटे थी। पिछले अनुभवों से , यह ज्ञात है कि दर्द राहत की अवधि का मानक विचलन 0.5 घंटे हैं। यह परीक्षण करें कि औसतन, पुरूषों और महिलाओं में दर्द निवारण की अवधि एक समान है।

हल : यहॉ, $\sigma_1 = \sigma_2 = 0.5$ घंटे $n_1 = 32$ $\overline{x_1} = 3.5$ घंटे $n_2 = 36$ और $\overline{x_2} = 4$ घंटे चूँकि $\propto$ अंकित नहीं किया गया है, हम $\propto = 5\% = 0.05$ समझ लेते हैं

शून्य परिकल्पना

$H_0 = \mu_1 = \mu_2$ (औसत दर्द निवारण की अवधि पुरूषो एंव महिलाओं में एक समान है) है।

वैकल्पिक परिकल्पना

$H_1 = \mu_1 \neq \mu_2$ (औसत दर्द निवारण की अवधि पुरूषों एवं महिलाओं में एक समान नहीं है) है।

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}}$ N(0,1) है।

यहॉ, परीक्षण दो पुच्छीय है।

5: महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k\propto/_2 = -1.96$ और $k\propto/_2 = 1.96$

$$Z = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1{}^2}{n_1} + \frac{\sigma_2{}^2}{n_2}}} = \frac{3.5-4}{\sqrt{\frac{(0.5)^2}{32} + \frac{(0.5)^2}{36}}} = -33.88$$

चूँकि Zobs = 33.88 मान अन्तराल (–1.96, 1.96)के मान से ज्यादा है, H_0 अस्वीाकार्य है।

निष्कर्ष : औसत दर्द निवारण की अवधि पुरूषों एवं महिलाओं में एक समान नहीं है।

उदाहरण 10 : बैंड R कलम का निर्माण करने वाले कहना है कि बैंगलौर के कालेज के छात्रों का अनुपात जो R कलम का प्रयोग करते हैं, 0.3 से अधिक है इस विवाद का परीक्षण करने के लिए, 40 छात्रों को यादृच्छिक तरीके से चुना गया और इस संबंध में पूछताछ की गई। इन 40 छात्रों मे ंसे 10 ब्रांड R कलम का उपयोग करने के लिए पाए गए। 0.05 महत्व के स्तर पर, जांच करें कि निर्माताओं का तर्क स्वीकार्य है या नहीं ।

हल : यहॉ $p_0 = 0.3,\ n = 40,\ x = 10$ और $\propto = 0.05$

और इसलिए, नमूना अनुपात $p = \frac{x}{n} = \frac{10}{40} = 0.25$

शून्य परिकल्पना $H_0 = p = 0.3$ (ब्रान्ड R के कलम का प्रयोग करने वालों का अनुपात 0.3 है)है।

वैकल्पिक परिकल्पना

$H_0 = p > 0.3$ (ब्रान्उ R के कलम का प्रयोग न करने वालों का अनुपात 0.3 है)है।

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p - p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}} = \frac{0.25-0.3}{\sqrt{\frac{0.3*0.7}{40}}} = -0.69$

Zobs = -0.69, 1.645 से कम है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष : ब्रान्ड R के कलम का प्रयोग करने वालों का अनुपात 0.3 है और यह 0.3 ज्यादा नहीं है।

उदाहरण –11 : इस पुस्तक के लेखक का मानना है कि कर्नाटक के पीयूसी के 90% से ज्यादा छात्र, राजमोहन द्वारा रचित सांख्यिकी पुस्तक का उल्लेख करते हैं पूरे कर्नाटक से 225 सांख्यिकी छात्रों के यादृच्छिक निरीक्षण के लिए लिया जाता है, उनमें से 93.1% उवन्त पुस्तक को दर्शाते हैं। क्या हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि 1% महत्व के स्तर पर लेखक की राय मान्य है।

हल : यहॉ $P_0 = \frac{90}{100} = 0.9,\ n = 225,\quad p = \frac{93.1}{100} = 0.931,$

$\propto = 0.01$ शून्य परिकल्पना $\mu_0 : p = 0.9$ (यह पुस्तक 90% छात्रों द्वारा उल्लेखित है)है।

$H_1 : P > 0.9$ (यह पुस्तक 90% से ज्यादा छात्रों द्वारा उल्लेखित है)है।

μ_0 के अन्तर्गत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}}$ N(0,1) है।

यहॉ , परीक्षण ऊपरी पुच्छ है।

1% महत्व के स्तर पर , महत्वपूर्ण मान $k_\propto = 2.33$ है।

$$Z = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}} = \frac{0.931-0.9}{\sqrt{\frac{0.9*0.1}{225}}} = -1.55$$

Zobs = -1.55, 2.33 से कम है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष : पुस्तक को 90% छात्रों द्वारा नहीं अपितु 90% से अधिक छात्रों द्वारा संदर्भित किया जाता है। इस प्रकार, लेखक की राय मान्य नहीं है।

उदाहरण 12 : यह सत्यापित करना आवश्यक है कि क्या एक सिक्का पक्षपाती है। सिक्के को 32 बार उछाला जाता है और परिणाम लिखे जाते हैं। 32 में से 19 परिणामों मे ंचिट घटित होता है। क्या हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि सिक्का पक्षपाती है।

हल :– हम जानते हैं कि निष्पक्ष सिक्के के लिए चिट आने की प्रायिकता 0.5 है।

इसलिए, हम परीक्षण करते हैं कि क्या $p = 0.5$

इस प्रकार $p_0 = 0.5, \quad n = 32, \quad x = 19$

इसलिए, $p = \frac{x}{n} = \frac{19}{32} = 05938$

शून्य परिकल्पना $\mu_0 : p = 0.5$ (सिक्का निष्पक्ष है)है।

वैकल्पिक परिकल्पना $H_0 : p \neq 0.5$ (सिक्का पक्षपाती है)

H_0 के अन्तर्गत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}}$ N(0,1) है।

यहॉ परीक्षण दो पुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k_{\propto/2} = -1.96$ और $k_{\propto/2} = 1.96$ है।

$$Zobs = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}} = \frac{0.5938-0.5}{\sqrt{\frac{0.5*0.5}{32}}} = 1.06$$

Zobs = 1.06 मान, अन्तराल (-1.96,1.96) में है, हम μ_0 स्वीकार्य करते हैं

निष्कर्ष : सिक्का निष्पक्ष है।

उदाहरण 13 :– प्रायिकता सिद्धान्त के अनुसार, एक ऐसे परिवार जिसमें दो बच्चे हैं और दोनों ही लडके हैं कि प्रायिकता 0.25 है और इलाके में जहॉ 136 परिवारों में

प्रत्येक में दो बच्चे हैं। जिनमें से 46 परिवारों मे 2 लडके हैं। क्या यह जानकारी सिद्धान्त की पुष्टि करती है। (1% महत्व के स्तर पर परीक्षण करें)

हल :– यहॉ, $p_0 = 0.25, \quad n = 136, \quad x = 46, \quad \propto = 0.01$

इसलिए $p = \frac{x}{n} = \frac{46}{136} = 0.3382$

शून्य परिकल्पना $H_0: p = 0.25$ (दो लडकों के साथ परविारों का अनुपात 0.25 है)है।

वैकल्पिक परिकल्पना

$H_1: p \neq 0.25$ (अनुपात 0.25 में से भिन्न है)है।

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}}$ N(0,1) है।

यहॉ, परीक्षण दो पुच्छीय है।

1% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k_{\propto/2} = -2.58$ और $k_{\propto/2} = 2.58$ है।

$$Zobs = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0 Q_0}{n}}} = \frac{0.3382-0.25}{\sqrt{\frac{0.25*0.75}{136}}} = 2.375$$

चूँकि Zobs = 2.375 मान, अन्तराल (-2.58,2.58) में है, हम H_0 स्वीकार्य करते हैं निष्कर्ष : 2 लडके के साथ परिवारों का अनुपात 0.25 है।

उदाहरण 14 :– यह परीक्षण करना आवश्यक है कि क्या छात्रों के बीच सिगरेट के घुएं का अनुपात व्याख्याताओं के बीच में कम है। 60 यादृच्छिक चुने गए छात्रों मे 2 धूम्रपान करने वाले थे। 17 यादृच्छिक चुने गए व्याख्याताओं में से 5 धूम्रपान करने वाले थे। आपका निष्कर्ष क्या होगा ?

हल :– यहॉ $n_1 = 60, \quad x_1 = 2, \quad p_1 = \frac{x_1}{n_1} = \frac{2}{60} = 0.0333$

$$n_2 = 17, \quad x_2 = 5, \quad p_2 = \frac{x_2}{n_2} = \frac{5}{17} = 0.2941$$

शून्य परिकल्पना $H_0 = p_1 = p_2$ (छात्रों के बीच धूम्रपान करने वालों एवं व्याख्याताओं के बीच धूम्रपान करने वालों का अनुपात समान है)है।

वैकल्पिक परिकल्पना

$H_1 = p_1 < p_2$ है (छात्रों के बीच धूम्रपान करने वालों का अनुपात, व्याख्याताओं के बीच धूम्रपान करने वालों के अनुपात से कम है।)

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p_1-p_2}{\sqrt{\hat{p}\hat{Q}\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}}$ N(0,1) है।

यहॉ, परीक्षण निचला पुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर , महत्वपूर्ण मान $-k_{\propto} = -2.33$ है चूँकि सार्वजनिक अनुपात p अज्ञात है, इसका आंकलन दिये हुए आंकडे से करते हैं। आंकलन है

$\hat{p} = \frac{x_1+x_2}{n_1+n_2} = \frac{2+5}{60+17} = 0.0909$

$Zobs = \frac{p_1-p_2}{\sqrt{\hat{p}\hat{Q}\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}} = \frac{0.0333-0.2941}{\sqrt{0.0909*0.9091\left[\frac{1}{60}+\frac{1}{17}\right]}} = \frac{-0.2608}{\sqrt{\frac{0.0909*0.9091}{60*17}}}$

$= -3.302$

चूँकि Zobs = -3.302 मान -2.33 से कम है, H_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : छात्रों के बीच धूम्रपान करने वालों का अनुपात व्याख्याताओं के बीच धूम्रपान करने वालों के अनुपात से कम है।

उदाहरण 15 :– एक घंटे की अवधि के दौरान बैंगलौर मे मैसूर बैंक जंक्शन को पार कर चुके 326 स्कूटरों मे ंसे 143 ब्रांड बी स्कूटर थे। एक घंटे की अवधि के दौरान पुणे मे ंशिवाजी मूर्ति जंक्शन को पर कर चुके 213 स्कूटरों में, 137 ब्रांड की स्कूटर थे। बैंगलौर की सडकों पर ब्रांड बी स्कूटर का अनुपात पुणे के अनुपात से भिन्न है।

हल :– यहाँ $n_1 = 326, \quad x_1 = 143, \quad p_1 \frac{x_1}{n_1} = \frac{143}{326} = 0.4387$

$$n_2 = 213, \; x_2 = 137\,, \quad p_2 = \frac{x_2}{n_2} = \frac{137}{213} = 0.6432$$

शून्य परिकल्पना

$H_0 = p_1 = p_2$ है(बैंगलौर एवं पुणे की सडकों पर ब्रांड बी स्कूटर का अनुपात एक समान है)

वैकल्पिक परिकल्पना

$H_1 = p_1 < p_2$ है (बैंगलौर एवं पुणे की सडकों पर ब्राड बी स्कूटर का अनुपात भिन्न है)

H_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p_1-p_2}{\sqrt{\hat{P}\hat{Q}\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}}$

$= \frac{0.4387-0.6332}{\sqrt{0.5195*0.4805\left[\frac{1}{326}+\frac{1}{213}\right]}} = -4.646$

Zobs = -4.646 मान अन्तराल (-1.96, 1.96) से बाहर है। H_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : बैंगलौर की सडकों में ब्रांड B स्कूटरों का अनुपात , पूणे की सडकों में ब्रांड B स्कूटरों के अनुपात से भिन्न है।

उदाहरण 16 :– निम्नलिखित आंकडों से, परीक्षण करें क्या दो नमूनों के अनुपातों के बीच अन्तर उल्लेखनीय है।

	आकार	अनुपात
नमूना -I	1,000	0.02
नमूना -II	1,200	0.01

हल : यहाँ $n_1 = 1000, \quad n_2 = 1200, \quad p_1 = 0.02, \quad p_2 = 0.01$

इसलिए , $\hat{p} = \frac{n_1p_1+n_2p_2}{n_1+n_2} = \frac{100*0.02+1200*0.01}{1000+1200} = 0.0146$

शून्य परिकल्पना $H_0 = p_1 = p_2$ है (अनुपात एक समान है)

वैकल्पिक परिकल्पना $H_1 = p_1 \neq p_2$ (अनुपात भिन्न है)

H_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p_1-p_2}{\sqrt{\hat{P}\hat{Q}\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}}$ N(0,1) है।

यहॉ परीक्षण दो पुच्छीय है।

5: महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k\propto/_2 = -1.96$ और $k\propto/_2 = 1.96$

$Z = \frac{p_1-p_2}{\sqrt{\hat{P}\hat{Q}\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}} = \frac{0.02-0.01}{\sqrt{0.0146*0.9854\left[\frac{1}{1000}+\frac{1}{1200}\right]}} = 1.9471$

चूँकि Zobs=1.9471 मान अन्तर (01.96,1.96) के बीच है। H_0 स्वीकार्य हैं।

निष्कर्ष : अनुपात एक समान हैं।

उदाहरण 17 :– यह परीक्षण करना आवश्यक है कि क्या एक सिक्का पक्षपाती है।

(अ) मान लीजिए सिक्का 40 बार उछाला जाता है औरचिट के परिणामस्वरूप सिक्के का अनुपात 0.4 है। निष्कर्ष क्या है।

(ब) मान लीजिए सिक्के को 100 बार उछाला जाता हे और चिट के परिणामस्वरूप सिक्के का अनुपात 0.4 है। निष्कर्ष क्या है।

हल :– दोनों परिस्थितियों में, हमारे पास $H_0: P = 0.5$ (सिक्का निष्पक्ष है)

$H_1: P \neq 0.5$ (सिक्का पक्षपाती है)

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण $Z = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0Q_0}{n}}}$ N(0,1) है।

यहॉ, परीक्षण दो पुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-k\propto/_2 = -1.96$ और $k\propto/_2 = 1.96$

(अ) यहॉ, n=40 और p=0.4 , $Zobs = \frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0Q_0}{n}}} = \frac{0.4-0.5}{\sqrt{\frac{0.5*0.5}{40}}}$ = -1.2649

चूँकि Zobs = -1.2649 मान अन्तराल (-1.96,1.96) के बीच है। H_o स्वीकार्य है।

निष्कर्ष : सिक्का निष्पक्ष है।

(ब) यहॉ, n=100, p=0.4 अतः Zobs = $\frac{p-p_0}{\sqrt{\frac{p_0Q_0}{n}}} = \frac{0.04-0.5}{\sqrt{\frac{0.5*0.5}{100}}}$ = -2

चूँकि Zobs = -2 मान अन्तराल (-1.96,1.96) के बाहर है। H_o अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष : सिक्का पक्षपाती है।

ध्यान दें :– परिस्थिति (अ) और परिस्थिति (ब) में अनुपात (0,4) एक समान है। इसके बावजूद निर्णय एक समान नही है। क्योंकि बडे n के लिए, SE छोटा है।

9.3 बडे नमूने

बडे एवं छोटे नमूनों मे भेद करना बहुत कठिन है। यदि नमूना आकार 30 से बडा है या n>30, तब उन नमूनों को बडा नमूना कहा जा सकता है।

बडे एवं छोटे नमूने के बीच अन्तर महत्व के परीक्षण के प्रयोग से है, क्योंकि हम दो नमूनों के लिए जा धारणाऐं बनाते हैं वो एक समान नहीं होती है। बडे नमूनों के लिए अवधारणाऐं हैं:

1. आंकडों का यादृच्छिक नमूना वितरण लगभग सामान्य हो ।
2. नमूना मान पर्याप्त रूप से समग्र के करीब हो और इसका प्रयोग आंकलन की मानक त्रुटि की गणना में किया जा सके। बडे नमूनों की स्थिति में, जब हम आंकडों के महत्व का परीक्षण कर रहे हों तो मानक त्रुटि की संकल्पना प्रयोग होती है। विभिन्न आंकडों के लिए मानक त्रुटि ज्ञात करने के लिए सूत्र निम्नवत है।

माध्य की मानक त्रुटि :– यह केवल नमूना त्रुटियों को मापता है। नमूना त्रुटि सिवाय समग्र के सभी भावात्मक जानकारी नमूने मे से एक समग्र प्राचल के आंकलन में शामिल है।

(i) जब समग्र का मानक विचलन ज्ञात है, $S.E\bar{x} = \frac{\sigma_p}{\sqrt{n}}$ सूत्र है।

$S.E\bar{x} =$ माध्य की मानक त्रुटि

$\sigma_p =$ समग्र का मानक विचलन

$n =$ नमूनों में प्रेक्षणों की संख्या

(ii) जब समग्र का मानक विचलन अज्ञात है, हमें माध्य की मानक त्रुटि के लिए नमूने के मान विचलन सूत्र का प्रयोग करना है।

$S.E\bar{x} = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$, σ नमूने का मानक विचलन

यदि नमूने एवं समग्र का मानक विचलन दिया हुआ हो, तो माध्य की मानक त्रुटि की गणना के लिए हमें समग्र के मानक विचलन का प्रयोग करना चाहिए।

उदाहरण –1 : निम्नलिखित आंकडे से माध्य के मानक त्रुटि की गणना करें, कोलकाता में दुर्गा पूजा के अवसर पर 100 फर्मों द्वारा देय राशि दिखाई गई है।

मध्य मान (रू0)	39	49	59	69	79	89	99
फर्म की संख्या	2	3	11	20	32	25	7

हल $S.E\bar{x} = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$

मध्य मान (m)	f	$\frac{m-69}{10} = d^1$	fd^1	fd^{1^2}
69	2	-3	-6	18
49	3	-2	-6	12
59	11	-1	-11	11
69	20	0	0	0
79	32	+1	+32	32

89 99	25 7	+2 +3	+50 +21	100 63
	100		$\sum fd^1 = 80$	$\sum fd^{1^2} = 236$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd'^2}{N} - \left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)^2} \times C$$

$$= \sqrt{\frac{236}{100} - \left(\frac{80}{100}\right)^2} \times 10$$

$$= \sqrt{2.36 - 0.64} \times 10 = \sqrt{1.72} \times 10$$

$$= 1.311 \times 10 = 13.11$$

$$S.E.\overline{X} = \frac{13.11}{\sqrt{100}} = \frac{13.11}{10} = 1.311$$

अनुपातों का परिकल्पना परीक्षण :–

अवधारणाऐं : अनुपात को शामिल करते हएु परिकल्पना परीक्षण में, हम नमूना वितरण के रूप में द्विपदीय वितरण का उपयोग करते है। हम द्विपदीय वितरण के सन्निकट के रूप में सामान्य वितरण का उपयोग कर सकते हैं जब तक np और nq कम से कम 5 हो।

उदाहरण 2 :– श्री X के पास एक हार्डवेयर स्टोर है और वह एक विशेष ब्रांड की कैंची बेचता है। वह उन सभी की तुलना करना चाहता है जो पूरे देश में उन सभी की तुलना करना चाहता है जो पूरे देश में बेचे गए हैं। वह अनुभव से जानता है कि पूरे देश में बेची गई कैंची के 15% को पहले वर्ष में मरम्मत की आवश्यकता होती है। उसने 120 ग्राहकों का नमूना लिया और पाया कि उनमें से केवल 22 को उन्हें खरीदने के पहले वर्ष में मरम्मत की आवश्यकता है। महत्व के 2% स्तर पर, क्या पर्याप्त प्रमाण हैं कि उसकी कैंची पूरी दुनिया में बेची गई उन लोगों की विश्वसनीयता में अलग होती है।

हल :– $n = 120, \quad H_0: p = 0.15, \qquad H_1: p \neq 0.15$ माध्य

$p = \frac{22}{120} = 0.1833, \qquad \propto = 2\%$ या 0.02

दोनों आधे हिस्से के अर्न्तगत स्वीकृत क्षेत्र 0.98 हैं और इसलिए एक आधे हिस्से के अर्न्तगत स्वीकृत क्षेत्र सामान्य क्षेत्र का 0.4950 है।

यह Z का 2.33 (महत्वपूर्ण मान) देता है। इसलिए स्वीकृत क्षेत्र की सीमाऐं

$$\pm Z = \pm \frac{p - p_{H_0}}{\sqrt{\frac{P_{H_0} q_{H_0}}{n}}} = \frac{0.1833 - 0.15}{\sqrt{\frac{0.15 * 0.85}{120}}} = \pm 1.02$$

जैसा कि प्रेषित मान महत्वपूर्ण मान 2.33 से कम है। शून्य अवधारणा स्वीकार्य है। इसका अर्थ यह है कि श्री X की दुकान पर बेची जाने वाली कैंची पूरे देश मे ंबेची जाने वाली की तुलना मे ंविश्वसनीय नहीं है।

9.4 सारांश

संख्यिकी में, परिणाम को सांख्यिकी सार्थक कहा जाता है यदि मौके पर ऐसा होने की संभावना न घटित हो । सांख्यिकी सार्थक मुहावरे का आविष्कार रोनार्ड फिशर ने किया था। जैसा कि सांख्यिकी मे प्रयोग किया जाता है कि , सार्थक का अर्थ महत्वपूर्ण या अर्थपूर्ण नहीं है, जैसा कि रोजमर्रा की बातों में होता है। अनुसंधान विश्लेषकों का ध्यान केवल महत्वपूर्ण परिणामों पर केन्द्रित होता है जो महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया तरीकों को दिखा सकते हैं। जो अलग अलग महत्व के परीक्षण के लिए थ्रेसहोल्ड व्यवस्थित कर सकते हैं। कई शोधकर्ताओं ने आग्रह किया कि महत्व के परीक्षणों को हमेशा प्रभाव के आकार के आंकडों के साथ होना चाहिए, जो आकार का अनुमान लगाते हैं और इस प्रकार का अंतर व्यवहारिक महत्व है।

सक्ष्यों की मात्रा को स्वीकार करने के लिए यह आवश्यक है कि एक घटना अविश्वसनीय संयोग द्वारा उत्पन्न हुई है जिसे महत्व का स्तर या महत्वपूर्ण P मान कहते हैं। पारंपरिक सांख्यिकीय परिकल्पना परीक्षण में, P मान की प्रायिकता कम से कम चरम रूप में देखे गए आंकडों को देखते हुए कि शून्य परिकल्पना सही है। यदि ज्ञात किया हुआ P मान छोटा होता है तो यह कहा जा सकता है शून्य परिकल्पना या तो गलत है या एक असामान्य घटना घटित हुई है। P मान किसी दोहराए जाने वाले नमूनाकरण की व्याख्या नहीं करते हैं।

एक वैकल्पिक (फिर भी सम्बन्धित) सांख्यिकीय परिकल्पना परीक्षण संरचना नाइमन पीयरसन वारकृटिस्ट स्कूल है जिसमें दोनो परिकल्पनाऐं शून्य एवं वैकल्पिक परिभाषित करना चाहिए और जांचना चाहिए कि प्रक्रिया का नमूनाकरण गुण दोहराएं अर्थात् एक शून्य अवधारणा को अस्वीकार करने का निर्णय तब किया जायेगा जब यह वास्तव में सत्य हो और इसे अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए था (इसे गलत सकारात्मक या I प्रकार की त्रुटि कहा जाता है) और संभावना होती है कि कोई निर्णय शून्य परिकल्पना के स्वीकार के लिए किया जायेगा t यह वास्तव मे गलत है (II प्रकार की त्रुटि) फिशरियन P मान दार्शनिक रूप से नेमन पियरसन के I प्रकार की त्रुटियों से भिन्न है।

9.5 शब्दावली

महत्व स्तर : साक्ष्यों की मात्रा को स्वीकार करने के लिए यह आवश्यक है कि एक घटना अविश्वसनीय संयोग द्वारा उत्पन्न हुई है।

नमूनाकरण त्रुटियॉ : नमूने से समग्र प्राचल आंकलन में नमूनाकरण त्रुटियॉ शामिल होती है।

9.6 बोध प्रश्न

1. एक केचप निर्माता यह तय करने की प्रक्रिया में है कि क्या केचप के एक नए अतिरिक्त मसालेदार ब्रंड का उत्पादन किया जाय। कम्पनी के बाजार शोध दल में पाया कि 6000 परिवारों में किये गये सर्वेक्षण में से 355 परिवार अतिरिक्त मसालेदार ब्रान्ड खरीदेंगें। दो साल पहले किये गये अधिक व्यापक अध्ययन से पता चला है कि कब 5 प्रतिशत परिवार ब्राड खरीदेंगे। 2 प्रतिशत महत्व के स्तर पर, क्या कम्पनी को निष्कर्ष निकालना चाहिए कि कोई एक अतिरिक्त मसालेदार की रूचि में बढोतरी हुई है ?
2. मुम्बई विश्वविद्यालय के 1000 छात्रों का नमूना लिया गया और उनका औसत वजन 112 Ibs, 20 Ibs के मानक विचलन के साथ पाया गया। क्या समग्र में छात्रों का औसत वजन 120 पाउन्ड हो सकता है।
3. विद्युत प्रकाश बल्बों का निर्माण करने वाली कम्पनी का दावा है कि उनके बल्बों का औसत जीवन 1600 घंटे हैं। 100 के इन बल्बों के यादृच्छिक नमूने का औसत जीवन और मानक विचलन क्रमशः 1570 घन्टे और 120 घन्टे था। क्या हमें कम्पनी के दावे को स्वीकार करना चाहिए ?

9.7 बोध प्रश्नों के उत्तर

हलः $n = 6000$, $p = 335/6000 = 0.05583$

$H_o: P = 0.05$ $H_1: P > 0.05$ $\alpha = 0.02$

$\beta = 0.4800$ के लिए स्वीकृत क्षेत्र की ऊपरी सीमा 0.4800 है इसके लिए Z का मान Z तालिका 2.05 है।

$$p = p_{Ho} + z\sqrt{\frac{p_{Ho}\, q_{Ho}}{n}} = 0.05 + 2.05\sqrt{\frac{0.05 \times 0.95}{6000}} = 0.05577$$

क्योंकि अवलोकित मान P (0.05577) is > than P (0.05) की तुलना है हम नाममात्र μ_0 को अस्वीकार करते हैं।

9.8 स्वपरख प्रश्न

1. माध्य के लिए परीक्षण की व्याख्या कीजिए ।
2. बडे नमूने से आप क्या समझते है ?

9.9 सन्दर्भ पुस्तकें

1. बुनियादी सांख्यिकी, गौण, गुप्ता औश्र दास गुप्ता – वर्ल्ड प्रेस लिमिटेड–कलकत्ता ।
2. व्यावसायिक सांख्यिकी के बुनियादी सिद्धान्त सांचेथी औश्र कपूर ।
3. प्रबन्ध में मात्रात्मक विधियॉ श्रीवास्तव, शेनॉय और गुप्ता ।
4. व्यावसायिक सांख्यिकी – गुप्ता और गुप्ता ।

इकाई 10 चरों का साथर्कता परीक्षण (छोटे प्रतिदर्श) (Significance Test in Variables (Small Samples)

इकाई की रुपरेखा

10.1 प्रस्तावना
10.2 स्टूडेन्ट का t वितरण
10.3 t परीक्षण
10.4 काई –वर्ग परीक्षण
10.5 सारांश
10.6 शब्दावली
10.7 बोध प्रश्न
10.8 बोध प्रश्नों के उत्तर
10.9 स्वपरख प्रश्न
10.10 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- छोटे नमूनों के लिए महत्व परीक्षण को प्रयोग कर सकें।
- महत्वपूर्ण परीक्षणों के द्वारा छोटे नमूनों के बीच दिए गए आंकडों का विश्लेषण कर सकें।
- t परीक्षण एवं काई वर्ग परीक्षण का वर्णन कर सकें।

10.1 प्रस्तावना

यदि नमूना आकार 30 से कम है या $n < 30$, तो उन नमूनों को छोटा नमूना समझा जा सकता है। यथाविधि, छोटे नमूनों के तरीके और छोटे नमूनों के सिद्धान्त बडे नमूनों पर लागू होते हैं, लेकिन बडे नमूनों के तरीके और बडे नमूनों के सिद्धान्त छोटे नमूनों पर लागू नहीं होते हैं। छोटे नमूनों का उपयोग एक अनुमानित अवधारणा को जॉचने के लिए किया जाता है, जो प्रेक्षित मानों ज्ञात करने के लिए होता है, जो अग्रिम में दिए गए कुछ मानों के उतार चढाव नमूनाकरण के कारण उत्पन्न होता है। उदाहरण के लिए 12 के नमूने में यदि सहसम्बन्ध गुणांक $+0.5$ है, हम परीक्षण कर सकते हैं कि क्या सहसम्बन्ध का मान मूल समग्र में महत्वपूर्ण है।

छोटे नमूनों में, जांचकर्ताओं का अनुमान नमूनों से नमूनों तक व्यापक रूप से भिन्न होगा। छोटे नमूने परणिाम से निकला हुआ अनुमान, बडे नमूने परिणाम से कम सटीक होता है।

10.2 स्टूडेंट का t – वितरण

छोटे नमूनों के सिद्धान्त में सबसे बडा योगदान सर गोस्सेट और आर0ए0 फिशर द्वारा किया गया था। गोस्सेट ने अपनी खोज 1905 में स्टूडेन्टेस उपनाम के

तहत प्रकाशित की और इसे सामान्यतया t परीक्षण या स्टूडेन्ट्स का t वितरण या स्टूडेन्टस वितरण कहा जाता है।

जब नमूना आकार 30 या 30 से कम है और समग्र का मानक विचलन अज्ञात है, हम t वितरण का प्रयोग कर सकते हैं।

$t = (\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma}) \times \sqrt{n}$ सूत्र है।

जहॉ $\sigma = \sqrt{\frac{\varepsilon(x-\bar{x})^2}{n-1}}$

सामान्य समग्र वितरण की अवधारणा के अर्न्तगत t वितरण को गणितीय रूप में सिद्ध किया गया है या ,

$f(t) = c\,(1 + \frac{t^2}{v})^{-\frac{v+1}{2}}$

जहॉ $t = \frac{\bar{x}-\mu}{\sigma} \times \sqrt{n}$

$c =$ एक स्थिरता को समानता के बराबर व्क के अर्न्तगत क्षेत्र बनाने की आवश्यकता होती है।

$v = n - 1$, स्वतन्त्रता के दर्जे की संख्या उदारहण – निम्नलिखित परिणाम विस्किट के 10 डिब्बों के नमूनों मे से प्राप्त किये गये :–

निहित वस्तु का माध्य वजन = 490 ग्राम

बजन का मानक विचलन = 9 ग्राम

क्या नमूना आबादी में से आ सकता है जिसका माध्य 500 ग्राम है।

परिकल्पना लें कि $\mu = 500$ ग्राम

$$t = \frac{\bar{X}-\mu}{\sigma}\sqrt{n}$$

$$\bar{X} = 490 : \mu = 500 ; \sigma = 9 ; n = 10$$

$$t = \frac{490-500}{9}\sqrt{10}$$

$$df = 10 - 1 = 9$$

$$= \frac{10}{9}\sqrt{10}$$

$$= \frac{10}{9} \times 3.16 = \frac{31.6}{9} = 3.51$$

$$df = 9,\ t_{0.01} = 3.25$$

$3.51 > 3.25$, हमारी परिकल्पना अस्वीकार्य है।

उदाहरण – एक आपरेटर दाबा करता है कि वह एक घंटे में 40 लेख तैयार करता है। 10 यादृच्छिक घंटों का नमूना दिखाता है कि 43, 45, 38, 37, 41, 42, 44, 39, 43 और 38 लेख तैयार होते है। क्या आपरेटर का दावा 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर

उचित है। आपरेटर के घंटे में तैयार लेख का वितरण सामान्य है और 9 degree of freedom के लिए 5 प्रतिशत महत्वपूर्ण स्तर पर एक पुच्छीय परीक्षण का मान 1.833 लें।

हल :– शून्य परिकल्पनाः आपरेटर का औसत निर्माण 40 है। शून्य परिकल्पना के विरूद्ध वैकल्पिक परिकल्पना है औसत निर्माण 40 से कम है।

$$\bar{X}=\frac{1}{10}(43+45+38+37+41+42+44+39+43+38)=41$$

$$\delta^2=\frac{1}{9}(43-41)^2+(45-41)^2+(38-41)^2+(37-41)^2+(41-41)^2+$$

$$(42-41)^2+(44-41)^2+(39-41)^2+(43-41)^2+(38-41)^2$$

$$=\frac{1}{9}\times 72=8$$

$$\delta=\sqrt{8}=2.8284$$

$$t=\frac{\sqrt{X}-\mu}{\delta}\sqrt{n}=\frac{41-40}{2.8284}\times\sqrt{10}$$

= 1.118 < 1.833

इसलिए अन्तर महत्वपूर्ण नहीं हैं इसलिए यह संयोग होने के कारण उत्पन्न हो सका। अवधारण को अस्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। आपरेटर की मांग तर्क संगत है।

10.3 t परीक्षण

एक परिकल्पना परीक्षण आंकडों के नमूने वितरण पर आधारित होता है। और इसलिए एक महत्वपूर्ण खेत्र के परिभाषित करने के लिए नमूना वितरण का ज्ञात होना आवश्यक है।

सामान्य वितरण $N(\mu,\sigma^2)$ से यादृच्छिक नमूना आकार n के लिए, नमूना माध्य $\bar{x}$ माध्य μ मानक विचलन $\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$ के साथ सामान्यता वितरित है।

इसलिए $Z=\frac{\bar{x}-\mu}{\frac{\sigma}{\sqrt{n}}}$ $N(0,1)$ हैं और $t=\frac{\bar{x}-\mu}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट $t(n-1)$ के साथ चर है।

$N(\mu,\sigma^2)$ से दो क्रमशः लिये गए यादृच्छिक नमूनों n_1 और n_2 आकार के और $N(\mu,\sigma^2)$ समग्रों $\frac{\bar{x}_1-\bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1s_1^2+n_2s_2^2}{n_1+n_2-2}\left[\frac{n_1+n_2}{n_1n_2}\right]}}$

स्टूडेन्ट t चर $(n_1+n_2-2)d.f$ के साथ है।

जब समग्र मानक विचलन अज्ञात है, उपरोक्त t चर को परिकल्पना परीक्षण के लिए प्रयोग करते हैं यद्यपि बडे नमूनों के लिए, t लगभग सामान्य है।

<u>मध्य के लिए छोटे नमूने</u>

मान लें कि $N(\mu, \sigma^2)$ समग्र में, μ और σ दोनों अज्ञात हैं

हम परीक्षण करना चाहते हैं कि क्या माध्य दिया हुआ मान μ_0 है।

शून्य परिकल्पना $\mu_0 = \mu = \mu_0$ (समग्र माध्य μ_0 है)

आकार n के यादृच्दिक नमूने के लिए , μ_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण $t = \frac{x-\mu_0}{\frac{\sigma}{\sqrt{n-1}}}$

एक स्टूडेन्ट का t चर (n-1)d.f के साथ है।

निम्न में से कोई एक वैकल्पिक परिकल्पना हो सकती है।

1. $\mu_1 : \mu \neq \mu_0$ यहॉ t परीक्षण दो पुच्छीय है।
2. $\mu_1 : \mu > \mu_0$ यहॉ परीक्षण महत्वपूर्ण के साथ ऊपरी एक पुच्छीय है।
3. $\mu_1 : \mu > \mu_0$ यहॉ परीक्षण महत्वपूर्ण के साथ निचला पुच्छीय है।

द्विपुच्छीय परीक्षण की स्थिति में, यदि $\propto$ महत्व का स्तर है, महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto/2}$ और $t_{\propto/2}$ है।

ऊपरी पुच्छीय परीक्षण में, महत्वपूर्ण मान $t_\propto$ है।

निचले पुच्छीय परीक्षण में, महत्वपूर्ण मान $-t_\propto$ है।

विभिन्न $\propto$ के महत्वपूर्ण मानों के लिए और विभिन्न degree of freedom (स्वतन्त्रता के विभिन्न स्तरों के लिए) t तालिका मान पुस्तक के अंत में प्रदान की गई t वितरण से प्राप्त की जाती है।

ध्यान दें : यह परीक्षण इस धारणा पर आधारित है कि समग्र सामान्य है।

माध्यों की समानता के लिए छोटा नमूना परीक्षण

मान लें कि दो समग्र $N(\mu_1, \sigma^2)$ और $N(\mu_2, \sigma^2)$ अज्ञात μ_1 और μ_2 और σ^2 के साथ है।

हम परीक्षण करना चाहते हैं कि μ_1 और μ_2 समान है।

शून्य परिकल्पना $H_0 = \mu_1 = \mu_2$ (समग्र माध्य समान है।)

इन समग्रों में से, यादृच्छिक नमूना आकार n_1 और n_2 के लिए , आंकडा परीक्षण

$$t = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1 s_1^2 + n_2 s_2^2}{n_1 + n_2 - 2}\left[\frac{n_1 + n_2}{n_1 n_2}\right]}}$$

$(n_1 + n_2 - 2)d.f$ के साथ स्टूडेन्ट t परीक्षण है।

वैकल्पिक परिकलपना निम्न में से कोई एक हो सकती है।

1. $\mu_1 : \mu \neq \mu_0$ यहॉ t परीक्षण दो पुच्छीय है।
2. $\mu_1 : \mu_1 > \mu_2$ यहॉ परीक्षण एक पुच्छीय महत्वपूर्ण क्षेत्र के साथ ऊपरी पुच्छीय है।

3. $\mu_1 : \mu_1 > \mu_2$ यहॉ परीक्षण एक पुच्छीय महत्वपूर्ण क्षेत्र के साथ निचला पुच्छीय है।

छो पुच्छीय परीक्षण की स्थिति में, यदि $\propto$ महत्व का स्तर है, महत्वपूर्ण क्षेत्र $-t_{\propto/2}$ और $t_{\propto/2}$ है।

ऊपरी पुच्छीय परीक्षण की स्थिति में, महत्वपूर्ण मान $t_{\propto}$ है।

निचले पुच्छीय परीक्षण की स्थिति में, महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto}$ है।

विभिन्न $\propto$ के मानों के लिए और विभिन्न स्वतंत्रता के स्तरों के लिए t वितरण का मान तालिका से प्राप्त किया जाता है।

ध्यान दें: 1. यह परीक्षण इन अवधारणों पर आधारित है

(अ) समग्र सामान्य है।

(ब) समग्र मानक विचलन समान है (अज्ञात)

ध्यान दें : 2 युगल अवलोकन की स्थिति में n यादृच्छिक युग्मों के साथ आंकडा परीक्षण $t = \frac{\bar{d}}{\frac{sd}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट t चर (n-1)d.f के साथ है।

यहॉ, d युग्मों के अवलोकनों के बीच अन्तर हैं माध्यों की समानता के लिए परीक्षण जब प्रेक्षण युग्मित है (पेयर टी परीक्षण, अश्रित नमूने) दो चरों के सामान्य समग्र में, यदि समग्र में दो चर इकाई विशेषताऐं x और y जो कि $N(\mu_2, \sigma^2)$, और $N(\mu_1, {\sigma_1}^2)$ क्रमशः है। उदारहण के लिए,

1. उच्च रक्तचाप, के लिए योग उपचार से गुजरने वाले मरीजों मे रक्तचाप के दो माप होत हैं – पहला–उपचार से पहले (x) और दूसरा उपचार के बाद किसी परीक्षा में।
2. कोंचिंग कक्षाओं में किसी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए भाग लेने वाले छात्रों का कोंचिग से पहले (x) कोंचिग के बाद (y)

इस तरह की परिस्थितियों में, मान लें कि हम परीक्षण करना चाहते हैं कि क्या माध्य μ_1 और μ_2 एकसमान है। शून्य परिकल्पना

$H_0 = \mu_1 = \mu_2$ है (माध्य एक समान है)

n यादृच्छिक युग्म प्रेक्षणों के लिए

$(x_1 y_1), (x_2 y_2) \ldots\ldots\ldots (x_n y_n)$, यदि $d_1 = x_i - y_i$ होगा। यदि $\bar{d}$ नमूना माध्य आर Sd उन विचलनों का नमूना माध्य विचलन है। तो, H_0 के अर्न्तगत आंकडा t परीक्षण $t = \frac{\bar{d}}{\frac{sd}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट t चर (n-1)d.f के साथ है।

वैकल्पिक परिकल्पना निम्न में से कोई एक हो सकती है।

1. $H_1 : \mu_1 \neq \mu_2$ यहॉ परीक्षण दो पुच्छीय है।
2. $H_1 : \mu_1 > \mu_2$ यहॉ परीक्षण एक पुच्छीय महत्वपूर्ण क्षेत्र के साथ ऊपरी पुच्छीय है।

3. $H_1: \mu_1 < \mu_2$ यहॉ परीक्षण एक पुच्छीय महत्वपूर्ण क्षेत्र के साथ निचला पुच्छीय है।

द्विपुच्छीय परीक्षण की स्थिति में , यदि $\propto$ महत्व का स्तर है, महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto/2}$ और $t_{\propto/2}$ है। ऊपरी पुच्छीय परीक्षण की स्थिति में महत्वपूर्ण $t_{\propto}$ है।

निचले पुच्छीय परीक्षण की स्थिति में, महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto}$ है। विभिन्न $\propto$ के महत्वपूर्ण और विभिन्न स्वतंत्रता के स्तरों के लिए t वितरण का मान तालिका से प्राप्त किया जाता है।

उदाहरण :– आठ यादृच्छिक दिनों पर, कालेज तक पहुँचने के लिए शहर की बस से लिया गया समय नीचे दिखाया गया है। इस परिकल्पना का पीरक्षण करें कि बस से कालेज पहुँचने के लिए औसत समय 30 मिनट है।

दिन	:	1	2	3	4	5	6	7	8
समय (मिनट)	:	27	34	30	35	31	30	29	32

हल :– $\mu_0 = 30$ मिनट और n=8 नमूना छोटा और $\propto$ अज्ञात हैं सामान्य वितरण मानते हुए हम स्टूडेन्ट t परीक्षण का प्रयोग करते हैं वैकल्पिक परकिल्पना $\mu_0: \mu = 30$ है (माध्य समय 30 मिनट है)

H_0 के अर्न्तगत ज परीक्षण $t = \frac{\bar{x}-\mu_0}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट का t परीक्षण (चर) (n-1) के साथ हैं = 8-1=7d.f यहॉ परीक्षण द्विपुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर 7d.f के लिए महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto/2} = -2.37$ और $t_{\propto/2} = 2.37$ है।

$Time(x)$	x^2
27	729
34	1156
30	900
35	1225
31	961
30	900
29	841
32	1024
248	7736

$$\bar{x} = \frac{\sum x}{n} = \frac{248}{8} = 31$$

$$s=\sqrt{\frac{\sum x^2}{n}-\left[\frac{\sum x}{n}\right]^2}=\sqrt{\frac{7736}{8}-\left[\frac{248}{8}\right]^2}=2.4495$$

$$t_{0bs}=\frac{\overline{x}-\mu_0}{s\,/\sqrt{n-1}}=\frac{31-30}{2.4495/\sqrt{8-1}}=1.08$$

क्योंकि $t_{obs}=1.08$ अंतराल $(-2.37,2.37)$में है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष : बस से कालेज पहुँचने का माध्य समय 30 मिनट है।

उदाहरण : एक फैक्ट्री का प्रबंधन इस बात का तर्क करता है कि कारखाने में अैसत ध्वनि की तीव्रता 120 डेसिबल से कम है। 23 यादृच्दिक मापों में ध्वनि की तीव्रता 117 डेसिबल और मानक विचलन 8 डेसीबल था। प्रबंधन का तर्क स्वीकार हे या नहीं, इसके लिए 1% स्तर के महत्व पर परीक्षण करें।

हल : यहॉ $\mu_0=120$ डेसीबल और $n=23$ $\bar{x}=117$डेसीबल ,

$s=8$ डेसीबल और $\propto=1\%$ 0.01

चूँकि नमूना छोटा है और σ अज्ञात है, ध्वनि की तीव्रता को सामान्य वितरण मानते हुए हम स्टूडेन्ट के t परीक्षण का उपयोग करते है। शून्य परिकल्पना $\mu_0:\mu=120$ है (औसत ध्वनि तीव्रता 120 डेसीबल से कम हैं)

μ_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण $t=\frac{\bar{x}-\mu_0}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}$

एक स्टूडेन्ट t के चर (n-1)=23-1 =22 d.f है।

वैकल्पिक परिकल्पना

$\mu_1:\mu<120$ है (औसत ध्वनि तीव्रता 120 डेसीबल से कम नहीं हैं)

परीक्षण निचला पुच्छीय है।

यहॉ परीक्षण एक पुच्छीय है।

22 d.f के लिए, 1% महत्व के स्तर पर महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto}=-2.51$ है।

$$t_{obs}=\frac{\bar{x}-\mu_0}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}=\frac{117-120}{\frac{8}{\sqrt{23-1}}}=-1.76$$

चूँकि -1.76 -2.51 से कम नहीं है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष : औसत ध्वनि तीव्रता 120 डेसीबल है और इससे कम नहीं हैं

उदाहरण : 5 मादा बिल्लियों और 8 नर बिल्लियों के दिलों का वजन ग्राम में नीचे दिया गया है:

मादा बिल्ली	:	7.5	7.3	7.1	9.0	7.6			
नर बिल्ली	:	12.7	15.6	9.1	12.8	8.3	11.2	9.4	8.2

1: महत्व के स्तर पर परीक्षण करें कि नर बिल्लियों का वनज मादा बिल्लियों से अधिक है।

हल :– यहॉ $n_1=5,\ \ n_2=8\,,\ \ \propto=0.01$

शून्य परिकल्पना $\mu_0 : \mu_1 = \mu_2$ है (माध्य वनज एक समान है)

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण

$$t = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1 s_1^2 + n_2 s_2^2}{n_1 + n_2 - 2}\left[\frac{n_1 + n_2}{n_1 n_2}\right]}}$$

स्टूडेन्ट t का चर $n_1 + n_2 - 2 = (5 + 8 - 2) = 11 d.f$ के साथ है।

वैकल्पिक परिकल्पना $H_1 : \mu_1 < \mu_2$ है।

(नर बिल्ली के दिल का वजन मादा बिल्ली के वजन से ज्यादा है)

1% महत्व के स्तर पर, 11d.f. के लिए , महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto/2} = -2.72$ है।

मादा बिल्ली		नर बिल्ली	
x_1	x_1^2	x_2	x_2^2
7.5	56.25	12.7	161.29
7.3	53.29	15.6	243.36
7.1	50.41	9.1	82.81
9.0	81.00	12.8	163.84
7.6	57.76	8.3	68.89
		11.2	125.44
		9.4	88.36
		8.2	67.24
38.5	298.71	87.3	1001.23

मादा बिल्लीयॉ :

$$\bar{x}_1 = \frac{\sum_1 x}{n_1} = \frac{38.5}{5} = 7.7$$

$$s_1^2 = \frac{\sum_1 x^2}{n_1} - \left[\frac{\sum_1 x}{n_1}\right]^2 = \frac{298.71}{5} - \left[\frac{38.5}{5}\right]^2 = 0.452$$

नर बिल्लीयॉ

$$\bar{x}_2 = \frac{\sum_2 x}{n_2} = \frac{87.3}{8} = 10.91$$

$$s_1^2 = \frac{\sum_2 x^2}{n_2} - \left[\frac{\sum_2 x}{n_2}\right]^2 = \frac{1001.23}{8} - \left[\frac{87.3}{8}\right]^2 = 6.12$$

$$t_{0bs}=\frac{\bar{x}_1-\bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1s_1^2+n_2s_2^2}{n_1+n_2-2}\left[\frac{n_1+n_2}{n_1n_2}\right]}}=\frac{7.7-10.1}{\sqrt{\frac{5\times0.452+8\times6.12}{5+8-2}\left[\frac{5+8}{5\times8}\right]}}=-2.61$$

चूँकि $t_{obs}=-2.61\,,-2.72$ से कम नहीं है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– नर बिल्लियों के दिलों का वजन, मादा बिल्लियों के वजन के एक समान है। साक्ष्य यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्र्याप्त है कि पुरूष बिल्लियों के दिलों का वजन महिला (मादा) बिल्लीयों की तुलना में अधिक है।

उदारहण : एसएसएलसी की कक्षा में बेतरतीब ढंग से चुने गए लडके व लडकियों की ऊँचाईयों के बारे में निम्नलिखित आंकडे बताते हैं कि एसएसएलसी के लडके औसतन एसएसएलसी लडकियों से लम्बे हैं।

	लडके	लडकियॉ
नमूना आकार	9	12
औसत ऊँचाई (सेमी)	171	169
मानक विचलन (सेमी)	3	2

हल :– यहॉ $n_1=9, n_2=12\,, \bar{x}_1=171, \bar{x}_2=169, s_1=3\,, s_2=2$

शून्य परिकल्पना $H_0=\mu_1=\mu_2$ है (लडके एवं लडकियों की औसत ऊँचाई एक समान है)

H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण

$$t=\frac{\bar{x}_1-\bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1s_1^2+n_2s_2^2}{n_1+n_2-2}\left[\frac{n_1+n_2}{n_1n_2}\right]}}$$

स्टूडेन्ट का t चर

$n_1+n_2-2=(9+12-2)=19d.f$

के साथ है।

वैकल्पिक परिकल्पना $H_1: \mu_1>\mu_2$ (औसतन लडके लडकियों की तुलना में लम्बे हैं)

परीक्षण ऊपरी पुच्छीय है।

19 d.f. के लिए 5% महत्व के स्तर पर महत्वपूर्ण मान $t_\propto=1.73$ है।

$$t_{0bs}=\frac{\bar{x}_1-\bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1s_1^2+n_2s_2^2}{n_1+n_2-2}\left[\frac{n_1+n_2}{n_1n_2}\right]}}\quad\frac{171-169}{\sqrt{\frac{9\times3^2+12\times2^2}{9+12-2}\left[\frac{9+12}{9\times12}\right]}}=1.74$$

चूँकि

$t_{obs} = -1.74, 1.73$ से बडा है, H_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– लडके, औसतन, लडकियों की तुलना में लम्बे हैं।

उदाहरण :– एक मवेशी चारा के निर्माता ढावा करते हैं कि गायों के ज्यादा चारा देने से अधिक दूध मिलता है। आने ढावे को सही साबित करने के लिए निम्न गाय प्रयोगों का आयोजन किया गया।

(अ) 6 गायों को सामान्य चारा खिलाया गया और 8 गायों को निर्माता का चारा खिलाया गया था। 6 गायों की माध्य उपज 9.7 लीटर और मानक विचलन 1.3 लीटर थी। 8 गायों की माध्य उपज 10.5 लीटर औश्र मानक विचलन 2.7 लीटर थी।

(ब) 8 गायों को निर्माता का चारा खिलाया गया था। दूध का उत्पादन लीटर मे तब होता है जब वे हमेशा के तरह चारा लेते थे और नीचे दिये हुए निर्माता के बारे मं अन्तर चारा भी लेते थे।

सामान्य चारा	:	6.3	7.4	9.7	12.4	11.1	10.4	9.6	7.1
निर्माता का चारा	:	7.4	7.2	14.6	13.6	10.5	11.6	10.4	8.7

उपरोक्त सभी मामलों, सत्यापित करें कि क्या निर्माता का ढावा सही है।

हल :– मामले (अ) में, गायों के दो स्वतन्त्र नमूने हैं जिसमें गायों को सामान्य चारा और निर्माता का चारा खिलाया जाता है। इसलिए, स्वतन्त्र नमूने के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया जाता है। मामले (ब) में, गायों के एकसमान समुच्चय के अर्न्तगत सामान्य चारा निर्माता का चारा को प्रेक्षित किया जाता है। यहॉ आंकडे व्यक्तिगत मामलों में उपज में परिवर्तन दर्शाते हैं। इसलिए t युग्यित परीक्षण प्रयोग किया गया है।

यहॉ $n_1 = 6, n_2 = 8, \bar{x}_1 = 9.7, \bar{x}_2 = 10.5, s_1 = 1.3, \ s_2 = 2.7$

शून्य परिकल्पना $H_0: \mu_1 : \mu_2$ हैं (माध्य एकसमान H_0 के अर्न्तगत आंकडा परीक्षण)

$$t = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1 s_1^2 + n_2 s_2^2}{n_1 + n_2 - 2}\left[\frac{n_1 + n_2}{n_1 n_2}\right]}}$$

स्टूडेन्ट का t चर $n_1 + n_2 - 2 = (6 + 8 - 2) = 12 d.f$ हैं (निर्माण का चारा ज्यादा अच्छा है)

परीक्षण निचला पुच्छीय है।

12 d.f के लिए 5: महत्व के स्तर पर , महत्वपूर्ण मान $-t_\propto = 1.78$ है।

$$t_{0bs} = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{n_1 s_1^2 + n_2 s_2^2}{n_1 + n_2 - 2}\left[\frac{n_1 + n_2}{n_1 n_2}\right]}} \quad \frac{9.7 - 10.5}{\sqrt{\frac{6 \times (13.3)^2 + 8 \times (2.7)^2}{6 + 8 - 2}\left[\frac{6 + 8}{6 \times 8}\right]}} = 0.62$$

चूँकि $t_{obs} = -0.62, -1.78$ से कम नहीं है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– माध्य एक समान है। (कोई साक्ष्य नहीं है कि निर्माता का चारा बेहतर उपज है)

(ब) यहॉ, n=8, मान लें d=x-y है जहॉ x सामान्य चारें मे उपज है। और y निर्माता के चारें में उपज है।

H_0 के अर्न्तगत $t = \frac{\bar{d}}{\frac{sd}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट का चर

(n-1) = (8-1)=7 d.f के साथ है।

(अ) के मामले मे शून्य एवं वैकल्पिक परिकल्पनाऐं एकसमान हैं, परीक्षण निचला पुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर, 7d.f के लिए, महत्वपूर्ण मान $-t_{\propto} = -1.90$ है।

x	y	$d = x - y$	d^2
6.3	7.4	-1.1	1.21
7.4	7.2	0.2	0.04
9.7	14.6	-4.9	24.01
12.4	13.6	-1.2	1.44
11.1	10.5	0.6	0.36
10.4	11.6	-1.2	1.44
9.6	10.4	-0.8	0.64
7.1	8.7	-1.6	2.56
-	-	-10.0	31.70

$$\bar{d} = \frac{\sum d}{8} = \frac{-100}{8} = -1.25$$

$$s_d = \sqrt{\frac{\sum d^2}{n} - \left[\frac{\sum d}{n}\right]^2} = \sqrt{\frac{31.70}{8} - \left[\frac{-10}{8}\right]^2} = 1.55$$

$$t_{0bs} = \frac{\bar{d}}{s_d / \sqrt{n-1}} = \frac{-1.25}{1.55/\sqrt{8-1}} = 2.13$$

चूँकि $t_{obs} = -2.13, -1.90$ से कम नहीं है, H_0 अस्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– निर्माता के दावे के लिए समर्थन दिया गया है कि गायों को अपने चारे से अधिक देने पर अधिक दूध मिलता है।

उदाहरण :– CET के लिए एक कोचिंग क्लास है। 10 यादृच्छिक रूप से चयनित छात्रों को कोचिंग से पहले एक परीक्षा दिलाई गई थी और उनहें कोचिंग के बाद भी एक परीक्षा दिलाई गयी थी। परीक्षण स्कोर निम्नानुसार है।

कोंचिग से	:	35	39	47	53	27	19	36	46	08	17

पहले											
कोचिंग के बाद	:	41	37	45	56	31	21	47	41	05	12

क्या हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि कोचिंग प्रभावी है।

हलः– यहॉ, कोचिंग से पहले एवं कोचिंग के बाद के अंकों का युग्म बनाया जा सकता है और इसलिए युग्मित t परीक्षण प्रयोग किया जायेगा।

मान लें x कोचिंग से पहले अंकों को प्रदर्शित करते हैं और y कोचिंग के बाद अंकों को प्रदर्शित करते है। शून्य परिकल्पना $\mu_0: \mu_1 = \mu_2$ है।

(माध्य एक समान है)

H_0 के अर्न्तगत t आंकडा परीक्षण $t = \frac{\bar{d}}{\frac{sd}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट का t परीक्षण

$(n-1) = 10 - 1 = 9\ d.f$ के साथ है।

वैकल्पिक परिकल्पना $H_1: \mu_1 < \mu_2$ है। (माध्य बढा हुआ है कोचिंग प्रभावशाली है।)

परीक्षण निचला पुच्छीय है।

9 d.f के लिए 5% महत्व के स्तर पर, महत्वपूर्ण मान $-t_\propto = -1.83$ है।

x	y	$d = x - y$	d^2
35	41	-6	36
39	37	2	4
47	45	2	4
53	56	-3	9
27	31	-4	16
19	21	-2	4
36	47	-11	121
46	4	5	25
08	05	3	9
17	12	5	25
-	-	-09	253

$$\bar{d} = \frac{\sum d}{n} = \frac{-9}{10} = -0.9$$

$$s_d = \sqrt{\frac{\sum d^2}{n} - \left[\frac{\sum d}{n}\right]^2} = \sqrt{\frac{253}{10} - \left[\frac{-9}{10}\right]^2} = 4.95$$

$$t_{0bs} = \frac{\bar{d}}{s_d / \sqrt{n-1}} = 4.95 \frac{-0.9}{1.55 / \sqrt{10-1}} = 0.55$$

चूँकि $t_{obs} = -0.55, -1.83$ से कम नहीं है, H_0 स्वीकार्य है।

निष्कर्ष :– कोचिंग प्रभावशाली नहीं है।

उदाहरण :– 7 पतियों और उनकी पत्नियों के वनज किलोग्राम में निम्नवत हैं।

जोडे	:	1	2	3	4	5	6	7
पति	:	62	56	59	73	49	54	67
पत्नी	:	55	61	62	68	52	51	62

परिकल्पना का परीक्षण करें कि पतियों का माध्य वजन एवं पत्नीयों का माध्य वजन एक समाज है।

हल :– यहॉ हमारें पास n=7 प्रक्षेणों का युग्म और इसलिए, हम t युग्म परीक्षण का प्रयोग करते हैं मान लें x पति का वजन एव y पत्नी का वजन है। मान लें $d = x - y$ विचलन है।

शून्य परिकल्पना $H_0 = \mu_1 = \mu_2$ है (माध्य वजन एक समान है।)

H_0 के अर्न्तगत , ज आंकडा परीक्षण $t = \frac{\bar{d}}{\frac{sd}{\sqrt{n-1}}}$ स्टूडेन्ट का t चर $(n-1) = 7 - 1 = 6\, d.f$ के साथ है।

वैकल्पिक परिकल्पना $H_1 : \mu_1 \neq \mu_2$ है।

(माध्य एक समान है)

परीक्षण दो पुच्छीय है।

5% महत्व के स्तर पर , 6d.f के लिए, महत्वपूर्ण मान $-t\propto/_2 = -2.45$ और $t\propto/_2 = 2.45$ है।

x	y	$d = x - y$	d^2
62	55	7	49
56	61	-5	25
59	62	-3	9
73	68	5	25
49	52	-3	9
54	51	3	9
67	62	5	25
-	-	9	151

$$\bar{d} = \frac{\sum d}{n} = \frac{9}{17} = 1.29$$

$$s_d = \sqrt{\frac{\sum d^2}{n} - \left[\frac{\sum d}{n}\right]^2} = \sqrt{\frac{151}{7} - \left[\frac{9}{7}\right]^2} = 4.46$$

$$t_{0bs} = \frac{\bar{d}}{s_d / \sqrt{n-1}} = \frac{+1.29}{4.46/\sqrt{7-1}} = 0.71$$

चूँकि 0.71 अंतराल (–2.45 , 2.45) के बीच हे, H_0 स्वीकार्य है।
निष्कर्ष :– पतियों का माध्य वजन एवं पत्नीयों का माध्य वजन एक समान है।

10.4 काई वर्ग परीक्षण (x^2)

अनुमानित आंकडों के वितरण को सत्यापित करने के लिए काई वर्ग का प्रयोग सांख्यिकी में गुणों के तर्क संगत के लिए किया जाता है इसलिए, वास्तविक और अपेक्षित आवृत्तियों के विचलन का अध्ययन करने के लिए यह एक उपाय है। नमूने के अध्ययन मे विशेष रूप से आंकडों में इसका और अपेक्षित आवृत्तियों के बीच दो गुना संयोग और नमूने में उतार–चढाव के कारण अंतर को अनदेखा किया जा सकता है। यदि वास्तविक और अपेक्षित आवृत्तियों के बीच कोई अंतर नहीं है x^2 शून्य होता है। इस प्रकार, काई वर्ग परीक्षण सिद्धान्त और अवलोकन के बीच विसंगति का वर्णन करती है।

x^2 परीक्षण की विशेषताऐं

1. परीक्षण आवृत्तियों की घटनाओं पर आधारित है, जबकि सैद्धान्तिक वितरण में, परीक्षण माध्य और मानक विचलन पर आधारित है।
2. निष्कर्ष निकालने के लिए, यह परीक्षण विशेष रूप से परिकल्पना परीक्षण के लिए प्रयोग किया जाता है लेकिन अनुमान के लिए उपयोगी नहीं है।
3. परीक्षण अवलोकन की पूर्ण स्थित एवं अपेक्षित
4. आवृत्तियों के बीच प्रयोग किया जा सकता है।
5. स्वतन्त्रता की श्रेण संख्या में हर वृद्धि के लिए, एक नया x^2 वितरण का गठन होता है।
6. यह एक सामान्य प्रयोजन परीक्षण है और जैसा कि अनुसंधान मे बेहद उपयोगी है।

मान्यताऐं :–

1. सभी प्रेक्षण स्वतन्त्र होने चाहिए।
2. सभी घटनाऐं परस्पर अनन्य होने चाहिए ।
3. बडे अवलोकन (प्रेक्षण) होने चाहिए।
4. तुलना प्रयोजनों के लिए आंकडे मूल इकाईयों में होने चाहिए।

स्वतन्त्रता की श्रेणी :– जब हम x^2 की गणना मान की तुलना तालिका मान के साथ करते हैं। स्वतन्त्रता की श्रेणी होती है। स्वतन्त्रता की श्रेणी का अर्थ है वर्गों की संख्या, जिनके मानों को बिना प्रतिबंध के बिना बंदिशों में सौंपा जा सकता है। उदारहण के लिए हम कोई भी चार अंक चुनते हैं, जिनका योग 50 है। यहॉ हमारे पास कोई भी तीन अंक के चयन करने का विकल्प है 10 , 15 , 20 और चौथ अंक $[50-(10+15+20)]$। इस प्रकार, हमारी आजादी के श्रेणी की पसंद इस शर्त पर एक करके कम हो जाती है कि योग 50 हो। इसलिए स्वतन्त्रता पर लगा प्रतिबंध एक और स्वतन्त्रता की श्रेणी तीन है। जैसे ही प्रतिबंध बढता है स्वतन्त्रता की श्रेणी कम हो जाती है।

इस प्रकार $v = n - k$

v : (न्यू) स्वतन्त्रता की श्रेणी

k : स्वतन्त्र प्रतिबंधों की संख्या

n : आवृत्ति वर्गों की संख्या

2×2 आकास्मिक तालिका के लिए, स्वतन्त्रता की श्रेणी

$v = (c-1)(r-1)$

$= (2-1)(2-1)$

$= 1$ है।

उपयोग :–

1. **गुणों के तर्क संगत का x^2 परीक्षण :–** परीक्षण के माध्यम से हम प्रेक्षित मानों और अपेक्षित मानों के बीच के विचलन का पता लगा सकते है। यहॉ हम प्राचलों से संबन्धित नहीं है। लेकिन वितरण के रूप में सम्बन्धित है। कार्ल पियर्सन ने सैद्धान्तिक मान (परिकलपना) और प्रेक्षित मान के बीच अन्तर का परीक्षण करने के लिए एक विधि विकसित की है। परीक्षण गणना मान का x^2 के तालिका मान के वांक्षित स्वतन्त्रता श्रेणी के साथ तुलना करने से किया जाता है। x^2 ग्रीक शब्द का प्रयोग तथ्य औश्र सिद्धान्त के बीच के अंतर के परिणाम का वर्णन करने के लिए किया जाता है।

x^2 को इस तरीके से परिभाषित किया जाता है।

$$\chi^2 = \Sigma\left\{\frac{(O-E)^2}{E}\right\}$$

O = प्रेक्षित आवृत्तियॉ

E = अपेक्षित अवृत्तियॉ

चरण :–

1. एक परिकल्पना महत्व के स्तर के साथ स्थापित की गई हैं ।
2. प्रेक्षित मान और अपेक्षित मान के बीच विचलनों की गणना (O-E) ।
3. गणित विचलनों का वर्ग $(O-E)^2$
4. $(O-E)^2$ को इसकी अपेक्षित आवृत्तियों से विभाजित करें।
5. चरण 4 से प्राप्त मानों का योग करें।
6. x^2 तालिका में से एक निश्चित महत्व के स्तर पर, सामान्यतया 5% महत्व के स्तर पर x^2 का मान ज्ञात करें।

यदि x^2 का परिकलित मान x^2 के तालिका मान से एक निश्चित महत्व के स्तर पर ज्यादा है, हम परिकल्पना को अस्वीकार्य करते हैं यदि x^2 का परिकलित मान शून्य है तब प्रेक्षित मान और अपेक्षित मान पूर्णतया मेल खाते हैं। यदि x^2 का परिकलित मान पूर्णतया मेल खाते हैं यदि x^2 का परिकलित मान तालिका मान से एक निश्चित महत्व के स्तर पर कम है, तो यह महत्वपूर्ण नहीं है। इसका अर्थ है कि प्रेक्षित और

अपेक्षित आवृत्तियों के बीच नमूनाकरण में उतार चढाव के कारण विसंगतियॉ हो सकती है।

उदाहरण :– 4 सिक्के 160 बार उछाले गये थे और निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किये गये थे।

चिट्टों की संख्या	:	0	1	2	3	4
प्रेक्षित आवृत्तियॉ	:	17	52	54	31	6

0, 1, 2, 3 या 4 सिक्कों के होने की अपेक्षित आवृत्तियॉ ज्ञात करें और गुणों के तर्क संगत परिकल्पना क्या सिक्का निष्पक्ष है का परीक्षण देखें

हल :– अपेक्षित आवृत्ति $= N.n_{c_4}p^2q^{n-2} = 160.4_{c_2}(0.5)^2(0.5)^{4-2}$

x	**अपेक्षित आवृत्ति**
	160^4cx $(.5)^4$ = E
0	160 X^4 C0 $(.5)^4$ = 10
1	160 X^4 C1 $(.5)^4$ = 40
2	160 X^4 C2 $(.5)^4$ = 60
3	160 X^4 C3 $(.5)^4$ = 40
4	160 X^4 C4 $(.5)^4$ = 10

जब x^2 प्रयोग करते हैं।

चिट्टों की संख्या	***O***	***E***	***O – E***	***(O – E)²***	$\frac{(O-E)^2}{E}$
0	17	10	7	49	4.900
1	52	40	12	144	3.600
2	54	60	– 6	36	0.600
3	31	40	– 9	81	2.025
4	6	10	– 4	16	1.600

$$\Sigma\frac{(O-E)^2}{E} = 12.725$$

d.f. = 5 – 1 = 4; χ^2 0.05 = 9.488.

x^2 का परिकलित मतान 12.725 है जो तालिका मान 9.488 से अधिक है, गलत तर्क है।

2. **स्वतन्त्रता के परीक्षण के रूप में :–** x^2 परीक्षण का उपयोग यह पता लगाने के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कोंचिंग कक्षा और सफल उम्मीदवार विवाह और विफलता आदि, हम यह पता कर सकते हैं कि क्या वे सम्बन्धित है या स्वतन्त्र । हम एक अवधारणा लेते हैं कि गुण स्वतन्त्र हैं। यदि x^2 का परिकलित मान एक निश्चित महत्व के स्तर पर तालिका मान से कम है, तो अनुमान सही है अन्यथा विपरीत।

उदाहरण :– एक गॉव में 120 लोगों के नमूनों में से , इन्फलुएंजा को रोकने के लिए 76 लोगों को एक नई दवा दी गई थी और उनमें से 24 व्यक्ति इन्फलुएंजा द्वारा ग्रसित थे। जिन व्यक्तियों मे नई दवा का प्रबंध नहीं किया गया उनमें से 12 इन्फलूएंजा से प्रभावित नहीं थे।

(अ) वास्तविक एवं अपेक्षित आवृत्तियों को दर्शाते हुए 2×2 तालिका तैयार करें।

(ब) काई–वर्ग का प्रयोग करते हुए ज्ञात करें कि क्या नई दवा प्रभावी है या नही ।

(5% महत्व के स्तर पर एक स्वतन्त्रता की श्रेणी के लिए काई वर्ग 3.84 है)

हल :–

2×2 तालिका

	A	α	
B	24	32	56 (B)
β	52	12	64
	76	44	120
	(A)		N

मान लें इंफलुएंजा और नई दवा स्वतन्त्र हैं।

अपेक्षित आवृत्तियॉ

$\frac{76\times56}{120}=35.5$ $\frac{56\times44}{120}=20.5$ 56

$\frac{76\times64}{120}=40.5$ $\frac{64\times44}{120}=23.5$ 64

76 44 120

O	E	O – E	$(O-E)^2$	$\frac{(O-E)^2}{E}$
24	35.5	– 11.5	132.25	3.725
52	40.5	11.5	132.25	3.265
32	20.5	11.5	132.25	6.451
12	23.5	– 11.5	132.25	5.627

$$\sum \frac{(O-E)^2}{E}=19.068$$

$d.f = (2-1)(2-1) = 1, d.f$ के लिए $x^2 = 3.84$

x^2 का परिकलित मान 19.068 है जो कि तालिका मान की तुलना मे बहुत ज्यादा है। इसलिए, परिकल्पना अस्वीकार्य है। इसलिए हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इन्फलूएंजा को नियंत्रित करने मे ंदवा निस्संदेह प्रभावी है।

उदाहरण :– 2000 परिवारों के एक निश्चित नमूने मे ं1400 परिवार चाय के उपभोक्ता है। 1800 हिन्दू परिवारों में से 1236 परिवार चाय का सेवन करते हैं। x^2 परीक्षण का

उपयोग करें और बताएं कि क्या हिंदू और हिदूं परिवारों के बीच चाय की खपत के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर है।

हल :– 2×2 आकस्मिता तालिका में जानकारी के सारणीकरण पर, हम प्राप्त करते हैं :–

	हिन्दू	गैर हिन्दू	योग
उपभोग चाय	1236	164	1400
गैर उपभोग चाय	564	36	600
योग	1800	200	2000

परिकल्पना गुण स्वतन्त्र है।

अपेक्षित आवृत्तियॉ


$$b_{21.3} = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right]$$

$$b_{23.1} = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right]$$

x_2 का x_1 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण को निम्नवत भी लिखा जा सकता है :–

$$x_2 = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right]x_1 + \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right]x_3$$

या

$$X_2 - \bar{X}_1 = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right](X_1 - \bar{X}_1) + \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right](X_3 - \bar{X}_3)$$

x_3 का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन समीकरण

$$X_3 - \bar{X}_3 = b_{31.2}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{32.1}(X_2 - \bar{X}_2)$$

या

$$x_3 = b_{31.2}x_1 + b_{32.1}x_2$$

जहॉ,

$$b_{31.2} = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right]$$

$$b_{32.1} = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right]$$

x_3 का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन को निम्नवत भी लिखा जा सकता है :–

$$x_3 = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right]x_1 + \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right]x_2$$

या

$$X_3 - \bar{X}_3 = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right](X_1 - \bar{X}_1) + \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right](X_2 - \bar{X}_2)$$

ध्यान दें : $r_{12} = r_{21}, r_{23} = r_{32}, r_{13} = r_{31}$

उदाहरण 12.5 :– गणित में एक शिक्षक सेमेस्टर के दौरान दिए गए दो परीक्षा में अन्तिम परीक्षा के अंकों के सम्बन्ध को निर्धारित करना चाहता है। एक विद्यार्थी के प्रथम, द्वितीय एवं अन्तिम परीक्षा में अंक को क्रमशः x_1 , x_2 , x_3 कहा गया है , उसने कुल 120 विद्यार्थियों में से निम्नलिखित गणना की :

$\bar{X}_1 = 6.8 \quad \bar{X}_2 = 7.0 \quad \bar{X}_3 = 74$
$\sigma_1 = 1.0 \quad \sigma_2 = 0.80 \quad \sigma_3 = 9.0$
$r_{12} = 0.60 \quad r_{13} = 0.70 \quad r_{23} = 0.65$

1. उचित प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें।
2. उन दो विद्यार्थियों के अंकों का आंकलन करें जिन्हें दो परीक्षाओं में क्रमशः 9 एवं 7 , 4 एवं 8 अंक मिलें।

हल :– x_3 का x_1 एवं x_2 में उचित न्यूनतम वर्ग प्रतीपगमन समीकरण निम्न द्वारा दिया जायेगा :–

$$X_3 - \bar{X}_3 = b_{31.2}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{32.1}(X_2 - \bar{X}_2)$$

$$b_{31.2} = \frac{\sigma_3}{\sigma_1}.\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right]$$

$$= \frac{9}{1} \times \left[\frac{(.70) - (.65)(.60)}{1 - (.60)^2}\right]$$

$$= 9 \times \left[\frac{(.70) - (.39)}{1 - (.60)^2}\right] = 9 \times \left[\frac{.31}{.64}\right] = \frac{2.79}{.64} = 4.36$$

$$b_{32.1} = \frac{\sigma_3}{\sigma_2}.\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right]$$

$$= \frac{9}{.80} \times \left[\frac{(.65) - (.70)(.60)}{1 - (.60)^2}\right]$$

$$= \frac{9}{.80} \times \left[\frac{.65 - .42}{0.64}\right]$$

$$= 4.04$$

इस प्रकार X_3 का X_1 एवं X_2 में प्रतीपगमन समीकरण है

$$X_3 - 74 = 4.36(X_1 - 6.8) + 4.04(X_2 - 7)$$

$$\therefore \quad X_3 = 16.07 + 4.36X_1 + 4.04X_2$$

उस विद्यार्थी के अन्तिम अंक जिसे 9 एवं 7 अंक मिले :–

जब $X_1 = 9$ एवं $X_2 = 7$

$$X_3 = 16.07 + 4.36(9) + 4.04(7)$$

$$= 16.07 + 39.24 + 28.28 = 83.59 \ or \ 84$$

उस विद्यार्थी के अन्तिम अंक जिसे 4 एवं 8 अंक मिले :–

जब $X_1 = 4$ एवं $X_2 = 8$

$$X_3 = 16.07 + 4.36(4) + 4.04(8)$$
$$= 16.07 + 17.44 + 32.32 = 65.8 \ or \ 66$$

उदाहरण 12.6 :– दिये गये निम्न से, प्रतीपगमन समीकरण निर्धारित करें :

(i) x_1 का x_2 एवं x_3 में और

(ii) x_2 का x_1 एवं x_3 में जब चरों को उनके माध्यों में से मापा जाता है :–

$r_{12} = 0.8 \quad r_{13} = 0.6 \quad r_{23} = 0.5$

$\sigma_1 = 10 \quad \sigma_2 = 8 \quad \sigma_3 = 5$

हल :– x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण जब चरों को उनके माध्यों में से मापा जाता है निम्न द्वारा दिया गया है :–

$x_1 = b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_2$

जहाँ

$x_1 = X_1 - \bar{X}_1, x_2 = X_2 - \bar{X}_2, x_3 = X_3 - \bar{X}_3$

$$b_{12.3} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_2}\right] \times \left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{10}{8}\right] \times \left[\frac{(0.8) - (0.6)(0.5)}{1 - (0.5)^2}\right] = 0.833$$

$$b_{13.2} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_3}\right] \times \left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{10}{5}\right] \times \left[\frac{(0.6) - (0.8)(0.5)}{1 - (0.5)^2}\right] = 0.533$$

इसलिए आवश्यक प्रतीपगमन समीकरण है :

$x_1 = .833x_2 + .533x_3$

(2). x_2 का x_1 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण जब चरों को उनके माध्यों में से मापा जाता है निम्न द्वारा दिया गया है :

$x_2 = b_{21.3}x_1 + b_{23.1}x_3$

$$b_{21.3} = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right] \times \left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{8}{10}\right] \times \left[\frac{(0.8) - (.5)(.6)}{1 - (.6)^2}\right] = .625$$

$$b_{23.1} = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right] \times \left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{8}{5}\right] \times \left[\frac{(.5) - (0.8)(0.6)}{1 - (.6)^2}\right] = 0.05$$

इसलिए आवश्यक प्रतीपगमन समीकरण है :

$x_2 = .625x_1 + .05\ x_3$

उदाहरण 12.7 :– आधारभूत सांख्यिकीय विषय के 15 विद्यार्थियों के एक यादृच्छिक प्रतिदर्श को जब भारों x_1, आयु x_2 , एवं ऊँचाई x_3 के लिए अवलोकित किया तो निम्न जानकारी मिली :

$r_{12} = 0.8, r_{23} = 0.3, r_{13} = 0.5, S_1 = 8.5, S_2 = 4.5, S_3 = 2.1$

$\bar{X}_1 = 70kg, \bar{X}_2 = 22\ years\ and \bar{X}_3 = 160cms.$ ज्ञात करें।

1. बहु एवं आंशिक सह सम्बन्ध गुणांक $R_{1.23}$ एवं $r_{13.2}$
2. x_1, का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन एवं $x_2 = 25$ वर्ष एवं $x_3 = 140$ सेमी के लिए x_1 के मान का आंकलन

हल :– 1).

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.8)^2 + (0.5)^2 - 2(0.8)(0.5)(0.3)}{1 - (0.3)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.64 + 0.25 - 0.24}{0.91}} = \sqrt{\frac{0.65}{0.91}} = 0.8452$$

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{(0.8) - (0.5)(0.3)}{\sqrt{1 - (0.5)^2}\sqrt{1 - (0.3)^2}}$$

$$= \frac{.8 - 0.15}{\sqrt{.75} \times \sqrt{0.91}}$$

$$= \frac{0.65}{0.8261} = 0.7868$$

2). x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन निम्न द्वारा दिया गया है :

$$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$$

$$b_{12.3} = \left[\frac{S_1}{S_2}\right] \times \left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{8.5}{4.5}\right] \times \left[\frac{(0.8) - (0.5)(0.3)}{1 - (.3)^2}\right] = 1.349$$

$$b_{13.2} = \left[\frac{S_1}{S_3}\right] . \left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{8.5}{2.1}\right] \times \left[\frac{(0.5) - (0.8)(0.3)}{1 - (.3)^2}\right] = 1.156$$

इन मानों को उपरोक्त समीकरण में प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं :

$$X_1 - 70 = 1.349(X_2 - 22) + 1.156(X_3 - 160)$$

$$X_1 - 70 = 1.349X_2 - 29.678 + 1.156X_3 - 184.96$$

$$\therefore X_1 = 1.349X_2 + 1.156X_3 - 144.638$$

$X_2 = 25$ एवं $X_3 = 140$ के लिए X_1 का आंकलन

जब $X_2 = 25$ एवं $X_3 = 140$,

$$X_1 = 1.349(25) + 1.156(140) - 144.638$$

$$= 33.725 + 161.84 - 144.638 = 50.927$$

उदाहरण 12.8 :– एक त्रिचर वितरण में :

$\sigma_1 = 3, \sigma_2 = 4, \sigma_3 = 5$

$r_{23} = 0.4, r_{31} = 0.6, r_{12} = 0.7$

1). $r_{23.1}$ एवं $R_{1.23}$ की गणना करें ।

2). x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण निर्धारित करें यदि चरों को उनके माध्यों से मापा गया है :

हल : 1).

$$r_{23.1} = \frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{\sqrt{1 - r_{21}^2}\sqrt{1 - r_{31}^2}}$$

$$= \frac{(0.4) - (0.7)(0.6)}{\sqrt{1 - (0.7)^2}\sqrt{1 - (0.6)^2}}$$

$$= \frac{0.4 - (.42)}{\sqrt{0.51}\sqrt{0.64}}$$

$$= \frac{-0.02}{0.5713} = 0.035$$

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.7)^2 + (0.6)^2 - 2(0.7)(0.6)(0.4)}{1 - (0.4)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.49 + 0.36 - 0.336}{0.84}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.514}{0.84}} = 0.782$$

2). x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण जब चरों को उनके माध्यों से मापा गया है के द्वारा दिया जाता है :

$$x_1 = b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

जहाँ

$$x_1 = X_1 - \bar{X}_1, x_2 = X_2 - \bar{X}_2, x_3 = X_3 - \bar{X}_3$$

$$b_{12.3} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_2}\right] \times \left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{3}{4}\right] \times \left[\frac{(0.7) - (0.6)(0.4)}{1 - (0.4)^2}\right]$$

$$= \frac{0.75 \times 0.46}{0.84} = \frac{0.345}{0.84} = 0.41$$

$$b_{13.2} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_3}\right] \times \left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{3}{5}\right] \times \left[\frac{(0.6) - (0.7)(0.4)}{1 - (0.4)^2}\right]$$

$$= \frac{0.6 \times 0.32}{0.84} = \frac{0.192}{0.84} = 0.229$$

इस प्रकार आवश्यक प्रतीपगमन समीकरण है :

$x_1 = 0.41x_2 + 0.229x_3$

12.3 बहु प्रतीपगमन के लिए आंकलन की मानक त्रुटि (या आंकलन की विश्वसनीयता)

आंकलन की मानक त्रुटि बहु प्रतीपगमन समीकरण द्वारा प्राप्त आंकलन की विश्वसनीयता द्वारा दी जाती है। यह दर्शाता है कि प्रतीपगमन समीकरण द्वारा प्राप्त आंकलित मान किस सीमा तक वास्तविक मानों के समीप है।

तीन प्रतीपगमन समीकरणों के लिए, तीन मानक त्रुटियॉ या आंकलन होते हैं :

(i) X_1 का X_2 एवं X_3 में मानक त्रुटि का आंकलन ($S_{1.23}$)

(ii) X_2 का X_1 एवं X_3 में मानक त्रुटि का आंकलन ($S_{2.13}$)

(iii) X_3 का X_1 एवं X_2 में मानक त्रुटि का आंकलन ($S_{3.12}$)

आंकलन के मानक त्रुटि की गणना के लिए सूत्र निम्नवत दिये गये हैं :

$$S_{1.23} = \sigma_1.\sqrt{\frac{1 - r_{12}^2 - r_{13}^2 - r_{23}^2 + 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$S_{2.13} = \sigma_2.\sqrt{\frac{1 - r_{21}^2 - r_{23}^2 - r_{13}^2 + 2r_{21}.r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}}$$

$$S_{3.12} = \sigma_3.\sqrt{\frac{1 - r_{31}^2 - r_{32}^2 - r_{13}^2 + 2r_{31}.r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}}$$

उदाहरण 12.9 :– यदि $r_{12} = 0.8, r_{13} = 0.5, r_{23} = 0.3$ और $S_1 = 8.5$ x_1 का x_2 एवं x_3 में मानक त्रुटि के आंकलन की गणना करें।

हल :– x_1 का x_2 एवं x_3 में मानक त्रुटि के आंकलन को निम्न द्वारा दिया जाता है :

$$S_{1.23} = \sigma_1.\sqrt{\frac{1 - r_{12}^2 - r_{13}^2 - r_{23}^2 + 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= 8.5\sqrt{\frac{1-(0.8)^2-(0.5)^2-(0.3)^2+2(0.8)(0.5)(0.3)}{1-(0.3)^2}}$$

$$= 4.543$$

12.4 बहु निरूपण (R^2) का गुणांक

बहु प्रतीपगमन में निरूपण के गुणांक को $R^2_{1.23}$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता है जो कि सरल रेखीय प्रतीपगमन में निरूपण के गुणांक r^2 के समान होता है। यह आश्रित चर X_1 में कुल विचरण का अनुपात (भाग) को निरूपित करता है जिसे बहु प्रतीपगमन समीकरण में स्वतन्त्र चरों (x_2, x_3) द्वारा समझाया गया है । उदाहरण के लिए, यदि $R_{1.23} = 0.7252$ तब $R^2_{1.23} = 0.5259 = 0.526$

$R^2_{1.23} = 0.526$ का मान यह प्रदर्शित करता है कि 52.6 प्रतिशत आश्रित चर में विचरण को x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण को स्वतन्त्र चरों x_2 एवं x_3 द्वारा समझाया गया है।

उदाहरण 12.10 सांख्यिकी में उन्नत विषय के 15 छात्रों के एक यादृच्छिक प्रतिदर्श को जब भार x_1, आयु x_2 एवं ऊँचाई x_3 के लिए अवलोकित किया गया तो निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई :

$r_{12} = 0.8, r_{13} = 0.5, r_{23} = 0.3$

$S_1 = 8.5, S_1 = 4.5 \; and \; S_3 = 2.1$

निम्न को ज्ञात कीजिए :

(अ) आंशिक प्रतीपगमन गुणांक $b_{1.23}$ एवं $b_{13.2}$

(ब) आंकलन की मानक त्रुटि $S_{1.23}$

(स) सह सम्बन्ध गुणांक $R_{1.23}$ एवं $r_{12.3}$

(द) x_1 का x_2 एवं x_3 में बहुप्रतीपगमन गुणांक जब $\bar{X}_1 = 70kg, \bar{X}_2 = 22$ वर्ष एवं $\bar{X}_3 = 150cm$

(घ) एक विद्यार्थी का 25 (X_1) वर्ष की उम्र एवं 140 सेमी0 ऊँचाई में भार

हल :– दिया हुआ है :

$r_{12} = 0.8, r_{13} = 0.5, r_{23} = 0.3$

$S_1 = 8.5, S_1 = 4.5 \; and \; S_3 = 2.1$

(अ)

$$b_{12.3} = \left[\frac{S_1}{S_2}\right].\left[\frac{r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1-r_{23}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{8.5}{4.5}\right] \times \left[\frac{0.8 - (0.5)(0.3)}{1 - (0.3)^2}\right] = 1.349$$

$$b_{13.2} = \left[\frac{S_1}{S_3}\right] . \left[\frac{r_{13}.r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{8.5}{2.1}\right] \times \left[\frac{(0.5) - (0.8)(0.3)}{1 - (0.3)^2}\right] = 1.156$$

(ब)

$$S_{1.23} = S_1 \sqrt{\frac{1 - r_{12}^2 - r_{13}^2 - r_{23}^2 + 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= 8.5 \times \sqrt{\frac{1 - (0.8)^2 - (0.5)^2 - (0.3)^2 + 2(0.8)(0.5)(0.3)}{1 - (0.3)^2}}$$

$$= 8.5 \times \sqrt{\frac{1 - .64 - .25 - 0.09 + 0.24}{0.91}}$$

$$= 4.543$$

(स)

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.8)^2 + (0.5)^2 - 2(0.8)(0.5)(0.3)}{1 - (0.3)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.64 + .25 - 0.24}{0.91}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.65}{0.91}}$$

$$= 0.8452$$

$$r_{12.3} = \frac{r_{12}.r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{(0.8) - (0.5).(0.3)}{\sqrt{1-(0.5)^2}\sqrt{1-(0.3)^2}}$$

$$= \frac{0.65}{0.8261} = 0.7868$$

(द) x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण :

$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर, आपके पास

$X_1 - 70 = 1.349(X_2 - 22) + 1.156(X_3 - 150)$

$X_1 = -133.078 + 1.349X_2 + 1.156X_3$

(घ)

$X_2 = 25$ एवं $X_3 = 140$,

$X_1 = -133.078 + 1.349(25) + 1.156(140)$

$= -133.078 + 33.725 + 161.84 = 62.487$

उदाहरण 12.11 : निम्नलिखित आंकडे दिये गये हैं x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें यदि चरों को उनके माध्यों से मापा गया हो :

$r_{12} = 0.8, \quad r_{13} = 0.6, \quad r_{23} = 0.5$

$\sigma_1 = 10, \quad \sigma_2 = 8, \quad \sigma_3 = 15$

x_1 का x_2 एवं x_3 में मानक त्रुटि का आंकलन भी ज्ञात करें।

हल :– x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण है :

$x_1 = b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$

जहॉ $x_1 = X_1 - \bar{X}_1, x_2 = X_2 - \bar{X}_2 \ and \ x_3 = X_3 - \bar{X}_3$

$$b_{12.3} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1-r_{23}^2}\right]$$

$$= \left[\frac{10}{8}\right] \times \left[\frac{0.8-(0.6)(0.5)}{1-(0.5)^2}\right]$$

$$= \left[\frac{10}{8}\right] \times \left[\frac{0.8-.30}{1-.25}\right]$$

$$= \frac{10}{8} \times \frac{0.50}{0.75} = 0.833$$

$$b_{13.2} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{13}.r_{12}.r_{32}}{1-r_{32}^2}\right]$$

$$= \frac{10}{5} \times \left[\frac{(0.6) - (0.8)(0.5)}{1 - (0.5)^2}\right]$$

$$= \frac{10}{5} \times \frac{0.20}{0.75}$$

$$= \frac{2}{3.75} = 0.53$$

इस प्रकार, x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण है :

$x_1 = 0.833x_2 + 0.53x_3$

x_1 का x_2 एवं x_3 में मानक त्रुटि का आंकलन

$$S_{1.23} = \sigma_1 \sqrt{\frac{1 - r_{12}^2 - r_{13}^2 - r_{23}^2 + 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= 10. \sqrt{\frac{1 - (0.8)^2 - (0.6)^2 - (0.5)^2 + 2(0.8)(0.6)(0.5)}{1 - (0.5)^2}}$$

$$= 10. \sqrt{\frac{1 - .64 - .36 - .25 + .48}{0.75}}$$

$$= 10. \sqrt{\frac{.23}{0.75}}$$

$$= 10 \times .5537 = 5.537$$

उदाहरण 12.12 तीन चरों x_1 का x_2 एवं x_3 के मापन से निम्नलिखित मान प्राप्त किये गए

$\bar{X}_1 = 6.8 \quad \bar{X}_2 = 7.0 \quad \bar{X}_3 = 7.4$

$S_1 = 1.0 \quad S_2 = 0.80 \quad S_3 = 0.90$

$r_{12} = 0.60 \quad r_{13} = 0.70 \quad r_{23} = 0.65$

(i) X_1 का X_2 एंव X_3 में प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें।

(ii) $X_2 = 10$ एंव $X_3 = 9$ के लिए X_1 के मान का आंकलन करें।

(iii) बहु निरापण गुणांकों $R_{1.23}^2$ को r_{12} एवं $r_{12.3}$ से ज्ञात करें।

हल :– x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण निम्नवत दिया जाता है :–

$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$ ....(i)

जहॉ

$$b_{12.3} = \frac{S_1}{S_2}\left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]$$

$$= \frac{1}{0.80}\left[\frac{0.60 - 0.70 \times 0.65}{1 - (0.65)^2}\right]$$

or

$$b_{12.3} = (1.25)\left[\frac{0.60 - 0.455}{0.578}\right] = 0.313$$

$$b_{13.2} = \frac{S_1}{S_2}.\left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

$$= \frac{1}{0.90}\left[\frac{0.70 - 0.60 \times 0.65}{1 - (0.65)^2}\right]$$

$$= (1.111)\left[\frac{0.70 - 0.39}{0.578}\right] = 0.595$$

इन मानों को समीकरण (i) में प्रतिस्थापित करने पर, आपके पास

$X_1 - 6.8 = 0.313(X_2 - 7.0) + 0.595(X_3 - 7.4)$

$X_1 = 0.206 + 0.313X_2 + 0.595X_3$

(ii) $X_2 = 10$ एवं $X_3 = 9$ के लिए उपरोक्त प्रतीपगमन में प्रतिस्थापित करने पर एवं x_1 के लिए हल करने पर

$X_1 = 0.206 + 0.313(10) + 0.595(9) = 8.691$

(iii) बहु एवं आंशिक सह सम्बन्ध इस रूप में सम्बन्धित होते हैं :

$R_{12.3}^2 = 1 - (1 - r_{12}^2)(1 - r_{13.2}^2)$

$$r_{13.2} = \frac{r_{13}.r_{12}.r_{32}}{\sqrt{1 - r_{12}^2}\sqrt{1 - r_{32}^2}}$$

$$= \frac{0.70 - 0.60 \times 0.65}{\sqrt{1 - (0.60)^2}\sqrt{1 - (0.65)^2}}$$

$$= \frac{0.70 - 0.39}{0.8 \times 0.760} = 0.509$$

or,

$r_{13.2}^2 = 0.259$

r_{12}^2 एवं $r_{13.2}^2$ के मानों को $R_{1.23}^2$ के लिए प्रतिस्थापित करने पर आपके पास

$R_{1.23}^2 = 1 - (1 - 0.36)(1 - 0.259) = 0.526$

उदाहरण 12.13 एक विचर वितरण में :

$\bar{X}_1 = 28.02, \bar{X}_2 = 4.91, \bar{X}_3 = 594, S_1 = 4.4, S_2 = 1.1, S_3 = 80$

$r_{12} = 0.80, r_{23} = -0.56, r_{31} = -0.40$

(i) $r_{23.1}$ एवं $R_{1.23}$ सह सम्बन्ध ज्ञात करें।

(ii) X_1 के मान का आंकलन करें जब $X_2 = 6.0$ एवं $X_3 = 650$

हल :–

(i)

$$r_{23.1} = \frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{\sqrt{1 - r_{21}^2}\sqrt{1 - r_{31}^2}}$$

मानों को प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं

$$r_{23.1} = \frac{-0.56 - (0.80).(-0.40)}{\sqrt{1 - (0.80)^2}\sqrt{1 - (-0.40)^2}}$$

$$= \frac{-0.56 + .32}{\sqrt{1 - .64}\sqrt{1 - .16}}$$

$$= \frac{-0.24}{0.6 \times 0.916}$$

$$= -0.436$$

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{(0.80)^2 + (-0.40)^2 + 2(0.80)(-0.40)(-0.56)}{1 - (-0.56)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.64 + .16 - .3584}{1 - .3136}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.4416}{0.6864}} = 0.802$$

(ii) X_1 का X_2 एवं X_3 के लिए रैखिक प्रतीपगमन समीकरण निम्न द्वारा दिया जाता है :

$$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$$

$$b_{12.3} = \frac{S_1}{S_2}\left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]$$

$$= \frac{4.4}{1.1}\left[\frac{0.80 - 0.224}{0.6864}\right]$$

$$= \frac{4.4}{1.1}\left[\frac{0.576}{0.6864}\right] = 3.357$$

$$b_{13.2} = \frac{S_1}{S_2}.\left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

$$= \frac{4.4}{80}.\left[\frac{-0.40 - (0.80)(-0.56)}{1 - (-.56)^2}\right]$$

$$= \frac{4.4}{80}\left[\frac{-0.40 + 0.448}{0.6884}\right]$$

$$= \frac{4.4}{80}\left[\frac{0.048}{0.6864}\right]$$

$$= 0.0038 \; or \; 0.004$$

iii) इन मानों को समीकरण में प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं,

$$X_1 - 28.02 = 3.357(X_2 - 4.91) + .004(X_3 - 594)$$

या

$$X_1 - 28.02 = 3.357X_2 - 16.4828 + .004X_3 - 2.376$$

$$X_1 = 3.357X_2 + .004X_3 + 9.1612$$

(iv) वित X_2 एवं X_3 के लिए X_1 का आंकलन

जब $X_2 = 6.00, X_2 = 650, \quad X_1 = 3.357(6.00) + .004(650) + 9.1612$

$= 20.142 + 2.6 + 9.1612$

$= 31.9032$

12.5 सारांश

सम्पूर्ण में, बहु प्रतीपगमन सामान्य प्रतीपगमन के तकनीकी का एक विस्तार होता है जिसके अन्तर्गत तीन एवं अधिक चरों के मध्य पारस्परिक सम्बन्धता का अध्ययन किया जाता है एवं दिये हुए स्वतन्त्र चरों के लिए आश्रित चर का सबसे संभाव्य मान का आंकलन किया जाता है। बहु प्रतीपगमन समीकरणों पर कार्य बहु प्रतीपगमन तरीकों में सामान्य समीकरण एवं सरल सह सम्बन्ध गुणांक के रूप में बहु प्रतीपगमन द्वारा किया जा सकता है। इसके आगे, आंकलन की मानक त्रुटि दिये गये बहु प्रतीपगमन समीकरण द्वारा आंकलनों की विश्वसनीयता को मापती है। यह दर्शाता है कि दिये गये प्रतीपगमन समीकरणों द्वारा आंकलित मान किस सीमा तक वास्तविक मानों के समीप हैं जहॉ तक बहु प्रतीपगमन $R^2_{1.23}$ में निरूपण गुणांक सम्बन्धित हैं, यह आश्रित चर X_1 में कुल विचरण के अनुपात को निरूपित करता है जिसे बहु प्रतीपगमन समीकरण में स्वतन्त्र चरों $(X_1 \; and \; X_2)$ द्वारा वर्णित किया गया होता है।

12.6 शब्दावली

बहु प्रतीपगमनः यह सरल प्रतीपगमन तकनीक का विस्तार होता है जिसके अन्तर्गत आप तीन या अधिक चरों के मध्य परस्पर सम्बन्ध का अध्ययन करते है। ।

12.7 बोध प्रश्न

1. निम्नलिखित आंकडों में से , x_1 , x_2 एवं x_3 का न्यूनतम वर्ग प्रतीपगमन ज्ञात करें और $X_2 = 16$ और $X_3 = 4$ के दिये हुए मानों के लिए x_1 के मान का आंकलन करें :

X_1:	10	5	10	4	8
X_2:	16	13	21	10	13
X_3:	3	6	4	5	3

2. समीकरण $Y = b_0 + b_1X_1 + b_2X_2$ के लिए निम्नलिखित आंकडों में से b_0, b_1 एवं b_2 के मानों की गणना करें :

Y:	3	5	6	8	12	14
X_1:	16	10	7	4	3	2
X_2:	90	72	54	42	30	12

3. निम्नलिखित आंकडों में से बहु रैखिक प्रतीपगमन प्रारूप $Y = \beta_1 + \beta_2X_2 + \beta_3X_3$ के प्राचल ज्ञात करें :

$$N = 6, \Sigma Y = 54, \Sigma X_2 = 48, \Sigma X_3 = 102$$

$$\Sigma YX_2 = 339, \Sigma YX_3 = 720, \Sigma X_2X_3 = 1034, \Sigma X_2^2 = 494, \Sigma X_3^2 = 2188$$

4. निम्नलिखित आंकडों के समूह के लिए वास्तविक माध्य विधि का प्रयोग करते हुए x_1 का x_2 एवं x_3 के लिए बहु प्रतीपगमन ज्ञात करें। x_1 के मान का पूर्वानुमान करें जब $x_2 = 5$ एवं $x_3 = 7$

X_1:	12	24	32	28
X_2:	6	12	16	22
X_3:	4	6	12	18

5. नीचे दिये गए आंकडों में से, वास्तविक माध्य विधि का प्रयोग करते हुए x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु रैखिय प्रतीपगमन ज्ञात करें।

X_1:	4	6	7	9	13	15
X_2:	15	12	8	6	4	3
X_3:	30	24	20	14	10	4

6. नीचे दिये गए आंकडों में से, वास्तविक माध्य विधि का प्रयोग करते हुए x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु रैखिय प्रतीपगमन ज्ञात करें।

X_1:	18	20	17	14	21
X_2:	38	40	25	28	44
X_3:	20	15	5	12	18

7. निम्नलिखित जानकारी दी गई है (चरों को उनके सम्बन्धित माध्यों से मापा गया है)

$$\Sigma x_1 x_2 = 1900, \quad \Sigma x_1 x_3 = -20, \quad \Sigma x_2 x_3 = -50$$
$$\Sigma x_1^2 = 1350, \quad \Sigma x_2^2 = 2800, \quad \Sigma x_3^2 = 24$$
$$\bar{X}_1 = 65, \quad \bar{X}_2 = 55, \quad \bar{X}_3 = 30$$

आंशिक प्रतीपगमन गुणांकों $(b_{12.3}\ and\ b_{13.2})$ को ज्ञात करें।

x_1 के मान का आंकलन भी करें जब $x_2 = 60$ और $x_3 = 25$ हो ।

8. निम्नलिखित जानकारी दी गई है (चरों को उनके सम्बन्धिता माध्यों से मापा गया है)

$$\Sigma x_1^2 = 1350, \quad \Sigma x_2^2 = 2800, \quad \Sigma x_3^2 = 24$$
$$\Sigma x_1 x_2 = 1900, \quad \Sigma x_1 x_3 = -20, \quad \Sigma x_2 x_3 = -50$$

x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीरण निर्धारित करें।

12.8 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. [$X_1 = 4.753 + 0.502\, X_2 - 1.115\, X_3, 8.325$]
2. [$Y = 16.1067 + .426\, X_1 - 0.221\, X_2$]
3. [$Y = 16.479 + 0.389\, X_2 - 0.623\, X_3$]
4. [$X_1 = 2.577 + 1.661\, X_2 + 0.0169\, X_3, X_1 = 110$]
5. [$X_1 = 16.479\, X_2 + 0.623\, X_3$]
6. [$X_1 = 0.5\, X_2 - 0.36\, X_3 + 5.54$]
7. [$b_{12.3} = 0.689, b_{13.2} = 0.603, X_1 = 65.43$]

8. [$X_1 = 0.689\, X_2 + .603\, X_3$]

12.9 स्वपरख प्रश्न

1. निम्नलिखित नियंताकों को 300 अण्डों के लम्बाई के मापन मिमी (x_1), आयतन c.c. में (x_2) एवं भार (x_3) ग्राम में से प्राप्त किया :

$\bar{X}_1 = 55.95 \quad S_1 = 2.26 \quad r_{12} = 0.578$
$\bar{X}_2 = 51.48 \quad S_2 = 4.39 \quad r_{13} = 0.581$
$\bar{X}_3 = 56.03 \quad S_3 = 4.41 \quad r_{23} = 0.974$

अण्डे के भार का अण्डे की लम्बाई एवं अण्डे के आयतन में रैखिय प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करे। इसलिए अण्डे के भार का आंकलन कीजिए जिसकी लम्बाई 58 मिमी0 एवं आयतन 52.5 c.c.

2. एक त्रिचरीय वितरण में :

$$\sigma_1 = 2.7, \quad \sigma_2 = 2.4, \quad \sigma_3 = 2.7$$
$$r_{12} = 0.28, \quad r_{23} = 0.49, \quad r_{31} = 0.51$$

x_3 का x_1 एवं x_2 में प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें यदि चरों को उनके माध्य में से मापा गया हो।

3. निम्नलिखित आंकडे दिये गए हैं :

$\bar{X}_1 = 6, \quad \bar{X}_2 = 7, \quad \bar{X}_3 = 8$
$\sigma_1 = 1, \quad \sigma_2 = 2, \quad \sigma_3 = 3$
$r_{12} = 0.6, \quad r_{13} = 0.7, \quad r_{23} = 0.8$

x_3 का x_1 एवं x_2 में रैखिय प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें। इस प्रकार x_3 का आंकलन करें जब $X_1 = 4$ एवं $X_2 = 5$ हो।

4. यदि $r_{12} = 0.926, r_{13} = 0.891, r_{23} = 0.955$ एवं $S_1 = 1.51$, X_1 का X_2 एवं $X_3(S_{1.23})$ में मानक त्रुटि के आंकलन की गणना करें।

5. निम्नलिखित आंकडे दिये गये हैं

$\bar{X}_1 = 55 \quad S_1 = 5 \quad r_{12} = 0.57$
$\bar{X}_2 = 51 \quad S_2 = 7 \quad r_{13} = 0.58$
$\bar{X}_3 = 56 \quad S_3 = 9 \quad r_{23} = 0.97$

गणना करें

1) x_3 का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन
2) बहु सह सम्बन्ध गुणांक $R_{1.23}$

6. निम्नलिखित आंकडों में से :

$r_{12} = 0.8, r_{13} = 0.5, r_{23} = 0.3$
$S_1 = 8.5, S_2 = 4.5 \; and \; S_3 = 2.1$

(i) x_1 का x_2 एवं x_3 में $\bar{X}_1 = 70kg, \bar{X}_2 = 22$ वर्ष एवं $\bar{X}_3 = 150cm$ के साथ प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें।

(ii) X_1 का $X_2 = 25$ वर्ष एवं $X_3 = 140cm,$ के लिए मान आंकलित कीजिए

(iii) बहु निरूपण गुणांक $R^2_{1.23}$ को r_{12} एवं $r_{13.2}$ में से ज्ञात कीजिए । R^2 क्या इंगित करता है ?

उत्तर

1. [$X_3 = 3.54 + 0.052X_1 + 0.963X_2, X_3 = 57.11\ gms.$]
2. [$x_3 = 0.405x_1 + 0.424x_2$]
3. [$x_3 = -4.41 + 1.03x_1 + 0.89x_2, x_3 = 4.16$]
4. [$S_{1.23} = 0.5702$]
5. [$X_3 = 0.08X_1 + 1.21X_2 - 10.11, R_{1.23} = 0.97$]
6. [$X_1 = 1.349X_2 + 1.156X_3 - 133.078, X_1 = 62.487 R^2_{1.23} = 0.7443, R^2$ इंगित करता है कि 74.43 प्रतिशत x_1 में विचरण बहु प्रतीपगमन समीकरण द्वारा परिभाषित है।

12.10 संदर्भ पुस्तकें

1. मूल सांख्यिकीय – गौण, गुप्ता और दासगुप्ता वर्ल्ड प्रेस लिमिटेड –कलकत्ता
2. व्यावसायिक सांख्यिकीय की बुनियादी बातें संचेती और कपूर
3. प्रबंधन में मात्रात्मक तरीके – श्रीवास्तव, शेनाय और गुप्ता
4. व्यावसायिक सांख्यिकीय – गुप्ता और गुप्ता

इकाई 13 सांख्यिकी गुणवत्ता नियंत्रण के प्रकार व तकनीकें (Types and Techniques of Statistical Quality Control)

इकाई की रुपरेखा

13.1 प्रस्तावना
13.2 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण का अर्थ
13.3 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण के लाभ
13.4 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की सीमाऐं
13.5 गुणवत्ता विशेषताओं में भिन्नता के कारण
13.6 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की विधियॉ
13.6.1 प्रक्रिया नियंत्रण
13.6.2 उत्पाद नियंत्रण
13.7 नियंत्रण लेखाचित्र
13.7.1 केन्द्रीय लेखाचित्र (CL)
13.7.2 ऊपरी नियंत्रण सीमा (UCL)
13.7.3 निचली नियंत्रण सीमा (LCL)
13.8 $\pm 3\sigma$ पर नियंत्रण सीमा निर्धारित करने का तर्क
13.9 नियंत्रण लेखाचित्र का उद्देश्य एवं प्रयोग
13.10 नियंत्रण लेखाचित्र के प्रकार
13.10.1 चरों के लिए लेखाचित्र
13.11 सारांश
13.12 शब्दावली
13.13 बोध प्रश्न
13.14 बोध प्रश्नों के उत्तर
13.15 स्वपरख प्रश्न
13.16 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- संख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण का अर्थ समझ सकें ।
- गुणवत्ता नियंत्रण के लाभों की व्याख्या कर सकें।
- गुणवत्ता नियंत्रण की सीमाओं का वर्णन कर सकें।
- गुणवत्ता विशेषताओं में भिन्नता के कारणों की व्याख्या कर सकें।
- संख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की विधियों का वर्णन कर सकें।
- सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की तकनीकें और चरों के लिए नियंत्रण लेखाचित्र का वर्णन कर सकें।

13.1 प्रस्तावना

प्रतिस्पर्धा के इस युग में, गुणात्मक उत्पादों के उत्पादन के लिए निर्माताओं के बाजार में प्रवेश करने की सरल आवश्यकता है और उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता पर लगातार नजर रख सके। लेकिन, बढे पैमाने पर उत्पादन स्तर के कारण उत्पादक द्वारा उत्पादित प्रत्येक वस्तु की गुणवत्ता की जॉच करने के लिए यह सभंव नहीं है। इसलिए, विनिर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए, सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण (SQC) का अध्ययन बहुत प्रासंगिक और उपयोगी हो जाता है।

13.2 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण का अर्थ

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण विनिर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करने में सांख्यिकीय तकनीकों के उपयोग को संदर्भित करता है। यह गुणवत्ता विनिर्देशों को स्थापित और प्राप्त करने का तरीका है, जिसमें आंकडों के उपकरणों और तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होती है। यह विनिर्मित उत्पादों के निरंतर प्रवाह में समान गुवत्ता के रखरखाव के लिए संभाव्यता के सिद्धान्त और नमूने के सिद्धान्त का एक महत्वपूर्ण अनुप्रयोग है। SQC का प्रमुख उपकरण एक नियंत्रण लेखाचित्र है जो सबसे पहले सामान्य वितरण के माध्यम से डब्लू0 ए0 रोबार्ट द्वारा पेश किया गया था।

कुछ महत्वपूर्ण सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की परिभाषाऐं नीचे दी गई हैं।

1. ''सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण को आसानी से यादृच्छिक नमूनों के साथ निरंतर परीक्षण के आधार पर विनिर्देश, उत्पादन और निरीक्षण की सम्पूर्ण परिचालन प्रक्रिया मे उत्पादन की गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधारने की आर्थिक और प्रभावी प्रणाली के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।''
2. सांख्यिकीय गुणवत्त नियंत्रण को उपकरणों के एक समूह के रूप में देखा जाना चाहिए, जो विनिर्देश उत्पादन या निरीक्षण के कार्यों के फैसले को प्रभावित कर सकते हैं। **यूजीन एल0 ग्रान्ट**

उपरोक्त परिभाषाओं से , SQC की आवश्यक विशेषताओं को इस तरीके से लाया जा सकता हैः

(1) यह विपणन के लिए उत्पादित वस्तुओं कें गुणवत्ता मानक को नियंत्रित करने के लिए तैयार किया जाता है।

(2) यह उत्पादकों द्वारा वस्तुओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए उत्पादन प्रक्रिया के दौरान प्रयोग किया जाता है।

(3) यह कुछ सांख्यिकीय उपकरणों जैस कि माध्य लेखाचित्र , विचरण लेखाचित्र, P लेखाचित्र, C लेखाचित्र, नमूनाकरण निरीक्षण योजना इत्यादि की सहायता से किया जाता है।

(4) यह गुणवत्ता की विविधताओं को निर्धारित करने एवं वस्तुओं की सहिष्णुता की सीमाओं के लिए तैयार किया जाता है।

13.3 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण के लाभ

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण के निम्नलिखित लाभ हैं :–

1. यह उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पाद की गुणवत्ता को नियंत्रित करने की एक उद्देश्य विधि प्रदान करता है। यह उत्पादन प्रबंधक को एक दृष्टि मे बताता है कि उत्पाद की गुणवत्ता नियंत्रण में है या नहीं ।
2. यह भिन्नता के असाधारण कारकों को समाप्त करने के लिए एक त्वरित विधि प्रदान करता है। सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की तकनीक का उपयोग करके हम भिन्न रूपों के असाधारण कारणों का पता लगा सकते हैं और उनसे बचने के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते हैं।
3. यह कम निरीक्षण लागत पर बेहतर गुणवत्ता आश्वासन प्रदान करता है। नमूनाकरण निरीक्षण हमेशा 100 प्रतिशत निरीक्षण के साथ सस्ता होता है। नियंत्रण लेखाचित्र व्याख्यात्मक और आर्थिक रूप से आसान है।
4. स्वीकृत नमूने उपभोक्ताअें के हितों की सुरक्षा करती है तो वे बहुत खराब गुणवत्ता को अस्वीकार कर सकें । यह उत्पादकों के लिए भी उपयोगी है क्योंकि उन्हें बहुत अच्छा होने की संभावना से अवगत कराया जाता है।
5. विनिर्माण संयंत्र मे सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की बहुत उपस्थिति का श्रमिकों के मनोदशा पर एक स्वस्थ प्रभाव पडता है और उन्हें गुणवत्ता के प्रति जागरूक बनाता है । उन्हें पता चलता है कि गुणवत्ता की जांच हो रही है।
6. एक गुणवत्ता वाला जागरूक उत्पादन इकाई अपने उत्पाद के उपभोक्ताओं से सद्भावना अर्जित करने मे सक्षम है जो कि लम्बी अवधि मे विशाल मूल्य का है।
7. गुणवत्ता नियंत्रण पर पिछले आंकडे एक नए संयंत्र और मशीनरी के साथ साथ तकनीकी कर्मचारियों की पसंद के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप मे सेवा कर सकते हैं।
8. गुणवत्ता नियंत्रण दस्तावेज के आधार पर किसी भी सरकारी संस्था से पहले उत्पादन की गुणवत्ता को परिभाषित करना संभव है।

13.4 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की सीमाऐं

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण के अपार महत्व के बाद SQC की तकनीकें कुछ सीमाओं से ग्रस्त हैं, जैसा कि निम्नवत है :

1. इसे अंधाधुंध रूप से सभी गुणवत्ता वाले बुराईयों के लिए एक रामबाण के रूप मे लागू नहीं किया जा सकता है।
2. इसका प्रयोग यांत्रिक तौर पर अपने असामान्य वातावरण का अध्ययन करने के बिना सभी उत्पादन प्रक्रियाओं के लिए नहीं किया जा सकता ।
3. गुणवत्ता में विविधताओं के विश्लेषण और व्याख्या की प्रक्रिया मे गणितीय सांख्यिकीय समस्याओं को ही शामिल करता है ।
4. यह केवल सूचना सेवाएं प्रदान करता है।

13.5 गुणवत्ता विशेषताओं मे भिन्नता के कारण

प्रत्येक निर्माता पूर्व निर्धारित मानकों के अनुसार उत्पाद का उत्पादन करता है। हालांकि उत्पाद को सबसे अधिक परिष्कृत तकनीक के साथ पूर्ण किया जाता है, उत्पादों की गुणवत्ता में कुछ भिन्नताऐं होती हैं, उदाहरण के लिए, यह संभव नहीं है कि कारखाने में उत्पादित सभी पिन, नट या बोल्ट्स एक ही गुणवत्ता के समान होंगे हालांकि कुछ भिन्नताऐं होनी चाहिए, लेकिन यह छोटी छोटी वस्तुओं की गुणवत्ता मे हो सकती है। इस भिन्नता के विभिन्न कारण हो सकते हैं इन कारणों को दो समूहों में वर्गीकृत किया जाता है:–

1. **निर्धारित करने योग्य कारण** :– इन कारणों से, जैसा कि नाम का सुझाव दिया गया है, उत्पादों की गुणवत्ता में उन परिवर्तनों को संदर्भित किया जा सकता है जो दोषपूर्ण सामग्रियों, दोषपूर्ण श्रम, दोषपूर्ण मशीन आदि जैसे किसी विशेष कारण को सौंपा जा सकता है बदलाओं का असर नियंत्रण के बेहतर तंत्र के साथ समाप्त हो सकता है जैसे SQC।
2. **संभावना योग्य कारण** :– इन कारणों से, जैसा कि नाम का सुझाव दिया गया है, संभावना संचयी प्रभाव के परिणामस्वरूप यादृच्छिक रूप में होता है और इसलिए इसे किसी उत्पादन योजना में भिन्नता के रूप मे स्वीकार किया जाता है। इन दो प्रकार के कारणों से, संभावना के कारणों के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। हालांकि निर्धारित बदलावों का पता लगाया जा सकता है और उन्हें सही किया जा सकता है।

13.6 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की विधियॉ

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण की दो प्रकार की विधियॉ होती है जिनहें कारखाना संचालन के भिन्न भिन्न चरणों मे प्रयोग किया जाता है। वे निम्नानुसार हैं :–

13.6.1. प्रक्रिया नियंत्रण :–

प्रक्रिया नियंत्रण के अन्तर्गत, उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण मे होती है जबकि उत्पाद, उप्पादन की प्रक्रिया में होते हैं। नियंत्रण प्रक्रिया नियंत्रण लेखाचित्र के साथ सुरक्षित है। नियंत्रण लेखाचित्र का उपयोग न केवल उत्पादन गुणवत्ता नियंत्रण की माप के रूप मे किया जाता है अपितु इसका उपयोग विज्ञापन, पैकिंग, एअरलाइन आरक्षण इत्यादि क्षेत्रों में भी किया जाता है। नियंत्रण लेखाचित्र सुनिश्चित करते हैं कि क्या उत्पाद निर्दिष्ट गुणवत्ता मानक की पुष्टि करते हैं या नहीं ।

13.6.2 उत्पाद नियंत्रण :–

उत्पाद नियंत्रण के अर्न्तगत, उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रित होती है जबकि उत्पाद ग्राहकों के बिक्री और प्रेषण के लिए तैयार है । उत्पाद नियंत्रण स्वीकृति नमूने के साथ सुरक्षित होता है। स्वीकृति नमूने मे निर्मित वस्तु बहुत सारे बनते हैं, कुछ वस्तु यादृच्छिक चुने जाते हैं निश्चित नियमों के आधार पर कुछ ढेर यादृच्छिक चुने जाते हैं और उनमे से कुछ स्वीकार किये जाते हैं, आमतौर पर इसे नमूना निरीक्षण योजना कहा जाता है। इस प्रकार, प्रक्रिया नियंत्रण वस्तु की गुणवत्ता नियंत्रण की

उत्पादन प्रक्रिया अवधि के साथ संबंधित है जबकि उत्पाद नियंत्रण तैयार हुए वस्तुओं के निरीक्षण के साथ सम्बन्धित है, जब वे वितरण के लिए तैयार है।

13.7 नियंत्रण लेखाचित्र

उत्पादन प्रक्रिया में भिन्नता के अप्राकृतिक तरीका और अनुमेय सीमा का निर्धारण करने के लिए नियंत्रण लेखाचित्र उत्पादन प्रक्रिया में भिन्नता के अप्राकृतिक तरीके और संभावना और नमूने के अनुमेय सीमा का निर्धारण करने के लिए बाल्टर ए0 शेवार्ट द्वारा विकसित रेखाचित्रीय उपकरण है । नियंत्रण लेखाचित्र सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण के केन्द्रभाग है। ये संभावना और नमूने के सिद्धान्त पर आधारित है। नियंत्रण लेखाचित्र निर्माण मे सरल और व्याख्या में आसान है और ये उत्पादन प्रबंधक को एक नजर में बताते हैं कि प्रक्रिया नियंत्रण मे है या नहीं अर्थात् सहिष्णुता सीमा के भीतर, एक नियंत्रण लेखाचित्र में तीन क्षैतिज रेखाएं होती हैं (1) केन्द्रीय रेखा (CL) (2) ऊपरी नियंत्रण सीमा (UCL), और (3) निचली नियंत्रण सीमा (LCL)

13.7.1 केन्द्रीय रेखा (CL)

केन्द्रीय रेखा लेखाचित्र की मध्यम रेखा हें यह नमूनों के उच्च औसत की मापों को इंगित करती है। यह वांछनीय मानक या प्रक्रिया के स्तर को दर्शाती है। केन्द्रीय रेखा को सामान्यतः स्पष्ट रेखा द्वारा तैयार किया जाता है।

13.7.2 ऊपरी नियंत्रण सीमा (UCL) :–

ऊपरी नियंत्रण सीमा सामान्यतः उच्च औसत में 3 सिग्मा (3σ) जोडने के द्वारा प्राप्त किया जाता हैं इसे माध्य $+3\sigma$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता हैं ऊपरी नियंत्रण सीमा को सामानयतः बिन्दुकित रेखा द्वारा तैयार किया जाता है।

13.7.3 निचली नियंत्रण सीमा (CLC) :–

निचली नियंत्रण सीमा सामान्यतः उच्च औसत में से 3 सिग्मा (3σ) घटाने के बाद प्रापत की जाती है। इसे माध्य (3σ) द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। ऊपरी नियंत्रण सीमा की तरह इसे भी बिन्दुकित रेखा द्वारा तेयार किया जाता है इन तीनों रेखाओं के आधार पर, एक नियंत्रण रेखचित का निर्माण किया जाता है। नियंत्रण लेखाचित्र का सामान्य स्परूप नीचे आरेख में दिया गया है :–



नियंत्रण लेखाचित्र में आंकडों के माध्य मानों (जैसे, माध्य, विचरण, मानक विचलन आदि) की एक दृश्य स्पष्टता प्रदान करने के लिए लगातार नमूने रेखांकित किए जाते हे। और प्रायः टूटी हुई रेखाओं से जुड जाते हैं जब तक, नमूना बिन्दु

ऊपरी और निचले नियंत्रण सीमाओं के भतर आते हैं चिंता की कोई बात नहीं है और ऐसी परिस्थितियों में नमूने के बीच भिन्नता का कारण संभावना के कारण होता है।

13.8 ± 30 पर नियंत्रण सीमाओं की स्थापना के लिए तर्क

डॉ0 शेवार्ट ने नियंत्रण लेखाचित्र के लिए 3σ सीमा को प्रस्तावित किया। प्रायिकता में से , यदि एक चर X सामान्य रूप से वितरित है, तो यादृच्छिक चर की प्रायिकता $\bar{x} \pm 3\sigma$ के बीच होगी। जहॉ, $\bar{x}$ माध्य है और σ मानक विचलन (0.9973) है जोकि बहुत अधिक है। इस प्रकार, यादृच्छिक चर के इन सीमाओं से बाहर होने की प्रयिकता 0.0027 है, जोकि बहुत कम है। दूसरे शब्दों में सीमाओं $\bar{x} \pm 3\sigma$ के पार घटनाओं का घटित होना वर्शते सामान्य वक्र में घटनाओं का होना है, सामान्य परिस्थितियों मे 1000 घटनाओं में से लगभग 3 बहुत ही दूरस्थ है। इस प्रकार यदि $\pm 3\sigma$ सीमाऐं नियोजित होती है और चर गुणवत्ता मानी हुई सामान्य वितरित विोषता है तब नमूना अंक के इन सीमाओं से बाहर होने की संभावना जब प्रक्रिया नियंत्रण बहुत कम होती है।

13.9 नियंत्रण लेखाचित्र के उद्देश्य एवं उपयोग

नियंत्रण लेखाचित्र निम्न परिस्थितियों में उपयोगी है :–

1. यह प्रकिया के दौरान उत्पन्न होने वाले उत्पादों के गुणवत्ता मानक को निर्धारित करने मे ंसहायता करता है।
2. यह गुणवत्ता के मानकों मे ंसंभावना और उत्पादों के दो नियंत्रण सीमा रेखाओं की नियत भिन्नता का पता लगाने में सहायता करता है।
3. यह वांछित स्तर से उत्पादों के गुणवत्ता मानकों में विविधताओं का पता लगता है।
4. यह इंगित करता है कि क्या उत्पादन प्रक्रिया नियंत्रण में है या नहीं इसके लिए आवश्यक सुधार क्रम उढाता है।
5. नियंत्रण लेखाचित्र निर्माण एवं व्याख्या में होते है।
6. यह प्रक्रिया नियंत्रण मे ंकम निरीक्षण लागत और समय सुनिश्चित करता है।
7. नियंत्रण लेखाचित्र उत्पादन प्रबंधक को एक नजर में बताता है कि क्या प्रक्रिया नियंत्रण में है या नहीं ।

13.10 नियंत्रण लेखाचित्र के प्रकार

नियंत्रण लेखाचित्र क्या किसी दिए गए उत्पाद की गुणवत्ता या विशेषता मापने योग्य है या नही, के आधार पर दो प्रकार के होते है। ये है :–

(अ) चरों के लिए नियंत्रण लेखाचित्र

I. $\bar{x}$ – लेखाचित्र

II. R – लेखाचित्र

III. σ – लेखाचित्र

(ब) विशेषताओं के लिए नियंत्रण लेखाचित्र (जिसे आप अगले अध्याय में अध्ययन करेंगे)

I. p – लेखाचित्र
II. np – लेखाचित्र
III. c – लेखाचित्र



13.10.1 चरों के लिए नियंत्रण लेखाचित्र :–

इन लेखाचित्रों का उपयोग तब किया जाता है। जब किसी उत्पाद की गुणवत्ता या विशेषताओं को मात्रात्मक रूप मे मापा जाता हैं जैसे स्टील वाक्स की माप, स्क्रू का व्यास, स्टील पाइप की तन्यता शक्ति, तार का प्रतिरोध आदि । ऐसे लेखाचित्र तीन प्रकार के होते हैं :–

(i) $\bar{x}$ लेखाचित्र यह लेखाचित्र उत्पादन प्रक्रिया मे उत्पादों की औसत गुणवत्ता मानक में भिन्नताओं को नियंत्रित करने के लिए तैयार किया जाता है।

प्रक्रिया : $\bar{x}$ के निर्माण में निम्नलिखित चरण शामिल हैं

1. प्रत्येक नमूने के माध्य की गणना करें, अर्थात् $\bar{x}_1$, $\bar{x}_2$, $\bar{x}_3$.....$\bar{x}_k$
2. नमूने माध्य के माध्य को नमूने माध्य के योग द्वारा नमूना संख्या से विभाजित करें अर्थात

$$\bar{x} = \frac{\bar{x}_1, \bar{x}_2, \bar{x}_3 --- \bar{x}_k}{No\ of\ Samples} = \frac{\sum \bar{x}}{k}$$

जहॉ k नमूनो की संख्या

यह उच्च माध्य $\bar{x}$ केन्द्रीय रेखा (CL) को प्रदर्शित करती है।

3. निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हुए नियंत्रण सीमाऐं निर्धारित करें

(अ) समग्र के मानक विचलन σ के आधार पर नियंत्रण सीमाऐं

$$= \bar{x} + \frac{3\sigma}{\sqrt{n}}$$

इसलिए

$$\text{UCL} = \bar{x} + \frac{3\sigma}{\sqrt{n}} \quad \text{और}$$

$$\text{LCL} = \bar{x} - \frac{3\sigma}{\sqrt{n}}$$

ये नियंत्रण सीमाऐं ऊपरी नियंत्रण रेखा और निचली नियंत्रण रेखाऐं प्रदर्शित करती हे।

(ब) गुणवत्ता नियंत्रण कारकों A_2 और $\bar{R}$ के आधार पर नियंत्रण सीमाऐं

$= \bar{\bar{X}} \pm A_2\bar{R}$ जहाँ $\bar{R} =$ विचरणों का माध्य

$$UCL = \bar{\bar{X}} + A_2\bar{R}$$
$$LCL = \bar{\bar{X}} - A_2\bar{R}$$

जहाँ A_2 गुणवत्ता यिंत्रण कारक है जिसका मान नियंत्रण लेखाचित्र तालिका से नमूना आकार के साथ संदर्भित होता है, और

$\bar{R} =$ विचरण का माध्य $= \frac{\sum R}{N}$

4. x अक्ष में नमूना अंक रेखंकित करके और y अक्ष मे ंनमूना माध्य, UCL, LCL और केन्द्रीय रेखा द्वारा माध्य लेखाचित्र का निर्माण करें।
5. $\bar{x}$ लेखाचित्र की व्याख्या करें। यदि सभी नमूने माध्य $\bar{x}$ नियंत्रण सीमाओं के अन्दर आते है। उत्पादन प्रक्रिया नियंत्रण की स्थिति में है अन्यथा, नियंत्रण से बाहर है।
6. R लेखाचित्र :– विचरण (R) लेखाचित्र को एक उत्पादन पक्रिया में उत्पादों की गुणवत्ता मानक के फैलाव या परिवर्तनशीलता में भिन्नता को नियंत्रित करने के लिए तैयार किया जाता है।

   प्रक्रिया :– R लेखाचित्र के निर्माण में निम्नलिखित चरण शामिल हैं :

   1. $R = L - S = L$ सबसे बडा मान S सबसे छोटा मान

   सूत्र का प्रयोग करते हुए प्रत्येक नमूने के लिए विचरण की गणना करें।

   2. विचरण के माध्यों के नमूनों के योग द्वारा $\sum R$ नमूना संख्या से विभाजित करें अर्थात

   $$\bar{R} = \frac{R_1+R_2+\cdots\ldots\ldots R_k}{k} = \frac{\sum R}{k}$$

   जहाँ k नमूनों की संख्या

   विचरण का माध्य $(\overline{R})$ R लेखाचित्र के लिए केन्द्रयी रेखा (CL) प्रदर्शित करती है।

   3. निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग करते हुए नियंत्रण सीमाएं ज्ञात करें।

   (अ) गुणवत्ता नियंत्रण कारकों D_3 , D_4 और $\bar{R}$ के आधार पर :

   ऊपरी नियंत्रण सीमा (UCL) = $D_4\bar{R}$

   निचली नियंत्रण सीमा (LCL) = $D_3\bar{R}$

   जहाँ D_3 , D_4 गुणवत्ता नियंत्रण कारक हैं और उनका मान नियंत्रण लेखाचित्र से नमूना आकार के साथ सर्दर्भित करके प्राप्त किया जाता है।

   $\bar{R} =$ विचरण का माध्य

   (ब) गुणवत्ता नियंत्रण कारकों D_1 , D_2 और समग्र मानक विचलन σ के आधार पर

   UCL = $D_2\sigma$

   LCL = $D_1\sigma$

जहॉ D_1 , D_2 गुणवत्ता नियंत्रण कारक हैं। स्ब्स् का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता है और इस स्थिति में इसे शून्य तक कम किया जायेगा।

4. R लेखचित्र (विचरण लेखाचित्र) का निर्माण X अक्ष में नमूना संख्या को रेखांकित करके एवं Y अक्ष में नमूना विचरण R, UCL , LCL और केन्द्रीय रेखा द्वारा किया जाताहै।
5. R लेखाचित्र की व्याख्या करें। यदि सभी नमूने विचरण त नियंत्रण सीमाओं के अन्दर आते हैं तो उत्पादन प्रक्रिया नियंत्रण की स्थिति में हैं अन्यथा नियंत्रण से बाहर हैं।

उदाहरण 13.1 5 नमूनों के साथ प्रत्येक 5 वस्तुओं में निम्नलिखित आंकडों $\bar{x}$ लेखाचित्र एवं विचरण लेखाचित्र का निर्माण करें :

नमूना संख्या	वजन				
1	20	15	10	11	14
2	12	18	10	8	22
3	21	19	17	10	13
4	15	12	19	14	20
5	20	19	26	12	23

$n\varepsilon_5$ के लिए रूपांतर कारक $A_2 = 0.577$, $D_3 = 0$, $D_4 = 2.115$

हल :– $\bar{x}$ और R लेखाचित्र का निर्माण

नमूना संख्या	प्रत्येक नमूने में वस्तु का वजन (X)					कुल वजन (ΣX)	$\bar{X} = (\Sigma X \div 5)$	विचरण $R = (L - S)$
1	20	15	10	11	14	70	14	10
2	12	18	10	8	22	70	14	14
3	21	19	17	10	13	80	16	11
4	15	12	19	14	20	80	16	8
5	20	19	26	12	23	100	20	14
$K = 5$							$\Sigma\bar{X} = 80$	$\Sigma R = 57$

$$\bar{\bar{X}} = \frac{\Sigma\bar{X}}{k} = \frac{80}{5} = 16 \qquad \bar{R} = \frac{\Sigma R}{k} = \frac{57}{5} = 11.4$$

$\bar{x}$ – लेखाचित्र

$\bar{x} =$ 16(केन्द्रीय रेखा)



नियंत्रण सीमाऐं

UCL $= \bar{X} + A_2\bar{R}$
$= 16 + 0.577 \times 11.4$
$= 16 + 6.577$
$= 22.577$

LCL $= \bar{X} - A_2\bar{R}$
$= 16 - 0.577 \times 11.4$
$= 16 - 6.577$
$= 9.423$

जैसा कि समस्त नमूना माध्य मान नियंत्रण सीमाओं के अन्दर आते हैं, लेखाचित्र प्रदर्शित करता है कि दी हुई प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण में है।

विचरण लेखाचित्र (Range chart) :



$\bar{R} = 11.4$ (केन्द्रीय रेखा)

नियंत्रण सीमाऐं

UCL = $D_2\bar{R} = 2.115 \times 11.4 = 24.09$ LCL = $D_3\bar{R} = 0 \times 11.4 = 0$

जैसा कि सभी विचरण बिन्दु नियंत्रण सीमाओं के अन्दर आते हैं, इसलिए R लेखाचित्र प्रदर्शित करता है कि दी हुई प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण में है।

उदाहरण 13.2 एक मशीन दिये गए पैकेट के बजन के वितरित होने के लिए तैयार है । प्रत्येक आकार 5 के 10 नमूनों को नीचे दिये हुए आंकडों में लेखाबद्ध किया गया था।

नमूना संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	Total
माध्य $\bar{X}$	15	17	15	18	17	14	18	15	17	16	162
विचरण	7	7	4	9	8	7	12	4	11	5	74

माध्य लेखाचित्र और विचरण लेखा चित्र का निर्माण करें और नियंत्रण की स्थिति टिप्पणी करें।

(n=5) के लिए रूपांतर कारक $A_2 = .577$, $D_3 = 0$ और $D_4 = 2.115$

हल :–

नमूना संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	Total
माध्य $\bar{X}$	15	17	15	18	17	14	18	15	17	16	162
विचरण	7	7	4	9	8	7	12	4	11	5	74

$$\bar{\bar{X}} = \frac{\Sigma\bar{X}}{N} = \frac{162}{10} = 16.2 \qquad \bar{R} = \frac{\Sigma R}{N} = \frac{74}{10} = 7.4$$

माध्य लेखाचित्र ($\bar{x}$ लेखाचित्र)

$\bar{x} = 16.2$ (केन्द्रीय रेखा)

नियंत्रण सीमाऐं

UCL $= \bar{X} + A_2\bar{R}$
$= 16.2 + 0.577 \times 7.4$
$= 20.47$

LCL $= \bar{X} - A_2\bar{R}$
$= 16.2 - 0.577 \times 7.4$
$= 11.93$



जैसा कि समस्त नमूने माध्य मान नियंत्रण सीमाओं के अंदर आते हैं, लेखाचित्र प्रदर्शित करता है कि दी गई प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण में है।

विचरण लेखाचित्र (R–लेखाचित्र)

$\bar{R} = 7.4$ (केन्द्रीय रेखा)

नियंत्रण सीमाऐं

$$\text{UCL} = D_4.\bar{R}$$
$$= 2.115 \times 7.4$$
$$= 15.65$$

$$\text{LCL} = D_3\bar{R}$$
$$= 0 \times 7.45 = 0$$



जैसा कि विचरण बिन्दु नियंत्रण सीमाओं के अंदर आते हैं, इसलिए लेखाचित्र प्रदर्शित करता है कि दी गई प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण में है।

उदाहरण 13.3 10 नमूनों में सो आकार 5 के तैयार उत्पादों की लम्बाई और विचरण की लम्बाई निम्नवत दी हुई है :

नमूना संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
माध्य $\bar{X}$	201	198	202	200	203	204	199	196	199	201
विचरण	5	0	7	3	4	7	2	8	5	6

लम्बाई के लिए विनिर्देश सीमा 200 ± 5 सेमी है। $\bar{x}$ और R लेखाचित्र का निर्माण करें और जांच करें कि क्या प्रक्रिया नियंत्रण में है और अपनी सिफारिशें बताएं ।

मान लें n=5 के लिए , $A_2 = 0.577$, $D_3 = 0$, $D_4 = 2.115$

हल : विनिर्देश सीमाऐं 200 ± 5 सेमी दी गई हैं। इसलिए माध्य ज्ञात है जबकि मानक विचलन अज्ञात है।

$\bar{x}$ लेखाचित्र के नियंत्रण सीमाऐं

केन्द्रीय सीमा $CL = \bar{x} = 200$

$UCL = \bar{\bar{X}} + A_2\bar{R}$ जहाँ $\bar{R} = \frac{\Sigma R_i}{10} = \frac{47}{10} = 4.7$

$UCL = 200 + 0.577 \times 4.7 = 202.712$
$LCL = 200 - 0.577 \times 4.7 = 197.29$
R लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$CL = \bar{R} = 4.7.$$
$$UCL = D_4\bar{R} = 2.115 \times 4.7 = 9.941$$
$$LCL = D_3\bar{R} = 0 \times 4.7 = 0$$

$\bar{x}$ और R लेखाचित्र चित्र (अ) और (ब) में क्रमशः खीचे गए हैं।



चित्र (अ)



चित्र (ब)

यह देखा जा सकता है कि सभी बिन्दु R लेखाचित्र की नियंत्रण सीमाओं के अन्दर है। यद्यपि तीन बिन्दु नमूना संख्या 5 , 6 और 8 संबंधित $\bar{x}$ लेखाचित्र के बाहर है। इसलिए प्रक्रिया सांख्यिकीय नियंत्रण में नहीं है। प्रक्रिया के जांच की आवश्यकता है

क्योंकि यह किसी निर्धारित कारण से हुई है। यदि वे पाये जाते हैं तो उनहें हटाने के लिए प्रक्रिया को समायोजित करना चाहिए, अन्यथा वहॉ पर उतार चढाव जारी रहेंगे।

उदाहरण 13.4 छः वस्तुओं के प्रत्येक 25 नमूने मशीन के समनुक्रम से संबंधित थे जिनका माध्य 0.81 इंच और विचरण 0.0025 इंच था। ऊपरी नियंत्रण सीमाओं और निचली नियंत्रण सीमाओं के माध्य लेखाचित्र और विचरण लेखाचित्र की गणना करें।

n=6 के लिए , $A_2 = 0.483 , D_3 = 0 , D_4 = 2.004$

हल : दिया हुआ है :

$\bar{x} = 0.81 , \bar{R} = 0.0025 , n = 6$

$\bar{x}$ – लेखाचित्र

नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = \bar{\bar{X}} + A_2\bar{R}$$
$$= .81 + (.483)(.0025)$$
$$= .8112$$
$$LCL = \bar{\bar{X}} - A_2\bar{R}$$
$$= .81 - (.483)(.0025)$$

$$= .8088$$

विचरण लेखाचित्र

नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = D_4\bar{R}$$
$$= (2.004) \times (.0025)$$

$$= 0.0050.$$
$$LCL = D_3\bar{R}$$
$$= 0 \times (.0025) = 0.$$

उदाहरण 13.5 एक बडे नमूने के आधार पर एक निश्चित संयंत्र द्वारा निर्मित बेटरी सेल की अनुमानित औसत आयु 1500 घंटे, 180 घंटे मानक विचलन के साथ थी। नमूना आकार n=9 के लिए 3 सिग्मा (3σ) $\bar{x}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाओं की गणना करें।

हल : दिया हुआ है : $\bar{x} = 1500$ घंटे , $\sigma = 180$ घंटे $n = 9$

$\bar{x}$ लेखाचित्र के लिए नियंत्रण सीमाऐं

$$UCL = \bar{\bar{X}} + 3\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$$

$$= 1500 + 3 \times \frac{180}{\sqrt{9}}$$
$$= 1680$$
$$LCL = \bar{\bar{X}} - 3\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$$

$$= 1500 - 3 \times \frac{180}{\sqrt{9}}$$
$$= 1320$$

III σ लेखाचित्र विचरण लेखाचित्र से प्राप्त विभिन्न नमूनों के आसानी से उपलबध मानक विचलन निर्माण की प्रक्रिया की तुलना में इस लेखाचित्र को एक गुणवत्ता मानक में भिन्नताओं के बेहतर चित्र प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

प्रक्रिया : σ लेखाचित्र के निर्माण में निम्नलिखित चरण शामिल हैं :

I यदि S.D नहीं दिया है तो प्रत्येक नमूने के लिए S.D. ज्ञात करें।

II $\bar{S} = \frac{\Sigma S}{k} = \frac{S_1+S_2+S_3+\cdots S_k}{k}$ सूत्र का प्रयोग करते हुए मानक विचलन के माध्य की गणना करें। $S.D_s$ का माध्य $(\bar{s})$ केन्द्रीय रेखा (CL) को प्रदर्शित करता है।

III सूत्रों का प्रयोग करते हुए ऊपरी एवं निचली नियंत्रण सीमाऐं ज्ञात करें।

(अ) गुणवत्ता नियंत्रण कारकों B_1 B_2 और समग्र मानक विचलन σ के आधार पर

$$UCL = B_2.\sigma \qquad LCL = B_1.\sigma$$

(ब) गुणवत्ता नियंत्रण कारकों B_3 B_4 और अनुमानित समग्र मानक विचलन $\bar{s}$ के आधार पर $UCL = B_4.\bar{S}$ $LCL = B_3.\bar{S}$

जहॉ B_1 B_2 B_3 B_4 गुणवत्ता नियंत्रण कारक है।

IV σ लेखाचित्र का निर्माण x अक्ष में नमूना अंक को रेखांकित और y अक्ष में नमूना S.D. (σ), UCL, LCL और CL को रेखांकित करके किया जाता हे।

V इस प्रकार बने हुए लेखाचित्र की व्याख्या करते हैं।

उदाहरण 13.6 एक कारखाने में माध्य एवं मानक विलन लेखाचित्रों की सहायता से गुणवत्ता नियंत्रण बनाया जाता है। प्रत्येक नमूने से 10 वस्तुओं को चयनित किया गया है। सभी 18 नमूनों का चयन किया गया था जिनका $\sum \bar{x}$ 595.8 और $\sum s$ 8.28 था। $\bar{x}$ और σ लेखाचित्रों का 3σ (तीन सिग्मा) सीमाऐं ज्ञात करें। आप 3σ की सीमाऐं ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित कारकों का प्रयोग कर सकते हैं :

n	A_1	B_3	B_4
10	0.949	0.28	1.72

हल :

$\Sigma\bar{X} = 595.8$, $\Sigma S = 8.28$, $n = 18$ दिया हुआ है।

$$\bar{\bar{X}} = \frac{\Sigma\bar{X}}{k} = \frac{595.8}{18} = 33.1$$
$$\bar{S} = \frac{\Sigma S}{k} = \frac{8.28}{18} = 0.46$$

$\bar{x}$ लेखाचित्र

$\bar{x} = 33.1$ (केन्द्रीय रेखा)

नियंत्रण सीमाऐं

UCL $= \bar{\bar{X}} + A_1\bar{\sigma}$	LCL $= \bar{\bar{X}} - A_1\bar{\sigma}$
= 33.1 + (0.949)(.46)	= 33.1 - (0.949)(.46)
= 33.1 + .43675	= 33.1 - .43675
= 33.53	= 32.66

नियंत्रण सीमाए

$$\bar{S} = 0.46$$
$$UCL = B_4\bar{S} = 1.72 \times 0.46 = 0.7912$$
$$LCL = B_3\bar{S} = 0.28 \times 0.46 = 0.1288$$

13.11 सारांश

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करके गुणवत्ता विर्निदेश द्वारा स्थापित और प्राप्त करने के तरीके की प्रक्रिया है, जिसमे सांख्यिकीय के उपकरणों एवं तकनीकीयों की आवश्यकता होती है और चरों के लिए नियंत्रण लेखाचित्रों का प्रयोग तब किया जाता हे जब वस्तु की गुणवत्ता या विशेषता संख्यात्मक मानों के रूप मे मापने के लिए उपयुक्त हो रही हो और वे SQC में बहुत ज्यादा उपयोगी हो। निर्मित उत्पादों के निरंतर प्रवाह में समान गुणवत्ता के रखरखाव के लिए SQC संभाव्यता के सिद्धान्त और नमूनाकरण के सिद्धान्त का एक महत्वपूर्ण अनुप्रयोग है। इसके बहुत सारे गुण एवं सीमाऐं है। इसके बावजूद यह भिन्नता के कारणों की पहचान करने और उन्हें प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिये बहुत उपयोगी है।

13.12 शब्दावली

सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रणः यह विनिर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करने में सांख्यिकीय तकनीकों के उपयोग को संदर्भित करता है।

13.13 बोध प्रश्न

1. 5 वस्तुओं के प्रत्येक समूह में से 12 नमूनों के निम्नलिखित आंकडों के लिए $\bar{x}$ लेखाचित्र और R लेखाचित्र का निर्माण करें :

42	42	19	36	42	51	60	18	15	69	64	61
65	45	24	54	51	74	60	20	30	109	90	78
75	68	80	69	57	75	72	27	39	113	93	94
78	72	81	77	59	78	95	42	62	118	109	109
87	90	81	84	78	132	138	60	84	153	112	136

दिया हुआ है $n = 5$, $A_2 = 0.58$, $D_3 = 0$, $D_4 = 2.115$

2 एक मशीन दिये गए पैकेट के वजन के वितरित होने के लिए तैयार है। प्रत्येक आकार 5 के 10 नमूनों को नीचे दिये हुए आंकडों में लेखाबद्ध किया गया था :

नमूना संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
नमूना माध्य $\bar{X}$	20	34	45	39	26	29	13	34	37	23
नमूना विचरण	23	29	15	5	29	17	21	11	90	10

माध्य लेखाचित्र और विचरण लेखाचित्र का निर्माण करें और इंगित करें कि क्या प्रक्रिया नियंत्रण में है।

$n = 5, A_2 = 0.58, D_3 = 0, D_4 = 2.115$

3 10 नमूनों के प्रत्येक 15 वस्तुओं का माध्य लेखा चित्र और विचरण लेखाचित्र का निर्माण करें और गुणवत्ता की प्रक्रिया पर टिप्पणी करें। निम्नलिखित आंकडे माध्य $\bar{x}$ और विचरण R के लिए है :

नमूना अंक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
नमूना माध्य $\bar{X}$	11.2	11.8	10.8	11.6	11.0	9.6	10.4	9.6	10.6	10.0
नमूना विचरण (R)	7	4	8	5	7	4	8	4	7	9

$n = 5$ are $A_2 = 0.577, D_3 = 0$ और $D_4 = 2.115$

4 प्रत्येक 5 वस्तुओं के तीस नमूनों को मशीन के उत्पादन से लिया गया और एक महत्वपूर्ण आयाम मापा। 30 नमूनों का मएय 0.6550 इंच और विचरण माध्य 0.0036 इंच था।

$\bar{x}$ और R लेखाचित्रों के लिए नियंत्रण सीमाओं की गणना करें।

- प्रतिदर्श आकार के छोटे होने की स्थिति में, अर्थात n_1 या $n_2 < 8$ तक हम वैकल्पिक विधि प्रयोग कर सकते हैं। U को w_s से न्यूनतम w_s का घटाकर ज्ञात किया जाता है, जहॉ w_s R_1 या R_2 से छोटा है और s प्रतिदर्श मे तत्वों की संख्या छोटे योग के साथ है। तब हम इस परिकल्पित मान को U के महत्वपूर्ण मान की बिल्कसन तालिका से तुलना करते हैं और शून्य परिकलपना के स्वीकृत या अस्वीकृत के सम्बन्ध में निर्णय लेते हैं।

उदाहरण 6 :– एक परीक्षा में लडकों एवं लडकियों द्वारा प्राप्त अंकों से सम्बन्धित आंकडे निम्नवत दिये गये हैं :

लडके (B):	44	56	32	36	52	48	40	44	56	52	36	32
लडकियॉ (G):	40	48	44	36	44	24	32	16	36	44	28	30

U परीक्षण का प्रयोग 10 प्रतिशत महत्व के स्तर पर यह परीक्षण करने के लिए करें कि दोनों लडकें एव ंलडकियॉ समान माध्य के साथ एक समग्र से ली गई है।

हल :– H_0 : लडकें एवं लडकियों का प्रतिदर्श समान माध्य के साथ्ज्ञ एक समग्र से लिया गया है।

H_1 : लडके एवं लडकियों का प्रतिदर्श समान माध्य के साथ भिन्न समग्र से लिया गया है।

अब हम सभी अवलोकनों को बढते क्रम में व्यवस्थित करेंगे और उन्हें श्रेणी निर्दिष्ट करेंगे।

प्रतिदर्श मान	श्रेणी	लडकों की श्रेणी (B)	लडकियों की श्रेणी (G)
16 (G)	1	-	1
24 (G)	2	-	2
28 (G)	3	-	3
30 (G)	4	-	4
32 (B)	6	6	-
32 (B)	6	6	-
32 (G)	6	-	6
36 (B)	9.5	9.5	-
36 (B)	9.5	9.5	-
36 (G)	9.5	-	9.5
36 (G)	9.5	-	9.5
40 (B)	12.5	12.5	-
40 (G)	12.5	-	12.5
44 (B)	16	16	-
44 (B)	16	16	-
44 (G)	16	-	16
44 (G)	16	-	16
44 (G)	16	-	16
48 (B)	19.5	19.5	-

48 (G)	19.5	-	19.5
52 (B)	21.5	21.5	-
52 (B)	21.5	21.5	-
56 (B)	23.5	23.5	-
56 (B)	23.5	23.5	-
Total		***R_1 = 185***	***R_2 = 115***

अब, इसके अर्न्तगत U आंकडे का मान ज्ञात करेंगें :

$$U = n_1 \times n_2 + \frac{n_1\,(n_1+1)}{2} - R_1$$

$$= (12 \times 12) + \frac{12\,(12+1)}{2} - 185$$

$$= 144 + 78 - 185 = 37$$

Or

$$U = n_1 \times n_2 + \frac{n_2\,(n_2+1)}{2} - R_2$$

$$= (12 \times 12) + \frac{12\,(12+1)}{2} - 115$$

$$= 144 + 78 - 115 = 107$$

चूँकि $n_1 = n_2$ $n_1 = 12$ और $n_2 = 12$ (दोनों ही 8 से अधिक है), इसलिए, U का प्रतिदर्श वितरण लगभग सामान्य वक्र की ओर होता है। निम्नलिखित सूत्र U को Z आंकडे मे ंपरिवर्तित किया जाता है :–

$$Z = \frac{U - (n_1\, n_2)/2}{\sqrt{\frac{n_1\,.\,n_2(n_1+n_2+1)}{12}}}$$

$$= \frac{37-(12 \times 12)/2}{\sqrt{\frac{12\times12(12+12+1)}{12}}} \qquad [\text{जब } U = 37]$$

$$= \frac{37-72}{17.32} = -2.02$$

या

$$Z = \frac{107 - (12 \times 12)/2}{\sqrt{\frac{12\times12(12+12+1)}{12}}} \qquad [\text{जब } U = 107]$$

$$= \frac{107-72}{17.32} = +2.02$$

चूँकि यह एक द्विपुच्छीय परीक्षण है, 10 प्रतिशत महत्व के स्तर पर Z का महत्वपूर्ण मान ± 1.64 है। Z का परिकल्पित मान ± 2.02 महत्वपूर्ण मान से अधिक है । इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य होती है और हम निष्कर्ष निकालते हैं कि लडके एवं लडकियां समान माध्य के साथ समग्र से लिये गए हैं।

उदाहरण 7 :– दो प्रतिदर्श पहली स्थिति में 90, 94, 36 और 44 मानों के साथ ओर दूसरी स्थिति में 53, 39, 6, 24 और 33 मानों के साथ दिये गए हैं। U परीक्षण का प्रयोग 10 प्रतिशत महत्व के स्तर पर करें कि समान माध्य के साथ प्रतिदर्श समग्र से लिये गये हैं।

हल :– μ_0: समान माध्य के साथ दो प्रतिदर्श समग्र से लिये गये हैं।

H_1 : विभिन्न माध्यों के साथ दो प्रतिदर्श समग्र से लिये गए हैं। अब, हम अवलोकनों को बढते हुए क्रम मे व्यवस्थित करेंगें और उन्हें श्रेणीबद्ध करेंगें।

प्रतिदर्श मान	*श्रेणी*	*पहले प्रतिदर्श की श्रेणी*	*दूसरे प्रतिदर्श की श्रेणी*
6 (II)	1	……	1
24 (II)	2	……	2
33 (II)	3	……	3
36 (I)	4	4	……
39 (II)	5	……	5
44 (I)	6	6	…….
53 (II)	7	…….	7
90 (I)	8	8	……
94 (I)	9	9	……
	कुल	$R_1 = 27$	$R_2 = 18$

जैसा कि दो प्रतिदर्शों में पदों की संख्या 8 से कम है $(n_1 = 4$ और $n_2 = 5)$, हम सामान्य वक्र करीब (निकट) तकनीकी प्रयोग नहीं कर सकते हैं। हम दिये हुए विल्कसन के (अयुग्मित) वितरण तालिका का प्रयोग करेंगें।

$w_s =$ दो योगों का छोटा = 18

S = छोटे योग के साथ प्रतिदर्श में पदों की संख्या = 5

$w_l =$ दो योगों का बडा = 27

L = बडे योग के साथ प्रतिदर्श मे पदों की संख्या = 4

w_s का न्यूनतक मान =1+2+3+4+5 =15 (जब S=5)

w_l का अधिकतम मान =6+7+8+9=30 (जब L=4)

$U = w_s - w_s$ न्यूनतम $= 18 - 15 = 3$ या $U = w_l$ अधिकतम $w_l = 30 - 27 = 3$

U का प्रायिकता मान विल्कसन तालिका के अनुसार स्तम्भ 3 के कक्ष से , S=5 और L=4 टुकडे द्वारा 0.056 है। यह 3 से छोटी या छोटी से छोटी मान प्राप्त करने की आवश्यक प्रायिकता है हमें इसकी 10 प्रतिशत महत्व के स्तर के साथ तुलना करनी चाहिए चूँकि वैकल्पिक परिकल्पना यह है कि दो प्रतिदर्श विभिन्न माध्यों के साथ समग्र से लिये गये हैं, एक द्विपुच्छीय परीक्षण उपयुक्त है और 10 प्रतिशत महत्व स्तर का अर्थ 5 प्रतिशत बायॉ पुच्छीय और 5 प्रतिशत दायॉ पुच्छीय अनुसार है। दूसरे शब्दों में, हमें परिकल्पित प्रायिकता की 0.05 प्रायिकता के साथ तुलना करनी चाहिए। चूँकि परिकल्पित प्रायिकता (0.056) 0.05 से अधिक है, इसलिए, शून्य परिकल्पना स्वीकार्य है और हम निष्कर्ष निकालते हैं कि दो प्रतिदर्श समान माध्य से साथ समग्र से लिये गए हैं।

16.6 मैकनेमर परीक्षण

मैकनेयर परीक्षण महत्वपूर्ण गैर प्राचल परीक्षणों मे से एक है जो प्रायः संज्ञात्मक आंकडों और दो सम्बन्धित प्रतिदर्शों से सम्बन्ध मे प्रयोग होता है । इसका

प्रयोग यह निर्धारित करने में किया जाता है कि दो सम्बन्धित प्रतिदर्शों के अनुपातों के मध्य अंतर प्रमाणित है। एकल प्रतिदर्श गिनती आंकडे पर आधारित, यह पूर्व निर्णय और बाद मे निर्णय, प्रतिक्रिया परिणामों की तुलना करता है। दूसरे शब्दों में मैकनेमर परीक्षण स्थितियों में दो सम्बन्धित प्रतिदर्श के लिए प्रयोग होता है जहॉ लोगों की प्रवृत्ति का यदि कोई विचारों मे परिवर्तन के महत्व का परीक्षण पहले और बाद के प्रतिपादन के मूलयांकन से किया जाता है।

इस परीक्षण के उपयोग के लिए प्रयोग को इस तरीके से अभिकल्पित किया जाता है कि तत्रं के बारे में विषयों की आरम्भ में उनके अनुकूल ओर प्रतिकूल दृष्टिकोणों को समान वर्ग में विभाजित किया जाता है। कुछ प्रतिपादन के पश्चात समान संख्या के विषयकों से दिये हुए तन्त्र के बारे में अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने को कहा जाता है कि क्या वे इसके पक्ष में है या नहीं। समान विषयक पहले और बाद की प्रतिक्रियाओं के प्रबंधकीय प्रतिपादन से निम्नलिखित 2×2 आकस्मिकता तालिका के रूप मे प्रदर्शित किया जा सकता है।

परिवर्तन के महत्व के परीक्षण के लिए प्रतिक्रिया तालिका

पहले प्रतिपादन	बाद का प्रतिपादन	
	पक्ष	विपक्ष
पक्ष	A	B
विपक्ष	C	D

इस तालिका में A प्रतिक्रियादाताओं के दृष्टिकोण हमेशा धनात्मक होते हैं पहले और बाद के प्रतिपादन से कोई परिवर्तन नहीं होता है के रूप को प्रदर्शित करता है। इसी तरह D भी प्रतिक्रियादाताअें के दृष्टिकोण मे पहले और बाद के प्रतिपादन मे कोई अन्तर नहीं होता है और वे हमेशा ऋणात्मक होते हैं को इंगित करता है। लेकिन B और C प्रतिपादन के प्रभाव के कारण प्रतिक्रियादाताओं के दृष्टिकोण मे परिवर्तन को दर्शाता है। B प्रतिक्रियादाताओं की उस संख्या को प्रदर्शित करता है जो प्रतिपादन से पहले धनात्मक थे और बाद मे ऋणात्मक थे। इसी तरह, C उन प्रतिक्रियादाताओं को इंगित करता है। जो प्रतिपादन से पहले ऋणात्मक थे और बाद मे धनात्मक थे। इस प्रकार, B और C केवल दो प्रासंगिक निर्णय की आवृत्ति कक्ष है जो महत्व मे परिवर्तन के होने या न होने को दर्शाता है। चूॅकि (B+C) प्रतिक्रियादाताअें के दृष्टिकोण के कुल परिवर्तन को इंगित करती है, इस प्रकार शून्य परिकल्पना के अन्तर्गत अपेक्षा यह है कि (B+C) स्थिति में परिवर्तन एक दिशा मे और समान अनुपात मे दूसरी दिशा मे होता है। मैकनेमर परीक्षण आंकडा एक x^2 रूपान्तर परीक्षण प्रारूप निम्नवत रूप में है :–

$$\chi^2 = \frac{(|B - C| - 1)^2}{(B+C)} \qquad \text{(with 1 } d.f.\text{)}$$

असतत् वितरण से सतत् वितरण बनाने के लिए उपरोक्त वर्णित x^2 सूत्र को -1 से सुधार किया जाता है। अन्तिम चरण में, पूर्व निर्धारित महत्व के स्तर पर 1 स्वतन्त्रता

के अंश के साथ x^2 के परिकल्पित मान की तालिका मान से तुलना की जाती है। यदि परिकल्पित मान तालिका मान से कम होता है महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं है की शून्य परिकलपना स्वीकृत होती है और यदि परिकल्पित मान तालिका मान से अधिक होता है तो शून्य परिकल्पना अस्वीकार होती है। मैकनेमर परीक्षण का x^2 के ऊपर लाभ यह है कि इस परीक्षण मे मिलान युग्मों को संज्ञान में लिया जाता है जबकि x^2 परीक्षण मे इन्हें संज्ञान में नहीं लेते हैं।

उदाहरण 8 :– एक कंपनी एक नई ब्रांडिंग रणनीति पर कार्य कर रही है, जो सोचती है कि वह अधिक प्रभावी है। इसकी स्वीकृत होने पर, प्रबन्धक जानना चाहता है कि नई रणनीति अपेक्षा से अधिक प्रभावी है। 50 प्रतिक्रियादाताओं का प्रतिदर्श नई रणनीति के अंगीकरण के दोनों पहले और बाद की प्रतिक्रिया जानने के लिए चयनित किया जाता है। प्रतिदर्श प्रतिक्रिया आंकडे का विश्लेषण निम्नलिखित परिणाम देता है :–

अंगीकरण के पहले	अंगीकरण के बाद	
	धनात्मक	ऋणात्मक
धनात्मक	10	16
ऋणात्मक	12	11

5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर प्रमाणित करें कि क्या नई ब्रांडिग रणनीति वास्तविकता मे अधिक प्रभावशाली है।

हल :– μ_0 : नई ब्रांडिग रणनीति अधिक प्रभावशाली नहीं है।

H_1 : नई ब्रांडिग रणनीति अर्थपूर्ण ढंग से अधिक प्रभावशाली है।

$$\chi^2 = \frac{(|B-C|-1)^2}{(B+C)} = \frac{(|16-12|-1)^2}{(16+12)} = \frac{9}{28} = 0.32$$

1 d.f के साथ 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर x^2 का तालिका मान 3.84 है। चूँकि परिकल्पित मान 0.32 तालिका मान 3.84 से कम है, इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है। इसका अर्थ है कि नई ब्रांडिग रणनीति अधिक प्रभावशाली है।

16.7 एक प्रतिदर्श रन्स परीक्षण

एक प्रतिदर्श रन परीक्षण एक परीक्षण होता है जिसका उपयोग एक प्रतिदर्श की यादृच्छिकता के क्रम के आधार पर किया जाता है जिससे अवलोकन लिये जाते हैं। कई बाद हमें उन स्थितियों से समझौता करना पडता है जहॉ हमारा आंकडे पदो के चयन में कोई नियंत्रण नहीं होता है। इन परिस्थितयों मे, निर्णय लेना बहुत कठिन होता है कि चयनित प्रतिदर्श यादृच्छिक है या नहीं। इन परिस्थितियों में, हमें प्रतिदर्श मे यादृच्छिक परीक्षण के लिए रन परीक्षण प्रयोग करना चाहिए। यहॉ एक महत्वपूर्ण बिन्दु ध्यान मे रखना चाहिए कि यादृच्छिक प्रतिचयन के लिय यह आवश्यक है लेकिन पर्याप्त परीक्षण नहीं है। यदि कल्पित यादृच्छिक प्रतिदर्श रन परीक्षण को असफल करता है, यह प्रकट करता है कि ये यादृच्छिक प्रतिचयन के साथ प्रतिदर्श विसंगत के क्रम में ये असामान्य है, न यादृच्छिक काल चक्र में है। एक रन परीक्षण समान अक्षरों या किसी अन्य प्रकार के प्रतीकों का अनुक्रम होता है जो विभिन्न अक्षरों या किसी भी

अक्षर का नहीं द्वारा अनुसरण और पूर्ववर्तिता करता है । स्थिति की संख्या, पद या रन मे प्रतीकों की संख्या को रन की लम्बाई के रूप में जाना जाता है। यादृच्छिक आंकडे समूह में (I+1)th मान की प्रायिकता Ith मान से अधिक या कम हो तो द्विपद वितरण का अनुसरण होता है जो रन परीक्षण का आधार बनता है।

उदाहरण के लिए, XX YYYYY XXX ZZZZ XX एक रन को प्रदर्शित करते हैं।

हम निम्न प्राकर से उपरनों मे एक उपभाग को विभाजित करने के लिए रेखांकन के माध्यम से लगातार समान अक्षर समूह बना सकते हैं।

XX YYYYY XXX ZZZZ XX इस स्थिति मे ं, हमारे पास 5 उप रन (r) है, x की $7(n_1)$ घटनाऐं हैं, y की 5 (n_2) घटनाऐं हैं और z की $3(n_3)$ घटनाऐं हैं। इस प्रकार, रन की लम्बाई या कुल अवलोकनों (N) की संख्या $(7+5+3)=15$ है।

यदि किसी भी प्रकार के अवलोकनों के आकार 10 से कम होता है (अर्थात n_1 या n_2 या $n_3 < 10$) तब r के परिकल्पित मान की तुलना रन तालिका मे से प्राप्त r के तालिका मान के साथ से की जाती है। लेकिन जब सभी प्रकार से अवलोकनों का आकार 10 या इससे अधिक होता है तब निम्नलिखित तरीके से r में आधारित सांख्यिकी की गणना करते हैं :

$$Z = \frac{r - \mu_r}{\sigma_r}$$

जहॉ : $\mu_r = \frac{2n_1n_2}{n_1+n_2} + 1$ & $\sigma_r = \sqrt{\frac{2n_1n_2\,(2n_1\ n_2 - n_1 - n_2\,)}{(n_1+n_2)^2(n_1+n_2-1)}}$

एकल प्रतिदर्श रन्स परीक्षण केवल श्रेणी के सहजगुण के यादृच्छिकता सीमाबद्ध नहीं होता है। यहॉ तक कि माध्यिका से अधिक और माध्यिका से कम वर्गों या रन्स के अन्दर मानों के पृथककरण द्वारा संख्यात्मक मानों में शामिल प्रतिदर्श हेतु प्रयोग किया जा सकता है। यह आर्थिक आंकडे से संबंधित प्रवृत्तियों या चक्रियी तरीके के पीरक्षण के लिए मुख्य रूप से उपयोगी होता है।

उदारहण 9 :– 26 लोगों के प्रतिदर्श जिसमें 16 महिलाऐं (W) और 10 पुरूष (M) का साक्षात्मकार लिया गया। इनका साक्षात्मकार निम्नलिखित क्रम में था।

M WWWW MMM WW M WWW MM WWW MMM WWWW

5 प्रतिशत के स्तर पर इस प्रतिदर्श के यादृच्छिक परीक्षण के लिए रन परीक्षण का प्रयोग करें।

हल :– H_0 : प्रतिदर्श यादृच्छिक है।

H_1 : प्रतिदर्श यादृच्छिक नहीं है।

रन्स की संख्या = r = 10

महिला के घटित होने की संख्या = $n_1 = 4 + 2 + 3 + 3 + 4 = 16$

पुरूष के घटित होने की संख्या = $n_2 = 1 + 3 + 1 + 2 + 3 = 10$

कुल अवलोकनों की संख्या = N = 16 + 10 = 26

चूँकि दोनों n_1 और $n_2 \geq 10$, इसलिए Z- आंकडे की गणना निम्नवत करेंगें :–

$$\mu_r = \frac{2n_1n_2}{n_1+n_2} + 1 = \frac{2(16)(10)}{16+10} + 1 = 13.3$$

$$\sigma_r = \sqrt{\frac{2n_1n_2\,(2n_1\ n_2 - n_1 - n_2\,)}{(n_1+n_2)^2(n_1+n_2-1)}} = \sqrt{\frac{2(16)(10)(2\times16\times10-16-10)}{(16+10)^2(16+10-1)}}$$

$$= \sqrt{\frac{94080}{16900}} = 2.359$$

$$Z = \frac{r-\mu_r}{\sigma_r} = \frac{10-13.3}{2.359} = -1.398$$

5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर, द्विपुच्छीय परीक्षण के लिए Z का महत्वपूर्ण मान ±1.96 होता है। इसलिए परिकलिपत Z मान तालिका मान से छोटा है, इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकार्य है और हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि प्रतिदर्श यादृच्छिक है।

गैर प्राचल परीक्षणों का समीक्षात्मक मूल्यांकन :– परिकल्पनाओं के परीक्षण के लिए हमारे पास दो प्रकार के परीक्षण होते हैं प्राचल परीक्षण और गैर प्राचल परीक्षण। हमें प्राचल परीक्षण के निश्चित रूप से चयन करना चाहिए यदि हम विश्वस्त होते हैं कि समग्र से प्रतिदर्शित किया हुआ आंकडा सामान्य वितरण का अनुसरण करता है। लेकिन कई बार, हमें उन परिस्थितियों के साथ समझौता करना पडता है जहॉ महत्व के मानक परीक्षणों के लिए विभिन्न अवधारणाऐं आवश्यक होती है जैसे समग्र सामान्य है, प्रतिदर्श स्वतन्त्र है, मानक विचलन ज्ञात है इत्यादि को पूरा नहीं किया जा सकता है तब हम गैर प्राचल विधियों का प्रयोग कर सकते हैं। निम्नलिखित तीन परिस्थितियों में हमे निश्चित रूप से गैर प्राचल परीक्षण का चयन करना चाहिए :

- परिणाम एक श्रेणी या एक अंक है और समग्र पूर्णतया सामान्य नहीं है।
- कुछ मान पैमाने से बाहर होते है अर्थात माप मे ंबहुत बडे या बहुत छोटे। यहॉ तक की समग्र सामान्य है, प्राचल परीक्षण के साथ इन आंकडों का विश्लेषण असम्भव होता है चूँकि हम सभी मानों को नहीं जानते है। इन आंकडों के साथ गैर प्राचल परीक्षण का प्रयोग आसान होता है।
- आंकडे को क्रम संख्या पैमाने पर मापा जाता है। और समग्र का वितरण गौसियन तरीके से नहीं हुआ है।

गैर–प्राचल परीक्षणों मे ंप्राचल परीक्षणो ंके ऊपर बहुत लाभ होते हैं। गैर –प्राचल परीक्षण का सबसे बढा लाभ इसकी अस्थिरता होती है। इन परीक्षणों का प्रयोग सभी प्रकार के आंकडो ंके लिए किया जा सकता है चाहे समग्र सामान्य है या असामान्य, परिमाणात्मक है या गुणात्मक है। यह श्रेणीबद्ध आंकडे के लिए सबसे अधिक उपयोगी होता है। जब हम इस तरह के आंकडों के साथ समझौता करते हैं जिन्हें प्रतिक्रियादातों की पसंद के अनुसार श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। लेकिन उनका सटीक परिमाणीकरण सम्भव नही होता है, तब हमारे पास एक ही विकल्प गैर

–प्राचल परीक्षण होता है। इसी प्रकार, यह निर्णयात्मक या संज्ञात्मक आंकडे के साथ सबसे अच्छे विकल्प का भी समझौता है। कभी कभी हम इस तरह के आंकडे के साथ कार्य करते हैं जिसे विभिन्न समग्रों से सम्बन्धित प्रतिदर्शों के माध्यम से प्राप्त करते हैं। इस तरह की परिस्थितियों में, हमें कुछ अयथार्थवादी अवधारणाओं को प्राचल परीक्षणों के प्रयोग के लिए बनाना पडता है। लेकिन गैर प्राचल परीक्षणों के अनुप्रयोग से इन परिस्थितियों में कोई समस्या नहीं होती है। जब प्रतिदर्श आकार छोटा है या केवल कुछ अवलोकन उपलब्ध होते हैं तब भी केवल गैर–प्राचल परीक्षण का प्रयोग किया जाना चाहिए।

गैर–प्राचल परीक्षण के लोकप्रियता का मुख्य कारण उनकी प्राचल परीक्षण की तुलना मे आसान गणना का होना है, चूँकि गैर प्राचल परीक्षण समझ मे आसान गणना मे सरल, सभी प्रकार के आंकडों के लिए अनुकूल और कम समय लेने वाले होते हैं, इसलिए ये अनुसंधानकर्ताओं द्वारा पसंद किये जाते हैं ।

यद्यपि गैर प्राचल परीक्षणों के बहुत लाभ है लेकिन इसकी कुछ हानियॉ भी होती है इस कारण से पहली पसंद हमेशा प्राचल परीक्षणों को दी जाती है। गैर–प्राचल परीक्षण, प्राचल परीक्षणों से कम शक्तिशाली होते हैं क्योंकि वो बहुत सी अवधारणाओं पर आधारित नहीं होती है। अवधारणाओं का अभाव निर्णय लेने के क्षेत्र को सीमाबद्ध करता है। इस प्रकार, प्रतिदर्शी आंकडा सभी वांछित अवधारणाओं को पूर्ण करता है, या आंकडों को अन्तराल मे ंया अनुपात पैमाने मे मापा जाता है, तब इसे हमेशा प्राचल परीक्षण का प्रयोग, गैर–प्राचल परीक्षण की तुलना मे अच्छा समझा जाता है।, इसी तरह, प्रतिदर्श का आकार बडा होता है तब गैर–प्राचल परीक्षणों मे शामिल गणनाऐ ज्यादा लम्बी होती है। इस प्रकार, बडे प्रतिदर्शों की स्थिति में, गैर–प्राचल परीक्षणों को नकार देना चाहिए। गैर–प्राचल परीक्षणों के क्रियान्वयन के साथ दूसरी समस्या तालिका समीक्षात्मक मान की उपलब्धता होती है। अर्थपूर्ण निर्णयों के पहुँच के क्रम में, समीक्षात्मक मान आवश्यक होते हैं। यद्यपि, इनमे से कुछ मानों को प्रासंगिक तालिकाओं मे संकलित नहीं किया गया होता है और प्रचलित तालिका हमेशा ही उपलब्ध नहीं होती है, ये आसानी से उपलब्ध नहीं है।

16.9 सारांश

गैर–प्राचल परीक्षण वे परीक्षण होते हैं जो समग्र के प्राचलों पर आधारित नहीं होते हैं, ये वितरण मुफ्त परीक्षण होते हैं । इस इकाई मे आप कुछ लोकप्रिय और प्रयाः गैर–प्राचल परीक्षणों, काई वर्ग परीक्षण के अतिरिक्त के बारे में जिसे पिछले इकाई मे अध्ययन किया गया है।

गैर प्राचल परीक्षणों मे साइन परीक्षण सबसे महत्वपूर्ण है जिसका परीक्षण दिशा के अन्तरों के लिए प्रयोग होता है । यदि समग्र माध्य परिकलित माध्य के बराबर होता है। दो प्रकार के साइन परीक्षण होते है एक प्रतिदर्श साइन परीक्षण और द्वि प्रतिदर्श साइन परीक्षण ।

माध्यिका परीक्षण का प्रयोग यह निर्धारित करने में होता है कि समान माध्यिका के साथ समग्र में से प्रतिदर्श लिये गये है। यह दो या अधिक यादृच्छिक प्रतिदर्शों के माध्यिकाओं के बीच महत्वपूर्ण अन्तर को निर्धारित करता है।

दूसरा महत्वपूर्ण गैर प्राचल परीक्षण विल्कसन मिलान युग्म परीक्षण है जो पहले आर बाद के प्रयोग प्रकार का मिलान युग्मों के लिए उपयुक्त होता है। इस परीक्षण में, दिशाओं के साथ साथ अन्तर के परिमाणों को संज्ञान मे ंलिया जाता है। तब भी दूसरा गैर–प्राचल परीक्षण विल्कसन मन व्हाइटले परीक्षण है जो U परीक्षण के रूप मे जाना जाता है। यह दो स्वतन्त्र प्रतिदर्शों के बीच अलग के अंशों की माप करता है।
इसका प्रयोग यह निर्धारित करने मे ंकिया जाता हैं कि दो स्वतन्त्र प्रतिदर्श एक ही समग्र से लिये गये हैं या समान वितरण के दो या अधिक समग्रों से लिये गये हैं।

मैकनेयर परीक्षण का प्रयोग उन परिस्थितियों में जहॉ दो सम्बन्धित प्रतिदर्श स्थितियों में लोगों की प्रवृत्ति को परीक्षण के पहले और बाद के प्रतिपादन मे ंविचार मे यदि कोई अर्थपूर्ण परिवर्तन होता है वहॉ एकल प्रतिदर्श रन परीक्षण का प्रयोग प्रतिदर्श के यादृच्छिक परीक्षण के लिये किया जाता है। श्रेणी आंकडे के प्रयोज्य संज्ञात्मक और छोटे आकार प्रतिदर्श में गैर प्राचल परीक्षणों के अस्थिरता होने के लाभ होते हैं। इसकी कुछ हानियॉ भी हैं, जैसे ये परीक्षण बडे प्रतिदर्श के लिए कम शक्तिशाली एवं उपयुक्त नहीं है। इस प्रकार, प्राचल परीक्षण गैर–प्राचल परीक्षणों से अधिक पसंदनीय होते हैं।

16.10 शब्दावली

साइन परीक्षण : यह अवलोकन के एक जोडे की दिशा (धनात्मक या ऋणात्मक) पर आधारित होता है न कि उनकी संख्यात्मक परिमाण पर ।

18.11 बोध प्रश्न

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति

1. विल्कोवसोन मिलान युग्म परीक्षण को विल्कोक्सोन ————————परीक्षण के रूप में भी जाना जाता है।
2. एक रन में घटनाओं की संख्या को रन के ———— रूप में जाना जाता है ।
3. मकनर परीक्षण आंकडा प्रयोग एक परिवर्तित ————————परीक्षण प्रारूप है।
4. ————————परीक्षण श्रेणी योग परीक्षणों के मध्य बहुत प्रसिद्ध है।
5. साइन परीक्षण में, प्रतिदर्श मान μ_0 की तुलना में अधिक ————————निर्दिष्ट किये जाते हैं।

(ब) सत्य या असत्य

1. जब समग्र का वितरण स्पष्टतया सामान्य होता है, हमें निश्चित रूप से गैर प्राचल परीक्षणों का चयन करना चाहिए। (सत्य/असत्य)
2. यदि प्रतिदर्शों को क्रमवार मापा जाता है, तब हम माध्यिका परीक्षण का उपयोग कर सकते हैं। (सत्य/असत्य)
3. u परीक्षण में जब n_1 एवं $n_2 < 8$ हो तब u को z में परिवर्तित करना चाहिए। (सत्य/असत्य)
4. माध्यिका परीक्षण में, हम z के परिकलित मान की तुलना z के महत्वपूर्ण मान से शून्य परिकल्पना के परीक्षण के लिए करते हैं। (सत्य/असत्य)

5. गैर प्राचल परीक्षण छोटे प्रतिदर्शों के लिए अधिक उपयुक्त होते हैं। (सत्य / असत्य)

16.12 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ)

1. साइन की श्रेणी (Signed Rank), 2. लम्बाई (Length), 3. काई – वर्ग (Chi-sauare), 4. u, 5 धन (Plus)

(ब)

1. असत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. असत्य 5. सत्य

16.13 स्वपरख प्रश्न

1. साइन परीक्षण के उपयोग का उद्देश्य क्या होता है ?
2. माध्यिका परीक्षण में परीक्षण से सन्दर्भित शून्य परिकल्पना को लिखें ?
3. गैर प्राचल परीक्षणों के तीन लाभों का वर्णन करें ?
4. दो गैर प्राचल परीक्षणों के महत्व को समझाते हुए इनकी संक्षिप्त विवेचना करें।
5. गैर प्राचल परीक्षणों के लाभों एवं (नुकसान) हानियों का वर्णन करें।
6. 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर साइन परीक्षण का प्रयोग करते हुए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने औसतन 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं यह सत्य है या नहीं :

क0सं0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
अंक %	81	70	93	94	82	80	76	78	83	95	75	89

(μ_0 स्वीकार)

7. 30 दिनों में एक प्राचीन चट्टान पर दो पुरातात्विकों द्वारा खोदें गए कलाकृतियों की संख्या निम्नलिखित है :

X द्वारा	1	0	2	3	1	0	2	2	3	0	1	1	4	1	2	1	3	5	2	1	3	2	4	1	3	2	0	2	4	2
Y द्वारा	0	0	1	0	2	0	0	1	1	2	0	1	2	1	1	0	2	2	6	0	2	3	0	2	1	0	1	0	1	0

1 प्रतिशत महत्व के स्तर पर साइन परीक्षण का प्रयोग करते हुए शून्य परिकल्पना का परीक्षण करें कि दोनों पुरातात्विक x एवं y कलाकृतियों ज्ञात करने में वैकल्पिक परिकल्पना कि x अच्छा है के विरूद्ध एक समान है। (μ_0 अस्वीकार)

8. एक शारीरिक प्रशिक्षण दावा करता है कि एक विशेष व्यायाम को जब न दिनों के लिए लगातार किया जाता है , शरीर का वजन न्यूनतम 3.5 किग्रा कम हो जाता है। 5 अधिक वनज वाली लडकियों में 7 दिनों के लिए व्यायाम किया और उनके शरीर का वजन निम्नवत पाया गया था :

लडकियॉ	व्यायाम से पहले वजन	व्यायाम के बाद वजन

1	70	66
2	72	70
3	75	72
4	71	66
5	78	72

साइन परीक्षण का प्रयोग करते हुए $\propto = 0.05$ पर दावे को प्रमाणित करें कि व्यायाम वजन को न्यूनतम 3.5 किग्रा करता है । (μ_0स्वीकार)

9. एम0बी0ए0 विद्यार्थियों के दो वर्गो को लागत लेखांकन के समान पाठ्यक्रम को अध्यापन की दो भिन्न विधियों द्वारा बताया गया था। जिन्हें T_1 तथा T_2 द्वारा जानें। 6 विद्यार्थियों के एक प्रतिदर्श को दो वर्गों के प्रत्येक में से 20 अंकों का एक कक्ष परीक्षा दिया गया था। अंक निम्नवत पाये गये थे।

प्रतिदर्श I $(T)_1$	15	10	11	12	18	15
प्रतिदर्श II $(T)_2$	12	17	14	11	09	15

0.05 महत्व के स्तर पर माध्यिका का परीक्षण का प्रयोग करते हुए परीक्षण करें कि एम0बी0ए0 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक दोनों वर्गों में माध्यिका अंक के रूप में एक समान है । (μ_0स्वीकार)

10. नीचे दिये गये आंकडों के मिलान युग्म दो मशीनों A एवं B के उत्पादन क्षमता से सम्बन्धित हैं :

मशीन A	142	140	144	144	142	146	149	150	142	148
मशीन B	138	136	147	139	143	141	143	145	136	136

विल्कोवन्सोन साइन श्रेणी का प्रयोग करते हुए शून्य परिकल्पना को 1 प्रतिशत महत्व के स्तर पर प्रमाणित करें कि दो मशीनों के मध्य उत्पादन क्षमता में कोई अन्तर नहीं हैं। (μ_0अस्वीकार)

11. एक नाइट क्लब का सुरक्षा विभाग सामान्य दैनिक प्रयोग के लिए हाथ ज्योंति बैटरीयों B_1 एवं B_2 के दो ब्रान्डों में से एक के चयन की इच्छा दर्शाता है। महत्वपूर्ण जीवन के लम्बाई की माप घन्टों में ज्ञात करने के लिए ब्रान्ड B_1 एवं B_2 के 5 बैटरीयों के प्रतिदर्श को परीक्षण के लिए लिया गया था। परीक्षण परिणाम के निम्नलिखित आंकडे हैं :

$B_1\ (n_1 = 5)$	25	31	26	33	35	
$B_2\ (n_2 = 6)$	24	30	28	32	29	34

5 प्रतिशत के स्तर पर u परीक्षण का प्रयोग करते हुए परिकल्पना का परीक्षण करें कि दो ब्रान्ड की बैटरीयों में समान लम्बाई का महत्वपूर्ण जीवन है। (μ_0स्वीकार)

12. एक पहले एवं बाद के प्रयोग में 300 प्रतिक्रियादाताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं को निम्नवत वर्गीकृत किया गया था :

पहले उपचार	बाद में उपचार	
	प्रतिकूल	अनुकूल
अनुकूल	60	90
प्रतिकूल	120	30

5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर परीक्षण करें, मकनर परीक्षण का प्रयोग करते हुए प्रमाणित करें कि उपचार के पश्चात लोगों की राय में कोई महत्वपूर्ण अन्तर है। (μ_0स्वीकार)

13. बहुत वर्ष पहले एक सडक के पास पास 30 आम के पेड स्थापित किये गये थे। एक शोधकर्ता ने पेडों को निरोगी (H) एवं रोगी (D) क्रम में निम्नवत पाया :

HH	DD	HHHHH	DDD	HHHH	DDDDD	HHHHHHHHH

1 प्रतिशत महत्व के स्तर पर रन्स परीक्षण का प्रयोग करते हुए इस प्रतिदर्श के लिए यादृच्छिकता का परीक्षण करें।

16.14 संदर्भ पुस्तकें

1. होडा आर0पी0, व्यवसाय एवं अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकीय, मैक मिल्लन व्यवसाय पुस्तकें, नई दिल्ली ।
2. राय रमनद्यू एवं बैनर्जी सुमोजित, अनुसंधान प्रणाली के मूल किताब महल इलाहाबाद ।
3. शुक्ला एस0एम0 एण्ड शशि एस0पी0, उन्नत सांख्यिकीय साहित्य भवन प्रकाशन आगरा ।

इकाई 17 F –परीक्षण और प्रसरण का विश्लेषण (अन्नोवा)

इकाई की रूपरेखा

17.1 प्रस्तावना
17.2 F – परीक्षण
17.2.1 F- परीक्षण की अवधारणाऐं
17.2.2 F- परीक्षण की तकनीकें
17.3 प्रसरण का विश्लेषण
17.3.1 विचरण के श्रोत
17.3.2 ANOVA (एनोवा) का औचित्य
17.3.3 ANOVA (एनोवा) तकनीक
17.4 सारांश
17.5 शब्दावली
17.6 बोध प्रश्न
17.7 बोध प्रश्नों के उत्तर
17.8 स्वपरख प्रश्न
17.9 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- F- परीक्षण की अवधारणा एवं अनुप्रयोग की व्याख्या कर सकें।
- ANOVA की अवधारणा का वर्णन कर सके।
- प्रसारण के विश्लेषण की तकनीक का वर्णन कर सके।

17.1 प्रस्तावना

पिछले दो इकाईयों में, आपने काई–वर्ग परीक्षण और दूसरे गैर प्राचल परीक्षणो का अध्ययन किया है। आपको ज्ञात होना चाहिए कि प्राचल परीक्षण गैर प्राचल परीक्षणो की तुलना में अधिक प्रभावशाली होते हैं। इस प्रकार, आपको परिकल्पना परीक्षणों या निष्कर्ष निकालने के लिए प्राचल परीक्षणों में अधिक निभ्रर रहना चाहिए।

पिछले इकाईयों में आप पहले ही कुछ महत्वपूर्ण प्राचल परीक्षणों जैसे t परीक्षण z परीक्षण इत्यादि के बारे में अध्ययन कर चुके हैं। दो प्रतिदर्शों के माध्यों के बीच के महत्वपूर्ण अन्तर को या तो z परीक्षण या t परीक्षण द्वारा अपनिर्णीत किया जा सकता है। लेकिन जब हम एक ही समय में दो प्रतिदर्श माध्यों से अधिक अन्तर के महत्व का अध्ययन कर रहे होते हैं, ये दोनो परीक्षण उपयोगी नहीं होते हैं और हमें परिवर्तनशीलता के विश्लेषण का प्रयोग करना पडता है। दूसरा महत्वपूर्ण प्राचल परीक्षण F परीक्षा होता है जो स्वतन्त्र अनुमानों के लिए समग्र परिवर्तनशीलता के महत्व परीक्षण मे प्रयोग किया जाता है।

इस इकाई में, आप f परीक्षण और परिवर्तनशीलता के विश्लेषण के बारे मे अध्ययन करेंगें जो दो प्रतिदर्शों के बीच से अधिक परिवर्तनशीलता के महत्व के निर्णय में अपकी सहायता करेंगें।

17.2 F परीक्षण

प्राचल परीक्षणों के क्षेत्र में परिवर्तनशीलता अनुपात परीक्षण या F परीक्षण एक महत्वपूर्ण परीक्षण होता है। इसे सामान्यतया F परीक्षण के रूप मे जाना जाता है क्योंकि आर0ए0फिशर महान साख्यिकीयविद् ने पहली बाद परिवर्तनशीलता शब्द का प्रयोग और परीक्षण को विकसित किया था। F परीक्षण सामान्यतया उपयोगी होता है जब बहु प्रतिदर्श स्थितियॉ शामिल होती है और आंकडे के अन्तराल या अनुपात पैमाने मे मापा जाता है। F परीक्षण का उद्देश्य यह निर्धारित करने में किया जाता है क्योंकि दो स्वतन्त्र अनुमानों की समग्र परिवर्तनशीलता में अर्थपूर्ण अन्तर है, या क्या दो प्रतिदर्श सामान्य समग्रों से जिनकी परिवर्तनशीलता समान है से लिये जा सकते है। F परीक्षण एक बहुत उपयोगी परीक्षण है जिसे दो सामान्य समग्रों के समानता की परिवर्तनशीलता के परीक्षण मे प्रयोग किया जा सकता है। दो स्वतन्त्र प्रतिदर्शों से अधिक के लिए यह परिवर्तनशीलता का विश्लेषण कर सकता है। इसका प्रयोग सह प्रसरण के विशलेषण के लिये किया जा सकता है। इस प्रकार, यह एक महत्वपूर्ण, लोकप्रिय और उपयोगी प्राचल परीक्षण है जिसे सभी क्षेत्रों में जैसे अर्थशास्त्र, व्यवसाय, शिक्षा कृषि इत्यादि में प्रयोग किया जा सकता है।

17.2.1 F परीक्षण की अवधारणाऐं

F परीक्षण निश्चित अवधारणाओं पर आधारित होता है जिसे इसके अनुप्रयोग के लिए पूर्ण होना चाहिए ये अवधारणाऐं निम्नवत हैं :–

- पहली अवधारणा समग्र की सामान्य स्थिति होती है। इसका अर्थ है कि प्रत्येक वर्ग में मान सामान्य रूप से वितरित हुए हैं।
- दूसरी अवधारणा वर्गों की एकरूपता होती है। इसका अर्थ है कि प्रत्येक वर्ग के अर्न्तगत प्रसरण सभी वर्गों के लिए एकसमान होना चाहिए। यह अवधारणा मिश्रित या संघीय वर्गों के अर्न्तगत प्रसरणों के एकल भीतर वर्ग प्रसरण के श्रोत के क्रम के अंदर लिए आवश्यक होता है।
- तीसरी अवधारणा त्रुटि की स्वतन्त्रता होती है। इसका अर्थ है कि प्रत्येक मान के लिए अपने स्वयं के समूह के चारों ओर एक मान के विचरण का मध्य स्वतन्त्र होना चाहिए।
- अन्तिम अवधारणा यादृच्छिकता की होती है। इसका अर्थ है कि प्रतिदर्श पदों को यादृच्छिक तरीकों से समग्र से लिया जाना चाहिए।

17.2.2 F परीक्षण की तकनीकें

F परीक्षण दो प्रसरणों के अनुपात पर आधारित होता है। इसी कारण इसे, प्रसरण अनुपात परीक्षण कहा जाता है। दो प्रसरणों का अनुपात F वितरण का अनुसरण करता है जो उपरोक्त वर्णित अवधारणाओं पर आधारित होता है। इस परीक्षण में, सबसे पहले, एक शून्य परिकल्पना ली जाती है जिसका कथन यह होता है

कि दो समग्रों के प्रसरण के बीच कोई अन्तर नहीं हैं। इस परिकल्पना के परीक्षण के लिए, हमें F (प्रसरणों का अनुपात) के मान के लिए कार्य करना पडता है। F की गणना निम्नवत की जाती है।

$$F = \frac{S_1^2}{S_2^2}$$

जहॉ $S_1^2 = \frac{\sum(X_1-\bar{X}_1)^2}{n_1-1}$ & $S_2^2 = \frac{\sum(X_2-\bar{X}_2)^2}{n_2-1}$

यहॉ यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि अंशगणक हमेशा ही ज्यादा प्रसरण का होता है। इसका अर्थ है कि S_1^2 हमेशा की प्रसरण के बडे अनुमान का होता है। (अर्थात $S_1^2 > S_2^2$) इसे निम्नलिखित सूत्र के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

F = प्रसरण का बडा अनुमान / प्रसरण का छोटा अनुमान

v_1 के लिए $v_1 = n_1 - 1$ = बडे प्रसरण के प्रतिदर्श के लिए स्वतन्त्रता का अंश

$v_2 = n_2 - 1$ = छोटे प्रसरण के प्रतिदर्श के लिए स्वतन्त्रता का अंश

F के मान की गणना के बाद, इसे वांछित महत्व के स्तर (5% या 1%) पर v_1 और v_2 (बडे एवं छोटे प्रसरणों की स्वतन्त्रता के अंश के लिए) F के तालिका मान से तुलना करते हैं। यदि F अनुपात का परिकल्पित मान F के तालिका मान से कम होता है, तब F अनुपात अर्थपूर्ण नहीं होता है और शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है। तब यह अनुमान लगाया जा सकता दोनों प्रतिदर्श समान प्रसरण के समग्र में से लिये गये हैं। दूसरी तरफ, यदि F का परिकल्पित मान F के तालिका मान से अधिक होता है, तब F अनुपात अर्थपूर्ण समझा जाता है और शून्य परिकल्पना अस्वीकार होती है।

उदाहरण –1 दो यादृच्छिक नमूने दो सामान्य समगों में से लिये गये थे और उनके मान निम्नरूप में हैं :–

A:	66	67	75	76	82	84	88	90	92	--	--	
B:	64	66	74	78	82	85	87	92	93	95	97	

5% महत्व के स्तर पर परीक्षण करें कि क्या दोनों समगों में समान प्रसरण है (संकेत : 5% स्तर पर $v_1 = 10$ और $v_2 = 8$ के लिए F=3.36)

हल :– हम शून्य परिकल्पना लेते हैं कि दोनों समग्रों में समान प्रसरण हैं

A (X_1)	($X_1 - \bar{X}_1$)	$(X_1 - \bar{X}_1)^2$	B(X_2)	($X_2 - \bar{X}_2$)	$(X_2 - \bar{X}_2)^2$
66	–14	196	64	–19	361
67	–13	169	66	–17	289
75	–5	25	74	–9	81
76	–4	16	78	–5	25
82	+2	4	82	–1	1
84	+4	16	85	+2	4
88	+8	64	87	+4	16
90	+10	100	92	+9	81
92	+12	144	93	+10	100
			95	+12	144

			97	+14	196
720	***0***	***734***	***913***	***0***	***1298***

$\bar{X}_1 = \frac{\sum X_1}{n_1} = \frac{720}{9} = 80$ $\bar{X}_2 = \frac{\sum X_2}{n_2} = \frac{913}{11} = 83$

$S_1^2 = \frac{\sum(X_1-\bar{X}_1)^2}{n_1-1} = \frac{734}{9-1} = 91.75$

$S_2^2 = \frac{\sum(X_2-\bar{X}_2)^2}{n_2-1} = \frac{1298}{11-1} = 129.8$

$F = \frac{S_1^2}{S_2^2} = \frac{129.8}{91.75} = 1.4$ (दूसरे प्रतिदर्श के प्रसरण को अंश गुणक बनाया गया क्योंकि दूसरे प्रतिदर्श का प्रसरण पहले की तुलता मे अधिक है) 5% महत्व के स्तर पर $v_1 = 10$ और $v_2 = 8$ के लिए F का तालिका मान 3.36 है। चूँकि F(1.4) का परिकल्पित मान तालिका मान (3.36) से कम है, इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकार्य है। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दो समग्रों में एक समान प्रसरण है।

उदाहरण –2 दो कृषि भूखंडों के समान क्षेत्र के सार्वजनिक 10 उपखण्डों के एक प्रतिदर्श मे गेहूँ की उत्पादकता अवलोकित की गई। यह देखा गया था कि वर्ग विचलनों का योग माध्य से क्रमशः 0.92 और 0.26 था। 5% महत्व के स्तर पर परीक्षण करें कि क्या दो यादृच्छिक समग्रों से लिए गऐ प्रतिदर्शों का प्रसरण समान है।

हल :– हम शून्य परिकल्पना लेते है। कि दो समग्रों के प्रसरण के बीच कोई अन्तर नहीं हैं

दिया है :–

$n_1 = 10$, $n_2 = 10$, $\sum(X_1 - \bar{X}_1)^2 = 0.92$, $\sum(X_2 - \bar{X}_2)^2 = 0.26$

$S_1^2 = \frac{\sum(X_1-\bar{X}_1)^2}{n_1-1} = \frac{0.92}{10-1} = 0.102$

$S_2^2 = \frac{\sum(X_2-\bar{X}_2)^2}{n_2-1} = \frac{0.26}{10-1} = 0.028$

$F = \frac{S_1^2}{S_2^2} = \frac{0.102}{0.028} = 3.64$

$v_1 = n_1 - 1 = 10 - 1 = 9$, $v_2 = n_2 - 1 = 10 - 1 = 9$

5% महत्व के स्तर पर $v_1 = 9$ और $v_2 = 9$ के लिए F का तालिका मान 3.18 है। चूँकि F(3.64) का परिकल्पित मान तालिका मान (3.18) से अधिक है। इसलिए, शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य है। इसका अर्थ है कि समग्र से लिये गये प्रतिदर्शों में का प्रसरण भिन्न है।

17.3 प्रसरण का विश्लेषण

प्रसरण के विशलेषण को प्रायः ANOVA के रूप में उल्लेखित किया जाता है। विचरण में वर्गों की वजह से प्रसरण के पृथककरण जो कि अन्य वर्गों की वजह से होते हैं को सांख्यिकीय तकनीक के रूप में परिभाषित किया जाता है। अर्थशास्त्र,

जीवविज्ञान, शिक्षा, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, व्यवसाय या उद्योग के क्षेत्रों और विभिन्न दूसरे शिक्षणों में यह शोध सम्बन्धी अत्यधिक उपयोगी तकनीक होती है। ANOVA तकनीक का आरम्भ में कृषि सम्बन्धी शोध में प्रयोग किया गया था और अब इसे सक्रिय रूप से प्रायोगिक प्रारूप पर आधारित शोधों के लिए प्रयोग किया जाता है, जैसे कि प्राकृतिक विज्ञान या सामाजिक विज्ञान। यह तकनीक तब प्रयोग की जाती है जब विविध प्रतिदर्श घटनाऐं शामिल होती है। ANOVA को यह परीक्षण करने के लिए कि क्या दो से अधिक परिमाणात्मक समग्रों के माध्य समान होते हैं, विशेषरूप से प्रारूपित किया जाता है। इसमें आंकडों का वर्गीकरण और क्रास वर्गीकरण शामिल होता है तब परीक्षण होता है यदि निर्दिष्ट वर्ग के माध्य मे अर्थपर्णू अन्तर है।
डोनाल्ड एल हरनैट और जेम्स एल मर्फी के अनुसर ''ANOVA का सार यह है कि आंकडों के समूह मे प्रसरण की कुल मात्रा को दो हिस्सों में बांटा जाता है जैसे कि मात्रा जो संयोगवश सहजगुण के कारण हो सकती है और मात्रा जो कि निर्दिष्ट घटनाओं के सहजगुण के कारण हो सकती है।'' प्रतिदर्शों के बीच प्रसरण हो सकता है और प्रतिदर्श पदो के बीच भी हो सकता है। ANOVA में विश्लेषणात्मक उद्देश्यों के लिए प्रसरण विखंडन शामिल होते है। आप जानते है कि t परीक्षण का प्रयोग जहॉ दो समग्र माध्य समान होते है के परीक्षण के लिए किया जाता है जबकि ANOVA का प्रयोग विविध समगों के माध्यों के बीच समानता के परीक्षण के लिए किया जाता है। इस प्रकार, ANOVA को ज परीक्षण के विस्तार के रूप में सुविचारित किया जा सकता है।

ANOVA एक तकनीक है जिसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यह तकनीक हमें वर्णन करने में सहायता करती है कि बीजों की विभिन्न प्रजातियॉ या रासायनिक उर्वरकों या मिट्टीयो में अर्थपूर्ण अन्तर है जिसकी विजह से कृषि शोधों के क्षेत्र में नीति निर्णय तद्नुसार लिये जा सकते हैं इसी तरह, इस तकनीक के अनुप्रयोग के माध्य से, जानवर के विशेष वर्ग के लिए तैयार संभरण में अन्तर या निर्दिष्ट बिमारी के संसाधन के लिए विभिन्न प्रकार की औषधि प्रौद्योगिक में अन्तर का अध्यययन किया जा सकता है या अन्तर अर्थपूर्ण है या नहीं का निर्णय लिया जा सकात है। इसका प्रयोग व्यवसाय से सम्बन्धित नीति निर्णय क्षेत्रों में भी प्रयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, एक बडे कारोबार का एक प्रबन्धक अपनी देखरेख में आने वाले विभिन्न विक्रेताओं के कार्यों के प्रदर्शन का विश्लेषण कर सकता है और उनके प्रदर्शन को अर्थपूर्ण अन्तर मे जानने के क्रम में नियंत्रित कर सकता है। इसी तरह, विभिन्न मशीनों के परिणामों के माध्य गुणों में अर्थपूर्ण अन्तर को निर्धारित किया जा सकता है। इस तरह का अध्ययन निर्धारित करेगा कि परिणामों के गुणों में एकरूपता को संचालन की मानकीकरण प्रक्रिया द्वारा बढाया जा सकता है या इसे मशीनों के मानकीकरण द्वारा बढाया जा सकता है। इस तरह से ANOVA व्यवसाय से सम्बन्धित नीति निर्णयों के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण सांख्यिकीय तकनीक सिद्ध हो सकता है। आपको हमेशा याद रखना चाहिए कि प्रसरण का विशलेषण परीक्षण दो प्रतिदर्श प्रसरणों के मध्य अर्थपूर्ण अन्तर के परीक्षण के सर्वश्रेष्ठ उद्देश्य के लिए अभीष्ट नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य प्रतिदर्श माध्यों के मध्य अन्तर के

अर्थपूर्ण उद्देश्य के परीक्षण के लिए होता है। दो प्रसरणों के मध्य अर्थपूर्ण अन्तर के लिए इसे F परीक्षण की प्रक्रिया माध्यम से सम्पन्न किया जाता है, लेकिन परीक्षण को इस तरीके से प्रारूपित किया जाता है कि तुलना किये जा रहे प्रसरण भिन्न होते हैं केवल यदि संज्ञान के अन्तर्गत माध्य सभांगी नहीं होते हैं इस तरह से, F का अर्थपूर्ण मान निर्दिष्ट करता है कि माध्य एक दूसरे से अर्थपूर्ण तरीके से भिन्न है।

17.3.1 प्रसरण के श्रोत

प्रसरण का विश्लेषण उन सभी परिस्थितियों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण तकनीक होती है जब शोधकर्ता दो से अधिक समग्रों की तुलना करना चाहता है। विभिन्न समग्रों के मध्य अन्तर के विश्लेषण के लिए हमें निर्णय करना पडता है कि प्रतिदर्श माध्यों के मध्य अन्तर केवल घटना के कारण होता है या क्या अन्तर विभिन्न समग्रों के माध्य के कारण जो लिये गये वास्तविक प्रतिदर्शों में से घटित होता है। आंकडों में दो प्रकार के प्रसरण हो सकते है। और ANOVA तकनीक आंकडों में हमें इन दो प्रकार के प्रसरण के अध्ययन में सहायता करता है। पहला ''विभिन्न प्रतिदर्शों के बीच'' और दूसरा ''प्रतिदर्श के भीतर''

यदि प्रसरण प्रतिदर्श के भीतर और प्रतिदर्श के बीच एक दूसरे से अर्थपूर्ण भिन्न नही होते हैं, तब प्रतिदर्श केवल प्रसरण के भीतर एकसमान होते हैं । यदि प्रतिदर्श के मध्य विचरण, प्रतिदर्श के भीतर विचरण से बहुत अधिक होता है, इसका अर्थ है कि प्रतिदर्श समग्र के विभिन्न प्रकार से लिये गये हैं अन्यथा प्रतिदर्शों के मध्य और प्रतिदर्शो। के भीतर कोई अर्थपूर्ण अन्तर नहीं रहेगा। इसलिए, प्रसरण के विशलेषण में, हम प्रतिदर्शो के बीच और प्रतिदर्शों के भीतर सम्बन्ध ज्ञात करते हैं। यदि समग्रों के सभी माध्य समान होते हैं, तब प्रतिदर्शों के मध्य परिवर्तनशीलता केवल घटना परिणाम होगा और इसलिए प्रतिदर्शें के भीतर उत्पन्न हुए परिवर्तनशीलता के समान होगा। दूसरी ओर, यदि समग्र माध्य एक समान नहीं होते हैं, प्रतिदर्शों के मध्य परिवर्तनशीलता प्रतिदर्शों के भीतर परिवर्तनशीलता से अधिक होगी।

परितर्वनशीलता को प्रसरण के विश्लेषण में मापने को 'माध्य वर्ग' कहा जाता है जिसकी गणना निम्नलिखित सूत्र से की जाती है।

माध्य वर्ग = माध्य से विचलनों के वर्ग का योग / स्वतन्त्रता का अंश

प्रतिदर्शों के भीतर परिवर्तनशीलता मापने के लिए, विचलनों को विशेष प्रतिदर्श माध्यों से और विचलनों के वर्ग के योग को स्वतन्त्रता के अश से विभाजित (प्रतिदर्श की संख्या को कुल प्रतिदर्श आकार से घटाकर) कर लिया जाता है जिसे प्रतिदर्शों के भीतर माध्य वर्ग कहा जाता है। यह माध्य वर्ग परिवर्तनशीलता की माप को जोकि घटना या प्रयोगात्मक त्रुटि के कारण हुई है को प्रदर्शित करता है। प्रतिदर्शों के मध्य परिवर्तनशीलता मापने के लिए प्रतिदर्श माध्य के विचलनों को सभी अवलोकनों के सर्वोच्च माध्य से लिया जाता है और विचलनों के वर्ग के योग को स्वतन्त्रता के अंश द्वारा (प्रतिदर्शों की संख्या को एक से घटाकर) विभाजित किया जाता है जिसे प्रतिदर्शों के मध्य माध्य वर्ग द्वारा जाना जाता है। यह माध्य वर्ग वर्ग प्रभाव को या प्रतिदर्शों के मध्य संभावित अंतर को प्रदर्शित करता है।

यदि सभी समग्रों का माध्य समान होता है, उनमें कोई वर्ग प्रभाव नहीं होता है और प्रतिदर्शों का माध्य वर्ग भी अकेले घटना के कारण परिवर्तनशीलता को प्रदर्शित करेगा। इसलिए, जब समग्र में प्रतिदर्श माध्य एकसमान होते है, प्रतिदर्शों के भीतर माध्य वर्ग और प्रतिदर्शों के बीच माध्य वर्ग में बहुत अधिक अंतर नहीं होना चाहिए और उनका अनुपात एक के करीब होना चाहिए। असमान्यतः बडे अनुपात इंगित करेंगे कि समग्र में प्रतिदर्श माध्य एक समान नहीं होते हैं।

17.3.2 ANOVA का औचित्य :–

ANOVA के पीछे वैचारिक औचित्य यह है कि आंकडों के समूह में प्रसरण की मात्रा की दो तरह से विशेषता हो सकती है अर्थात घटना और निर्दिष्ट कारणों से और ANOVA के प्रयोग से हम विश्लेषणात्मक उद्देश्य के लिए इस प्रसरण को विभाजित कर सकते है। ANOVA कारकों के किसी संख्या के अनुसंधान के लिए स्वीकृति देता है जो आश्रित चर के प्रभाव के लिए अनुमानित हों। ANOVA का मूलभूत नियम प्रतिदर्शों भीतर प्रसरण की मात्रा का समग्रों के माध्य अन्तर के लिए परीक्षण द्वारा जांच पडताल करना और प्रतिदर्शों के मध्य सम्बन्धित प्रसरण की मात्रा का परीक्षण करना होता है। जबकि ANOVA का प्रयोग करते हुए, हम मानते है, कि प्रत्येक प्रतिदर्श को सामान्य समग्र से लिया गया है और प्रत्येक समग्र का प्रसरण एक समान है। यह भी कल्पना की जाती है कि एक या अधिक कारको के अतिरिक्त किये जा रहे परीक्षण प्रभावशाली तरीके से नियत्रण में है।

तद्पश्चात प्रत्येक आंकडे वर्ग के लिए स्वतन्त्र यादृच्छिक प्रतिदर्शों को चयनित किया जाता है, प्रतिदर्शो के बीच प्रसरण की मात्रा और प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण की मात्रा के अनुपात पर कार्य किया जाता है, इसे F अनुपात के रूप में जाना जाता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के आकार में वर्णित किया जा सकता है।

F = प्रतिदर्शो के मध्य प्रसरण पर आधारित समग्र प्रसरण का अनुमान / प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण पर आधारित समग्र प्रसरण का अनुमान

सामान्यतया प्रतिदर्शे के मध्य प्रसरण, प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण की तुलना में अधिक होगा। यदि परिस्थिति विपरीत होती है, अर्थात प्रतिदर्शों के बीच प्रसरण, प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण की तुलना में कम होता है तो अंश एवं हर की स्थितियों को परिवर्तित करना चाहिए और तद्नुसार निष्कर्ष निकाले जाने चाहिए लेकिन यह बहुत कदाचित होाग। F मान के गणना के पश्चात इसे दिये हुए अंश की स्वतन्त्रता के लिए तालिका मान के साथ तुलना की जाती है। यदि F का परिकल्पित मान तालिका मान के समान या अधिक होता है तब प्रतिदर्श माध्यों के बीच अर्थपूर्ण अंतर न होने की शून्य परिकल्पना अस्वीकार होती है। यह याद रखा जाना चाहिए कि ANOVA परीक्षण हमेशा एक पुच्छीय परीक्षण होता है, चूँकि प्रतिदर्श आंकडों मे से F का छोटा परिकल्पित मान का अर्थ होगा कि शून्य परिकल्पना के लिए समग्र माध्य बहुत लायक है।

AVOVA परीक्षण का अनुप्रयोग कुछ अवधारणाओं पर आधारित है जो निम्न रूप में है :

- समग्र की प्रसामान्यता

- प्रसरण की समरूपता
- यादृच्छिकरण
- त्रुटि की स्वतन्त्रता

आप देख सकते है। कि ANOVA परीक्षण एवं F परीक्षण की अवधारणाऐं समान होती है। इन अवधारणाओं की पूर्ति प्रत्यक्ष रूप से इस परीक्षण की विश्वसनीयता को बढायेगी लेकिन यदि समग्र एक रूपात्मक हों और प्रतिदर्श आकर लगभग समान हों तब समग्र के प्रसामान्यता की अवधारणा का उल्लंधन परीक्षण की उपयुक्तता को प्रभावित नहीं करेगा।

17.3.3 ANOVA तकनीक

प्रसरण के विश्लेषण के माध्यम से, शोधकर्ता कारकों की किसी संख्या जिसे अनुमानित किया जाता है की छानबीन कर सकते हैं। यदि शोधकर्ता केवल एक कारक को लेता है और इसके विभिन्न वर्गों के मध्य अन्तरों की छानबीन करता है जिसके बहुत संभावित मान है, तब शोधकर्ता एकतरफा ANOVA का प्रयोग करते हैं, और उस स्थिति में जहॉ वह दो कारकों की छानबीन एक साथ करता है, तब उसके द्वारा दो तरफा ANOVA का प्रयोग होता है। अच्छे निर्णय निर्धारण के लिए दो स्वतन्त्र चरों का एक आश्रित चर को प्रभावित करने का अध्ययन किया जाता है। आंकडों के वर्गीकरण के आधार पर या कारकों की सहभागिता ANOVA तकनीक को विभिन्न वर्गों जैसे एक तरफा ANOVA , दो तरफा ANOVA, ANOVA लैटिन वर्ग प्रारूप इत्यादि में विभाजित किया जा सकता है। विभिन्न स्थितियों में विभिन्न विधियों का प्रयोग किया जा सकता है जिसका सार निम्नलिखित रूप में है :

1- एक तरफा ANOVA
   1. प्रत्यक्ष विधि
   2. सरल मार्ग विधि
   3. सांकेतिक विधि

2- दो तरफा ANOVA
   1. अपुनरावृत्ति मानों के साथ
   2. पुनरावृत्ति मानों के साथ
   3. रेखांचित्रिय विधि

1. एकतरफा ANOVA :–

एकतरफा या एकल कारक ANOVA की स्थिति में, केवल एक कारक सुविचारित होता है और यह अवलोकित किया जाता है कि एकल कारक प्रतिदर्शो के भीतर परिवर्तनशीलता और प्रतिदर्शों के बीच परिवर्तनशीलता का अध्ययन महत्वपूर्ण होता है। यदि कारक के भीतर अन्तर होते है तो हमें निरीक्षण करना पडता हैं एकतरफा वर्गीकरण में, आंकडों को केवल एक मानदण्ड के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है और शून्य परिकल्पना की जाती है जिसका कथन हातो है कि समग्रों के समान्तर माध्यों का जिसमें इसके k प्रतिदर्श यादृच्छिक लिये गये थे वे एक दूसरे के बराबर हैं। इसे निम्नवत वर्णित किया जा सकता है।

H_0: $\mu_1 = \mu_2 = \mu_3 \ldots\ldots\ldots\ldots = \mu_k$

इस शून्य परिकल्पना के परीक्षण के लिए हम विभिन्न वैकल्पिक विधियों का प्रयोग कर सकते हैं जिनका नीचे वर्णन किया गया है।

(अ) प्रत्यक्ष विधि :– एकतरफा ANOVA परीक्षण में प्रत्यक्ष विधि के अर्न्तगत निम्नलिखित चरण शामिल हैं :

- सबसे पहले, प्रत्येक प्रतिदर्श का माध्य परिकल्पित किया जाता है :

  $\bar{X}_1, \bar{X}_2, \bar{X}_3, \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots \bar{X}_k$ (जब k प्रतिदर्श हैं)

- तद्पश्चात प्रतिदर्श माध्यों का माध्य निम्नलिखित तरीके से परिकल्पित किया जाता है :

$$\bar{\bar{X}} = \frac{n1 * \bar{X}_1 + n2 * \bar{X}_2 + n3 * \bar{X}_3 + \cdots \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + nk * \bar{X}_k}{n1 + n2 + n3 + \cdots \ldots\ldots nk}$$

- अगले चरण में, प्रतिदर्श माध्यों के विचलनों को प्रतिदर्श माध्यों के माध्य से परिकल्पित किया जाता है।
- तद्पश्चात इन विचलनों का वर्ग किया जाता है और समरूपी प्रतिदर्श मे इन्हें पदों की संख्या द्वारा गुणा किया जाता है और उनका संकलन प्राप्त किया जाता है इसे प्रतिदर्श के बीच प्रसरण या SS बीच के लिए वर्गों का योग कहा जाता है। इसे निम्नलिखित रूप में वर्णित किया जा सकता है।

$$\text{SS बीच} = n_1\left(\bar{X}_1 - \bar{\bar{X}}\right)^2 + n_2\left(\bar{X}_2 - \bar{\bar{X}}\right)^2 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + n_k \left(\bar{X}_k - \bar{\bar{X}}\right)^2$$

- तब प्रतिदर्शो के बीच प्रसरण के लिए वर्गों के योगों का प्रतिदर्शो। के बीच स्वतंत्रता के अंश द्वरा विभाजित किया जाता है जो माध्य वर्ग मध्य प्रदान करता है। लाक्षणिक रूप से ,

$$\text{MS मध्य} = \frac{SS\ Between}{(k-1)}$$

  जहॉ $(k - 1)$प्रतिदर्शो के मध्य स्वतन्त्रता का अंश ।

- अगले चरण में, SS भीतर परिकल्पित किया जाता है। इसके लिए, सभी प्रतिदर्शों के लिए समरूपी प्रतिदर्श माध्य में से प्रतिदर्श पदो के विचलन का मान परिकल्पित करते हैं, इन विचलनों का वर्ग किया जाता है और उनका संकलन प्राप्त करते हैं। इसे प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण के लिए वर्गों के योग के रूप में जाना जाता है। इसे निम्नलिखित रूप मे व्यक्त किया जा सकता है।

  SS भीतर $= \sum(X_{1i} - \bar{X}_1)^2 + \sum(X_{2i} - \bar{X}_2)^2 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + \sum(X_{ki} - \bar{X}_k)^2$

  with i =1,2,3…… के साथ

- तद्पश्चात ''प्रतिदर्श के भीतर माध्य वर्ग'' की गणना प्रतिदर्श के भीतर स्वतन्त्रता के अंश के साथ प्रतिदर्श के भीतर प्रसरण के लिए वर्गों के योग द्वारा विभाजन से की जाती है।

  MS भीतर = ss भीतर / (n-k)

  जहॉ n सभी प्रतिदर्शों के कुल पदों की संख्या अर्थात $n_1 + n_2 + \ldots\ldots + n_k$

  k = प्रतिदर्शों की कुल संख्या

  इस प्रकार (n-k) प्रतिदर्शों के भीतर स्वतन्त्रता के अंशों को i =1,2,3…….

  के साथ प्रदर्शित करता है।

- अन्तिम चरण में, F अनुपात की गणना निम्नलिखित सूत्र द्वारा की जाती है।

$$\text{F-ratio} = \frac{MS\ Between}{MS\ Within}$$

तद्पश्चात F के परिकल्पित मान की तुलना F के तालिका मान के साथ निर्दिष्ट महत्व के स्तर पर दिये हुए स्वतन्त्रता के अंश के लिए किया जाता है। यदि F अनुपात का परिकल्पित मान तालिका मान से छोटा होता है तब शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है और यदि परिकल्पित मान तालिका मान से अधिक होता है तब शून्य परिकल्पना अस्वीकार होती है। इस अनुपात का प्रयोग यह निर्णय करने में किया जाता है कि क्या विविध प्रतिदर्श माध्यों के मध्य अन्तर अर्थपूर्ण है या यह केवल एक प्रतिचयन अस्थिरता का विषय है।

ANOVA तकनीक का योगात्मक गुण :– कुल प्रसरण के लिए विचलन के वर्ग का योग प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण के लिए वर्ग के योग के जोड और प्रतिदर्शों के बीच प्रसरण के लिए वर्ग के योग द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

लाक्षणिक रूप से कुल प्रसरण के लिए SS= SS माध्य + SS भीतर कुल प्रसरण के लिए वर्ग के इस योग को एक वैकल्पिक विधि द्वारा भी ज्ञात किया जा सकता है इस प्रक्रिया में विचलनों के वर्गों का योग शामिल होता है जब सभी प्रतिदर्शों में एकल पदो के लिए विचलनों को प्रतिदर्श लाक्षणिक रूप से,

कुल प्रसरण के लिए $SS = \sum \left(X_{ij} - \bar{\bar{X}}\right)^2$

i = 1,2,3,……..

j = 1,2,3,……

कुल प्रसरण के लिए अंश की स्वतन्त्रता = (n – 1) = (k – 1) + (n – k)

इसका अर्थ है कि कुल प्रसरण के लिए अंशों की स्तन्ता सभी प्रतिदर्शों में पदों की संख्या ऋण एक के बराबर होगी। इसे प्रतिदर्शों के बीच के लिए अंश की स्वतन्त्रता का योग और प्रतिदर्शो के भीतर अंश की स्वतन्त्रता के योग द्वारा भी ज्ञात किया जा सकता है। यही कारण ANOVA तकनीक के योगात्मक गुण का है।

एकतरफा या एकल कारक ANOVA तकनीक में शामिल विभिन्न चरणों के आधार पर, उनकी गणना निम्नलिखित प्रसरण के विश्लेषण तालिका के रूप में संक्षिप्त की जा सकती है।

एकतरफा ANOVA के लिए प्रसरण की विश्लेषण तालिका

विचरण के श्रोत	वर्गों का योग (SS)	अंश की स्वतन्त्रता (d.f.)	माध्य वर्ग (MS)	F-अनुपात
(i)प्रतिदर्शो के बीच	$n_1(\bar{X}_1 - \bar{\bar{X}})^2 + n_2(\bar{X}_2 - \bar{\bar{X}})^2 + \ldots\ldots\ldots\ldots + n_k(\bar{X}_k - \bar{\bar{X}})^2$	(k – 1) k = प्रतिदर्शों की संख्या	$\frac{SS\ Between}{k-1}$	$\frac{MS\ Between}{MS\ Within}$
(ii) प्रतिदर्शों के भीतर	$\sum(X_{1i} - \bar{X}_1)^2 + \sum(X_{2i} - X22 + \ldots\ldots\ldots\ldots + \sum Xki - Xk2$	(n – k) n = कुल पदों की संख्या	$\frac{SS\ Within}{(n-k)}$	
(iii) कुल	i =1,2,3……. के साथ $\sum(X_{ij} - \bar{\bar{X}})^2$ i = 1,2,3,…….. j = 1,2,3,……	(n – 1)		

उदाहरण 3 :– एक शहर के कोनवेन्ट स्कूलों के मध्य किसी परीक्षा में प्रदर्शन के सम्भव विचरण के महत्व के आंकलन में एक सार्वजनिक परीक्षा चार स्कूलों से सम्बन्धित प्रत्येक अपर पांचवीं कक्षा से यादृच्छिक रूप से लिए गये छात्रों को दिलाई गयी थी। परिणाम नीचे दिये गये हैं। आंकडों के प्रसरण के विश्लेषण का सृजन करें।

स्कूल			
A	*B*	*C*	*D*
8	12	18	13
10	11	12	9
12	9	16	12
8	14	6	16
7	4	8	15

हल :– हम शून्य परिकल्पना लेते है। कि $H_0 : \mu_1 = \mu_2 = \mu_3 = \mu_4$

प्रत्येक प्रतिदर्श का माध्य

$$\bar{X}_1 = \frac{8+10+12+8+7}{5} = \frac{45}{5} = 9$$

$$\overline{X}_2 = \frac{12+11+9+14+4}{5} = \frac{50}{5} = 10$$

$$\overline{X}_3 = \frac{18+12+16+6+8}{5} = \frac{60}{5} = 12$$

$$\overline{X}_4 = \frac{13+9+12+16+15}{5} = \frac{65}{5} = 13$$

प्रतिदर्श माध्यों का माध्य

$$\overline{\overline{X}} = \frac{\overline{X}_1 + \overline{X}_2 + \overline{X}_3 + \overline{X}_4}{k}$$

$$= \frac{9+10+12+13}{4} = \frac{44}{4} = 11$$

SS मध्य

SS Between = $n_1\left(\bar{X}_1 - \bar{\bar{X}}\right)^2 + n_2\left(\bar{X}_2 - \bar{\bar{X}}\right)^2 + n_3\left(\bar{X}_3 - \bar{\bar{X}}\right)^2 + n_4\left(\bar{X}_4 - \bar{\bar{X}}\right)^2$

$= 5(9-11)^2 + 5(10-11)^2 + 5(12-11)^2 + 5(13-11)^2$

$= 20 + 5 + 5 + 20$

$= 50$

MS मध्य

MS between = $\frac{SS\ Between}{(k-1)}$

$= \frac{50}{4-1} = 16.7$ (there are 4 samples)

SS भीतर

SS भीतर = $\sum(X_{1i} - \bar{X}_1)^2 + \sum(X_{2i} - \bar{X}_2)^2 + \sum(X_{3i} - \bar{X}_3)^2 + \sum(X_{4i} - \bar{X}_4)^2$

$= \{(8-9)^2 + (10-9)^2 + (12-9)^2 + (8-9)^2 + (7-9)^2\}$
$+ \{(12-10)^2 + (11-10)^2 + (9-10)^2 + (14-10)^2 + (4-10)^2\}$
$+ \{(18-12)^2 + (12-12)^2 + (16-12)^2 + (6-12)^2 + (8-12)^2\}$
$+ \{(13-13)^2 + (9-13)^2 + (12-13)^2 + (16-13)^2 + (15-13)^2\}$

$= \{1+1+9+1+4\} + \{4+1+1+16+36\} + \{36+0+16+36+16\} + \{0+16+1+9+4\}$

$= 16 + 58 + 104 + 30 = 208$

MS भीतर

MS Within = $\frac{SS\ Within}{(n-k)}$

$= \frac{208}{20-4} = \frac{208}{16} = 13$

F-अनुपात

F- अनुपात = $\frac{MS\ Between}{MS\ Within}$

$= \frac{16.7}{13} = 1.285$

उपरोक्त वर्णित गणनाओं को निम्नलिखित तालिका के रूप में संक्षिप्त किया जा सकता है :–

विचरण के श्रोत	SS	d.f.	MS	F- अनुपात	5% F-सीमा
मध्य प्रतिदर्श भीतर प्रतिदर्श	50 208	4 – 1= 3 20 – 4 = 16	16.7 13	1.285	F(3,16) 3.24
कुल	258				

F (1.285) का परिकल्पित मान तालिका मान (3.24) से कम है, इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकार होती है और हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि प्रतिदर्श समान समग्रों से लिये गये हैं।

(ब) सरल मार्ग विधि :– उपरोक्त वर्णित ANOVA के एकतरफा तकनीक की प्रत्यक्ष विधि बहुत विस्तृत और अधिक समय लेने वाली होती है। प्रत्यक्ष विधि के स्थान पर, सरल मार्ग विधि को एकतरफा ANOVA से सम्बन्धित समस्याओं के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है और हम समान परिणाम प्राप्त करेंगे। वास्तव में, सरल मार्ग विधि प्रत्यक्ष विधि की तुलना में अधिक लोकप्रिय है और सामान्यतया इसे एकतरफा ANOVA के अभ्यास के लए प्रयोग किया जाता है क्योकि यह कम समय लेने वाली, आसान और यह विशेष रूप से संगणनात्मक कार्य को कम करता है। सरल मार्ग विधि में निम्नलिखित चरण शामिल होत हैं :

- सबसे पहले, सभी प्रतिदर्शों में एकल पदों का योग ज्ञात किया जाता है और इसे 'T' के रूप में जाना जाता है। लाक्षणिक रूप से,

  $T = \sum X_{ij}$ जहॉ $i = 1,2,3\ldots\ldots$

  $j = 1,2,3,\ldots..$

- तद्पश्चात ''संशोधन कारक'' के अर्न्तगत कार्य करते हैं ' संशोधन कारक = $\frac{(T)^2}{n}$

- अगले चरण में, कुल विचरण के वर्गों के योग के लिए हम सभी पद मानों के वर्ग द्वारा और इसका योग लेते हुए और संशोधन कारक को इसमें से घटाते हैं।

  योग $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

- तब हम प्रतिदर्शों के बीच प्रसरण के लिए वर्गों का योग ज्ञात करते हैं। इस मान को प्राप्त करने के लिए, प्रत्येक प्रतिदर्श वर्ग $(T_j)^2$ के वर्ग को प्रतिदर्श में सम्बन्धित पदों की संख्या द्वारा विभाजित किया जाता है, उनका संकलन ज्ञात किया जाता है और संशोधन कारक को इस संकलन से घटाया जाता है।

  SS मध्य $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$ जहॉ $j = 1,2,3,\ldots\ldots$

- अगले चरण में, प्रतिदर्शों के बीच के लिए वर्ग के योग को कुल प्रसरण के लिए वर्गों के योग में घटाया जाता है और परिणामित मान प्रतिदर्शों के भीतर के लिए वर्गो के योग को निर्दिष्ट करता है। लाक्षणिक रूप से,

$$\text{SS भीतर} = \left\{\sum X_{ij}^2 - \frac{(T)^2}{n}\right\} - \left\{\sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}\right\}$$

$$= \sum X_{ij}^2 - \sum \frac{(T_j)^2}{n_j}$$

तद्पश्चात एक प्रत्यक्ष विधि के प्रयोग के लिए समान तरीके से ANOVA तालिका को निर्मित किया जाता है।

उदाहरण :– 4 तीन प्रजातियों के गेहूँ 4 भूखंडों में विकास के लिए, प्रसरण के विश्लेषण को स्थापित करें इसके लिए प्रति उत्पादन आंकडा निम्नवत दिया है और कथन की पुष्टि करें कि प्रजातियों में अंतर महत्वपूर्ण है ।

प्रति एकड उत्पादन आंकडा

जमीन का भूखंड		**गेहूँ की प्रजाति**	
	A	B	C
1	6	5	5
2	7	5	4
3	3	3	3
4	8	7	4

हल :–

हम इस समस्या को सरल मार्ग विधि द्वारा हल करेंगें

$$H_0: \mu_1 = \mu_2 = \mu_3$$

मान लें कि गेहूँ की तीन प्रजातियों में कोई अर्थपूर्ण अन्तर नहीं है, शून्य परिकल्पना है।

$$T = \sum X_{ij}$$

$$= 6+7+3+8+5+5+3+7+5+4+3+4 = 60$$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(60)^2}{12} = 300$

कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$$= (6)^2 + (7)^2 + (3)^2 + (8)^2 + (5)^2 + (5)^2 + (3)^2 + (7)^2 + (5)^2 + (4)^2 + (3)^2 + (4)^2 - \frac{(60)^2}{12}$$

$$= 332 - 300 = 32$$

SS मध्य $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$$= \frac{(24)^2}{4} + \frac{(20)^2}{4} + \frac{(16)^2}{4} - \frac{(60)^2}{12}$$

$$= 144 + 100 + 64 - 300 = 308 - 300 = 8$$

SS भीतर $= \sum X_{ij}^2 - \sum \frac{(T_j)^2}{n_j}$

$$= 332 - 308 = 24$$

ANOVA तालिका निम्नवत है :

प्रसरण के श्रोत	**SS**	**d.f.**	**MS**	**F-ratio**	**5% F-**सीमा
प्रतिदर्श के बीच	8	3 – 1= 2	$\frac{8}{2} = 4.00$	$\frac{4.00}{2.67} = 1.5$	F (2,9) = 4.26
प्रतिदर्श के भीतर	24	12 – 3 = 9	$\frac{24}{9} = 2.67$		
योग	32				

F(1.5) का परिकल्पित मान तालिका मान (4.26) से कम है, इसलिए शून्य परिकल्पना स्वीकृत होती है और हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि गेहूँ की पैदावार में अन्तर प्रजातियों की वजह से अर्थपूर्ण नहीं है और यह केवल घटना के तरीके से हुआ है।

(स) सांकेतिक विधि :– कभी कभी हमें बडे मानों के साथ समझौता करना पडता है। यह गणना की प्रक्रिया को बहुत जटिल बनाता है। इन स्थितियों में, हम सांकेतिक विधि की सहायता ले सकते है। यह एक सरल मार्ग विधि का विस्तार है। इस प्रकार, सांकेतिक विधि का प्रयोग समस्याओं के सरलीकरण के लिये किया जाता है जिसमें बडे मान शामिल होते हैं। बीजांक एक स्थायी द्वारा जोड, घटाना, गुणा या भाग का उल्लेख करता है। यदि सभी n पदों को एक सार्वाजनिक कारक जिसे स्थायी कहा जाता है द्वारा या तो गुणा किया जाता है या भाग दिया जाता है या एक अपरिवर्तनशील को प्रत्येक n पदों में जोडा या घटाया जाता है, तब भी F अनुपात का मान प्रभावित नहीं होता है। इसका अर्थ है कि वास्तविक माप की गणना को परिणामों के अनुगामी सामजस्यों के आवश्यकता बिना सरलीकरण किया जा सकता है। एक बार दिये हुए मान कुछ सार्वजनिक मान के साथ परिवर्तित किये जाते हैं, तब सरल मार्ग विधि के सभी चरणों को F अनुपात को ज्ञात और व्याख्या करने के लिए अंगीकृत किया जा सकता है।

उदाहरण 5:– 5 मोटर कार टायरों के यादृच्छिक प्रतिदर्शों को तीन कम्पनीयों द्वारा निर्मित प्रत्येक के 3 ब्रान्डों से लिया गया है। इन टायरों (मीलवार दौड द्वारा मापने के रूप में) नीचे दिखाया गया है। आंकडों के आधार पर, परीक्षण करें कि 3 ब्रान्ड के टायरों का औसत जीवनकाल समान है या नहीं।

टायरों का जीवनकाल ('000 मील)

ब्रान्ड

A	B	C
35	32	34
34	32	33
34	31	32
33	28	32
34	29	33

हल : $H_0 : \mu_1 = \mu_2 = \mu_3$

शून्य परिकल्पना मानते है कि तीन ब्रान्ड के टायरों के मध्य कोई अन्तर नहीं है। गणनाओं के सरलीकरण के क्रम में, प्रत्येक अवलोकन को 30 द्वारा कम किया जाता है।

बीजांक आंकडा है :–

A	B	C
5	2	4
4	2	3
4	1	2
3	–2	2
4	–1	3

$T = \sum X_{ij}$

$= 5 + 4 + 4 + 3 + 4 + 2 + 2 + 1 - 2 - 1 + 4 + 3 + 2 + 2 + 3 = 36$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(36)^2}{15} = 86.4$

कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$=(5)^2+(4)^2+(4)^2+(3)^2+(4)^2+(2)^2+(2)^2+(1)^2+(-2)^2+(-1)^2+(4)^2+(3)^2+(2)^2+(2)^2+(3)^2-86.4$

$= 138 - 86.4 = 51.6$

SS मध्य $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \frac{(20)^2}{5} + \frac{(2)^2}{5} + \frac{(14)^2}{5} - 86.4$

$= 80 + 0.8 + 39.2 - 86.4$

$= 120 - 86.4 = 33.6$

SS भीतर $= \sum X^2_{ij} - \sum \frac{(T_j)^2}{n_j}$

$= 138 - 120 = 18$

ANOVA तालिका निम्नवत है :–

प्रसरण के श्रोत	SS	d.f.	MS	F-ratio	5% F-सीमा
मध्य प्रतिदर्श भीतर प्रतिदर्श	33.6 18.0	3 – 1= 2 15– 3 = 12	$\frac{33.6}{2}$ = 16.8 $\frac{18}{12}$ = 1.5	$\frac{16.8}{1.5}$ = 11.2	F (2,12) = 3.89
योग	51.6				

F(11.2) का परिकल्पित मान तालिका मान (3.89) से अधिक है, इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार है और हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि टायरों के 3 ब्राण्डों का औसत जीवनकाल एकसमान नहीं है।

2. दो तरफा ANOVA

एकतरफा ANOVA में आपको ध्यान देना चाहिए कि एकल कारक के विभिन्न स्तरों के निरूपण संगठन जो कि प्रयोग में नियंत्रित रहता है। लेकिन वास्तविक जीवन स्थितियों में, एक शोधकर्ता एक ही समय में एक से अधिक कारकों के प्रभाव को जानने में रूचि रख सकते हैं या हम बहुत सी उन स्थितियों का सामना कर सकते हैं जिसमें रूचि का प्रतिक्रिया चर एक से अधिक कारकों द्वारा प्रभावित हो सकता है। उदाहरण के लिए, कृषि सम्बन्धी परिणाम उर्वरक के प्रकार एवं बीज की प्रजाति द्वारा प्रभावित किया जा सकता है, उत्पादन को मशीनों की विभिन्न प्रजातियों एवं मजदूरों के विभिन्न वर्गो द्वारा प्रभावित किया जा सकता है, उत्पाद विक्री को विज्ञापन स्तरें एवं कीमत स्तरों द्वारा प्रभावित किया जा सकता है। इन स्थितियों में, हम दो तरफा ANOVA का प्रयोग करेगें। इस प्रकार, दो तरफा ANOVA तकनीक प्रयोग की जाती है जब आंकडों का वर्गीकरण दो कारकों के आधार पर होता है। हम परीक्षण की रचना इस तरीके से कर सकते है। कि एक ही समय में दो कारकों के प्रभाव का परीक्षण प्रसरण के विश्लेषण से किया जा सके। दो तरफा ANOVA के साथ, एक ही समय, एक से आंकडे के साथ हम परिकल्पना के दो समूहों का परीक्षण कर सकते हैं। इस तकनीक का सबसे बडा लाभ यह है कि यह शोधकर्ता को कारकों के मध्य पारस्परिक प्रभाव के निरीक्षण के लिए समर्थ बनाता है। दो तरफा प्रारूप के प्रत्येक कारक में पुनरावृत्ति मापें हो सकती है या पुनरावृत्ति मापें नहीं हो सकती है।

(अ) अपुनरावृत्ति मानों के साथ :– दो तरफा वर्गीकरण में प्रसरण के विश्लेषण के लिए प्रक्रिया एकतरफा वर्गीकरण की स्थिति से थोडी सी भिन्न होती है। जब हमारे पास पुनरावृत्ति मान नहीं होते हैं, प्रतिदर्शों के भीतर वर्गों के योगों की गणना सीधे नहीं की जा सकती हैं इस अवशेष या विचरण त्रुटि की गणना एक निरूपण के मध्य प्रजातियों के प्रसरण के लिए वर्गों के योग द्वारा एवं दूसरे निरूपण के मध्य प्रजातियों के प्रसरण के लिए वर्गों के योग को कुल प्रसरण के लिए वर्गों के योग में से घटाकर की जाती है। संगणना प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं :–

- जब दोतरफा AVOVA की गणना करते हैं, यदि मान जटिल होते हैं, तब बीजांक प्रारम्भ में किया जा सकता है और तद्पश्चात अगले चरणों का अनुसरण करते हैं।
- सभी प्रतिदर्शो में एकल पदो के मानों या बीजांक मानों का योग किया जाता है और इस संगकलन को T के रूप में जाना जाता है। सांकेतिक रूप में,
  $T = \sum X_{ij}$
- तद्पश्चात निम्नलिखित तरीके से संशोधनकारक ज्ञात किया जाता है
  संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n}$
- अगले चरण में संशोधन कारक को एकल पदो के वर्गों के योग मे से घटाया जाता है और परिणामी मान कुल प्रसरण के लिए वर्गों के विचलनों का कुल योग होता है।
  सांकेतिक रूप में,
  कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$
- अब स्तम्भों के मध्य प्रसरण के लिए हमें विचलनों के वर्गो का योग ज्ञात करना पडता है। इस मान की गणना के लिए ,विभिन्न स्तम्भों का योग किया जाता है और प्रत्येक स्तम्भ के योग के वर्ग को सम्बन्धित स्तम्भ में पदों की संख्या द्वारा विभाजित किया जाता है और इन मानों को संकलित किया जाता है और तद्प्श्चात इस संकलन में से संशोधन कारक को घटाया जाता है, सांकेतिक रूप में,
  स्तम्भों के मध्य $SS = \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$
- अब स्तरम्भों के मध्य प्रसरण के लिए हमकें विचलनों के वर्गों का योग ज्ञात करना पडता है। इस मान की गणना के लिए, विभिन्न स्तम्भों का योग किया जाता है और प्रत्येक स्तम्भ के योग के वर्ग को सम्बन्धित स्तम्भ में पदों की संख्या द्वारा विभाजित किया जाता है और इन मानों को संकलित किया जाता है और तद्पश्चात इस संकलन में से संशोधन कारक को घटाया जाता है सांकेतिक रूप में,
  स्तम्भों के मध्य $SS = \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$
- स्तम्भों के मध्य गणना के पश्चात हमें पंक्तियों के मध्य SS की गणना करनी पडती है। पंक्तियों के मध्य प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों के योग की गणना कुल पंक्ति के वर्ग के योग को सम्बन्धित पंक्ति में पदों की संख्या द्वारा विभाजन में से संशोधन कारक को घटाकर की जाती है। सांकेतिक रूप से
  पंक्तियों के मध्य $SS = \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$

- अगले चरण में, स्तम्भों के मध्य प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों का योग और पंक्तियों के मध्य प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों का योग को कुल प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों के योग मे से घटाकर किया जाता है और परिणामी मान अवशेष या त्रुटि प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों के योग को दर्शाता है। इसे निम्नवत वर्णित किया जा सकता है :–

  अवशेष ss = कुल ss –(स्तम्भों के मध्य ss = पंक्तियों के मध्य ss)
- F अनुपात के मान को प्राप्त करने के लिए, हमें भिन्न वर्गों के योग के लिए अंशों की स्वतन्त्रता ज्ञात होनी चाहिए जिसके लिए निम्न के अन्तर्गत कार्य करना पड सकता है :–

  कुल प्रसरण के लिए $d.f. = (c \,.\, r - 1)$

  स्तम्भों के मध्य प्रसरण के लिए $d.f. = (c - 1)$

  पंक्तियों के मध्य प्रसरण के लिए $d.f. = (r - 1)$

  अवशेष प्रसरण के लिए $d.f. = (c - 1)\,(r-1)$

  जहॉ c = स्तम्भों की संख्या r = पंक्तियों की संख्या
- तब एक दो तरफा AVOVA तालिका निम्नलिखित तरीके से निर्मित की जाती है :–

दो तरफा AVOVA के लिए प्रसरण के विश्लेषण की तालिका

विचरण के श्रोत	वर्गों का योग (SS)	स्वतंत्रता का अंश (*d.f.*)	माध्य वर्ग (MS)	F-अनुपात
स्तम्भों के मध्य	$\sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$	(c – 1)	$\frac{\text{SS between Columns}}{(c-1)}$	$\frac{\text{MS between columns}}{(\text{MS residual})}$
पंक्तियों के मध्य	$\sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$	(r – 1)	$\frac{\text{SS between rows}}{(r-1)}$	$\frac{MS\ between\ rows}{(MS\ residual)}$
अवशेष या त्रुटि	कुल SS – (स्तम्भों के मध्य SS + पंक्तियों के मध्य SS)	(c–1)(r–1)	$\frac{\text{SS residual}}{(c-1)(r-1)}$	
कुल	$\sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$	(c.r – 1)		

आपकों यह स्पष्ट होना चाहिए कि अपुनरावृत्ति मानों के साथ दो तरफा ANOVA में अवशेष प्रसरण का आधार F अनुपात होता है। अवशेष प्रसरण के घटित होने के लिए

कारण प्रतिचयन की अस्थिरता होती है। महत्व के निर्दिष्ट स्तर पर दिये हुए अंश की स्वतन्त्रता के लिए दोनों F अनुपातों की तुलना उनके समरूपी तालिका मानों के साथ की जाती है। F के आधार पर शून्य परिकल्पनाओं के लिए स्वीकृत एवं अस्वीकृत मानदण्ड समान रहते हैं।

उदाहरण 6:– निम्नलिखित आंकडे इकाईयों की संख्या के प्रतिदिन उत्पादन को प्रदर्शित करते है। जो 3 भिन्न मजदूरों द्वारा 4 भिन्न प्रकार की मशीनों से निकले है। नीचे दिये हुए आंकडों में दो तरफा ANOVA को प्रदर्शित करें।

मजदूर	मशीन के प्रकार			
	A	***B***	***C***	***D***
I	38	40	41	39
II	45	42	49	36
III	40	38	42	42

(सांकेतिक विधि का प्रयोग दिये हुए संख्याओं को 40 से घटाकर करें)

हलः हम शून्य परिकल्पना लेते है कि उत्पादकता माध्य में मशीन प्रकार एवं विभिन्न मजदूरों के सन्दर्भ में कोई अर्थपूर्ण अन्तर नहीं है। प्रत्येक मान को 40 में से घटाकर कर, हम प्राप्त करते हैं :–

मजदूर	मशीन प्रकार				कुल
	A	B	C	D	
I	–2	0	+1	–1	–2
II	+5	+2	+9	–4	+12
III	0	–2	+2	+2	+2
कुल	***+3***	***0***	***+12***	***–3***	***+12***

उपरोक्त तालिका से 'T' स्पष्ट है कि या $\sum X_{ij} = 12$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(12)^2}{12} = 12$

कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$= (-2)^2 + (5)^2 + (0)^2 + (0)^2 + (2)^2 + (-2)^2 + (1)^2 + (9)^2 + (2)^2 + (-1)^2 + (-4)^2 + (2)^2 - 12$

$= 4 + 25 + 0 + 0 + 4 + 4 + 1 + 81 + 4 + 1 + 16 + 4 - 12 = 144 - 12 = 132$

मशीनों के मध्य वर्गों का योग $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \frac{(3)^2}{3} + \frac{(0)^2}{3} + \frac{(12)^2}{3} + \frac{(-3)^2}{3} - 12$

$= 3 + 0 + 48 + 3 - 12 = 42$

मजदूरों के मध्य वर्गों का योग $= \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$

$$= \frac{(-2)^2}{4} + \frac{(12)^2}{4} + \frac{(2)^2}{4} - 12$$

$$= 1 + 36 + 1 - 12 = 26$$

SS अवशेष = कुल SS – (मशीनों के मध्य SS + मजदूरों के मध्य SS)

$$= 132 - (42 + 26) = 132 - 68 = 64$$

ANOVA तालिका निम्नवत है :–

विचरण के श्रोत	**SS**	**d.f.**	**MS**	**F**-अनुपात	**5% F**-सीमा
मशीनों के मध्य	42	4– 1= 3	$\frac{42}{3} = 14$	$\frac{14}{10.67} = 1.31$	F (3,6) = 4.76
मजदूरों के मध्य	26	3– 1 =2	$\frac{26}{2} = 13$	$\frac{13}{10.67} = 1.22$	F(2,6) = 5.14
अवशेष	64	(4 –1)(3–1) =6	$\frac{64}{6} = 10.67$		
कुल	132	(4×3 – 1) =11			

चूँकि F अनुपातों (1.31,1.22) दोनों परिकल्पित मान उनके तालिका मानों (4.76, 5.14) से कम है इसलिए, दोनों शून्य परिकल्पनाऐं स्वीकार है और हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि उत्पादकता माध्यों मे मशीन प्रकार के साथ साथ मजदूरों के सन्दर्भ में कोई अर्थपूर्ण अन्तर नहीं है।

(ब) पुनरावृत्ति मानों के साथ :– कदाचित हमें दो तरफा प्रारूप की कुछ स्थितियों मे सामना करना पढ सकता है जहॉ सभी वर्गों के लिए पुनरावृत्ति मापें होती है। दो तरफा प्रारूप के अपुनरावृत्ति मानों के साथ और दो तरफा पुनरावृत्ति मानों की संगणना प्रक्रिया मे केवल एक अन्तर होता है । कुल ss स्तम्भों के मध्य ss और पंक्तियों के मध्य ss की गणना समान तरीके से की जाती है। पुनरावृत्ति मानों की स्थिति में, हमें अन्योन्यक्रिया विचरण की गणना करनी पडती है। दो तरफा विश्लेषण में अन्योन्यक्रिया का तात्पर्य यह है कि दो निरूपण तन्त्र नहीं है और एक कारक का विशेष निरूपण का प्रभाव दूसरे कारक के स्तर पर आश्रित रहता है और विपरीत क्रम में प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण के लिए वर्गों के योग की गणना एक तरफा ANOVA की स्थिति के रूप में समान तरीके से की जाती है। अन्योन्य क्रिया विचरण की गणना शेष बचे वर्गो के योग के पर एवं बचे शेष स्वतन्त्रता के अंशों के आधार पर की जाती है।

एक अर्थपूर्ण अन्योन्यक्रिया प्रभाव इंगित करता है कि एक कारक के लिए निरूपण का प्रभाव दूसरे कारक द्वारा दृढता से प्रभावित हुआ है।

ANOVA तालिका को सामान्य तरीके से तैयार किया जाता है।

उदाहरण 7 :– क्या अन्योन्यक्रिया विचरण निम्नलिखित सूचना सम्बन्धित मील संख्या आधारित विभिन्न ब्रान्डों की गैसोलीन एवं कारों की स्थिति में अर्थपूर्ण है :–

	गैसोलीन के ब्रान्ड		
कार	***X***	***Y***	***Z***
A	12	10	9
	12	9	11
B	12	7	10
	11	8	11
C	10	11	8
	11	11	7

हल :– H_0 कारों एवं गैसोलीन ब्रान्डों के मध्य कोई अर्थपूर्ण अन्योन्यक्रिया नहीं है।

$T = \sum X_{ij}$

$= (12 + 12 + 10 + 9 + 9 + 11) + (12 + 11 + 7 + 8 + 10 + 11) + (10 + 11 + 11 + 11 + 8 + 7)$

$= 63 + 59 + 58 = 180$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(180)^2}{18} = 1800$

कुल SS $= \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$= (12)^2 + (12)^2 + (10)^2 + (9)^2 + (9)^2 + (11)^2 + (12)^2 + (11)^2 + (7)^2 + (8)^2 + (10)^2 + (11)^2 + (10)^2 + (11)^2 + (11)^2 + (11)^2 + (8)^2 + (7)^2 - 1800$

$= 1846 - 1800 = 46$

SS स्तम्भों के मध्य $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \left\{\left(\frac{68 \times 68}{6}\right) + \left(\frac{56 \times 56}{6}\right) + \left(\frac{56 \times 56}{6}\right)\right\} - 1800$

$= 770.67 + 522.67 + 522.67 - 1800 = 1816.01 - 1800 = 16.01$

SS पंक्तियों के मध्य $= \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \left\{\left(\frac{63 \times 63}{6}\right) + \left(\frac{59 \times 59}{6}\right) + \left(\frac{58 \times 58}{6}\right)\right\} - 1800$

$= 661.5 + 580.17 + 560.67 - 1800 = 1802.34 - 1800 = 2.34$

प्रतिदर्शो के भीतर ss की गणना वर्ग के भीतर इसके माध्य के साथ प्रत्येक पद द्वारा घटाकर करते हैं।

[उदाहरण के लिए A & X → (12 +12)/2 = 12; A & Y→(10 + 9)/2 = 9.5 और इसी प्रकार]

SS भीतर =

$(12-12)^2 + (12-12)^2 + (12-11.5)^2 + (11-11.5)^2 + (10-10.5)^2 + (11-10.5)^2 + (10-9.5)^2 + (9-9.5)^2 + (7-7.5)^2 + (8-7.5)^2 + (11-11)^2 + (11-11)^2 + (9-10)^2 + (11-10)^2 + (10-10.5)^2 + (11-10.5)^2 + (8-7.5)^2 + (7-7.5)^2$

$= 0 + 0 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0 + 0 + 1 + 1 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 = 5$

SS अन्योन्यक्रिया = कुल SS – (SS स्तम्भ + SS पंक्ति + SS भीतर)

$= 46 - (16.01 + 2.34 + 5) = 46 - 23.35 = 22.65$

ANOVA तालिका निम्नवत है :–

विचरण के श्रोत	**SS**	**d.f.**	**MS**	**F**-अनुपात	**5% F**-सीमा
स्तम्भों के मध्य	16.01	3– 1= 2	$\frac{16.01}{2} = 8$	$\frac{8}{0.56} = 14.28$	F (2,9) = 4.26
पंक्तियों के मध्य	2.34	3– 1 =2	$\frac{2.34}{2} = 1.17$	$\frac{1.17}{0.56} = 2.09$	F (2,9) = 4.26
प्रतिदर्श के भीतर	5.00	18 – 9 = 9	$\frac{5}{9} = 0.56$		
अन्योन्यक्रिया	22.65	17–(2+2+9) =4	$\frac{22.65}{4} = 5.66$	$\frac{5.66}{0.56} = 10.1$	F(4,9) = 3.63
कुल	46	18-1=17			

अन्योन्यक्रिया (10.1) के लिए F अनुपात का परिकल्पित मान इसके तालिका मान (3.63) से अधिक है, इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य है। इसका अभिप्राय है कि कारों एवं गैसोलीन के ब्रान्डों के मध्य अर्थपूर्ण अन्योन्यक्रिया है, इसलिए स्तम्भ प्रभाव एवं पंक्ति प्रभाव के परिणामों का कोई उपयोग नहीं हैं।

(स) रेखाचित्रीय विधि :– यदि आपको दो तरफा ANOVA के पुनरावृत्ति मानों के साथ आवश्यक समस्याओं के साथ व्यवहार करन पडता है, तब आपके पास रेखाचित्रीय विधि का भी विकल्प होता है। इस प्रकार, दो तरफा प्रारूप में , रेखाचित्रीय विधि विभिन्न कारकों के मध्य अन्योन्यक्रिया का भी अध्ययन किया जा सकता है। रेखाचित्रीय विधि में, एक कारक को x अक्ष में रेखांकित और दूसरे कारक को y अक्ष में रेखांकित किया जाता है। सभी प्रतिदर्शों के लिए माध्यों को बिदुरेख में

रेखांकित किया जाता है और पृथक रेखाओं द्वारा तर्कसंगत किया जाता है। यदि प्रत्येक प्रतिदर्श पदों को जोडने वाली रेखाऐं एक दूसरे के विरूद्ध नहीं होती हे, तब इसका सूचक अन्योन्यक्रिया का नहीं हाता है, जबकि रेखाऐं एक दूसरे विपरीत (विरूद्ध) होती है इसका अभिप्राय कारकों के मध्य एक अन्योन्यक्रिया का होना है। प्रत्येक प्रतिदर्श पदों से सम्बन्धित रेखाओं के रेखाचित्रीय निरूपण अन्योन्यक्रिया के प्रकार के बारे में इंगित करता है। उदाहरण के लिए, अन्योन्यक्रिया क्रमवाचक प्रकार की हो सकती है जहॉ एक कारक से सम्बन्धित प्रभाव का श्रेणी क्रम एक समान रहता है। दूसरे कारक के परिवर्तन से सम्बन्धित प्रभावों का श्रेणी क्रम हो तो अन्योन्यक्रिया क्रमवार प्रकार की नहीं होगी। यह गैर क्रमवार अन्योन्यक्रिया गैर विपरीत शेष या विपरीत शेष प्रकार की हो सकती है।

17.4 सारांश

इस इकाई में, आपने F अनुपात और ANOVA के बारे मे अध्ययन किया। F परीक्षण दो प्रसरणों के अनुपात पर आधारित हेाता है। इसका प्रयोग यह निर्धारण करने में किया जाता है कि क्या दो सम्बन्धित प्रतिदर्शों को समान प्रसरण के सामान्य समग्रों से लिया गया है। F परीक्षण सामान्य स्थिति, समरूपता, यादृच्छिकता, त्रुटि की स्वतन्त्रता की अवधारणा पर आधारित होता है। ANOVA कारणों के वर्ग की वजह से विचरण के पृथककरण में से दूसरे वर्गो की वजह से विचरण की एक सांख्यिकीय तकनीक के लिए हैं विशेष रूप से इसे उस परीक्षण के लिए प्रारूपित किया जाता है जहॉ दो से अधिक मात्रात्मक (परिमाणात्मक) समग्रों के माध्य समान होते हैं। यदि आंकडे को केवल एक कारक के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है तब एक तरफा ANOVA प्रयोग होता है जबकि यदि आंकडे को दो करकों के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है तब दो तरफा ANOVA प्रयुक्त होता है। एक तरफा ANOVA में, F अनुपात की गणना माध्य वर्ग के माध्य और माध्य वर्ग के भीतर अनुपात के रूप में की जाती है। शून्य परिकल्पना की स्वीकार्यता और अस्वीकारिता के सम्बन्ध मे निर्णय F के परिकल्पित एक तालिका मान की तुलना के आधार पर लिया जाता है। दो तरफा ANOVA में एक साथ एक कारक से अधिक के प्रभाव का अध्ययन किया जाता है। अपुनरावृत्ति मानों की दशा में, दो F अनुपातों की गणना की जाती है। पहली स्तम्भों के मध्य और दूसरी पंक्तियों के मध्य पुनरावृत्ति मानों की दशा में, उपरोक्त वर्णित दो F अनुपातों के अतिरिक्त, दूसरा F अनुपात भी अन्योन्यक्रिया विचरण की गणना के लिए लिया जाता है।

एकतरफा और दो तरफा ANOVA के लिए स्वीकृत और अस्वीकृत मानदण्ड एक समान रहते हैं। जटिल आंकडों की दशा में, आंकडों के सरलीकरण के लिए सांकेति विधि का प्रयोग किया जा सकता है।

17.5 शब्दावली

- AVOVA : प्रसारण का विश्लेषण ।
- SS : प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गो का योग ।
- MS : औसत (माध्य) वर्ग।

- **अन्योन्यक्रिया प्रभाव** : एक कारक दूसरे कारक के लिए उपचार का प्रभाव ।

17.6 बोध प्रश्न

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति

1. ''प्रसरण'' शब्द सबसे पहले सांख्यिकीविद् ————————द्वारा प्रयोग किया गया था।
2. ANOVA तकनीक प्रारम्भ में ————————अनुसंधान में प्रयोग की गई थी।
3. प्रतिदर्श के भीतर माध्य वर्ग गणना के लिए स्वतन्त्रता के अंश में सम्मिलित ——————घटाने पर ————————।
4. ————————विधि ANOVA तकनीक में गणनात्मक कार्य सरलीकरण के लिए प्रयोग होती है।
5. आलेखी विधि के अन्तर्गत ————————कारकों के मध्य रेखाओं को पार करने द्वारा इंगित किया जाता है।

(ब) सत्य या असत्य

1. F- परीक्षण के अनुप्रयोग के लिए वर्गों की समरूपता एक आवश्यक अवधारणा होती है। (सत्य/असत्य)
2. F- परीक्षण दो मानक विचलनों के अनुपात पर आधारित है। (सत्य/असत्य)
3. प्रसरण के विश्लेषण परीक्षण का उद्देश्य दो प्रतिदर्श प्रसरणों के मध्य अन्तर के महत्व का परीक्षण करना होता है। (सत्य/असत्य)
4. द्विमार्गी ANOVA पुनरावृत्ति मानों के साथ न होने पर की स्थिति में अन्योन्यक्रिया चिरण की मणना की जाती है। (सत्य/असत्य)
5. $(n-k)$ अवशेष प्रसारण के लिए स्वतन्त्रता के अंश को इंगित करता है। (सत्य/असत्य)

17.7 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ)

1. आर0ए0 फिशर 2. भूमि विषयक 3. कुल प्रतिदर्श आकार प्रतिदर्शों की संख्या 4. सांकेतिक शब्दों में बदलना 5. अन्योन्यक्रिया

(ब)

1. सत्य 2. असत्य 3. असत्य 4. असत्य 5. असत्य

17.8 स्वपरख प्रश्न

1. F- परीक्षण का उद्देश्य क्या होता है ?
2. शब्द माध्य वर्ग को परिभाषित करें ?
3. संशोधन कारक का सूत्र लिखें ?
4. F- परीक्षण की अवधारणाऐं एवं तकनीक का वर्णन करें ?
5. प्रसरण के विश्लेषण का अर्थ समझाइयें। द्विमार्गी वर्गीकरण के लिए ANOVA की तकनीक का संक्षेप में वर्णन करें ?
6. दो यादृच्छिक प्रतिदर्शों को दो सामान्य समग्रों में से लिया गया है :

प्रतिदर्श 1	75	68	65	70	84	66	55
प्रतिदर्श 2	42	44	56	52	46		

5 प्रतिशत महत्व के स्तर में प्रसरण अनुपात का प्रयोग करते हुए परीक्षण करें कि दो समग्रों में समान प्रसरण है। $(F = 2.37, H_0$: स्वीकार्य)

7. 8 अवलोकनों के एक प्रतिदर्श में, माध्य में से पदो ंके विचलनों के वर्गों का 84.4 था। 10 अवलोकनों के एक दूसरे प्रतिदर्श में ये मान 102.6 पाया गया था। 5 प्रतिशत स्तर पर परीक्षण करें कि अन्तर महत्वपूर्ण है। आपको 5 प्रतिशत का स्तर दिया गया है, $v_1 = 7$ एवं $v_2 = 9$ स्वतन्त्रता की श्रेणीयों के लिए F का समीक्षात्मक मान 3.29 है और $v_1 = 8$ एवं $v_2 = 10$ स्वतन्त्रता श्रेणीयों के लिए यह मान 3.07 है। $(F = 1.06, H_0$: स्वीकार्य)

8. सामान्य समग्र में से समान प्रसरणों के साथ नीचे तीन प्रतिदर्श प्राप्त किये गये। परिकल्पना परीक्षण करें कि प्रतिदर्श माध्य एक समान है:

8	7	12
10	5	9
7	10	13
14	9	12
11	9	14

$v_1 = 2$ एवं $v_2 = 12$ के लिए 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर F का तालिका मान 3.88 है।

$(F = 4, H_0$: अस्वीकार्य)

9. एक कम्पनी यह जानने के लिए इच्छुक है कि क्या तीन बिक्रीकर्ता एक समान प्रर्दशन कर रहे हैं। तीन बिक्रीकर्ताओं का साप्ताहिक बिक्री अभिलेख है।

A(Rs)	B (Rs)	C (Rs)
300	600	700
400	300	300
300	300	400
500	400	600
0	..	500

10. तीन प्रयोग शक्ति के प्रतिदर्श के संतुष्टि आर्द्रता का निर्धारण करते हैं, प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक 4 प्रेषणों में से एक प्रतिदर्श लेता है। परिणाम निम्नवत है।

प्रयोग	प्रेषण			
	I	II	III	IV
A	9	10	9	10
B	12	11	9	11
C	11	12	10	12

इन आकडों से प्रसरण का विश्लेषण निर्धारित करें और वर्णन करें कि वन्या प्रेषणों के मध्य या प्रयोगों के मध्य कोई महत्वपूर्ण अन्तर है प्रेषणों के मध्य $F = 4.02, H_0$स्वीकृत

प्रयोगों के मध्य $F = 6.91, H_0$अस्वीकृत

11. निम्नलिखित तीन ड्रगों के से सम्बन्धित सूचना के आधार पर ANOVA तालिका का निर्माण करें और यह परीक्षण करें कि ड्रगों की प्रभावशीलता तीन विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों रक्तचाप को कम करती है।

व्यक्ति का वर्ग	ड्रग		
	X	Y	Z
A	14	10	11
	15	9	11
B	12	7	10
	11	8	11
C	10	11	8
	11	11	7

1. क्या ड्रग्स भिन्न प्रकार से प्रतिक्रिया करते हैं ?
2. क्या भिन्न वर्ग के व्यक्ति भिन्न प्रकार से प्रभावित हैं ?
3. क्या अन्योन्यक्रिया पद महत्वपूर्ण है ? $(F = 36.9, 19.1, 18.78)$ सभी तीन H_0 अस्वीकार है

17.9 संदर्भ पुस्तकें

1. गुप्ता एस0 पी0 , ''सांख्यिकीय विधियॉ सुल्तान चन्द एवं सन्स, नई दिल्ली
2. दास एन0जी0 सांख्यिकीय विधियॉ टाटा मेग्रो हिल, नई दिल्ली
3. बाजपेई नवल व्यवसाय सांख्यिकीय पियरसन

इकाई 18 बहुभिन्नरूपी विश्लेषण तकनीक (Multivariate Analysis Technique)

इकाई की रूपरेखा

18.1 प्रस्तावना
18.2 बहुप्रसरण विश्लेषण की अवधारणा एवं महत्व
18.3 शब्दावली
18.4 बहुप्रसरण तकनीकों का वर्गीकरण
18.5 बहुप्रसरण तकनीकें
18.5.1 बहु प्रतिगमन
18.5.2 बहु विभेदक विश्लेषण
18.5.3 विचरण का बहुप्रसरण विश्लेषण
18.5.4 प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण
18.5.5 संयुक्त विश्लेषण
18.5.6 कारक विश्लेषण
18.5.7 गुच्छीय विश्लेषण
18.5.8 बहुआयामी पैमाना
18.5.9 अंतर्निहित बनावट विश्लेषण
18.6 सारांश
18.7 शब्दावली
18.8 बोध प्रश्न
18.9 बोध प्रश्नों के उत्तर
18.10 स्वपरख प्रश्न
18.11 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- बहुप्रसरण विश्लेषण की अवधारणा एवं महत्व का वर्णन कर सके।
- बहुप्रसरण तकनीकों का वर्गीकरण को स्पष्ट कर सके।
- बहुप्रसरण की तकनीकों का वर्णन कर सके।

18.1 प्रस्तावना

पिछली इकाईयों में, आप विभिन्न प्रकार के प्राचल एवं गैर प्राचल परीक्षणों के बारे में अध्ययन कर चुके हैं। ये परीक्षण उन आंकडों के साथ व्यवहार करते है। जो कि एकल कारक या अधिक से अधिक दो कारकों पर आधारित होते हैं लेकिन वास्तविक जीवन में, हमें बहुत सी उन घटनाओं के साथ व्यवहार करना पडता है जो कि एक ही साथ एक से अधिक कारकों द्वारा प्रभावित होते है। इन जटिल घटनाओं की दशा में, एकल चर एवं द्विचर तकनीकें आंकडों के विश्लेषण के लिए सहायक नहीं होती है। हमें बहुचर विश्लेषण तकनीकों की सहायता लेनी पडती हैं ।

बहुचर विश्लेषण सभी सांख्यिकीय विधियों से सम्बन्ध रखता है जो अध्ययन के अन्तर्गत सभी व्यक्ति या वस्तुओं के बहुमापों का विश्लेषण एक साथ करता है। दूसरे

शब्दों में, कोई भी दो चरों से अधिक के एक साथ किये गये विश्लेषण को बहुचर विश्लेषण के रूप में सुविचारित किया जा सकता है । इस प्रकार, बहुचर विश्लेषण तकनीकें चरों के मध्य विभिन्न सम्बन्धों को समझने एवं व्याख्या में सहायता करता है। इस इकाई में, आप कुछ आमतौर पर प्रयुक्त बहुचर विश्लेषण तकनीकों जैसे कारक विश्लेषण बहु प्रतीपगमन, गुच्छ विश्लेषण MDS सामूहिक विशलेषण, इत्यादि का अध्ययन करेगें।

18.2 बहुचर विश्लेषण की अवधारणा एवं महत्ता

एकल चर एवं द्विचर तकनीकों की सीमाओं के क्रम में, बहुचर विशलेषण तकनीकियॉ प्रकट होती है। एकलचर विश्लेषण अध्ययन के अन्तर्गत चरों के स्तर एवं वितरण के बारे में केवल सूचना प्रदान करने में सहायता करता है।

बहुचर विश्लेषण केवल चरों के मध्य सम्बन्ध के अंश को स्थापित करने में सहायता करता है। यदि प्रत्येक चर के लिए एकल चर विशलेषण की श्रेणीयॉ स्वतन्त्र रूप से निष्पादित की जाती हैं, यह परिणामों की व्याख्या को अनुचित रूप में प्रभावित कर सकता है। बहुचर विश्लेषण तकनीकियॉ हमें चरों के मध्य एक साथ जटिल सम्बन्धों के उचित तरीके से विश्लेषण में सहायता करता है।

पाल ई0 ग्रीन के अनुसार, ''बहुचर तकनीकियॉ दो या अधिक समूहों की मापों के मध्य सम्बन्ध विश्लषेण के लिए प्रक्रियाओं का संकलन होता है जो एक या अधिक वस्तुओं के प्रतिदर्शों मे प्रत्येक वस्तु के लिए बनाया गया था। यदि केवल मापों के दो समूह शामिल होते हैं, आंकडे विशिष्ट रूप से द्विचर के रूप में निर्दिष्ट होते हैं'' सरल शब्दों में, जब तीन या अधिक चरों का एक साथ विश्लेषण किया जाता है तब बहुचर तकनीकियॉ प्रयुक्त होती है।

चूँकि, जटिल वास्तविक जीवन आंकडे को बहुचर तकनीकियों की सहायता से संयोजित अर्थपूर्ण अंकों में परिवर्तित करना सम्भव हैं। इस प्रकार यह शोध सम्ब्न्धी विभिन्न क्षेत्रों जैसे अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि, चिकित्सा, वाणिज्य, प्रबन्ध शिक्षा इत्यादि क्षेत्रों मे एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में साबित हुआ है। यह व्यवसाय सम्बन्धी समस्याओं के निर्णय निर्धारण में भी सहायक होता है। संक्षेप में जब कभी एक घटना बहुत कारकों या चरों द्वारा प्रभावित होती है, तब इसके उचित विशलेषण के लिए बहुचर तकनीकियॉ प्रयुक्त की जाती चाहिए। के0 टेकुची के अनुसार,''यदि शोधकर्ता प्रतिदर्श बहुमापों के आधार पर प्रायिकता कथनों के सृजन में रूचि रखता है, तब आंकडे विश्लेषण की सबसे अच्छी रणनीति, कुछ बहुचर सांख्यिकीय तकनीक का प्रयोग होना होता है।'' बहुचर तकनीकियॉ गुण आनुभाविक होती है जो जटिल आंकडों का विश्लेषण करती है। यह आंकडों के बडे अंकों को छोटी संख्या के संयोजित अर्थपूर्ण अंकों में रूपान्तरित करती है। एक सही बहुचर स्थिति की घटना में, सभी चरों को यादृच्छिक होना चाहिए और उनको इस तरीके से परस्पर सम्बन्धित किया जाना चाहिए कि उनका विभिन्न प्रभाव अर्थपूर्ण रूप मे पृथक रूप से व्याख्या न कर सके। आपको हमशा याद रखना चाहिए कि बहुचर तकनीकियों की इस नाम द्वारा जाना जाता है क्योकि इसमें बहुचर या चरों का बहुसंमिश्रण शामिल होता है और न कि बहु अवलोकन ।

इस सम्बन्ध में दूसरा विचारणीय तथ्य इसका जटिल विस्तृत गणना प्रक्रिया का होना है। बहुचर तकनीकियों को हाथ से हल करना बहुत कठिन होता है। इन तकनीकियों के माध्यम से एक समस्या को हल करने के लिए एकल चर विश्लेषण रैखिक बीजगणित, सदिश बीजगणित, लम्बकोणीय और तिर्यक अनुमानेां की मूलभूत अवधारणाओं का ज्ञान आवश्यक हेाता है जो सम्पूर्ण तथ्य को बहुत जटिल बनाता है। हमें बहुचर तकनीकों के माध्यम से समस्या के हल के लिए कम्प्यूटर साफ्टवेयर प्रोग्राम का प्रयोग करना चाहिए। विशेषीकृत कम्प्यूटर साफ्टवेयर प्रोग्राम का आजकल के वर्षों में शोध के क्षेत्र बढता हुआ प्रयोग बहुचर तकनीकों की लोकप्रियता का मुख्य कारण है।

18.3 शब्दावली

आपको बहुत से पदों से परिचित होना चाहिए जिन्हें बहुचर विश्लेषण के प्रकरण मे प्रयोग किया जाता हैं क्योंकि समान पदों का प्रयोग एकलचर एवं द्विचर विश्लेषण में किया जाता है। लेकिन इन पदो के अतिरिक्त कुछ पद होते हैं जिन्हें प्रायः इस प्रकरण में प्रयोग किया जाता है और आपकों बहुचर विश्लेषण की अवधारणा की उचित समझ के लिए इनके अर्थ की जानकारी हेानी चाहिए और ये पद नीचे वर्णित है :

- **चर मात्रा :–** एक चर मात्रा अनुभव के साथ ज्ञात वजनों के चरों का एक रैखीय मिश्रण होता है। चर शोधकर्ता द्वारा निर्दिष्ट किये जाते हैं, जबकि निर्दिष्ट उद्देश्य के मिलान के लिए वजनों का निर्धारण बहुचर तकनीक द्वारा किया जाता है। गणितीय रूप में, इसे निम्नवत व्यक्त किया जा सकता हैः–

  चर मात्रा मान = $w_1X_1 + w_2X_2 + w_3X_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + w_nX_n$

  जहॉ X_n अवलोकित चर है और बहुचर तकनीक द्वारा वजन निर्धारण है। इस प्रकार, समूह के सम्पूर्ण मिश्रण को एकल मान जिसे चर मात्रा मान जाना जाता है, प्रदर्शित करते हैं।

- **मापीय एवं गैर मापीय चर :–** मापीय चर उन आंकडों या चरों को उद्घृत करता है जो अन्तराल या अनुपात पैमाने में मापे जाते हैं जैस उम्र, वजन इत्यादि गैर मापीय चर उन आंकडों या चरों को उद्घृत करता है जो संज्ञात्मक या क्रमवाचक पैमाने जैसे नाम, लिंग धर्म इत्यादि।

- **परतंत्रता एवं स्वतन्त्रता तकनीकें :–** जब एक या अधिक चर जो कि स्वतन्त्र चरों में आश्रित होते हैं तब परतंत्रता तकनीक का प्रयोग किया जाता है। यदि चरों का वर्गीकरण आश्रित एवं स्तन्त्र वर्गो में सम्भव नहीं होता है और चरों के मध्य पारस्परिक निर्भरता रहती है तब अन्योन्याश्रय तकनीकों का प्रयोग करते हैं।

- **विवरणात्मक एवं मानदण्ड चर** :– वह चर जो दूसरे चर के माने में परिवर्तन की वजह होता है स्वतन्त्र या विवरणात्मक या बहिर्जात चर के रूप में जाना जाता है। इसके विपरीत, वह चर जिसका मान दूसरे चर के प्रभाव की वजह

से परिवर्तित होता है आश्रित या मानदण्ड या अंतर्जात चर के रूप में जाना जाता है।

- **अवलोकनीय और अविकसित चर** :– वितरणात्मक चरों को दो वर्गों में पृथक किया जा सकता है। अवलोकनीय और अविकसित चर। यदि विवरणात्मक चर को प्रत्यक्ष रूप से अवलोकित किया जा सकता है तब इसे अवलोकनीय चर के रूप में जाना जाता है और यदि इसे प्रत्यक्ष रूप से अवलोकित नहीं किया जा सकता है तो इसे अविकसित चर के रूप में जाना जाता है।
- **कल्पित चर** :– इसे कृत्रिम चर के रूप में भी जाना जाता है। यह पद तकनीकी समझ में प्रयुक्त होता है और बहुचर विशलेषण के प्रकरण में बीजगणितीय दक्षप्रयोगों में उपयोगी होता है। X_i $(i = 1, 2,.....m)$ को एक कल्पित चर कहा जाता है यदि केवल एक X_i 1 होता है और दूसरे सभी शून्य होते है।
- **अवशिष्टयॉः–** अवशिष्ट आरित चर के अपरिभाषित भाग को प्रदर्शित करता है। यह आश्रित या अर्न्तजात चर का वह भाग होता है जिसे बहुचर तकनीकी द्वारा परिभाषित नहीं किया जाता हे। इसे अनिदृिष्ट सम्बन्धों या समस्याओं में शून्य निरूपण तकनीकी को स्थापित करने के लिए प्रयोग कर सकते है।
- **सह रेखीय :–** यह दो या अधिक स्वतन्त्र चरों के मध्य सम्बन्ध को वर्णित करता है। यदि कोई एकल स्वतन्त्र चर उच्चता से दूसरे स्वतन्त्र चरों के साथ उच्चता से सहसम्बन्धित होते हैं तो इसे बहु सह रेखीय के रूप मे जाना जाता हैं ।

18.4 बहुचर तकनीकों का वर्गीकरण

विभिन्न आधारों पर बहुचर तकनीकों को वर्गीकृत किया जा सकता है। इसका वर्गीकरण निश्चित प्रश्नों के उत्तरों पर आधारित होता है। पहला प्रश्न है :

क्या चरों को आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

इसका अर्थ यह है कि चरों को दो वर्गों में वर्गीकृत करना सम्भव है – पहला आश्रित चर और दूसरा स्वतन्त्र चर। यदि हम धनात्मक उत्तर प्राप्त करते हैं, अर्थात कुछ सम्मिलित चर दूसरों में आश्रित होते हैं तब निर्भरता विधियों का प्रयोग किया जाता है। इसके विपरीत, यदि हम ऋणात्मक उत्तर प्राप्त करते हैं, अर्थात आश्रित चरों में कोई भी चर सम्मिलित नहीं होता है और वहॉ चरों के मध्य परस्पर निर्भरता होती है तब अन्योन्याश्रय विधि प्रयुक्त होती है। इस प्रकार आश्रित चरों की उपस्थिति के आधार पर, बहुचर तकनीकों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता हैं निर्भरता विधियॉ और अन्योन्याश्रय विधियॉ। उन्हें क्रमशः कार्यात्मक विधियॉ। एवं संरचनात्मक विधियॉ कहा जाता है। यदि हम कुछ आश्रित चरों को ज्ञात करते हैं तब यह निर्भरता विधियों के प्रयोग का संकेत होता है। निभ्रश्रता विधियों के प्रकरण में आगे के वर्गीकरण के लिए, अगला प्रासंगिक प्रश्न है :–

एक एकल विशलेषण में आश्रित के रूप मे कितने चरों का प्रतिपादन करते हैं ?

इसका अर्थ है कि हमें सुनिश्चित करना है कि क्या केवल एक आश्रित चर या बहु से आश्रित चर है। आश्रित चरों की संख्या ज्ञात करने के पश्चात अगला प्रासंगिक प्रश्न है :

चरों की माप कैसे की जाती है ?

इसका अर्थ है कि हमें ज्ञात करना होता है कि चरों के मान के माप के लिए कौन सा पैमाना प्रयुक्त है। जैसा आप जानते है। कि यदि आंकडे को अन्तराल या अनुपात पैमाने मे मापा जाता है तो इसे मापीय के रूप में जाना जाता है और यदि इसे संज्ञात्मक या क्रमवाचक पैमाने मे मापा जाता है तो इसे गैर मापीय के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार चरों की प्रवृत्ति के आधार पर, बहुचर तकनीकों को मापीय एवं गैर मापीय विधियों के रूप मे वर्गीकृत कर सकते हैं। निर्भरता विधियों के सन्दर्भ में, यदि केवल एक आश्रित चर होता है और यह मापीय है तब सबसे प्रचलित बहुचर तकनीकी बहुप्रतिगमन होती है और यदि यह एकल आश्रित चर गैर मापीय है तब बहु विभेदक विश्लेषण प्रयुक्त होता हैं बहुत से आश्रित चरों की दशा में यदि वे मापीय होते हैं तो प्रसरण का बहुचर विशलेषण प्रचलित है और यदि बहुत से आश्रित चर गैर मापीय होते हैं तब प्रामाणिक विशलेषण और संयुक्त विशलषण सबसे वाछंनीय तकनीकें होती है।

अन्योन्याश्रय विधियों के संदर्भ में, यदि चर मापीय होते हैं तो कारक विशलेषण, गुच्छ विशलेषण और मापीय बहु आयामी पैमाने इत्यादि का प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यदि चर गैर मापीय होते हैं तो गैर मापीय बहु आयामी पैमाना और अविकसित संरचनात्मक विशलेषण उपयुक्त होंगें।

18.5 बहुचरमात्रा तकनीकें

जैसा आप जानते है। कि एक बहुचर मात्रा तकनीकी को सभी प्रकार की स्थितियों में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार के बहुचर तकनीकों का प्रयोग होता है । कुछ महत्वपूर्ण बहुचर मात्रा तकनीकें नीचे वर्णित हैं :–

18.5.1 बहुचर प्रतीपगमन :– बहुचर प्रतीपगमन सामान्यतया सबसे अधिक प्रयोग की हुई बहुचर मात्रा तकनीक हैं यह सामान्य प्रतीपगमन का विस्तार है। जब हम दो या अधिक स्वतन्त्र चरों का एक आश्रित चर में संयुक्त प्रभाव का अध्ययन करना चाहते हैं, तब बहु प्रतीपगमन एक उपयुक्त विधि है। इस प्रकार, यह एक एकल मापीय आश्रित चर एवं दो या अधिक मापीय स्वतन्त्र चरों के मध्य सम्बन्ध का परीक्षण करता है। बहुचर प्रतीपगमन में विवरणात्मक चरों के एक रैखीय मिश्रण को इस तरीके बनाया जाता हैं कि इसका मापदंड चर के साथ सह सम्बन्ध अधिकतम हो । इस तकनीकी का मुख्य उद्देश्य सभी स्वतन्त्र चरों के साथ इसके सहप्रसरण पर आधारित आश्रित चरों की परिवर्तनशीलता का पूर्वानुमान करना होता है। दूसरे शब्दों में, बहुचर प्रतीपगमन का मूलभूत उद्देश्य एक प्रतिरूप का निर्माण रेखीय समीकरण के रूप में करना है जो अध्ययन में स्वतन्त्र चरों के सबसे भारित संयोजन को मानदण्ड चर में इष्टतम पूर्वानुमान की स्थापित करता है। इसका अर्थ है कि यदि स्वतन्त्र चरों को स्तर दिया हुआ होता है तब बहुचर प्रतीपगमन विश्लेषण प्रारूप के माध्यम से, आश्रित

घटनाओं के स्तर के पूर्वानुमानित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिये हुए वर्षा की मात्रा एवं आधार पर , बहुचर प्रतिगमन की सहायता के साथ उर्वरक फसल की उपज का अनुमान लगाया जा सकता हैं यह इसी तरह विज्ञापन एवं व्यक्तिगत विक्रयण के आधार पर विक्री की मात्रा का अनुमान लगाया जा सकता है। इस सन्दर्भ में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सामान्य प्रतीपगमन में, आश्रित चर का अनुमान हमेशा रैखीय होता है लेकिन जब दो स्वतन्त्र चर होते हैं तब अनुमान सपाट होते हैं यदि स्वतन्त्र चर तीन या अधिक होते हैं तब वे अति सपाट होते हैं।

बहुचर प्रतीपगमन प्रायः पूर्वानुमान उपकरणों के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इन्हें विभिन्न उद्देश्यों जैसे अनेक दूसरे चरों के संयुक्त ज्ञान में से एक चर का मान या दूसरे चरों के समूह के साथ एक चर सम्बन्ध के आंकलन या दूसरे चरों के सह समूह के प्रयोग से एक चर के प्रसरण का सांख्यिकीय वर्णन के लिए या एक चर को कैसे कितना अच्छा पूर्वानुमानित किया जा सकता है इसके निर्धारण के लिए होता है यदि एक या अधिक प्राग्सूचक इत्यादि का मिश्रण में सम्मिलित करते हैं।

सामान्य प्रतीपगमन विशलेषण के समान, बहुचर प्रतीपगमन भी प्रतीपगमन समीकरणों की अवधारणाओं पर आधारित होता है। बहुचर प्रतीपगमन समीकरण विभिन्न चरों का औसत सम्बन्ध व्यक्त करता है और इस औसत सम्बन्ध के आधार पर आश्रित चर के लिए सबसे उपयुक्त अनुमान बनाया जाता है। यह समीकरण एक ही समय में आश्रित चर में बहुत स्वतन्त्र चरों के संयुक्त प्रभाव को व्यक्त करता है। बहु प्रतीपगमन प्रारूप का सामान्य रूप निम्नवत होता हैः–

$$Y = a + b_1X_1 + b_2X_2 + b_3X_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots + b_kX_k + \varepsilon$$

जहॉ। Y = आश्रित चर का परिकल्पित मान

$X_1, X_2, \ldots\ldots X_k$ = ज्ञात स्वतन्त्र चर

$b_1, b_2, \ldots\ldots\ldots b_k$ = प्रतीपगमन गुणांक

a =अपरिवर्तनशील

ε = त्रुटि या अवशेष

इस सम्बन्ध मे विचारणीय तथ्य यह है कि जब विचलनों को वास्तविक माध्य से लिया जाता है तब प्रतीपगमन समीकरण छोटे होते हैं क्योंकि इन परिस्थितियो में स्थिर a का मान शून्य होता है। वास्तव में स्थिर a प्रतीपगमन समतल द्वारा बनाया हुआ अवरोधन प्रदर्शित करता है, इस प्रकार, जब प्रतीपगमन रेखा मूल से गुजरती है तब a का मान शून्य हेाता है। इस स्थिति में, 3 चरों की स्थिति में समीकरण होगा :

$$Y = b_1X_1 + b_2X_2$$

बहुचर प्रतीपगमन में, यह माना जाता हे कि दिये हुए स्वतन्त्र चरों के लिए अाश्रित चर का प्रतिबंधी वितरण सामान्य है और यह माना जाता है कि इन प्रतिबंधी वितरण का मानक विचलन एक समान होता है। बहुचर प्रतीपगमन समीकरण को न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा भी निर्धरित किया जा सकता है। न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा प्रतीपगमन समीकरणों के निर्धारण समय में, सामान्य प्रतीपगमन एवं बहुचर प्रतिगमन में केवल एक ही अन्तर होता है। इसलिए, सामान्य प्रतीपगमन में, केवल दो अज्ञात (a,b) मान

होते हैं, इस प्रकार इसे केवल दो समीकरणों द्वारा हल किया जा सकता है लेकिन बहुचर प्रतीपगमन की स्थिति में, अधिक समीकरणों की आवश्यकता होती है क्योंकि इसमें अधिक अज्ञात मान होते हैं । इन अज्ञान मानों के निर्धारण के पश्चात इन्हें मूलभूत समीकरण में प्रतिस्थापित किया जाता है और फलस्वरूप बहुचर प्रतीपगमन समीकरण निर्धारित होती हैं एक आश्रित एवं दो स्वतन्त्र चरों के लिए बहुचर प्रतीपगमन होते हैं :

$$\sum Y = na + b_1 \sum X_1 + b_2 \sum X_2$$

$$\sum X_1 Y = a \sum X_1 + b_1 \sum X_1^2 + b_2 \sum X_1 X_2$$

$$\sum X_2 Y = a \sum X_2 + b_1 \sum X_1 X_2 + b_2 \sum X_2^2$$

अभ्यास में, Y और विभिन्न X चरों को मानक अंकों में परिवर्तित किया जाता है, z_y, $z_1, z_2, \ldots\ldots z_k$ के प्रत्येक z में माध्य 0 और मानक विचलन है 1 ।

बहुचर प्रतिगमन का मुख्य दोष बहु समरेखीयता का है। यहॉ तक की एक चर के विलुप्त होने की स्थिति में भी इसके प्रभाव को तब भी सम्मिलित किया जाता है यदि अपवर्जित चर सम्मिलित चरों में एक के साथ सहसम्बन्ध रखता है। इस प्रकार सम्मिलित चर का अनुमानित गुणांक सम्मिलित एवं अपवर्जित चर दोनों को दर्शाता है। बहुसमरेखीयता की यह स्थिति बहुचर प्रतिगमन के लिए विशालतम चुनौती होती है।

18.5.2 बहु विभेदक विशलेषण :– बहु विभेदक विश्लेषण आश्रित विधियों की श्रेणी में एक ऐसी विधि है जो उस स्थिति में प्रयुक्त होती है जब आश्रित या मानदण्ड चर को संज्ञात्मक स्तर में मापा जाता है और स्वतन्त्र या प्रायः सूचक चर को अन्तराल या अनुपात पैमाने में मापा जाता है। यह विशेषरूप से उस स्थिति में उपयोगी होता है जब वस्तुऐं या व्यक्तियों को दो या अधिक पारस्परिक अनंय और सुविस्तृत वर्गों के आधार पर स्वतन्त्र चरों के एक समूह का एक वर्गीकरण किया जा सकता है। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य एक वस्तु की संभाव्यता का अनेक स्वतन्त्र चरों पर आधारित एक विशेष वर्ग से सम्बन्ध होने का पूर्वानुमान करना होता है।

इसका प्रयोग विभिन्न उद्देश्यों जैसे वस्तुओं का वर्गीकरण विभिन्न वर्गों में या वर्गो के मध्य कोई अर्थपूर्ण अन्तर का मूल्यांकन या इस तरह का विभेदक फलन विकसित करना जो विभिन्न वर्गों के मध्य विभेद करता हो या वर्गीकरण की सटीकता का मूल्यांकन इत्यादि।

बहु विभेदक विशलेषण वास्तविक जीवन स्थितियों में बहुत उपयोगी होता है। जिसमें एक गैर मापीय आश्रित चर एवं अनेक मापीय स्वतन्त्र चर सम्मिलित होते हैं। उदाहरण के लिए मान लें हमें दो विभिन्न ब्रान्डों के लिए ,यथा A और B में व्यक्ति की आमदनी, उम्र एंव शिक्षा का ब्रान्ड की पसंद से सम्बन्ध निर्धारित करना है। इस स्थिति में, प्रतिगमन विश्लेषण प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है क्योंकि आश्रित चर (ब्रान्ड पसंद) को अतंराल या अनुपात पैमाने में नहीं मापा जा सकता है। यहॉ, विभेदक विशलेषण उपयुक्त होगा।

यदि आश्रित चर को केवल दो वर्गों में वर्गीकृत किया जा सके तब पद ''द्विवर्गीय विभेदक विश्लेषण'' या केवल ''विभेदक विश्लेषण'' प्रयोग होता है। जबकि जब दो या

अधिक आश्रित चरों के वर्गो। का गठन किया जा सकता है, तब पद 'बहुविभेदक विश्लेषण'' का प्रयोग होता है।

अवधारणाऐं :– विभेदक विशेषण के अनुप्रयोग के लए कुछ अवधारणाऐं होती हैं जिन्हें पूर्ण किया जाना चाहिए जो निम्नवत हैः–

- पारस्परिक अनंय वर्ग होने चाहिए। इस प्रकार, प्रत्येक पद या वस्तु का सम्बन्ध केवल एक वर्ग से होना चाहिए और इसके वर्गीकरण के बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।
- सभी स्थितियॉ स्वतन्त्र होनी चाहिए।
- आश्रित चर के वर्गो के आकार में बहुत अंतर नहीं होना चाहिए।
- स्वतन्त्र चरों की माप अंतराल पैमाने में होनी चाहिए।
- बहुसमरेखीयता नहीं होनी चाहिए।

विभेदक फलन समीकरण :– विभेदक फलन को निम्नलिखित रैखीक समीकरण प्रदर्शित किया जाता है :–

$$D_i = b_0 + b_1X_1 + b_2X_2 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + b_kX_k$$

जहॉ

D_i = विभेदक फलन I में अंक

$b_1, b_2, \ldots\ldots b_k$ = विभेदक गुणांक

b_0 = स्थिर

$X_1, X_2, \ldots\ldots X_k$ = स्वतन्त्र चर

B का संख्यात्मक मान एवं चिन्ह स्वतन्त्र चरों की अहमियत विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों के मध्य उनकी योग्यता को प्रदर्शित करती है। इस प्रकार, इस तकनीक के माध्यम से यह भी निर्धारित किया जा सकता है कि कौन सा स्वतन्त्र चर पूर्वानुमान में सबसें अधिक उपयोग होता है कि प्रतिक्रियादाता को पहले वर्ग या दूसरे में सम्मिलित करें।

चरण :– विभेदक विशलेषण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं :

- सबसे पहले, आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों को निर्धारित करते हैं।
- अगले चरण में, उपरोक्त वर्णित रैखीय समीकरण के सहायता के साथ, विभेदक फलन गुणांको को निर्धारित किया जाता है। जब स्वतन्त्र चरों (n) की संख्या 2 के बराबर हो, हमारे पास सीधी रेखा वर्गीकरण सीमा होती है। एक तरफ की रेखा में प्रत्येक व्यक्ति को वर्ग I के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और दूसरी तरफ में प्रत्येक को वर्ग II से सम्बन्धित रूप में वर्गीकृत किया जाता है। जब n 3 के बराबर होता है, वर्गीकरण सीमा 3 स्थान में द्विआयामी समतल होता है। सामान्य वर्गीकरण में (n-1) आयामी n स्थान में अति समतल होते हैं। n वर्ग विभेदक विश्लेषण में, प्रत्येक वर्ग के युग्म के लिए विभेदक फलन निर्मित किया जाता है। यदि 6 वर्गो को गठन करना

होता है, हमारे पास 6 (6-1) =15 समूहों का युग्म होगा और इस प्रकार हमारे पास 15 विभेदक फलन होंगें।

- विभेदक फलनों के अंकवाई पश्चात उनके महत्व का निर्णय निम्नलिखित प्रक्रिया के माध्यम से होता है।
- यदि विभेदक प्रारूप सम्पूर्णतया महत्वपूर्ण है के परीक्षण के लिए F परीक्षण प्रयुक्त होता है।
- यदि F परीक्षण महत्व को दर्शाता है, तब एकल स्वतन्त्र चरों को अवलोकित करने के लिए निर्धारित किया जाता है जो चर माध्य में समूह द्वारा महत्वपूर्ण अन्तर रखते हैं और इनका प्रयोग आश्रित चरों के वर्गीकरण में किया जाता है।
- अन्तिम चरण में, परिणामों की व्याख्या की जाती है। जब विभेदक गुणांक धनात्मक होता है, स्वतन्त्र चरों के मान ऊंचे होने पर, ज्यादा संभावना होती है कि एकल इस वर्ग से सम्बन्ध रखता है। इस तकनीक का दो वर्गो के मध्य सांख्यिकीय महत्व के निर्णय में भी प्रयोग किया जा सकता है। इसके लिए महालनोबिस आंकडा D^2की गणना की जाती है। जोकि दो वर्गो के मध्य सामान्यकृतः दूरी होती है, जहॉ प्रत्येक वर्ग n चरों के समान समूह द्वारा विश्लेषित किये जाते हैं और जहॉ यह कल्पना की जाती है कि प्रसरण सह प्रसरण संरचना दोनों वर्गों के लिए एक समान होती है। इसका सत्र निम्नवत है :

$$D^2 = (U_1 - U_2)\, v^{-1} (U_1 - U_2)'$$

जहॉ।

U_1 = वर्ग I के लिए माध्य सदिश

U_2 = वर्ग II के लिए माध्य सदिश

v = सामान्य प्रसरण सारणी

इस D^2 आंकडे को F आंकडे में परिवर्तित किया जा सकता है जिसे यदि दो वर्ग सांख्यिकीय रूप में एक दूसरे से भिन्न होते हैं के अवलोकन में प्रयोग किया जा सकता है। डी0 जी0 मौरीशन के अनुसार, ''रैखीय विभेद दो वर्गों के महत्तम सीमा तक पृथक करता है।'' विभेदक विश्लेषण की उपयोगिता के बारे में कोई संदेश नहीं होता है। यह भविष्यसूचक समीकरण प्रदान करता है। प्रत्येक चर की सापेक्ष महत्व को मापता है और यह समीकरण की योग्यता का भी माप है जो आश्रित चरों से सम्बन्धित वास्तविक कक्ष वर्गो का पूर्वानुमान करता है।

18.5.3 प्रसरण के बहुभिन्न रूपी का विश्लेषण (MANOVA) :–

बहुभिन्नरूपी या प्रसरण का बहुविश्लेषण (MANOVA) का प्रयोग बहु आश्रित अन्तराल चरों के सुस्पष्ट चरों के मुख्य एवं अन्योन्यक्रिया प्रभाव को अवलोकित करना होता है। MANOVA एक या अधिक सुस्पष्ट स्वतन्त्रों जैसे प्राक्सूचक, ANOVA की तरह प्रयुक्त होता है, लेकिन ANOVA से भिन्न इसमें एक से अधिक आश्रित चर होते

हैं। जहॉ ANOVA परीक्षणों मे स्वतन्त्रों के विभिन्न वर्गों के लिए आश्रित अंतराल के माध्यों में अन्तर होता है, MANOVA परीक्षणों में बहुअंतराल आश्रितों के माध्यों के सदिश में अन्तर होता हैं दूसरे शब्दों में, ऐसा कहा जा सकता है कि प्रसरण का बहुविचरण विश्लेषण प्रसरण का द्विविचरण विश्लेषण का विस्तार होता है जिसमें वर्गों के मध्य प्रसरण और वर्गों के अन्दर प्रसरण के अनुपात को एकल चर के बदले में चरों के समूह की गणना द्वारा करते है। इस प्रकार, यदि परीक्षण में केवल एक दाशमिक आश्रित चर एवं विभिन्न गैर दाशमिक आश्रित चर होते हैं तब ANOVA उपयुक्त होगा लेकिन यदि विभिन्न दाशमिक आश्रित चर बहुत से गैर दाशिमिक अर्थकारी चरों के साथ सम्मिलित होते हैं तब MANOVA सबसे उपयुक्त विकल्प होगा।

यह उदाहरण MANOVA के अनुप्रयोग के लिए उपयुक्त स्थितियों की प्रकृति को समझने मे आपकी सहायता करेंगा। एक अध्ययन संचालित किया जाता है और हम दो विभिन्न पाठ्यपुस्तकें में शोध करते है, और हम गणित एवं भौतिक विज्ञान मे विद्यार्थियों के सुधार में रूचि ले रहे हैं। उस स्थिति में, हमारे पास दो आश्रित चर होते हैं और हमारी परिकल्पना होती है कि दोनों एक साथ पाठ्यपुस्तकों में अन्तर द्वारा प्रभावित है। अब हम इस परिकल्पना के परीक्षण को MANOVA से कर सकते हैं । एकल विचरण F मान के बदले, हम बहुविचरण F मान (विल्कस लेम्डा) प्राप्त करेंगें जो कि त्रुटि प्रसरण/ सह प्रसरण सारणी और प्रभाव प्रसरण/ सह प्रसरण सारणी की तुलना पर आधारित होता है। सह प्रसरण को सम्मिलित किया जाता है क्योंकि दो मापें सम्भवतः सह सम्बन्धित होती है और हमें इस सहसम्बन्ध के संज्ञान में लेना चाहिए जब महत्व परीक्षण प्रदर्शित कर रहे होते हैं । प्रत्यक्ष रूप से यदि हम समान मापों को दोबारा ले रहे थे, तब हमें वास्तविकता मे कोई भी नई सीख की आवश्यकता नहीं होगी। यदि हम सहसम्बन्धित माप को लेते हैं, हम कुछ नई सूचना प्राप्त करते हैं, लेकिन नया चर भी अनावश्यक सूचना घेरता है जिसे सहप्रसरण में चरों के मध्य व्यक्त किया जाता है। यदि समस्त बहुविसरण परीक्षण अर्थपूर्ण है, हम निष्कर्ष निकालते है कि सम्बंधित पाठ्यपुस्तकों का प्रभाव अर्थपूर्ण है। अब प्रश्न उठता है कि क्या केवल गणित का हुनर सुधरा है, केवल भौतिक विज्ञान का हुनर सुधरा है या दोनों का, वास्तव में, एक विशेष मुख्य प्रभाव या अन्योन्यक्रिया के लिए एक अर्थपूर्ण बहुविसरण प्राप्त करने के पश्चात, प्रचलित रीति से कोई प्रत्येक चर के लिए सम्बन्धित प्रभाव की व्याख्या का निरीक्षण एकल विसरण F परीक्षणों से करेगा। दूसरे शब्दों मे कोई विशिष्ट आश्रित चरों को पहचानेगा जो अर्थपूर्ण समस्त प्रभाव के लिए योगदान देते हैं।

उद्देश्य :– MANOVA का प्रयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है:

- अन्तराल आश्रित चरों के समूह में सुस्पष्ट स्वतन्त्र चरों का वर्ग विभेद द्वारा तुलनात्मक वर्ग निर्धारण करना।
- स्वतन्त्र चरों को पहचानना जो आश्रित चरों के एक समूह का सबसे अधिक विभेद करते हैं।

- प्रयोगात्मक दक्ष प्रयोगों के लिए वर्ग प्रतिक्रियाओं में सम्बन्धित बहुविसरण अन्तरों का परिकल्पना परीक्षण करना।

MANOVA की भिन्नताऐं :– विभिन्न परिस्थितियों में, MAVOVA की विभिन्न भिन्नताऐं प्रयोग की जा सकती है। MANOVA की तीन आधारभूत भिन्नताऐं निम्नवत हैं :–

- होटलिंग का T :– जब एक द्विभाजित स्वतन्त्र चर और बहु आश्रित चर होते हैं तब MAVOVA का यह विचरण प्रयुक्त होता है जो कि द्विवर्ग T परीक्षण के समान है।
- एकतरफा MANOVA :– जब एक बहुस्तरीय संज्ञानात्मक चर और बहुस्तरीय आश्रित चर होते है। तब MANOVA के इस विचरण का प्रयोग करते हैं जो कि एक तरफा F स्थिति के समान है।
- क्रमगुणित MANOVA :– जब बहु संज्ञानात्मक स्वतन्त्र चर एवं बहु आश्रित चर हेाते हैं तब MANOVA के इस विचरण का प्रयोग करते हैं जो कि क्रमगुणित ANOVA प्रारूप के समान है। MANOVA के इन सभी भिन्नताओं के मध्य एक सार्वजनिक विशेषता यह होती है कि ये आश्रित चरों के रैखिक संमिश्रण को क्रमबद्ध करते है जो एक विशेष प्रयोगात्मक प्रारूप में वर्गों के मध्य सबसे अच्छा विभेद करती हैं ।

18.5.4 प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण :– यह एक तकनीक है जो विभिन्न गैर–मापीय आश्रित चरों की स्थिति में प्रयोग होता हैं वास्तव में, दोनों मापीय एवं गैर–मापीय आंकडों का प्रयोग इस बहुविसरण तकनीक में किया जाता है। प्रामाणिक सहसम्बन्ध विश्लेषण का प्रतिपादन हौटलिंग द्वारा किया गया था। इस तकनीक मे मानदण्ड चरों के एक समूह का एक समय में पूर्वानुमान उनके संयुक्त सह विचरण के साथ एक अर्थकारी चरों के समूह में से एक प्रयत्न किया जाता है। इस प्रकार, इसे बहुप्रतिगमन विशलेषण का एक विस्तार के रूप मे सुविचारित किया जा सकता है। प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण में, आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों के लिए भारों के एक समूह को इस तरीके से प्राप्त किया जाता है कि मानदण्ड चरों के रैखिक संयोजन के साथ अर्थकारी चरों का रैखिक मिश्रण मे अधिकतम सह सम्बन्ध हो। यह विभेदक अंकों एवं समूहों के मध्य सम्बन्ध के सीमा की माप करता है। इसका मुख्य उद्देश्य चरों के दो समूहों में कारकों की पृथक रूप से खोज करना होता है जिससे कि कारकों के समूहों के मध्य अधिकतम संभावित बहु सहसम्बन्ध होगा। उदाहरण के लिए, यदि हम मानदण्ड चरों (y_1, y_2) के अनुसार प्रायःसूचक चरों (x_1, x_2) के एक समूह के सम्बन्ध को विश्लेषण करना चाहते हैं तब इसे निम्न प्रकार से दर्शाया जा सकता है :–

	x_1 x_2	y_1 y_2
x_1 x_2	R_{xx}	R_{xy}

y_1 y_2	R_{yx}	R_{yy}

यहॉ Rxx प्राग्सूचक या स्वतन्त्र चरों के मध्य अन्तर सह सम्बन्ध दर्शाता है, Ryy मानदण्ड या आश्रित चरों के मध्य अन्तर सह सम्बन्ध दर्शाता है और Rxy प्रायसूचक एवं मानदण्ड चर के मध्य परस्पर सह सम्बन्ध दर्शाता हैं ।

गणित के अनुसार, प्रायाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण में दो समूहों के भारों यथा–– a_1, a_2, a_3,…….a_k और b_1, b_2, b_3, ……..b_j को इस तरीके से निर्धारित किया जाता है. कि चरों $X = a_1X_1 + a_2X_2 + \ldots\ldots + a_kX_k + a$ और $Y = b_1Y_1 + b_2Y_2 + \ldots. + b_jY_j + b$ के पास अधिकतम सार्वजनिक प्रसरण हो। भारों को ज्ञात करने की प्रक्रिया के लिए आवष्यक कारक विश्लेषण दो आव्यूहों के साथ हो ।

$M = R_{yy}^{-1} R_{yx} . R_{xx}^{-1} R_{xy}$

यहॉ M विषम प्रामाणिक आव्यूह है।

20.5.5 सामूहिक विश्लेषण :– सामूहिक विश्लेषण एक अपघटन विधि होती है जिसका प्रयोग गुणों के संयुक्त उद्देश्यों के मूल्यांकन के प्रदर्शन में किया जाता है। यह पारंपरिक प्रयोग से सम्बन्ध रखता है जिसमें स्वतन्त्र चरों के स्तरों का प्रभाव आश्रित चर पर निर्धारित होता है। इस बहुविचरण तकनीक में, वस्तु या उत्पाद का समस्त मूल्यांकन प्रतिक्रियादाताओं द्वारा बनाया जाता है और उस उत्पाद को निश्चित गुणों के विभिन्न स्तरों के संमिश्रण के रूप में एक उत्पाद को मूल्यांकित किया जाता है, सम्पूर्ण मूल्यांकन के लिए प्रत्येक गुण के योगदान को सुनिश्चित किया जा सकता हैं। यह तकनीक एक बहुत उपयोगी तकनीक है जिसे प्रायः व्यवसाय एवं बाजार अनुसंधान के क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है, जैसे क्रय निर्णय या अंगीकरण निर्णय या उत्पादों या सेवाओं के लिए उपभोक्ताओं की पसंदों को समझना इत्यादि। यह नये उत्पाद विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण होता है।

आधी बंटी हुई विश्वसनीयता :– इसमें परीक्षा के आधे भाग पर प्राप्तांकों का सह संबंध । विषम क्रमांकित वस्तुएं) दूसे आधे भाग में प्राप्तांकों के साथ, शामिल है (जैसे– समक्रमांकित वस्तुएं) पहले आधे में सर्वाधिक प्राप्त अंकों का तालमेल इसमें आधे भाग में प्राप्त सर्वोच्च अंकों से होना चाहिये ।

सांख्यिकी विश्वसनीयता :– इस संभावना की व्याख्या करती है कि जो परिणाम प्राप्त हुआ है वह ''मौके'' के कारण प्राप्त हुआ और यदि संभावना कम है (जैनादुई संख्या $P<.05$) तो हम कहते हैं कि यह वास्तविक परिणाम है (जैसे मौके पर आधारित नहीं है, अतः यदि परीक्षण पुनः किया गया तो पुनः प्राप्त होने की संभावना है। साहित्य में महत्वपूर्ण परिणामों की तलाश करते समय हम पढ़ते हैं (दो समूहों में महत्वपूर्ण अन्तर सांख्यिकी विश्वास भिन्नता है।

वैधता :– वैधता माप की सटीकता है या उस सीमा तक जहाँ तक सचमुच प्राप्तांक एक अवधारणा का प्रतिनधित्व करते हैं दूसरे शब्दों में हमने जो कुछ भी मापने का सोचा है या हम उतनी सटीकता से उसे माप रहे हैं। यह अर्थपूर्ण है या परीक्षण की सटीकता है– क्या जो मापना चाह रहे थे, उसी का परीक्षण किया जा रहा हैं।

- कुद मानदंडों की पहचान करके मूल्यांकन किया जाता है। (जैसे – व्यवहार का परीक्षण पूर्व में होकर लेना चाहिये ।
- परीक्षण की भविष्यवाणी वैधता मानदंडों पर प्राप्तांक के साथ परीक्षा में प्राप्तांकों के सहसंबंध के द्वारा निर्धारित की जाती है। जैसे, परीक्षा में आये अंकों का सामंजस्य शिक्षकों के साथ बैठाया जाना चाहिये। बच्चे द्वारा विद्यालय में कितनी बार झगड़ा किया गया उसके ब्यौरे को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये।
- यदि अध्यापकों और विशेष माप के मध्यम एक मजबूत सघरात्मक संबंध सामने आता है, तब हम यह कह सकते हैं कि हमारे साथ की ''भावी वैधता'' है।

संवेदनशीलता :– पैमाने की संवेदनशीलता एक महत्वपूर्ण माप–तौल की अवधारणा है, और विशेषतया जब व्यवहार में परिवर्तन या काल्पनिक संरचनाएं जाँच पड़ताल के अन्तर्गत आती है। संवेदनशीलता से तात्पर्य एक अवधारणा में परिवर्तनशीलता को सटीक रूप से मापने के लिये उपकरण की क्षमता से है। एक द्विपक्षीय प्रतिक्रिया श्रेणी जैसे ''सहमति या असहमति'' छोटे से छोटे व्यवहारिक परिवर्तन का लेखा रखने की अनुमूति नहीं देती है। पैमाने पर कई श्रेणियों के साथ अधिक संवेदनशील उपाय की आवश्यकता हो सकती है। उदहरणार्थ, दृढ़तापूर्वक सहमत ''हल्की सी सहमति, न ही सहमत और न ही असहमत, हल्की सी असहमति ''थोड़ी असहमति'' और पूर्णतः असहमति जैसे शब्दों को जोउ़ कर पैमाने की संवेदनशीलता को बढ़ाया जा सकता है।

21.5 माप के पैमाने का वर्गीकरण

व्यवसाय से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान करते समय, एक अनुसंधानकर्ता को सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करना होगा कि किस चीज की माप तौल करनी है, केसे की जायेगी, और साथ ही अवधारणा ली, भी माप तौल कैसे की जायेगी। 1940 के शुरूआती दौर में, हार्वडे मनोचिकित्सक एस.एस. स्टीवेन्स ने मापतौल के पैमाने का वर्गीकृत करने केक लिये मामूल, क्रमिक, अन्तराल और अनुपात जैसे शब्दों की उत्पत्ति की (टीवेन्स 1946)/ मापतौल के पैमाने वह नियम हैं जो संख्याओं के गुण की व्याख्या करते है। यह नियम दर्शाते हैं कि विज्ञान में एक संख्या केवल संख्या नहीं होती है, इसके अतिरिक्त इससे आगे बढ़कर संख्या इस सूचना पर आश्रित होती है इसका उपयेाग कैसे किया गया था या इसे कैसे मापा गया था। इस श्रेणी में, हम आंकड़ों के सूचनापरक के विस्तार तक की चर्चा करेंगे। अन्ततः मापतौल के पैमाने के तीन गुण होते है। आदेश या क्रम, अन्तर और अनुपात । प्रत्येक गुण की व्याख्या निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देकर की जा सकती हैः–

1 क्रम– क्या एक बड़ी संख्या छोटी संख्या से अधिक महत्व इंगित करती है।

2 अन्तर – क्या दो संख्याओं को घटाने से कोई अर्थपूर्ण मूल्यांकन का प्रतिनिधित्व होता है।

3 अनुपात – क्या दो संख्याओं का विभाजन (या अनुपात) कुछ अर्थपूर्ण मूल्यांकन का प्रतिनिधित्व करता है।

<u>मापतौल के पैमाने से तात्पर्य है</u> संख्याओं के गुणों का भिन्न उपयोग करके किस प्रकार इनको बदला जा सकता है। पैमानों को सामान्यतः चार प्रकारों में बाँटा जाता है :–

1. मामूली पैमाना
2. क्रमिक पैमाना
3. अन्तराल पैमाना और
4. अनुपात पैमाना

व्यापार शोधकर्ता बहुत से पैमानों या संख्या व्यवस्था का प्रयोग करते है। सभी पैमाने मापतौल में एक समान परिणाम नहीं देते हैं और न ही सभी अवधारणाओं को समस्त मापतौल से परिपूर्ण होने की आवश्कयता है। पैमाने का स्तर अधिक महत्वपूर्ण दिखता है क्योंकि इससे गणितीय तुलना निर्धारित होती है जो कि स्वीकार्य हैं पैमाने के चार प्रकार या स्तर एक अनुसंधानकर्ता को विश्लेषण एवं पैमाने की वैधता के परीक्षण में प्रगतिशील रूप से अधिकाधिक शक्ति प्रदान करते है।



अभ्यास हेतु प्रश्न :– अपने विश्वविद्यालय के संबंधित अध्यापक के साथ चर्चा करो कि कक्षा और परीक्षा में विषयों के प्रदर्शन को मापने का क्या तरीका है । विभिन्न पैमानों के भिन्न भिन्न प्रकारों से इसमें सामंजस्य बैठाने हेतु चर्चा करो।

21.5.1 सांकेतिक पैमाना :–

सांकेतिक पैमाना नापतौल के स्तर का सर्वाधिक प्राथमिक या प्रारंभिक पैमाना है सांकेतिक पैमाना कवेल पहचान या वर्गीकरण के उद्देश्यों क`लिये किसी वस्तु का मान निर्दिष्ट करता है। मान कोई संख्या भी हो सकती है और होनी भी चाहिये क्योंकि किसी मात्रा का प्रतिनिधित्व नहीं किया जा रहा है। इस संदर्भ में, सांकेतिक पैमाना । सही मायने में गुणात्मक पैमाना है। सांकेतिक पैमाने बहुत अधिक उपयोगी होते हैं, और कभी कभी तो ये एकमात्र उचित पैमाना (उपाय) होते हैं, इन्हें प्राथमिक भी कहा जा सकता है। सांकेतिक पैमाना एकपक्षीय या विवेकाधीन होती है जैसे–प्रत्येक स्तर को बिना किसी त्रुटि के किसी भी श्रेणी में रखा जा सकता है। सांकेतिक पैमाने श्रेणी तक पैमाने होते हैं। जिसका उपयोग पहचान, नाम या श्रेणी गत चीजों या व्यक्तियां या घटनाओं के लिये किया जाता है। सांकेतिक पैमाने माप तौल के सबसे निम्न स्तर के पैमाने होते हैं। जब सांकेतिक पैमाने का विस्तार किया जा सरहा हो या तैयार किया जा रहा हो तो साधारण प्रक्रिया का अनुसरण किया जाना चाहिये। व्यापार अनुसंधान में सांकेतिक पैमानों का उपयोग बहुत से अवसरों पर किया जाता है। उदाहरणार्थ, सांकेतिक पैमाने का प्रयोग पहचान करने हेतु, ब्रांड की पहचान हेतु, बिक्री क्षेत्र हेतु, ब्रांड की जागरूकता हेतु, स्त्रियों के कार्य करने की स्थिति आदि की जानकारी हेतु किया जाता है।

पुरूषों में लिंग के आधार पर जनसंख्या और स्त्रियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य जाति के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है। व्यावसायिक बैंकों को सार्वजनिक, निजी और विदेशी बैंकें की श्रेणी में रखा जाता है और प्रत्येक श्रेणी को एक संख्याओं के रूप में (0,1,2) या अक्षरों के रूप में (ए.बी, सी) सारणी दे दी जाती है।

आंकड़े एकत्रित करने में सांकेतिक पैमानों का उपयोग किया जाता है, सांख्यिकीय विश्लेषण, प्रतिशत और ची–स्वेयर परीक्षा उपयुक्त तरीके हैं केन्द्रीकृत प्रवृत्ति को मापने के लये प्रणाली या रीति अकेले का ही उपयोग किया जा सकता है। मध्य और औसत को सांकेतिक आंकड़े पर नियोजित किया जा सकता है क्योंकि इसमें संख्या पद्धति के उच्च स्तरीय गुण सम्मिलित रहते है। अनुसंधानकर्ता को पैमाने के प्रकार का चयन करने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिये यदि वे सांख्यिकीय तकनीक का उपयोग करने जर रहे हैं। अनुसंधान कर्ता सांकेतिक आंकड़ों से औसत मूल्य का अनुमान नहीं लगा सकता है।

21.5.2 क्रमसूचक पैमाना :–

क्रमसूचक पैमाना या औपचारिक पैमाना एक श्रेणीबद्ध पैमाना है जो वस्तुओं या घटनाओं के बीच आदेशित संबंधों को इंगित करता है। इसमें वस्तुओं की संख्याओं को निर्दिष्ट करना शामिल है जो कि वस्तुओं के गुणों एवं विशेषताओं के सापेक्ष विस्तार की सूचना देता है। यह इस बात की माप–तौल करता है कि एक वस्तु या घटना की विशेषताएं और गुण दूसरी घटनाओं या विशेषताओं के समान हैं या नहीं है। सांकेतिक पैमाने से आगे थोड़ा सुधरा हुआ रूप है क्योंकि यह क्रय की सूचना देता हैं फिर भी, इस पैमाने से इस बात की सूचना प्राप्त नहीं होती है कि विभिनन वस्तुओं या घटनाओं में कितनी विशेषताएं अधिक है और कम है तो कैस कम है । शब्द कितनी कम को इंगित करता है न कि यह दूसरी श्रेणी पहली श्रेणी से कितना करीब है या प्रथम श्रेणी से कितनी दूर हैं क्रमसूचक पैमाने का प्रयोग करते हुये जो आंकड़े एकत्रित किये जाते हैं उनमें एक श्रेणी निकल कर आती है जहाँ कोई वस्तु जिसे प्रथम श्रेणी में रखा गया है, उसमें द्वितीय या तृतीय श्रेणी में श्रेणीबद्ध वस्तुओं से अधिक विशेषताएं होंगी अतः, सांकेतिक पैमाने की अपेक्षा क्रमसूचक पैमाने की मुख्य विशेषता या गुण यह है कि यह सापेक्ष स्थिति को इंगित करता है न कि वस्तुओं के बीच अंतर की परिमाण को । अनुसंधान में, सांकेतिक पैमानों का उपयेाग सापेक्ष प्रवृत्ति, विचार, धारणाओं इत्यादि को मापने के लिये किया जाता है। वह समस्त आंकड़े जिन्हें व्यक्तियों द्वारा प्रश्न पूंछकर एकत्रित किया जाता है क्रमसूचक गुण वाले होते हैं। उदाहरण के लिये । एक विक्रेता का हित ग्राहक की विभिन्न ब्रांडों में रूचि जानना हो सकता हैं ग्राहकों से निवेदन किया जा सकता है कि वे विशिष्ट जायके या सुगंध, पैकेट कीडिजायन आदि के आधार पर विभिन्न ब्रांडों को वरीयता प्रदान करें। मनोभाव या अभिवृत्ति का पैमाना भी क्रमसूचक प्रवृत्ति में ही आता है। किसी वस्तु या घटना हेतु निर्दिष्ट संख्या को क्रमसूचक पैमाने में भी परिवर्तित नहीं किया जा सकता हैं इस सिद्धांत का उल्लंघन होने पर अनुसंधानकर्ता को प्राप्त होने वाले परिणाम बहुत उलझाने वाले होंगे। क्रमसूचक पैमाने के लिये औसत एक उपयुक्त सांख्यिकीय नहीं है।

21.5.3 अन्तराल पैमाना :

अन्तरावधि पैमानेको क्रम निर्धारण मान भी कहा जाता है। इसमें वस्तुओं या घटनाओं के मूल्य निर्धारण हेतु संख्याओं का उपयोग शामिल है। अन्तरावधि पैमाने में, पैमाने पर संख्यात्मक रूप से बराबर दूरी अंतराल पैमाने में बराबर मान दर्शाती है जिसे कहीं कहीं क्रम निर्धारण मान भी कहा जाता हैं इसमें घटनाओं या वस्तुओं की दर करने हेतु संख्याओं का उपयोग करना शामिल है।

अन्तरावधि पैमाने में, पैमाने पर संख्यात्मक रूप से बराबर दूरी गुणों में बराबर मूल्यों को दर्शाती है। अन्तरावधि पैमाना क्रमसूचक पैमाने का आधुनिक रूप है, इसमें क्रमसूचक पैमाने के समस्त गुण होने के साथ–साथ यह अनुसंधानकर्ता को अनुमति देता है कि वह वस्तुओं के मध्य विभिन्नता की तुलना कर सके। इसमें मापतौल के प्रत्येक स्तर के मध्य विभिन्नता की समानता का गुण समाहित है। इस पैमाने की यह विशेषता है कि किसी भी दो पैमानो के मूल्य के मध्य अन्तर अन्य दो पैमाने के असन्न मूल्य में अन्तर होता है। अन्तराल पैमाने उदाहरण हैं फारेनहाइट और सेल्सियस पैमाना । अन्तराल पैमाना पैमाने के बिन्दुओं के मूल्यों पर प्रतिबंध लगाता है। शून्य जो एक कार्य हो सकता है वह प्राकृतिक शून्य की अपेक्षा स्वैच्छिक शून्य है। मध्यस्थता में किसी भी बिंदु पर शून्य मान रखने की स्वतंत्रता शामिल है। पैमाने के मानों पर समान और निरंतर अन्तराल होता है। अनुसंधन में, अधिकांश अनुसंधान मनोवृतित या अभिभावों, विचारों और संभावनाओं पर अनुसंधान अन्तराल पैमाने का प्रयोग करके किया जाता है। वह समस्त सांख्यिकीय तकनीकें जो सांकेतिक और क्रम सूचक पैमानों पर उपयोग में लायी जाती है, उनका उपयोग अन्तराल पैमानों द्वारा आंकड़े एकत्रित करने में भी किया जा सकता है।

21.5.4 अनुपात पैमाना :–

अनुपात पैमाने अन्तरावधि पैमाने से इस संदर्भ में भिन्न है कि इसमें प्राकृतिक /परिपूर्ण शून्य है। इसमें सांकेतिक, क्रमानुता और अन्तरावधि पैमाने के सभी गुण है। अनुपात पैमाने के द्वारा उत्पन्न आंकड़ों को पहचाना जा सकता है, श्रेणियों में वगीकृत किया जा सकता है, रैंक दी जा सकती है एवं अन्य गुणों से इसकी तुलना भी की जा सकती है। इसे सापेक्षता के संदर्भ में अभिव्यक्त भी किया जा सकता है, एक को दूसरे के विभाजन की शर्तों पर भी अभिव्यक्त किया जा सकता है। अतः इसे सापेक्ष पैमाने के नाम से भी जाना जा सकता है। अनुपात पैमानों अनुसंधान में बहुत अधिक संख्या में उपलब्ध है। इसमें बिक्री, बाजार हिस्सेदारी, लागत, ग्राहक की आयु और संख्या सम्मिलित है। इन सभी मामलों में स्वाभाविक शून्य की उत्पत्ति होती है । समस्त सांख्यिकीय तकनीकों को अनुपात आंकड़ों पर अपनाया जा सकता है।

माप का पैमाना

	सांकेतिक	क्रमानुगत	अन्तरावधि	अनुपात
क्रम	नहीं	हाँ	हाँ	हाँ
अन्तर	नहीं	नहीं	हाँ	हाँ
अनुपात	नहीं	नहीं	नहीं	हाँ

पैमानों को विस्तृत रूप में वगीकृत किया जा सकता हैः–

- दाशमिक पैमाने में समेकित आकलन, संख्यात्मक पैमाना, अर्थसंबंधी पैमाने और रेखाचित्रीय अनुपात पैमाना शामिल है।
- गैर दाशमिक पैमाने :–इसमें श्रेणीगत, पंक्तिबद्ध, श्रेणी करण, निरंतर योग ओर युगल तुलना शामिल है।

21.6 स्केलिंग की तकनीकें

इस भाग में हमारी चर्चा जारी रहेगी कि पैमानों का विकास किस प्रकार हुआ और सामान्य स्केलिंग तकनीकों और प्रारूपों का प्रयोग किस प्रकार किा जा सकता हैं यह अभिवृत्ति पैमाने की व्यापक

अवधारणाओं पर केन्द्रित है– प्रबंधकीय और उपभोक्ता या खरीददार धारणा के माप के लिये स्केलिंग का अध्ययन इसमें शामिल है। समस्त मनोभाव (और अन्य मनोवैज्ञानिक) माप तौल प्रक्रियाएं व्यक्तियों से संबंधित हैं जेसे ग्राहक, खरीदी, अभिकर्ता, बाजार प्रबंधक, या विनिर्दिष्ट दिशा निर्देशों के अनुसार कुछ प्रेरणास्पद प्रतिक्रियाएं। यह प्रेरणा या प्रोत्साहन वैकल्पिक उत्पाद या सेवाएं, विज्ञापन संबंधी विषयवस्तु, पैकेज की आकृति, ब्रांड नाम, बिक्री का प्रदर्शन और बहुत कुछ हो सकता हैं प्रतिक्रिया में यह शामिल हो सकता है कि कौन सी प्रतिलिपि विषयवस्तु दूसरे की तुलना में अधिक आकर्षक है । कौन सी पैकिंग डिजायन, इसमें की अपेक्षा अधिक लुभावनी है, हर ब्रांड नाम का क्या विशेष गुण है आदि आदि। स्केलिंग प्रक्रिया को अंतिम पैमाने (सांकेतिक, क्रमानुमन, अन्तरावधि या अनुपात) के गुणों की शर्तों के आधार पर वगीकृत किया जा सकता है, लक्ष्य यह है कि कार्य करने के लिये कहा जाता है या फिर भी अन्य तरीकों से किया जाता है, जैसे विषय, प्रेरणाओं या दोनों पर जोर दिया गया हो।

एक सुआकल्पित अनुसंधान समस्या से ही एक सुआकल्पित माप तौल (पैमाना) प्रक्रिया का निर्माण होता है। किसी भी अनुसंधान की मौलिक पहलू होती है मापन प्रक्रिया यही वह कदम है जहाँ हम इसके माप तौल की वास्तविकता को जानने का प्रयास करते हैं। निर्णायकगण इस कदम के पहले वाले कदम के ज्यादा इच्छुक होते है। यह कदम पूर्णतः व्याख्यात्मक होते हैं और यही वह कदम है जहाँ सही मायेन में परिमाणन अपना स्थान लेता है। माप में होने वाली त्रुटियों से रहित माप तौल होनी ाहिये। ऐसी विनाशकारी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती है जहाँ विपणन कर्ता आंकड़ों के निष्कर्षों तक पहुँच सकता हैं यदि वह उलझे हुये परिणामों को लेकर सतर्क है तो वह आंकड़ों के विश्लेषण से उत्पन्न होने वाले निष्कर्षों का त्याग कर सकता है। मापन से प्राप्त आंकड़े स्थिर, ओर स्पष्ट है तो उनकी पहचान करने के लिये अधिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की आवश्यकता होती है, किन्तु दुर्भायवश, विपणनकर्ता को यह जानकारी ही नहीं होती है या जानने का इच्छुक कभी नहीं होता है कि किस प्रकार के पैमाने का उपयोग किया जाए ताकि विपणन में आने वाली समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को मापा जा सके। निष्कर्षों के आधार पर लिये गये किसी भी निर्णय को संगठन पर बहुत सारे नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते है। अतः यह अत्यावश्यक है कि अनुसंधानकर्ता के मापन पैमाने को विस्तृत करने की समझ हो। ताकि युक्तियुक्त तरीके सही गुण प्राप्त किये जा सके।

विस्तृत रूप में मापन तकनीक को तुलनात्मक और गैर तुलनात्मक पैमाने में वर्गीकृत किया जा सकता है। तुलनात्मक पैमाना जैसा कि इसके नाम से ही इंगित होता है कि समस्त दरें, जिसमें सापेक्ष निर्णय भी सम्मिलित है, तुलना होती है । इसमें प्रेरणास्पद वस्तुओं की प्रत्यक्ष तुलना सम्मिलित है। इसमें केवल क्रमानुगत या श्रेणीबद्ध आदेश के गुण होते हैं। इसे दूसरे अर्थों में गैर मापीय पैमाना भी कहा जाता है । क्योंकि यह किसी भी प्रकार के यह इसके विपरीत सिकी भी अंकीय क्रियाओं की अनुमति नहीं देता है, इन सबका उउपयोग अन्तरावधि ओर अनुपात पैमानों में किया जा सकता है। तुलनात्मक पैमानों में प्ररणाप्रद वस्तुओं की प्रत्यक्ष तुलना सम्मिलित है।



21.6.1 तुलनात्मक पैमाना पद्धति :–

तुलनात्मक पैमाना पद्धतियों में सम्मिलित हैं :–

(ए) युग्म तुलना पैमाना,

(बी) श्रेणी क्रमिक पैमाना

(सी) स्थिर संक्षिप्त विवरण देने वाला पैमाना और

(डी) प्रश्न की भांति ।

(ए) युग्म तुलनात्मक पैमानाः– जैसा कि इसके नाम से ही विदित होता है इसमें दो वस्तुओं की प्रस्तुति और मानदंडों के अनुसार उत्तरदाताओं से प्रश्न पूदने में से किसी एक का चयन करना शामिल है। क्रमानुगत पैमाने का उपयोग करके आंकड़े एकत्रित किये जाते है। उदाहरण के लिये एक उत्तरदाता को टी.वी. के वरीयता क्रम को जोड़े में रखने को कहा जा सकता है। युग्म तुलतना आंकड़ों को विश्लेषण विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। ऊपर वाले उदाहरण में अनुसंधान कर्ता उन उत्तरदाताओं के प्रतिशत को गणना कर सकता है जिन्होंने किसी अन्य की अपेक्षा एक विशिष्ट टी.वी. ब्रांड को वरीयता दी है।

पारगमन की धारणा के तहत युग्मित तुलना तकनीक का उपयोग करके प्राप्त आंकड़ों को क्रमानुगत श्रेणी में परिवर्तित किया जा सकता है। वरीयता के पारगमन का तात्पर्य है कि यदि कोई प्रत्यर्थी Y ब्रांड की जगह X ब्रांड को वरीयता देता है और Y ब्रांड को Z के ऊपर वरीयता प्राप्त है, तब X ब्रांड को Z के ऊपर वरीयता प्राप्त होगी। यह, सबसे कम वरीयता की अपेक्षा प्रत्येक ब्रांड को पसंद किये जाने की संरख्या निर्धारित करने के द्वारा किया जा सकता है।

युग्मित तलनात्मक तकनीक तब बहुत उपयोगी हो जाती है जब ब्राडों की संख्या सीमित होती है, क्योंकि इसमें प्रत्यक्ष तुलना और अत्यधिक पसंद की जरूरत होती है। हालांकि ऐसा नहीं है, कि संभावित तुलना नहीं की जा सकती, किन्तु तुलना बहुत दुर्वह या बोझिल हो जायेगी। युग्मित तुलना के द्वारा किया जाने वाला सर्वसाधारण तरीका स्वाद परीक्षण है, उदाहरण के लिये इसमें उपभोक्ता को दो विभिन्न ब्रांउों के पेय पदार्थों को चखने के लिये कहा जाता है और यह कहा जाता है कि दो में से जिसका स्वाद सबसे अच्छा लग रहा हो उसका चुनाव करो।

(बी) पंक्तिबद्ध पैमाना :– यह तुलनात्मक मापन की एक अन्य जानी पहचानी पद्धति है। पंक्तिबद्ध पैमाने में प्रतिद्वन्दों या उत्तरदाता को बहुत सारी चीजें एक साथ दे दी जाती है और एक विशिष्ट मापदंड के आधार पर श्रेणीबद्ध या क्रम में रखने के लिये कहा जाता है। उदाहरण स्वरूप

टी.बी.के. विभिन्न ब्रांडों की वरीयता के लिये उपभोक्ता वरीयता रख सकते हैं इस मापन पद्धति में, क्रमानुगत पैमानो का उपयोग किया जाता है। टेलिविजन के विभिन्न ब्रांडों को एक क्रम में रखने हेतु उपभोक्ताओं से कहा जा सकता है, पहला सर्वाधिक पंसदीदा ब्रांड, दूसरे स्थान पर थोड़ा कम अधिमानित ब्रांड और तीसरे पर उससे कम पसंद के ब्रांड को रखा जा सकता है। युग्मित तुलना की तरह, यह भी तुलनात्मक प्रकृति का ही होता है। इस तकनीक द्वारा प्राप्त आंकड़े संयुक्त विश्लेषण के साथ नियोजित होते हैं ।क्योंकि पैमाने की विभेदक संभावना रहती है, उपभोक्ताओं को एक दूसरे ब्रांड के लिये भड़काते है। पारगमन की धारणाओं के तहत पंक्तिबद्ध क्रम को समकक्ष युग्मित तुलना आंकड़े या इसी के समान किसी आंकड़े में परिवर्तित किया जा सकता है।

(सी) अविरत (लगातार) मापन :– यह तकनीक कुछ इकाईयों को लगातार निर्धारित करने की आज्ञा उत्तरदाता को देता है, जैसे बिन्दु, रूपये या कुद मानदंडों के संदर्भ में महत्वपूर्ण वस्तुएं । इस तकनीक में उत्तरदाता को खेल उपयेागी वाहन के गुणों को 10 अंक देने के लिये कहा जाता है। यदि गुण महत्वपूर्ण नहीं हे उत्तरदाता शून्य अंक देना चाहेगा । गुणों को उत्तरदाताओं द्वारा दिये गये अंकों के आधार पर मापा जाता है। इसमें मुख्यत रूप से तुलनात्मक प्रकृति का होने केक कारण क्रमिक का इस्तेमाल किया जाता हे और उसका परिणाम सामान्यता की कमी होना है। अविरत मापन का लाभ यह है कि इससे महत्वपूर्ण वस्तुओं के मध्य बिनाअधिक समय लगाये भेदभाव करने का अवसर प्राप्त होता है। इसके लाभ में निर्दिष्ट लोगें की तुलना में अधिक याक म इकाईयों का आबंटन शामिल है।

(डी) शीघ्र समाधान :– यह अपेक्षाकृत बडत्री संख्या में वस्तुओं के बीच शीध्रातिशीघ्र भेदभाव को संदर्भित करता है। इस तकनीक में पंक्तिबद्ध क्रम प्रक्रिया का उपयोग होता है जिसमें कुछ मानदंडों के संबंध में वस्तुओं को समानता के आधार पर इकट्ठे में वृल (समाधान) किया जाता है। मल्होत्रा (2004) में एक सटीक उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जो इस प्रकार है। उत्तरदाताओं को व्यक्तिगत कार्ड पर 100 व्यवहारिक कथन करने को दिये गये और उनसे कहा गया कि उन्हें सर्वाधिक सहमत से लेकर सबसे कम सहमत तक 11 ढेर बनाओ। छाँटीी गयी वस्तुओं की संख्या किसी भी हाल में 60 से कम और 140160 से अधिक नहीं होनी चाहिये, 60 से 90 वस्तुओं तक की सीमा को युक्तियुक्त माना गया । पूर्व निर्धारित प्रत्येक ढेर में वस्तुओं को रखा जाना चाहिये।

21.6.2 गैर तुलनात्मक मापन प्रणाली :–

गैर तुलनात्मक मापन को दूसरे शब्दों में भ्रमणकारी माप कहा जाता है क्योंकि एक समय में एक ही वस्तु का माप लिया जाता है। अनुसंधानकर्ता इस पैमाने का उपयोग उत्तदाताओं को उन मानकों का उपयोग करने की अनुमति देता है जो उन्हें सटीक और उचित लगते हैं न कि अनुसंधानकर्ता द्वारा विनिर्दिष्ट मानकों को। उत्तरदाता अनसुधान कर्ता द्वारा विनिर्दिष्ट मानको की तुलना अन्य वस्तुओं से नहीं करते हैं। गैर तुलनात्मक प्रणाली का उपयोग निरंतन होता है एवं मापक पैमाने का अलग–अलग उल्लेख होता है। इन पैमानों में, प्रत्येक वस्तु को दूसरी वस्तुओं से पृथक स्वतंत्र रूप से मापा जाता है, परिणाम मूलक आंकड़ा सामान्यतया उन्तरावधि या अनुपात पैमाना माना जाता है।

सतत् दर निर्धारित पैमाना :–

इसे आलेखीय दर–निर्धारित पैमाना भी कहा जाता है। एक एक प्रकार का पैमाना है जो उत्तरदाता को निरंतरता की अनुमति देता है। (जैसे एक रेखा) जिस पर किसी वस्तु का मूल्यांकन प्रदान किया जाता है। अनुसंधानकर्ता सतत् मूल्यांकन पैमाने का विस्तार करके उत्तरदाता को उनके

द्वारा मूल्यांकन करने हेतु अनुमति देते है, उनसे कहा जाता है कि एक रेखा पर उचित बिन्दु पर एक चिह्न अंकित करें जो एक छोर से दूसरे छोर तक मापदंड तक पहुंच सके या पूर्वनिर्धारित श्रेणी तक पहुंच सके। यह उत्तरदाता को अनुसंधानकर्ता द्वारा निर्धारित चिह्न को चयन करने की आवश्कयता नहीं होती है, इसमें बहुत से उतार चढ़ाव संभव है। यह रेखा लंबवत या क्षेति हो सकती है, यह चिन्हित या अचिन्हित हो सकती है, यह चिन्हित है, उसके कुछ भाग हो सकते हैं। या थर्मामीटर पैनाने में हो सकती है, पैमाने के बिन्दु या संख्यात्मक होने चाहिये या उनका संक्षिप्त विवरण होना चाहिये। सामान्यता नीचे दी गयी सारणी में तीन प्रकार के वर्णन हैः–

सतत् मूल्यांकन पैमानेक के उदाहरण :– किसी भी रेस्टोरेंट द्वारा दी गयी सेवाओं का मूल्यांकन करने के लिये क्षैतिज रेखा पर अविकणियें जिसमें आपकी मनोभावों का आभास होता है।

सहानुभूति :–

सबसे खराब ———————————————————————— ———————— सबसे अच्छा

– सतत् मूल्यांकन पैमाना बनाना आसान है, किन्तु गणना अविश्सनीय और बोझिल हो सकती है। अनुसंधान में कम्प्यूटर के प्रयोग से, और लगातार कम्प्यूटर का उपयोग करने से, अन्यथा सूचना बहुत कम प्रापत करते हैं।

अलग–अलग उल्लेखित मूल्यांकन पैमानाः– यह पैमाना आलेखीय पैमाने के ही समान है, इसमें भी व्यक्ति अपने निर्णय स्वतंत्रापूर्वक करते है। प्रत्यक्ष तुलना का लाभ न लेते हुये स्वतंत्र निर्णय किये जाते हैं। उत्तरदाताओं को एक पैमाना दिया जाता है जिसमें या तो संख्या दी होती है या प्रत्येक श्रेणी का संक्षिप्त विवरण दिया रहता है। यह पैमाना उत्तरदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में से कुद संख्या में श्रेणी चयन की अनुमति देता है, सामान्यता उसे 7, और 10 या उससे अधिक कभी–कभी उपयोग में आते हैं। श्रेणियों को पैमाने की स्थिति में क्रमानुगत किया जाता है, और उत्तरदाताओं से एक विशिष्ट श्रेणी जिसका मूल्यांकन विशिष्ट विवरण के साथ है, को चुनने के लिये कहा जाता है विभिन्न वर्गों का मौखिक विश्लेषण कर दिया जाता है। हालांकि यह आवश्यक नहीं होता है । इस पैमाने का अनुसंधान में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है और आजकल अधिक जटिल प्रकार के पैमाने का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार के मूल्यांकन पैमाने के कुछ प्रकार हैं वे है लाइकर्ट, अर्थपूर्ण भिन्नतम और मुख्य या प्रधान पैमाना ।

लीकर्ट पैमाना :– इस पैमाने का नाम रेनिस लीकर्ट के नाम पर रखा गया है। यह सर्वाधिक उपयोग में आने वाला पैमाना है। विशेषतया अनुसंधान में परीक्षण प्रणाली में इसका सर्वाधिक प्रयोग किया जाता है। बहुत सा अनुसंधात्मक अध्ययन लीकर्ट पैमाने का उपयेाग करके किया गया है। विशेष वस्तुओं के बारे में सहमति या असहमति के वक्तव्यों की सूचित करने की आवश्यकता होती है। और यह उत्तरदाता से अपेक्षा की जाती है कि वह सहमति या असहमति की सूचना देगा। सेवा की स्थिरता को मापने के लिये जाने पहचाने लीकर्ट पैमाने के उपयोग के एक हिस्से का उदाहरण नीचे दिया गया है :–

बैंक द्वारा दी गयी सेवा की स्थिरता को मापने हेतु सूची नीचे दी गयी है। कृपया निम्नलिखित पैमाने का उपयोग करते हुये आप यह इंगित करें कि कितनी दृढ़ता से आप इससे सहमत हैं या असहमत हैः–

1 पूर्णतः असहमत

2 असहमत

3 न असहमत , न ही सहमत

4 सहमत

5 पूर्णतः सहमत

लीकर्ट पैमाना :– जिस कम्प्यूटर साफ्टवेयर का आप इस्तेमाल कर रहे हैं। उसके बारे में आप क्या अनुभव करते है कृपया एक संख्या पर गोला बनाइये :–

पूर्णतः असहमत 1 2 3 4 5 6 7 पूर्णतः सहमत

इसे इस्तेमाल करना आसान है।

पूर्णतः असहमत 1 2 3 4 5 6 7 पूर्णतः सहमत

इसका इस्तेमाल हास्यास्पद है।

पूर्णतः असहमत 1 2 3 4 5 6 7 पूर्णतः सहमत

इससे वह सब कुछ होता है जिसकी मैंने अपेक्षा की थी।

पूर्णतः असहमत 1 2 3 4 5 6 7 पूर्णतः सहमत

उपयोग में लाते समय किसी तरह की विसंगतता देखने मे ंनहीं आयी ।

पूर्णतः असहमत 1 2 3 4 5 6 7 पूर्णतः सहमत

यह उपयोगकर्ता के अनुकूल है।

दृढ़तापूर्वक असहमत 1 2 3 4 5 6 7 दृढ़तापूर्वक सहमत

इस पैमाने के उपयोग से एकत्रित आंकड़े का विश्लेषण करने के लिये प्रत्येक कथन का एक संख्यात्मक गणना दी जाती है, जिसकी सीमा –2 से +2 के माध्यम से एक शून्य या 1 से 5 तक होती है।

विश्लेषण या तो वस्तु अनुसार होता है या संपूर्ण गणना (समेकित) या औसत के द्वारा होता है, प्रत्येक उत्तरदाता द्वारा जोड़ कर या वस्तुओं के औसत की तुलना करके इसकी गणना की जा सकती है। लाइकर्ट पैमाने में यह महत्वपूर्ण है कि सतत् मूल्यांकन प्रक्रिया के अन्तर्गत अधिक गणना की प्रतिक्रिया का हितकारी प्रभाव नहीं होता है। विपरीत संकेतीकरण के रूप में कोई विचलन होता है जहाँ अनुकूल प्रतिक्रिया का सबसे कम मूल्यनिरूपण दिया गया है और अननुकूल प्रतिक्रिया का सबसे अधिक मूल्य निरूपण दिया गया है, उसे अनुसंधानकर्ता द्वारा विशिष्ट रूप से निर्दिष्ट किया जाना चाहिये। सामान्यता, प्रतिकूल संकेतीकरण का उपयोग नकारात्मक अवधारणा को चिन्हित करने के लिये किया जाता है और जब अन्य कथनों के साथ इसका उपयोग किया जाता है, प्रतिकूल संकेतीकरण का सकारात्मक प्रभाव होगा।

अर्थपूर्ण भिन्नता पैमानाः– यह पैमाना लाइकर्ट पैमाने के बाद एक बहुत ही प्रसिद्ध पैमाना है। इस पैमाने में उत्तरदाता की प्रतिक्रिया द्विध्रुवीय स्तर से संबंधित होती है जिसका अर्थपूर्ण मतलब होता है । उत्तरदाता वस्तुओं पर अलग–अलग संख्या का उल्लेख करता है, सात बिन्दु गणना पैमाना प्रत्येक छोर पर दो द्विध्रीवय विशेषणों जैसे ''उत्कृष्ट'' ओर ''बहुत बुरा' द्वारा बंधे होते है। उत्तरदाता किसी एक का चयन करके अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं कि यही उनकी सर्वोत्कृष्ट चयन है। संकेतों को शून्य या 1 से 7 लेकर – 3 से +3 तक चिन्हित किया जाता है। मध्यम मूल्यांकन को तटस्थ स्थिति के रूप में आंका जाता है। पहले प्रकार में शून्य मूल्यांकन तटस्थ बिन्दु होता है और दूसरे प्रकार में तटस्थ बिन्दु 4 होता हैं परिणाममूलक आंकड़ों को सामज्यतया रूपरेखा विश्लेषण के माध्यम से विश्लेषण किया जाता है। इस प्रकार के विश्लेषण में, प्रत्येक रेटिंग पैमाने के आशय और औसत मूल्यांकन को जोड़ा जाता है और आलेखन या सांख्यिकीय विश्लेषण द्वारा इसकी तुलना की जाती है। इससे अनुसंधानकर्ता को वस्तुओं में समानताओं और अंतर को पूर्णरूपेण

सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। विभिन्न खंडों में उत्तरदाता द्वारा आये अंतरों का अनुसंधानकर्ता विभिन्न खंडों के अर्थ की प्रतिक्रिया की तुलना कर सकता है। इस पैमाने के उपयोग से एकत्रित आंकड़ों को सारांश आंकड़ों के साथ नियोजित किया जा सकता है। यद्वपि कि इस पैमाने पर अर्थ के नियोजन पर विवाद है। अर्थ पूर्णतः अन्तरवधि और अनुपता पैमाना है जबकि यह पैमाना सैद्धांतिक रूप से एक क्रमानुगत पैमाना है। हालांकि सांख्यिकीविद द्वारा इस आपत्ति को मद्देनजर रखते हुये, अनुसंधानकर्ता इस पमाने पर सभी सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग करते हैं। निम्नलिखित उदाहरण अर्थपूर्ण भिन्नतापूर्ण पैमाने को उद्घृत करता हैः–

1 प्रसन्नतापूर्वक ..... अप्रसन्नतापूर्वक

2 आक्रामाक .....विनम्र (विनीत)

3 रोमांचक ..... गैर रोमांचक

अर्थपूर्ण पैमाना :–

अच्छा – बुरा

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

<u>अर्थपूर्ण भिन्न पैमाना</u>

महत्वपूर्ण – अमहत्वपूर्ण

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

खर्चीला (बहुमूल्य) – अपमूमल्य (सस्ता)

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

उपयोगी – अनुपयोगी

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

मजबूत – कमजोर

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

गतिशील– धीमा

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

स्टेपेज पैमाना :– इस पैमाने का नाम जैन स्टेपेल के नाम पर पड़ा है। जिन्होनें इसके बनाया। यह द्विध्रुवीय गणनात्मक पैमाना है जिसमें रूपधारण 10 श्रेणियाँ है। और –5 से +5 तक संख्याएं हैं और कोई तटस्यबिन्दु (शून्य) नहीं हैं इस पैमाने को आमतौर पर लंबवत् प्रस्तुत किया जाता है और उत्तरदाता यथार्थता और अयथार्यता के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया को चुनता है और प्रतिक्रियात्मक श्रेणी में से युक्तियुक्त संख्या चुनकर प्रत्येक वस्तु का चयन करता है। किसी भी वस्तु की अधिकाधिक संख्या उसकी अधिक यथार्थता के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया को चुनता है ओर प्रतिक्रियात्मक श्रेणी में से युक्तियुक्त संख्या चुनकर प्रत्येक वस्तु का चयन करता है। किसी भी वस्तु की अधिकाधिक संख्या उसकी अधिक यथार्थता को इंगित करती है और कम संख्या वस्तु की कम यथार्थ विवरण की ओर इंगित करती है। इसका उदाहरण इस प्रकार हैः–

+5

+4

+3

+2

+1

उच्च मूर्तता (वास्तविकता) सेवा

−1

−2

−3

−4

−5

स्टेपल पैमाने के माध्यम सवे एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण ठीक अर्थपूर्ण भिनन पैमाने के जैसे ही किया जा सकता है। स्टेपेल पैमाने का मुख्य लाभ यह है कि वास्तविक द्विध्रुवीयता सुनिश्चित करने के लिये विशेषणों या वाक्यांशों के प्रतितम की आवश्यकता नहीं होती है। और इसे टेलिफोन के द्वारा ही प्रबंधित किया जा सकता है।

विभिन्न पैमानों के आंकड़ों पर गणितीय और सांख्यिकीय विश्लेषण ।

सूची क्रमांक	पैमाने	मूलभूत लक्षण	उदाहरण	अनुमत आंकड़े	
				वर्णनात्मक	आनुमानित
1	नाममात्र	संख्या की पहचान और वस्तुओं को वर्गीकृत करना	संग्रह के प्रकार, हाँ या ना का चुनाव, लिंग	प्रतिशत साधन	पी वर्ग, द्विपदिक, परीक्षण
2	क्रमानुगत	संख्याएं वस्तुओं के प्रतिनिधि, पदों को इंगित करती हैं परंतु उनके बीच अंतर का परिमाण नहीं है।	वरीयताक्रम, गुणवत्ता क्रम	प्रति शतक, औसत	पद क्रम, सह संबंध, अनोवा,
3	अन्तराल	वस्तुओं के मध्य अन्तर की तुलना की जा सकती है, शून्य बिन्दु स्वैच्छिक है	मनोदृष्टि, मत, सूची संख्या	सीमा, अर्थ, मानक, विचलन	पल, सह–संबंध, टी–परीक्षण, अनोवा, प्रतीपगमन और घटक विश्लेषण
4	अनुपात	शून्य बिन्दु, निश्चित होता है, पैमाने गणना का अनुपात का अभिकलन किया जा सकता है।	आयु, आय, कीमत, बिक्री, बाजार शेयर	रेखागणितीय अर्थ, लायबद्ध अर्थ (माध्य)	गुणांक का परिवर्तन

अभ्यास का प्रश्नः– इंगित करें कि निम्नलिखित पैमाने नाममात्र, क्रमिक, अंतराल या अनुपात पैमाने का उपयोग करते हैः–

(ए) शयेर बाजार की कीमतें :–

(बी) वैवाहिक स्थिति, ''विवाहित'' ''या'' अविवाहित'' के रूप में 'वर्गीकृत'

(सी) इस तरह का प्रश्न पूंछे जाने पर हाँ या ना में उत्तर देना कि क्या कभी उत्तरदाता अनियोजित रहा।

(डी) प्रोफेसर पद – सहायक प्रोफेसर, संबंध प्रोफेसर या प्रोफेसर ।

(इ) वर्ग या पद –, ए, बी, सी, डी या एफ। जब हम व्यवसाय अनुसंधान में मापन प्रणाली का विस्तार करने का प्रत्यन्त करते हैं तब बहुत सारे विचारों की आवश्यकता होती हैं पैमाने का विस्तार करते समय कुछ आवश्यक निर्णय लिये जाते हैं। जो कि निम्नानुसार हैः–

पैमाने श्रेणियों की संख्या :–संख्या जितनी बड़ी होगी, मापन पैमाने की अधिक सटीकता की आवश्यकता होगी।

एक अवधारणा को मापने के लिये वस्तुओं की संख्या : – वस्तुओं की संख्या कितनी होनी चाहिये? स्वीकार्य विश्वसनीयता प्राप्त करने केक लिये कम से कम 3 वस्तुओं का होना आवश्यक है, किन्तु साधारणतया 5 से 7 वस्तुएं और कभी कभी तो इससे अधिक वस्तुएं भी देखने में आती है।

सम और विषम संख्या की श्रेणियाँ :– जब एक पैमाने में विषम संख्या की श्रेणियों का उपयोग किया जाता है तब मध्य–बिन्दु तटस्थ स्थिति का प्रतिनिधित्व करता हैं यदि अनुसंधान कर्ता किसी विशिष्ट मुद्दे पर अपनी पसंद या विकल्प के लिये मज़बूर करना चाहता है तो समसंख्या का उपयोग किया जाना चाहिये।

संतुलित और असंतुलित पैमान :–संतुलित पैमाने से तात्पर्य पक्षीय और गैर पक्षीय श्रेणियों का समान होना है और असंतुलित पैमाने से तात्पर्य दोनों श्रेणियों में असमानता होना है। असंतुलित पैमाने का वहां उपयोग किया जाता है जब अनुसंधानकर्ता पैमाने के एक छोर तक के पूछे गये प्रश्नों की प्रतिक्रिया की अपेक्षा करता है।

बलपूर्वक या गैर बलपूर्वक पसंद :– बलपूर्वक पसंद पैमाने में उत्तरदाताओं को विकल्प चुनने के लिये मजबूर किया जाता हैं इसमें ऐसा कोई मध्य बिंदु नहीं होता है जिसे तटस्थ की श्रेणी में रखा जा सके तथा जिसका अपना कोई मत न हो। यदि उत्तरदाता बीच की श्रेणी का चयन करता है जहां उनका अपना कोई 'मत' नहीं है या 'तटस्थ' है, इससे प्रतिक्रिया में त्रुटियाँ आयेंगी, अतः बलात पसंद पैमाने का प्रयोग करना अधिक उचित है एवं 'कोई राय नहीं का विकल्प उपलब्ध कराता है।

पैमानों के लिए श्रेणी लेबल :– तीन प्रकार की श्रेणियों के स्तर हैं मौखिक, संख्यात्मक, और लेबल रहित विकल्प संख्यात्मक एवं लेबल रहित पैमानों का उपयोग एक अनुसंधानकर्ता द्वारा तब किया जाता है जब उसे मध्यम श्रेणी के लिये उचित मौखिक विवरण प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

21.7 माप में त्रुटियाँ

मापत्रुटि कोविकृत जानकारी के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया गया है तथा एक माप उत्पाद के बारे में अविकृत जानकारी के रूप में परिभाषित किया गया है। बहुत से स्रोतों के द्वारा माप में त्रुटियों की जा सकती हैं, जिसमें प्रतिक्रिया सीमा, मध्यम बिंदु प्रतिक्रिया, गैर प्रासंगिक प्रतिक्रिया (बामगार्टनर और स्टीनकैम्प, 2001, पॉट्स कॉफ, मैककैन्जी, ली और पॉड्स कॉफ 2003) कुछ त्रुटियों, के प्रकार की चर्चा इस प्रकार की गयी है।

समझौता (कराकर) पूर्वाग्रह के कारण त्रुटि :– पूर्वाग्रह युक्त समझौता कथन के साथ सहमत होने की प्रवृत्ति है न कि वस्तु के सामग्री के साथ सहमति । अधिग्रहण प्रतिक्रिया शैली के रूप में भी जाना जाता है।

स्थान पूर्वाग्रह के कारण त्रुटिः– ऐसा तब होता है जब व्यक्ति तरीके में भिन्न होता है जिसमें वे प्रतिक्रिया पैमाने श्रेणियों का उपयोग करते है (उदाहरण के लिये अग्रसर होने या चरम सीमा का उपयोग करने की प्रवृत्ति)।

उदारता त्रुटिः उत्तरदाता की या तो बहुत अधिक या बहुत कम मूल्यांकन करने की प्रवृतित उदारता त्रुटि कहलाती है ।

तीव्र या कठोर त्रुटि :– यह उदारता त्रुटि की ठीक पिरीत है।

मध्य बिन्दु प्रतिक्रिया त्रुटि :– यह सामग्री की अपेक्षा मध्य पैमाना बिन्दु का उपयोग करने की प्रवृत्ति है (बामगार्टनर और स्टीनकैम्प 2001), और यह अपवंचनता (टालमटोल), असमंजस अनिश्चितता या उदासीनता (मौसिक, 1968, शुमैन और प्रेसर, (1981 के कारण हो सकता है।

चरम (नितान्त) प्रतिक्रिया त्रुटि :– श्यह एक शैली है जो सामग्री के बावजूद अत्यधिक प्रतिक्रियाओं को चुनने के लिये संदर्भित करती है।

21.8 प्रश्नावली निर्माण (रचना)

पिछले खण्डों में हमने मापन प्रणाली एवं पैमाने की मूलभूत अवध्यारणा का अध्ययन किया। इस खंड में प्रश्नावली रचना के रूप में व्यक्त (विज्ञ) अवधारणा को लागू करेंगे। हालांकि प्रश्नावली विकसित करने हेतु कोइ्र निर्धारित नियम नहीं है, बहुत से अनुसंधान कर्ताओं के सामूहिक प्रयास ने संभावनाओं को कम करने हेतु दिशा निर्देश प्रस्तावित किये हैं तथा कप्रश्नावली बनाने में आंकड़े की वैधता की समस्या की गंभीरता को भी कम करने हेतु दिशा निर्देश जारी किये हैं। इस विषय पर बॉयड और वेस्टफाल (1992) का एक उत्कृष्ट संदर्भ बना हुआ है। प्रश्नावली के डिजायन में सहायता के लिये एक सप्त –चरण प्रक्रिया प्रसतावित की गयी है।

चरण 1:– आवश्यक जानकारी निर्धारित करें :–

चूंकि प्रश्नावली आवश्यक सूचना एवं आंकड़े एकत्रित करने के मध्य एक श्रृंखला (कड़ी) है, अनुसंधानकर्ता के पास आवश्यक सूचना की विस्तृत सूची होनी और साथ ही प्रतिवादी समूह की स्पष्ट पहचान भी होनी चाहिये। यह चरण सामान्यता परक शोध एवं परिकल्पना विकास चरणों का परिणाम होता है। पिछले अध्याय में बाजार प्रतिक्रिया के विभिन्न रूपों के किया गया अध्ययन अवधारणाओं को मापने की पहचान करने में विश्लेषक को सहायता प्रदान करेगा।

चरण 2 : उपयोग में आने वाली प्रश्नावली के प्रकार को निर्धारित करें :–

व्यक्तिगत साक्षात्कार, मेल या टेलिफोन के द्वारा आंकड़े एकत्रित किये जा सकते है। इन विकल्पों के बीच चुनाव मुख्य रूप से प्राप्त की जाने वाली जानकारी के प्रकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। इस बिन्दु पर आकर प्रश्नावली के प्रकार पर निर्णय लेना आवश्यक हो जाता है, प्रश्नों के शब्द और सामग्री के निर्णय से पहले प्रश्नावली के प्रकार पर निर्णय लेना आवश्यक हो जाता है। प्रश्नावली की लंबाई और प्रश्नों का तारतम्य पर भी इस निर्णय का खासा असर होगा। उदाहरण के लिये संयुक्त विश्लेषण का उपयोग करने का निर्णय एक टेलीफोन साक्षात्कार के उपयोग को रोक देना । अतः इस स्तर पर बाजार का विश्लेषण विशिष्ट हो जाता है कि किस प्रकार आवश्यक प्राथमिक आंकड़ों को एकत्रित किया जा सकेगा और आंकड़ों के साथ किस प्रकार का विश्लेषण किया जायेगा ।

चरण 3 व्यक्तिगत प्रश्नों की सामग्री निर्धारित करें :–

एक बार आवश्यक जानकारी ज्ञात हो गयी और आंकड़े एकत्रित करने का तरीका भी निश्चित कर लिया गया, अनुसंधानकर्ता प्रश्न तैयार करना प्रारंभ कर देता हैं एक बार प्रश्न की सामग्री निर्धारित होने के बाद बहुत सारे बिन्दुओं पर व्यवस्थित रूप से समीक्षा की जानी चाहिये।

क्या यह प्रश्न आवश्यक है ? उन दिलचस्प प्रश्नों को शामिल करने से बचना चाहिये जो आवश्यक जानकारी से सीधे संबंधित नहीं है।

एक के बजाय कई प्रश्न आवश्यक हैं ? कुछ प्रश्नों के दो या उसके अधिक तत्व होते हैं और यदि इन्हें एक प्रश्न में छोड़ दिया गया है तो व्याख्या असंभव हो जाती है। यह विशेषतया ''क्यों'' प्रश्न का मामला है।

क्या उत्तरदाता के पास पूँछी गयी जानकारी उपलब्ध है?

निम्न को निर्धारित करने के लिये उप–प्रश्नों का परीक्षण किया जा सकता हैः–

- क्या यह उत्तरदाता के अनुभव में उठाया गया मुद्दा है ?
- क्या उत्तरदाता जानकारी को याद कर सकता है ?
- क्या उत्तरदाता को जानकारी प्राप्त करने के लिये अत्यधिक काम करना होगा?
- क्या उत्तरदाता जानकारी दे पायेंगे :– यद्यिपि कि वे उत्तर जानते हैं उत्तरदाता कभी कभी प्रश्नों का उत्तर नहीं देते हैं क्योंकि ::–

– वे उत्तर नहीं देना चाहते हैं।

चरण 4 : उपयोग में आने वाले प्रश्नों का प्रकार निर्धारित करें :–

वास्तविक प्रश्नों को तैयार करते समय, अनुसंधान कर्ता के पास तीन मुख्य प्रकार के प्रश्नों के मध्य विकल्प होता है।

एक खुला– समाप्त प्रश्न :– इसमें उत्तरदाताओं को प्रश्नों के अपने उत्तर प्रदान करने की आवश्यकता होती है।

बहुतविकल्प प्रश्न :– इसमें उत्तरदाताओं को ऐसा उततर चुनने की आवश्यकता होती है जो एक सूची में प्रश्न के साथ दिये रहते है। उत्तरदाता से एक या एक से अधिक विकल्प भी चुनने के लिये कहा जा सकता है।

विरोधाभासी प्रश्न :– विरोधभासी कई वैकल्पिक प्रश्नों का एक चरम रूप है, जो उत्तरदाता को केवल दो प्रतिक्रियाओं की अनुमति देता है, जैसे हाँ/ना, सहमत/असहमत या इसी तरह । बहुविकल्प प्रश्न में जब प्रस्तावित उत्तरों को क्रमानुगत किया जाता है, तो उद्देश्य केवल एक श्रेणी की पहचान करना नहीं है (जैसा कि नाममात्र के पैमाने में होता है), किन्तु समझौते के सतर को मापने के बजाय महत्व का सतर या वरीयता क्रम को मापना होता है।

चरण क्रमांक 5 :– प्रश्नों के शब्द सुनिश्चित करें :– इस स्तर पर समसया यह आती है कि प्रश्नों का वाक्य विन्यास इस प्रकार हो कि :–

– उत्तरदाता को आसानी से समझ में आ सके।

– उत्तरदाता को सुराग नहीं देता है कि उसे कैसे उत्तर देना चाहिये।

निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये प्रश्नों का निर्माण निश्चय ही सुबोध और निष्पक्ष होगा।

– मुद्दे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें :– प्रत्येक प्रश्न का छः बिन्दुओं पर परीक्षण किया जाना चाहिये – कौन, कहाँ, कब, क्या, क्यों और कैसे – ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मुद्दा स्पष्ट है ।

– सुनिश्चित करें कि प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे या विषयनिष्ठ :– एक व्यक्तिपरक प्रश्न व्यक्ति के संदर्भ में सवाल रखता है जबकि वस्तुपरक वाक्यांश यह संदर्भित करते हैं कि लोग सामान्य रूप में क्या सोचते हैं। व्यक्तिगतपरक या आत्मपरक प्रश्नों के परिणाम अधिक विश्वसनीय आते हैं।

साधारण शब्दों का इस्तेमाल करें :– प्रश्नावली में प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों का केवल ही अर्थ होना चाहिये और प्रत्येक व्यक्ति को उसका अर्थ ज्ञात हो ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिये। दिन प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले शब्दों से होने वाली गलतफहमी के बहुत सारे उदाहरण देखने को मिलते हैं। विशेष तौर पर विपणन के तकनीकी शब्दकोष (ब्रांड छवि, स्थिति इत्यादि) को टाला जाना चाहिये। इन कठिनाईयों पर काबू पाने के लिये प्रश्नावली का पूर्व–परीक्षण बहुत उपयोगी होता है।

– संदिग्ध प्रश्नों से बचें :– संदिग्ध प्रश्नों से तात्पर्य अलग–अलग लोगों के लिये अलग – अलग चीजों से है। अक्सर कभी न कभी 'अक्सर, 'बहुत' 'अच्छा', 'स्पष्ट', 'गरीब' ओर बहुत कुछ अनिश्चित शब्दों के अन्तर्गत आते हैं। इनके बहुत सारे अर्थ हो सकते हैं जेसे, एक मासिक पत्रिका का लगातार पढ़ना एक वर्ष में 6 या 7 प्रकाशन भी हो सकते हैं जो एक व्यक्ति द्वारा किया जाता है या वर्ष में दो बार भी पढ़ना हो सकता है।

– सूचक या एक तरफा प्रश्नों से बचे :– सूचक प्रश्न वह होता निश्चित उत्तर की ओर ले जा सकता है। एक तरफ प्रश्न मुद्दे के केवल एक ही पहलू को उजागर करता है। जितना संभव हो सके प्रश्नों को निर्माण बिल्कुल निष्पक्ष होना चाहिये, ब्रांड या कम्पनी के नाम से बचना चाहिये।

'दो किनारे वाले प्रश्नों से बचें :– प्रश्न वह होता है जिसमें दो प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता होती है और फिर उत्तरदाताओं में भ्रम उत्पन्न होता है। ऐसे प्रश्नों को दो अलग–अलग भागों में विभाजित करना चाहिये।

– जहाँ संभव हो विभाजित ममतपत्र का उपयोग करें :– एक प्रश्न के लिये 'सही' शब्द नहीं है। जहाँ दो शब्द हैं ओर उनमें से चुनना है किन्तु वरीयता में रखने के लिये कोई आधार नहीं है, प्रश्नावली के आधे में एक शब्द को चुना जा सकता है और बाकी बचे दूसरे आधे भाग के लिये दूसरा शब्द चुना जा सकता है।

चरण –6 : प्रश्नों का अनुक्रम तय करें :– सामान्यतया प्रश्नावली में तीन बड़े भाग होते हैं :–

– मांगी गयी मूलभूत जानकारी ।

– उत्तरदाता की प्रोफाइल प्राप्त करने में उपयोगी सामाजिक जनसांख्यिकीय जानकारी ।

सामान्य नियम उस क्रम में अनुभागों को रखना है, प्रश्नावली का मुख्य भाग को प्रथम स्थान में रखा जाना चाहिये और सामाजिक जनसांख्यिकीय प्रश्नों को अन्त में रखा जाना चाहिये (जब तक कि वे सर्वेक्षण के लिये उत्तरदाताओं को अर्हता प्राप्त करने के लिये फिल्टर प्रश्नों के रूप में कार्य नहीं करते हैं)। प्रश्नों के अनुक्रम की सुनिश्चितता को अधिक भावशील बनाने के लिये निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिये :–

– साधारण एवं दिलचस्प शुरूआती प्रश्नों का उपयोग – यदि प्रारंभिक प्रश्न दिलचस्प और साधारण होंगे और उनका उत्तर देना आसान होगा, तो उत्तरदाता के सहयोग में वृद्धि होगी।

– कपी (फनल) दृष्टिकोण का उपयोग करें :– कीप दृष्टिकोण के अन्तर्गत आता है किसी भी विषय पर सामान्य प्रश्नों से प्रारंभ करना एवं धीरे धीरे उसी विषय के छोटे से छोटे प्रश्न तक पहुँच जाना।

– तार्किक क्रम में प्रश्नों का संयोजन करनाः– विषय में आकस्मिक परिवर्तन होने से उत्तरदाता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और इस प्रकार असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

– अंत में कठिन या संवेदनशील प्रश्न रखें :–

कठिन और संवेदनशील प्रश्नों को अंत में रखा जाना चाहिये :–

जब उत्तरदाता अध्ययन में शामिल हो जाए, तब प्रश्नावली के अंतिम पड़ाव पर संवेदनशील प्रश्न होने चाहिये। एक मेल द्वारा तैयार प्रश्नावली विशिष्ट अनुक्रम समस्याओं को उठाती है क्योंकि इसे स्वयं को बेचना चाहिये। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि शुरूआती प्रश्नों से उत्तरदाता की पसंद को आंका जाता है। उसके बाद प्रश्नों को तार्किक अनुक्रम में रखा जाना चाहिये। फिर भी, मेल प्रश्नावली में, व्यक्तिगत साक्षात्कार की भांति प्रश्नों के अनुक्रम का लाभ मिलना संभव नहीं होता है क्योंकि मेल प्रश्नावली में उत्तरदाता स्वयं ही उत्तर देने का क्रम निश्चित करता है। आत्मानुशासित प्रश्नावली के लिये शारीरिक आकर्षक और प्रश्नावली की तैयार भूमिका अत्यन्त आवश्यक है।

चरण –7 : प्रश्नावली का पूर्व परीक्षणः– किसी भी क्षेत्र के लिये तैयार प्रश्नावली के लिये उसक्षेत्र की स्थितियों के अन्तर्गत प्रश्नावली का पूर्व परीक्षण होना अत्यावश्यक होता हैं पूर्व परीक्षण में सुविधानुसार प्रश्नावली को चुनिंदा संभावित उत्तरदाताओं की एक सीमित संख्या मेंप्रशासित करना शामिल है, किन्तु संभावित लक्ष्य की संख्या बहुत अलग नहीं होनी चाहिये। फिर भी पूर्व परीक्षण के लिये सांख्यिकीय सर्वेक्षण आवश्यक नहीं होता हैं पूर्व परीक्षण प्रक्रिया अनुसंधानकर्ता को यह सुनिश्तिचत करने की आाा देती है कि क्या उत्तरदाताओं को प्रश्नावली समझने में कोई कठिनाई आ रही है और क्या प्रश्नावली में कोई अस्पष्ट या पक्षपातपूर्ण प्रश्न तो नहीं है। पूर्व परीक्षण के परिणामों को सारणीबद्ध करना भी यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक हो जाता हे कि सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर कली जायेगी।

21.9 सारांश

इस इकाई में हमने मापन प्रणाली की अवधारण को समझा । यह समझना महत्पूर्ण है कि मापन प्रणाली निर्णय को मापने के लिये चर या मनोवैज्ञानिक संरचनाओं के लिये संख्यात्मक मान निर्दिष्ट कर रहा है। माप पैमाने के विभिन्न स्तर है जैसे सांकेतिक, क्रमानुगत, अनुपात और अन्तरावधि । कुछ मानक माप पैमानों जैसे लाइकर्ट, सेमान्टिक भेदभाव पूर्ण आदि का विस्तार किया गया है।

21.10 शब्दावली

माप : वैानिक पद्धति से चरों की वधारणा को संख्या निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया।

रचना करना :– मापने के लिये एक परिचालित परिभाषित अवधारणा।

चर वस्तुएं (प्रभावित करने वलाी वस्तुएं) : कोई भी रचना जो अनुसंधान डिजायन में परिवर्तित हो जाए।

पैमाना : यह वह प्रक्रिया है जिसमें स्थापित मापित वस्तुओं के गुणों पर निरंतरता बरकरार रखी जाती है।

वैधता :– अच्छे पैमाने से माप की सुनिश्चितता ''जो मापना चाहा उसका मापन।''

संवेदनशीलता : यह एक अवधारणा में विलेख की क्षमता को सटीकरूप से मापने की क्षमता को संदर्भित करता है।

21.11 बोध प्रश्न

बहुविकल्प प्रश्न :–

1 निम्न में से कौनसी अवधारणा व्यवसाय अनुसंधान में मापने योग्य है ?
(अ) संतुष्टि स्तर (ब) प्रवृत्ति (स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं।

2 मापने योग्य पैमाने की विशेषताओं की व्याख्या करने में निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है ''ताकि मापने के लिये क्या लगता है'' चता चले ?
(अ) विश्वसनीयता (ब) वैधता (स) संवेदनशीलता (द) इनमें से कोई नहीं।

3 पैमाने के कौन से अनुक्रमों बढ़ती हुई जटिलता का प्रतिनिधिवत्व करते है ?
(अ) क्रमानुगत, सांकेतिक, अन्तरावधि, अनुपात
(ब) सांकेतिक, क्रमानुमत, अन्तरावधि, अनुपात
(स) अन्तरावधि , सांकेतिक, क्रमानुगत, अनुपात
(द) अनुपात, क्रमानुगत, अन्तरावधि , सांकेतिक

4 किस पैमाने में वस्तुओं को संख्या बताने के लिये उन वस्तुओं के कुछ विशेषताएं होती है ?
(अ) अनुपात (ब) क्रमानुगत (स) अन्तरावधि (4) सांकेतिक

5 समस्त मनोवैज्ञानिक गुण जैसे प्रवृत्ति, विश्वास, संतुष्टि का स्तर है ?
(अ) एकध्रुवीय (ब) द्विध्रुवीय (स) तटस्य (द) इनमें से कोई नहीं।

6 किस मामले में पारगमन का सिद्धान्त लागू होगा ,
(अ) सांकेतिक (ब)क्रमानुगत (स) अनुपात (द)इनमें से कोई नहीं

21.12 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ) –(1) ए, (2) बी, (3) ए, (4) बी (5) बी (6) बी

21.13 स्वपरख प्रश्न

1 व्यापार अनुसंधान में माप का क्या अर्थ होता है ?
2 माप में पैमाने से क्या तात्पर्य है ? पैमाने के कितने स्तर होते हैं ?
3 किसी व्यक्ति को माप में किस प्रकार की कठिनाई का सामना करना होता है?
4 विश्वसनीयता से क्या तात्पर्य है? चर्चा कीजिए।
5 वैधता से आप क्या समझते है ? चर्चा कीजिए।
6 एक अच्छे मापन पैमाने के क्या मानदंड होते हैं?
7 प्रश्नावली में शुरूआती प्रश्न एवं अंतिम प्रश्नों से आप क्या समझते हैं ?
8 लाइकर्ट पैमाने की विशेषताओं की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए। यह अर्थपूर्ण भिन्नता पैमाने से किस प्रकार अलग है?
9 माप पैमानों के विभिन्न प्रकारों को दाहरण सहित समणइये ? प्रत्येक पैमाने से जुड़े अनुज्ञप्त सांख्यिकीय संचालन कौन से हैं?

10 एक शॉपिंग माल के प्रति ग्राहकों को निष्ठा को मापने के लिये लाइकर्ट पैमाने, अर्थपूर्ण भिन्न पैमाना और स्टेपल पैमाने का वर्णन करो।

11 एक अच्छी प्रश्नावली तैयार करने के लिये कौन–कौन से कदम उठाये जाने चाहिये।

12 मापन प्रणाली में क्या त्रुटियाँ है ? इन त्रुटियों को कैसे कम किया जा सकता है ?

13 निम्नलिखित की वैधता एवं विश्वसनीयता पर टिप्पणी कीजिए –

(अ) उपभोक्ता प्रतिवेदन की सदस्यता लेने के इरादे की एक उत्तरदाता की रिपोर्ट अत्यधिक विश्वसनीय होती है । शोधकर्ता का यह मानना होता है कि यह आर्थिक प्रणाली एवं बड़े व्यापार से अलगाव के साथ असंतोष का एक वैधमाप है।

(ब) एक सामान्य रूचि की पत्रिका ने दावा किया कि टेलीविजन कार्यक्रमों की अपेक्षा यह विज्ञापन का एक सशक्त माध्यम है। शोध में भी यह पाया गया कि शीतलपेय और अन्य परीक्षण उत्पादो के विज्ञापनों को याद रखने के लिये पत्रिका को, 30 सैकंड के विज्ञापनों से अधिक अंक प्राप्त हुये थे।

(स) पत्रिका पढ़ने की निरंतर आवृत्ति की उत्तरदाता की रिपोर्ट यह दर्शाती है कि वह नियमित रूप से ग्रह व्यवस्था पत्रिका पढ़ती है ।

21.14 सन्दर्भ पुस्तकें

1. क्रेसवेल, जान, डब्ल्यू (2008) अनुसंधान अभिकल्पना, गुणात्मक, मात्रात्मक एवं मिश्रित विधियॉ पहुँच मार्ग। न्यूवरी पार्क, सी0ए0 सेज प्रकाषन
2. मर्कजाक, जी0आर0 डेमटेयों, डी0एवं फेसटिनजर डी0 (2005), अनुसंधान अभिकल्पना एवं प्रणाली के मूलभूत, न्यूर्याक षहर, एन0वाय0 बिले।
3. इथराइड, डान ई0, (2004) । व्यावहारिक अर्थषस्त्र में अनुसंधान प्रणाली, दरियागंज, नई दिल्ली , बिले ब्लैक बैल ।
4. वर्घ , डी0 एवं केचन, डी0 (2009) रणनीति एवं प्रबन्ध में अनुसंधान प्रणाली, बिंगले, रू0 के0 एममारैड प्रकाषन समूह
5. सी0आर0कोठारी, अनुसंधान प्रणाली : न्यू ऐज, नई दिल्ली ।
6. एन0के0 मैल्होत्रा , विपणन अनुसंधान : पियरसन्स , नई दिल्ली।

———

इकाई 22 अनुसंधान, रिपोर्ट लेखन ओर अनुसंधान में कम्प्यूटर आवेदन संरचना

इकाई की रूपरेखा

22.1 प्रस्तावना
22.2 आकड़ों का विश्लेषण और व्याख्या
22.3 आंकड़ों के विश्लेषण की प्रक्रिया
22.4 वर्गीकरण और आकड़ों के सारणीकरण
22.5 आंकड़ों के विश्लेषण और व्याख्या के लिए मूल सांख्यिकी
22.6 अनुसंधान रिपोर्ट तैयार करना
22.7 अनुसंधान रिपोर्ट के प्रकार
22.8 एक अच्छी रिपोर्ट के लक्षण
22.9 निष्कर्ष लेखन
22.10 लेखन अनुसंसायें , सिफारिशें और सीमाएं
22.11 संदर्भ, अंत नोट्, फुट नोट्स लेखन
22.12 अनुसंधान में कंप्यूटर अनुप्रयोग
22.13 रिसर्च रिपोर्ट लेखन में नैतिकता
22.14 सारांश
22.15 शब्दावली
22.16 बोध प्रश्न
22.17 बोध प्रश्नों के उत्तर
22.18 स्वपरख प्रश्न
22.19 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- अनुसंधान रिपोर्ट की तैयारी और प्रस्तुति की प्रक्रिया की व्याख्या कर सकें।
- रिपोर्ट का स्वरूप, रिपोर्ट लिखना, ग्राफ और तालिकाओं सहित रिपोर्ट तैयार करने की बुनियादी आवश्यकताओं को समझ सकें।
- रिपोर्ट तैयार और प्रस्तुति में इंटरनेट और कंप्यूटर के उपयोग को समझ सकें।

22.1 प्रस्तावना

शोध के परिणाम प्रभावी रूप से और इच्छित प्रयोक्ताओं के लिए अर्थपूर्ण रूप से सूचित होने चाहिए। यह निर्णय लेने में मदद करता है । शोध रिपोर्ट एक व्यवस्थित, सुव्यवस्थित दस्तावेज है जो व्यवस्थित और तार्किक लेखन में पूरी गतिविधियों, शोध डिजाइन, प्रक्रियाओं, व्याख्याओं और शोध कार्यो के निष्कर्षो को प्रस्तुत करता है। इसे लिखित रूप में संकलित करने के बाद कंप्यूटर के जरिए ऑडियों विजुअल टूल्स की मदद से प्रस्तुत किया जा सकता है। यह अनुसंधान कार्य

के दौरान अनुसरण किए गए घटनाओं के अनुक्रम को रिकॉडिंग और व्याख्या करना, निष्कर्ष और संदर्भ के साथ समाप्त होता है। उपयोगकर्ताओं को एक शोध अध्ययन में निष्कर्षो को प्रस्तुत करना एक औपचारिक लिखित रिपोर्ट के साथ–साथ मौखिक प्रस्तुति भी शामिल है। रिपोर्ट और इसकी प्रस्तुति अत्यंत महत्वपूर्ण है एक अनुसंधान रिपोर्ट तैयार करने को लेखन के अलावा अन्य गतिविधियां शामिल है, वास्तव में, लेखन तैयारी प्रक्रिया का अंतिम चरण है। लिखने से पहले, अनुसंधान परियोजना के परिणामों को पूरी तरह से समझा जाना चाहिए और सोचा जाना चाहिए कि रिपोर्ट क्या कहें। इस प्रकार, एक शोध रिपोर्ट तैयार करने में तीन चरण शामिल हैं, समझ आयोजन और लेखन। इस इकाई के आगे के खंड अनुसंधान रिपोर्ट की तैयारी में विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। इस इकाई में हम सीखेंगे कि एक शोध रिपोर्ट कैसे लिखनी है। विभिन्न प्रकार के अभ्यास सीखने की अपनी प्रगति की जांच करने के लिए प्रश्न शामिल हैं।

22.2 आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या

